वाराणसी, शुक्रवार, 23 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 11, अंक 315, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - कब कोई बनता है मेसी या एम्बाप्पे



अन्दर : रोहित की जगह टी20 और एकदिवसीय के कप्तान बन सकते हैं हार्दिक पंड्या

# पीएम मोदी ने की हाई लेवल मीटिंग

## हेल्थ मिनिस्टर बोले- सतर्क रहें राज्य, लोग लगाएं मॉस्क

**नई दिल्ली।** कोरोना की ताजा स्थिति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक हाई लेवल मीटिंग की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह मीटिंग पड़ोसी देश चीन में कोरोना के वजह से बेकाबू हालातों के बीच हुई। पीएम मोदी की इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, क्ळटफ के अधिकारी, सिविल एविएशन के अधिकारी, नीति आयोग के वीके पॉल और अन्य कई लोग मौजूद रहे। इस बैठक में पीएम मोदी ने कोविड से बचने को लेकर की गई तैयारियों और भविष्य की योजनाओं पर बातचीत की।

इससे पहले गुरुवार दोपहर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में आज बयान जारी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चीन, दक्षिण कोरिया और जापान सहित कई देशों में कोरोना के मामलों और कोरोना से हुई मौतों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय

**कोविड-19**

### लोकसभा में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने दिया था बयान

### त्योहारों और नए साल के दौरान राज्यों को सतर्क रहने की जरूरत

कोरोना की वजह से दुनिया के कई देशों में खराब हो रही स्थिति पर नजरें बनाए हुए है और हमने अपने यहां पहले से इसके लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने आगे बताया कि भारत सरकार ने तकनीकी सहायता के अलावा एनडीआरएफ, आयुष्मान योजना और अन्य सरकारी योजनाओं के जरिए कोरोना महामारी का मुकाबला करने की तैयारी कर रही है।

उन्होंने बताया कि कोरोना से निपटने के लिए भारत सरकार ने अब तक देश में कोरोना के 220 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन लगवा चुकी है। इसके अलावा देश के राज्यों को कोविड महामारी से सहायता के लिए मदद दी जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्यों को जीनोम सीक्वेंसिंग बढ़ाकर कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की भी सलाह दी गई है।

स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया लोकसभा में ये भी कहा कि आने वाले त्योहारों में और नए साल के दौरान राज्यों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने राज्यों को एहितियातन सलाह दी है कि वो बूस्टर डोज के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाएं और लोगों को मास्क पहनने और सैनिटाइजर के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें इसके आलावा उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग पर भी जोर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस दौरान राज्यों को जीनोम सीक्वेंसिंग बढ़ाने की सलाह दी जाती है।



### दोनों सदनों के सभापति मॉस्क लगाकर संसद पहुंचे

संसद के शीतकालीन सत्र के 12वें दिन दोनों सदनों के सभापति मास्क लगाकर संसद भवन में पहुंचे। कोरोना संक्रमण दिन भी हंगामा जारी है क्योंकि विपक्ष चीन के मुद्दे पर चर्चा की अपनी मांग पर अभी भी अड़ा हुआ है। वहीं कोरोना संक्रमण पर देश को संदेश देने के लिए आज दोनों सदनों के सभापति मास्क लगाकर संसद पहुंचे। चीन सहित दुनिया के कई देशों में बढ़ रहे कोविड के मामलों की संख्या को देखते हुए भारत में पहले सावधानी बरतनी शुरू कर दी गई है। गुरुवार (22 दिसंबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा

अध्यक्ष जगदीप धनखड़ सभी नेता गुरुवार को संसद में मास्क लगाकर पहुंचे। इन सभी नेताओं ने चीन में बढ़ते कोविड के मामलों को लेकर चिंता व्यक्त की है। संसद में मास्क पहनकर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के महत्व को रेखांकित किया। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के विधायक और आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा जैसे अन्य लोगों ने भी चेहरे पर मास्क पहना था क्योंकि दोनों सदनों के नेताओं ने सभी सांसदों से सूट का पालन करने की अपील की थी। जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों को मास्क पहनने और कोविड-प्रोटोकॉल के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा गया, ह्लहमें महामारी के पिछले रुझानों को ध्यान में रखते हुए सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सांसदों के लिए गेट पर मास्क उपलब्ध थे। हालांकि, सच बात तो ये भी है कि सभी सांसदों ने मास्क नहीं पहना था क्योंकि यह अभी तक अनिवार्य नहीं है।

# सुधरे नहीं तो आगे भी बंद होते रहेंगे सोशल मीडिया अकाउंट

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि देश में माहौल बिगाड़ने के साथ ही भ्रामक जानकारी देने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा वाले सोशल मीडिया चैनलों और अंकाउटों को बंद करने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस तरह के 104 यूट्यब चैनल, 45 व्यक्तिगत यूट्यूब चैनल,चार फेसबुक अकांउट, पांच ट्विटर अकांउट और छह बेवसाइटों के विरुद्ध अब तक इस तरह की कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नियम के विरुद्ध विज्ञापनों पर भी कार्रवाई की जाती है। ठाकुर ने कहा कि आईटी कानून के तहत समाचार और ओटीटी प्लेटफॉर्म आते हैं। किसी



**चेतावनी**

### मोदी सरकार की संसद में सीधी बात

वेबसीरीज आदि के बारे में शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है लेकिन बेवसीरीज के दर्शक की आयु निर्धारित है और कंटेंट आयु वर्ग की श्रेणी को ध्यान में रखते हुये बनाने होते हैं जिससे निमार्ता और दर्शक दोनों को एक मंच मिल सके। *एजेंसी*

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
वाराणसी
SUNDAY OPEN

### बीजेपी प्रवक्ता ने अखिलेश यादव के खिलाफ दाखिल किया परिवाद

**लखनऊ।** भाजपा के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और यूपी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के खिलाफ एमपी/एमएलए कोर्ट में परिवाद दायर किया है। बीजेपी प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि समाजवादी पार्टी मीडिया सेल नाम के ट्विटर अकाउंट से लगातार अश्लील टिप्पणियां की जा रही हैं। समाजवादी पार्टी मीडिया सेल नाम के ट्विटर अकाउंट से लगातार अनर्गल और अश्लील टिप्पणियों को राकेश त्रिपाठी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और नरेश उत्तम पटेल को जिम्मेदार ठहराया है।

राकेश त्रिपाठी ने बताया कि समाजवादी पार्टी मीडिया सेल के ट्विटर अकाउंट से बीते कुछ दिनों से लगातार गाली गलौज की भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि उनके वृद्ध माता पिता और उनकी पत्नी को लेकर लगातार समाजवादी पार्टी मीडिया सेल ट्विटर अकाउंट से अश्लील और अपमानजनक टिप्पणियां की जा रही है। यह कोई राजनीतिक टिप्पणियां नहीं है। हमें लगा कि हमारे अपेक्षा करने पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ऐसी टिप्पणियों पर रोक लगाएंगे। लेकिन अब पानी सर से ऊपर हो गया है। इसीलिए अब हमने न्याय पालिका की शरण ली है और न्याय पालिका ऐसे अपमानजनक और अश्लील बयान देने वालों को सजा देगा।

# राहुल बोले-नहीं रुकेगी 'भारत जोड़ो यात्रा'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ह्यभारत जोड़ो यात्रा' को रोकने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के लिखे पत्र पर जवाब देते हुए कहा कि सरकार भारत जोड़ो यात्रा' को रोकने के बहाने तलाश रही है। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे चिट्ठी लिखी गई कि यात्रा बंद करो कोविड आ रहा है, लेकिन यह यात्रा रोकने के लिए बहाना बनाया जा रहा है। राहुल ने कहा कि कि आप जितनी कोशिश कर लो हम टूटने वाले नहीं हैं। राहुल ने कहा कि मुझे कहा जा रहा है कि मास्क पहनों, यात्रा बंद करो कोरोना फैल रहा है, ये सब बहाने हैं, ये लोग भारत की सच्चाई से डर गए हैं। राहुल ने कहा कि कुछ भी कर लो लेकिन हमारी यात्रा कश्मीर तक जाकर रहेगी। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा पहुंच गई है। हरियाणा में यात्रा का दूसरा दिन है। राहुल गांधी ने कि यात्रा में हम 100 दिन से ज्यादा चले हैं। इसमें हिंदू, मुसलमान, सिख व ईसाई सब चले हैं, किसी ने किसी से नफरत नहीं की और न ही किसी ने यह पूछा कि तुम्हारा धर्म क्या है? जाति क्या है? सबने एक-दूसरे का सम्मान किया और गले लगे। राहुल ने कहा कि बुधवार को हमारे पीसीसी प्रेसिडेंट गिर गए सबने मिलकर उन्हें उठाया, किसी ने यह नहीं पूछा कि तुम किस जाति धर्म के हो।

**जवाब**

### कोरोना फैल रहा, यह सब बहाने हैं

# विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा की बैठक

## चीन के साथ सीमा पर विवाद समेत कई मुद्दों पर चर्चा की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बृहस्पतिवार को कांग्रेस, द्रमुक और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समेत विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने चीन के साथ सीमा पर तनाव पर चर्चा कराने की मांग और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा किया जिसके कारण सदन की बैठक चार बार के स्थगन के बाद शाम करीब 4:40 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। चार बार के स्थगन के बाद 4:30 बजे बैठक पुनः शुरू होने पर विपक्षी दलों के सदस्य फिर से आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे।

इस बीच केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने छोटी छोटी गलतियों को अपराध की श्रेणी से बाहर रखने के प्रावधान वाला जन विश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक 2022' सदन में पेश किया। उनके प्रस्ताव पर सदन ने विधेयक को विचारार्थ संसद के दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेज दिया।

**हंगामा**

### विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन में की नारेबाजी

### पीठासीन सभापति के आग्रह के बाद भी जारी रहा हंगामा

इस बीच पीठासीन सभापति रमादेवी ने आसन के समीप शोर-शराबा कर रहे सदस्यों से उनके स्थान पर बैठने और शांति से कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया। हंगामा नहीं थमा तो उन्होंने बैठक को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले, सदन की बैठक तीन बार के स्थगन के बाद शाम चार बजे शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। कुछ सदस्यों ने इसी दौरान नियम 377 के तहत अपने विषय रखे। पीठासीन सभापति रमादेवी ने हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही को शाम 4:30 बजे तक स्थगित कर दिया। वहीं, दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने सदस्यों को नियम 377 के तहत अपने विषय उठाने का अवसर दिया। इसी बीच स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कोविड-19 की वैश्विक स्थिति और देश में इसे लेकर उठाये जा रहे कदमों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए वक्तव्य दिया।

इस दौरान विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा और पीठासीन सभापति ने अपराह्न करीब 2:15 बजे सदन की बैठक शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन का ध्यान कुछ देशों में कोविड-19 के फिर सक्रिय होने की ओर आकृष्ट कराया और सभी को सावधानी बरतने एवं सुरक्षा उपायों का पालन करने का सुझाव दिया। इसी दौरान कांग्रेस, द्रमुक, राकांपा समेत विपक्षी दलों के सदस्य अपने स्थान पर खड़े होकर विभिन्न मुद्दों पर नारेबाजी करने लगे।



# सीएम ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

लखनऊ। विभिन्न देशों में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड प्रबंधन के लिए गठित उच्चस्तरीय टीम-09 के साथ गुरुवार को प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यद्यपि विभिन्न देशों में विगत एक सप्ताह से कोविड के नए केस में बढ़ोतरी देखी जा रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में स्थिति सामान्य है। दिसम्बर माह में प्रदेश की कोविड पॉजिटिविटी दर 0.01% रही है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 62 है। विगत 24 घंटों में 27,208 हजार टेस्ट किए गए और एक भी नए मरीज की पुष्टि नहीं हुई। इसी अवधि में 33 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए।

पीएम के मार्गदर्शन में कोविड से बचाव के लिए ट्रेस, टेस्ट, ट्रीटमेंट और टीका की रणनीति सफल सिद्ध हुई है। संभव है आने वाले कुछ दिनों में नए केस में बढ़ोतरी हो, ऐसे में हमें अलर्ट रहना होगा। यह समय घबराने का नहीं, सतर्क और सावधान रहने का है। कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना होगा। अस्पतालों, बस, रेलवे स्टेशन, बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को एक्टिव करें। कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय के साथ तैयारी करें। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति के परामर्श के अनुसार आगे की नीति तय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार से सतत संपर्क-संवाद बनाए रखें। कोविड के नए वैरिएंट पर सतत नजर रखी जाए। जो भी नए केस मिले, उनकी जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए।

दैनिक टेस्टिंग को बढ़ाया जाए। गंभीर, असाध्य रोग से ग्रस्त लोगों, बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। कोविड प्रबंधन में इंटेग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की उपयोगिता का हम सभी ने अनुभव किया है। गृह, स्वास्थ्य और नगर विकास विभाग परस्पर समन्वय के साथ आइसीसीसी को फिर से एक्टिव करने की तैयारी करें। पीएम के मंत्र जहां बीमार-वहीं उपचार की भावना के अनुरूप ग्राम प्रधानों, एएनएम, आशा बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का सहयोग लिया जाए।

**जरूरी दिशा-निर्देश**

### नए वैरिएंट पर नजर रखें, हर पॉजिटिव केस की कराएं जीनोम सिक्वेंसिंग

### कोरोना टेस्ट कराने के बाद ही कर सकेंगे ताजमहल का दीदार

**आगरा।** चीन और अन्य देशों में कोविड के नए वेरियंट के बढ़ते केसों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में अलर्ट जारी किया गया है। इसी क्रम में पर्यटन नगरी आगरा में दुनिया के आठवें अजूबे ताजमहल का दीदार करने वालों के लिए अब स्वास्थ्य विभाग ने नए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि अब ताजमहल में उन्हीं लोगों को प्रवेश मिलेगा जो कोरोना टेस्टिंग कराकर आएंगे। मिली जानकारी के अनुसार कोरोना को देखते हुए अब सभी टूरिस्ट के लिए कोरोना टेस्टिंग अनिवार्य कर दी गई है। इससे पहले यह सिर्फ विदेशी टूरिस्ट के लिए अनिवार्य की थी। लेकिन कोरोना के बढ़ते केस की वजह से अब हर पर्यटक जो ताजमहल में प्रवेश करेगा उसे कोरोना टेस्ट का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

# अधिसूचना पर नहीं हुई सुनवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में बृहस्पतिवार को जनहित याचिकाओं पर समय की कमी के चलते सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को नियत की है। इसके साथ ही अधिसूचना जारी करने पर लगी रोक भी शुक्रवार तक के लिए बढ़ा दी है।

न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने यह आदेश रायबरेली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वैभव पांडेय व अन्य की जनहित याचिकाओं पर दिया। बीते बुधवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। इसका सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है। राज्य सरकार ने दाखिल किए गए अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए। सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। कहा है कि ट्रांसजेंडर्स को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि किन प्रावधानों के तहत निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति की गई है? इस पर सरकार ने कहा कि 5 दिसंबर 2011 के हाईकोर्ट के फैसले के तहत इसका प्रावधान है। जनहित याचिकाओं में निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का उचित लाभ दिए जाने व सीटों के रोटेशन के मुद्दे उठाए गए हैं। याचियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जब तक राज्य सरकार तिहरे परीक्षण की औपचारिकता पूरी नहीं करती तब तक ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता। राज्य सरकार ने ऐसा कोई परीक्षण नहीं किया। यह भी दलील दी कि यह औपचारिकता पूरी किए बगैर सरकार ने गत 5 दिसंबर को अनंतिम आरक्षण की अधिसूचना के तहत ड्राफ्ट आदेश जारी कर दिया। इससे यह साफ है कि राज्य सरकार ओबीसी को आरक्षण देने जा रही है।

**निकाय चुनाव**

### ओबीसी आरक्षण मामले में याचिकाओं पर सुनवाई आज

# कुलदीप ने रिहाई की लगाई गुहार

## सेंगर की अर्जी पर हाईकोर्ट ने सीबीआई का जानना चाहा रुख

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव बलात्कार कांड में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सेंगर की अंतरिम रिहाई की मांग संबंधी अर्जी पर गुरुवार को सीबीआई से अपना रूख बताने को कहा।

न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता और न्यायमूर्ति पूनम ए बांबा की पीठ ने अंतरिम जमानत संबंधी सेंगर के आवेदन पर नोटिस जारी किया और जांच एजेंसी (सीबीआई) से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। सेंगर ने अपनी बेटी की शादी में भाग लेने के लिए सजा पर अस्थायी रोक लगाते हुए अंतरिम जमानत देने की मांग की है। अदालत ने कहा, नोटिस.... आवेदन का सत्यापन किया जाए और स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 16 जनवरी तय की। सेंगर के वकील ने पीठ से कहा कि शादी आठ फरवरी को होगी और उससे जुड़ा एक कार्यक्रम जनवरी में होगा। इससे पहले, एक खंडपीठ के तहत इस विषय को सुन रहे न्यायमूर्ति तलवंत सिंह ने खुद को इस मामले की सुनवाई से अलग कर लिया था। उच्च न्यायालय को तब बताया गया था कि सेंगर (शादी से जुड़े) कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए दो महीने की अंतरिम जमानत मांग रहा है और ये कार्यक्रम 18 जनवरी को शुरू होंगे। उन्नाव बलात्कार कांड में निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए सेंगर द्वारा दायर की गयी अपील उच्च न्यायालय में पहले से लंबित है। उसने निचली अदालत के 16 दिसंबर, 2019 के फैसले को खारिज करने की दरख्वास्त की है जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है। उसने 20 दिसंबर, 2019 के आदेश को भी दरकिनार करने का अनुरोध किया है जिसमें उसे शेष जीवन सलाखों के पीछे गुजारने की सजा सुनायी गयी है।



**उन्नाव रेप कांड**

### अंतरिम जमानत संबंधी सेंगर के आवेदन पर नोटिस जारी

### नूतन ठाकुर को मिले धमकी भरे मैसेज एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** आरटीआई एक्टिविस्ट ठाकुर को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से जान से मारने की धमकी और अश्लील बातों से भरे मैसेज मिले थे। इस संबंध में नूतन ठाकुर की ओर से गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है, पुलिस ने नंबर के आधार पर जांच शुरू की है। गोमती नगर थाना प्रभारी ने बताया आरटीआई एक्टिविस्ट नूतन ठाकुर की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया है एक मोबाइल नंबर पर बेहद धमकी भरे तथा अश्लील मेसेज भेजे गये हैं। थाना प्रभारी ने बताया मामले में धारा 504, 507 आईपीसी व 67ए आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसकी विवेचना इंस्पेक्टर पवन कुमार राय द्वारा की जा रही है। वहीं नूतन ठाकुर के मुताबिक मोबाइल नम्बर 7492943843 से एक मैसेज आया जिसमे उन्हें कई प्रकार की धमकी दी गयी थी और अश्लील तस्वीरें भेजी गयी थीं।

### बद्रीनारायण, अनुराधा राय और अनीस अशफाक को अकादमी सम्मान



**नयी दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने गुरुवार को भारतीय भाषाओं के लेखकों का साल- 2022 का प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कारों का ऐलान कर दिया है। हिंदी के लिए बद्री नारायण, अंग्रेजी के लिए अनुराधा रॉय और उर्दू के लिए अनीस अशफाक को इस साल का साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया जाएगा। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने इसकी जानकारी दी है। 23 भाषाओं के लिए ऐलान किए गए इन पुरस्कारों में सात कविता संग्रह, छह उपन्यास, दो कहानी संग्रह, दो साहित्य समालोचना, तीन नाटक और एक आत्मकथा समेत अन्य रचनाएं शामिल हैं। श्रीनिवास राव ने बताया कि इन पुरस्कारों की अनुशंसा इन भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों द्वारा की गई थी और साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कम्बार की सदारत में आयोजित अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया है।

SUPERCON
Durable, Hygienic, Strong Quality Products
उत्तम गुणवत्ता के श्रेष्ठतम टिकाऊ उत्पाद
ठोस प्लास्टिक के दरवाजे, पल्ले एवं खिड़कियों की चौखट
विशेषताएं
1. पानी एवं सीलन से सुरक्षित
2. ऐंठने या टेढ़े होने का डर नही ।
3. अवधि 50 वर्ष एवं अधिक।
4. रख-रखाव का खर्च कुछ नहीं।
5. दीमक एवं कीड़े-मकोड़ों का असर नहीं।
6. आग फैलती नही खुद बुझ जाती है।
7. डिजाइन एवं साइज आवश्यकता अनुसार उपलब्ध।
वितरक - जैन एजेन्सीज
व्यापारिक पूछताछ आमंत्रित
17A नील काटेज, मलदहिया, वाराणसी,
फोन-0542-2207486, मो. 9554220883

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने किया सरेंडर

**मिली अंतरिम जमानत**

नियमित जमानत पर सुनवाई आज होगी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गुरुवार को सात साल पुराने अन्याय प्रतिकार यात्रा के मामले में जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सरेंडर किया। कोर्ट ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अंतरिम जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। उनकी नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने शुक्रवार यानी 23 दिसंबर की तिथि तय की है।

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए उनकी संपत्ति की कुर्की का आदेश पुलिस को दिया था। कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में पुलिस की कार्रवाई की रिपोर्ट एडीसीपी काशी जोन राजेश कुमार पांडेय पेश करें। इसी के मद्देनजर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गुरुवार को वाराणसी की एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुए थे। मगर, कोर्ट रिक्त होने के कारण वह जिला जज की कोर्ट में हाजिर हुए।



कोर्ट से बाहर आते स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

गंगा में गणेश प्रतिमा के विसर्जन पर अड़े लोगों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने 5 अक्टूबर 2015 को मैदागिन के टाउनहाल से गोदौलिया तक अन्याय प्रतिकार यात्रा निकाली थी। इसके बाद यहां बवाल और आगजनी की घटना हुई थी। इस घटना को लेकर दशाश्वमेध थाने में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, सतुआ बाबा आश्रम के महंत संतोष दास, पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालक दास समेत एक दर्जन से ज्यादा लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

### ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़ी छह अर्जियों पर सुनवाई

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े छह प्रार्थना पत्र पर जिला अदालत में सुनवाई हुई। एक प्रकरण में कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख सात जनवरी तय की है। वहीं, पांच अन्य मामलों में सुनवाई की अगली तारीख 12 जनवरी तय की गयी। ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की विवादित बयानबाजी को लेकर दाखिल वाद में गुरुवार को एसीजेएम पंचम/एमपी-एमएलए कोर्ट की अदालत में सुनवाई हुई। वादी और उनके अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने कोर्ट में कहा कि चौक थाने की पुलिस ने जो आख्या भेजी है वो अस्पष्ट है। स्पष्ट आख्या मगाए जाने की मांग की गई। उधर, मुस्लिम पक्ष की ओर से उनका पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी, नवीन पांडेय, आसिफ उमर और गुलाम गौस ने वकालतनामा दाखिल किया। वादी पक्ष की ओर से इसका विरोध किया गया। इस मामले में कोर्ट ने चौक थाने से स्पष्ट आख्या तलब की है। साथ ही सुनवाई के लिए सात जनवरी की अगली तिथि नियत की है।

## एटीएम कार्ड बदलकर निकाले हजारों रुपये

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र कस्बा निवासी पिंकी यादव का कार्ड बदलकर जालसाज ने तीन बार में 30 हजार पांच सौ निकाला लिया। पीड़िता ने मामले की जानकारी संबन्धित थाना पुलिस को दी।

पिंकी की माने तो 19 दिसंबर को जंसा बाजार स्थित इंडियन एटीएम पैसा निकालने के लिए गई थी। यहां दो जालसाज मौजूद थे, जालसाज ने कहा कि एटीएम में पैसा नहीं है। हमारे कार्ड से पैसा नहीं निकल रहा है आप अपना कार्ड दीजिए हो सकता है कि आपके कार्ड से पैसा निकल जाए। पिंकी जालसाज के झांसे में आ गई और अपना एटीएम कार्ड दे दिया। जालसाजों ने महिला से पिन नंबर डालने को कहा जिस पर महिला ने सीक्रेट पिन कोड नंबर डाल दिया। जालसाजों पिन कोड देखकर एटीएम कार्ड बदलकर महिला को वापस कर दिया और कहा कि पैसा नहीं है। दो घंटे बाद नौ हजार अगले दिन 20 दिसंबर को नौ हजार और 21 तारीख को दस हजार की निकासी हुई। पीड़ित ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ तहरीर दी।

## संक्षेप

### डीसीएम ने मारी टक्कर, चालक घायल



**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर गांव के सामने हाईवे पर गुरुवार को डीसीएम की आपस में टक्कर हो गयी। पीछे वाले डीसीएम का चालक इस्तियाक अहमद निवासी बेती कुंडा प्रतापगढ़ घायल हुआ। वह केबिन में फंस गया था। सूचना पर पहुंचे कांस्टेबल वैभव त्रिपाठी और नीरज सिंह ने ग्रामीणों की मदद से केबिन में फंसे चालक को निकाला और इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भिजवाया। दुर्घटना के बाद दोनों डीसीएम को ओवरब्रिज से हटवाया गया।

### डीसीपी गोमती जोन ने की क्राइम समीक्षा



**पिंडरा।** पुलिस उपायुक्त गोमती जोन विक्रांत वीर ने गुरुवार को बाबतपुर स्थित पुलिस कार्यालय मिर्जामुराद थाने के विवेचकों संग आपराधिक समीक्षा की। इस दौरान विवेचकगण से लम्बित विवेचना, प्रार्थना पत्र, आईजीआरएस का अतिशीघ्र व गुणवत्तापूर्वक निस्तारण का निर्देश दिया। आगामी चुनाव के दृष्टिगत बीट क्षेत्र में रहने वाले हिस्ट्रीशीटर, हत्या, लूट, चोरी, व अन्य शातिर अपराधियों एवं उपद्रवियों पर सतर्क दृष्टि रखने व वांछितों की गिरफ्तारी करने को कहा।

### चोरी की बाइक संग दो गिरफ्तार



**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के हरसोस बॉर्डर के पास बुधवार की रात जंसा पुलिस ने चोरी के समोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की माने तो चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जंसा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की बाइक के साथ दो व्यक्ति राजातालाब से हरसोस के तरफ जाने वाले हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने उक्त बॉर्डर पर पहुंचकर घेराबंदी की। कुछ देर बात एक बाइक पर दो व्यक्ति को आते देख रुकने का इशारा किया लेकिन बाइक सवार भागने लगा। कुछ दूरी पर दोनों को दबोचा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बाबू दिन अंसारी और लाल बहादुर पटेल दोनों संजोई थाना के निवासी के तौर पर हुई। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो पता चला कि दोनों बाइक चोर है। निशानदेही पर पुलिस तीन बाइक बरामद की। गिरफ्तार करने वाली टीम ज्कखया चौकी प्रभारी इंदुकान्त पांडे, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, अमित व्यास रहे।

### एसीपी ने सराफा व्यापारियों संग की बैठक

**पिंडरा।** एसीपी पिंडरा अमित कुमार पांडेय ने बुधवार को सर्किल के तहत सिन्धोरा, फूलपुर और बड़ागांव में सराफा व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर बैठक की। व्यवसायी के सुझाव पर उन्होंने थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारियों को निर्देश दिया। बाजारों में रात्रि कालीन गश्त को बढ़ाने को कहा। उन्होंने सराफा व्यापारियों को पुलिस सक्रियता और तत्परता के प्रति आश्वस्त किया गया। इस दौरान उन्होंने सराफा व्यापारियों से अपील कि सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं के लिये पुलिस से लगातार सम्पर्क में रहें और अपने प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरा लगाए। जिससे रेकी करने वालों पर नजर रखी जा सके तथा अन्य किसी अपराध पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

### 40 लीटर कच्ची शराब संग दो गिरफ्तार

**चौबेपुर।** पुलिस व जिला आबकारी अधिकारी की टीम ने कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्तों को दबोचा और 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि कंजड़ बस्ती में शराब बनाने की सूचना मिली। ऐसे में आबकारी संग दबिश दी गयी। इस दौरान दो अभियुक्त शक्ति करवल निवासी परानापुर कंजड़ बस्ती व सुनिल करवल परानापुर कंजड़ बस्ती को पकड़ा गया।

### एसयूवी कार का शीशा तोड़ा

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह क्षेत्र के मडौली स्थित भाजपा नेता कुलदीप सिंह के घर के बाहर खड़ी एसयूवी गाड़ी का शीशा बुधवार की देर रात किसी अवांछनीय तत्व ने तोड़ दिया गया। घटना की सूचना मंडुवाडीह पुलिस को दे दी गयी है। मंडुवाडीह थानाप्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया की प्रथम दृष्टया भाजपा नेता की गाड़ी पर किसी अर्धविक्षिप्त व्यक्ति द्वारा पत्थर मारने का मामला प्रकाश में आ रहा है और पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है।

### रास्ते के विवाद में जमकर मारपीट

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के दासेपुर गांव में बुधवार की रात रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडा चला। एक पक्ष ने धारदार हथियार से वार किया जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए भोजूबीर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल पक्ष ने चार के खिलाफ बड़ागांव थाने में रपट दर्ज करायी। जानकारी के अनुसार दासेपुर निवासी अरविंद शर्मा और अवधेश पांडेय के बीच रास्ते के निर्माण को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि अवधेश पांडेय, मनीष, अभिषेक और संतोष ने लाठी डंडा और धारदार हथियार से अरविंद को मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोग जब एकत्रित होने लगे तो हमलावर वहां से भाग निकले।

### दहेज प्रताड़ना में आठ के खिलाफ मुकदमा

**वाराणसी।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के जद्दूपुर गांव निवासी अजय कुमार त्रिपाठी ने मिर्जामुराद थाने में गुरुवार की सुबह तहरीर दी और आठ लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि उनकी बेटी के ससुराल वाले दहेज में पांच लाख रुपया मांग रहे हैं। उनके इनकार करने पर आये दिन प्रताड़ित और मारपीट करते है। अजय की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम बभनौली थाना सिकरारा जौनपुर निवासी अभिषेक दूबे (पति), अनिल दूबे (ससुर), सरिता देवी (सास), अंकिता (ननद), श्रुति दूबे, मीरा देवी, सतीश, अमित के खिलाफ धारा 498ए, 323, 504, 506, 427 व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के छित्तूपुर स्थित किराये के मकान में रहने वाले बीएचयू के छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। बुधवार की देर रात जानकारी होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिजनों को सूचना दी। पश्चिम बंगाल के रविंद्रनगर न्यू टाउन के रहने वाले हरिदास पॉल का बेटा कनई पॉल (20) बीएचयू का शास्त्रीय प्रथम वर्ष में पढ़ाई करता था। वह छित्तूपुर में हीरा पटेल के मकान में किराये पर कमरा लेकर रहता था। पिता ने कई बार फोन किया लेकिन नहीं उठा। इस पर पिता ने उसके साथ पढ़ने वाले छात्रों से संपर्क किया। उसके साथी मौके पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज लगाने पर जवाब नहीं मिला तो रोशनदान से झांककर देखा गया जहां वह फंदे पर लटक रहा था।

### सड़क दुर्घटना में चार घायल

**वाराणसी।** सड़क दुर्घटना में गुरुवार अज्ञात व्यक्ति समेत चार लोग घायल हो गये। सभी घायल मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराये गये है। चेतगंज थाना क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में दशाश्वमेध थाना क्षेत्र के गणेश महाल के शुभम विश्वास 20 वर्ष, इसी मुहल्ले के अजय साहनी 23 वर्ष, मलदहिया ,फातमान रोड निवासी रवि सोनकर 24 वर्ष घायल हो गये। सभी को मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, जलालीपुर रेलवे क्रासिंग के पास टेम्पोनके धक्के से अज्ञात 48 वर्षीय व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गया। ट्रैफिक पुलिस ने उसे मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

### टक्कर के बाद ऑटो पलटा, आधा दर्जन घायल

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव के पास सर्विस रोड से सवारी लेकर कछवारोड जा रहा ऑटो बाइक की टक्कर के बाद पलट गया। ऑटो में सवार करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए जिसमें महिलाएं भी थी। घायल होने वालों में मुकुंद लाल (53) वर्ष, मेहीलाल (27), सुमन (42) और गुंजा देवी (16) गुड़िया घायल हुई। वहीं बाइक सवार विजय कुमार गौतम (32) और धर्मेन्द्र कुमार गौतम (30) निवासी ग्राम महराजगंज बसंतपुर औराई भदोही घायल हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## सराफा की दुकान से लाखों की चोरी

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के बेला ग्राम स्थित सराफा की दुकान पर बुधवार रात चोर नगदी, गहने समेत लाखों रुपए के सामान उठा ले गये। दुकान में रखी अलमारी को चोर दुकान के पीछे खेत में ले जाकर तोड़ा और गहने व नकदी निकाल लिया।



जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के चौबेपुर खुर्द निवासी अभिषेक सेठ को बेला बाजार के समीप पायल आभूषण भंडार के नाम से सराफा की दुकान है। बुधवार शाम अभिषेक दुकान बंद कर अपने चौबेपुर खुर्द स्थित घर चला गया। गुरुवार की सुबह मकान मालिक ने चोरी की सूचना उसे फोन पर दी। अभिषेक दुकान पर पहुंचा और देखा कि चोरी हुई और आलमारी दुकान से लगभग 100 मीटर दूर खेत में टूटी अवस्था में मिला। गहनों के डब्बे खेत में पड़े मिले। सूचना मिलने पर एसएचओ चोलापुर दुर्गेश मिश्रा मयफोर्स पहुंचे। डाग स्क्वायड दुकान से थोड़ी दूर एक बस्ती में जाकर रुक गया। जहां से कुछ मजदूर वर्ग के लोगों को पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। भुक्तभोगी अभिषेक सेठ के अनुसार दुकान में रखा हुआ 25 ग्राम सोने के जेवर तथा लगभग 1.5 किलो चांदी का सामान व पचास हजार नगदी समेत लगभग तीन लाख का सामान चोर उठा ले गए।

## एसीपी ने अभिलेखों को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

**सारनाथ।** एसीपी सारनाथ अमित कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार की शाम चार बजे थाना सारनाथ का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को अभिलेख दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

एसीपी सारनाथ शाम चार बजे थाना सारनाथ पहुंचे। सबसे पहले वह पूरे थाने परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मालखना देखा। तत्पश्चात उन्होंने शस्त्र व कारतूस का निरीक्षण किया इसके बाद उन्होंने कार्यालय में जाकर अभिलेखों का निरीक्षण किया। कार्यालय के कर्मचारियों को उन्होंने निर्देश दिया कि नए वर्ष पर सभी अभिलेखों का रख रखाव के साथ दुरुस्त करें। रजिस्टरों को उसे नया प्रारूप दें। थाना परिसर को साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया। हेड कन्स्टेबले बृजेश मिश्रा व पवन पांडेय को अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया। इस मौके थानाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, आशापुर चौकी प्रभारी अखिलेश वर्मा सहित आदि उपस्थित थे।

# वाहन चोरी की रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई करें : सीपी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन ने गुरुवार को बड़ागांव थाना और पिंडरा तहसील स्थित एसीपी कार्यालय और तहसील परिसर स्थित खाली भवन का निरीक्षण किया। पुलिस कमिश्नर सुबह 11 बजे तहसील पिंडरा पहुंचे और एसीपी कार्यालय का निरीक्षण कर पुलिस न्यायालय के स्थापना को लेकर तहसील परिसर में स्थित खाली पड़े अधिवक्ता भवन को देखा और इस पर विचार कर जल्द ही आम ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए न्यायालय की स्थापना करने का संकेत दिया।



एसीपी कार्यालय का निरीक्षण करते सीपी

वहीं बड़ागांव थाने के निरीक्षण में एसीपी कोर्ट को पुराने सीओ कार्यालय में खोलने को निर्देशित किया ताकि आने वाले फरियादियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

वहीं दूसरी तरफ वाहन चोरी जैसी घटनाओं की एक रिपोर्ट तैयार कर प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर ने आवास,बैरक, कार्यालय भोजनालय का निरीक्षण किया जिसमें संतुष्ट दिखे। उन्होंने महिला थाने के अतिरिक्त पुलिस बल कम करने को कहा। पुलिस कर्मियों के आवास के लिए परिसर में खाली पड़ी जमीन पर आवासीय भवन बनवाने का निर्देश दिया।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा शास्त्री तृतीय वर्ष 2016 अनुक्रमांक 16321672 का माइग्रेशन खो गया है। कृ0 प्रियंका पुत्री अभिमन्यु यादव ग्राम-गायघाट, पोस्ट-मदनपुर, देवरिया।

मेरा यूपी बोर्ड इन्टरमीडिएट वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1407573 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। मुकेश कुमार चौबे पुत्र स्व0 सत्येंद्र नाथ चौबे ग्राम-छोहर, पोस्ट-हनुमानगंज, बलिया।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2686297 व इंटरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217157288 का मूल प्रमाण पत्र रास्ता में कहीं खो गया है। सिया कुमारी पुत्री प्रदीप निवासी वार्ड नंबर तीन, काशीराम आवास, हाईडिल कालोनी चोपन, सोनभद्र।

भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा प्रथम में पालिसी संख्या 297403573 व 297407449 दो पालिसी संचालित है जिसमें मेरा नाम सविता देवी पत्नी मदनलाल विश्वकर्मा अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम सावित्री पत्नी मदनलाल है यह मेरे पासबुक में भी दर्ज है। सावित्री पत्नी मदनलाल ग्राम-इशहाकपुर, पो0-बक्सपुर, जिला- आजमगढ़।

I VINAY Kumar (Existing name as per POR/Service (Documents) son of SHAILENDRA PRASAD PANDEY (Existing name of the Air Warrior as per the Service Documents) resident of village-Daudpur, Post-Udpur Gelhwa, Tehsil-Badlapur, District Jaunpur (UP) Pin 222125 have changed my name from Vinay Kumar (Existing Name of son as per POR/Service Documents) to VINAY KUMAR PANDEY (proposed / adopted New Name) vide affidavit dated 21.12.2022at Jaunpur.

आवश्यकता
आवश्यकता है

राम अवध यादव गन्ना कृषक पीजी कॉलेज ताखा शाहगंज जौनपुर (सम्बद्ध-वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शिक्षा संकाय (बीएड) में प्रवक्ता की (कुल-02 पद) । योग्यता वेतनमान यूजीसी / एनसीटीई / शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार । अभ्यर्थी 21 दिन के भीतर फोटो प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन भेजें।
प्रबंधक
मो0-9451179103

बयालसी स्नातकोत्तर जलालपुर, जौनपुर (अनुदानित महाविद्यालय) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान व अंग्रेजी विषय में एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता विश्वविद्यालय की परिनियमावली व यू0जी0सी0 के मानक के अनुसार। सादे कागज पर फोटोयुक्त दो प्रतियों में आवेदन-पत्र समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित पंजीकृत डाक से सचिव के नाम प्रकाशन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रेषित करें।
सचिव
मो0-9452712888

# चांदपुर से खदेड़े गये तो लखमीपुर में भी शरण को तरस गए मूर्तिकार

**कहीं के न रहे**

### प्रशासनिक उपेक्षा के शिकार हुए 48 मूर्तिकार

**लोहता।** चांदपुर जीटी रोड के किनारे 50 वर्षों से भी ज्यादा समय से पत्थर तराशने और मूर्ति बना कर अपनी आजीविका चला रहे 48 मूर्तिकारो को वर्ष 2019 फरवरी माह में जिलाप्रशासन के निर्देश पर तत्कालीन एसडीएम के नेतृत्व में लेखपाल, कानूनगों द्वारा काशी विद्यापीठ ब्लाक के लखमीपुर गांव में जमीन नापी कर 48 मूर्तिकारों को बसने के लिये उपलब्ध कराया गया था।

उस दौरान लोग अपनी जमिनो पर तम्बू,बम्बू आदि लगाकर कब्जा कर लिये थे। लेकिन जीटी रोड चांदपुर में पेट भरने के लिये अपना रोजी-रोटी चलाते रहे। अब जीटी रोड चौड़ी करण होने से मूर्तिकार दर-दर की ठोकरे खाते फिर रहे है। लखमीपुर गांव में मूर्तिकारों को नही मिली शरण, हुआ भारी विरोध लखमीपुर गांव पिछले तीन दिनो से चर्चा में बना हुआ है। गुरुवार को 70 से 80 मूर्तिकार अपने बाल बच्चो के साथ पूर्व मे जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर पहुच कर तम्बू बम्बू गाड़ने लगे तो गाव के लोग बिरोध करने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे लोहता थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने अपने विभागीय उच्चाधिकारियों को सुचित करते हुये राजस्व विभाग को सूचना देते हुये शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये बातचीत जारी रखी। शाम को नायब तहसीलदार शालिनी सिंह मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर मूर्तिकारों को समझा बुझा कर कहा कि पूर्व में हुई इस स्थान पर रह रहे तीन मूर्तिकार राममिलन ,भोला और बादल के अलावा अन्य मूर्तिकारों के तम्बू, बम्बू या आशियान नहीं है। इस लिये अवैध रुप से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना गैर कानूनी होगा समाज मे शान्ति और सुरक्षा बिगड़ने की सम्भावना होगी। इस लिये आप लोग वापस जाए।

### हत्यारोपी को कोर्ट ने दी उम्रकैद की सजा

**वाराणसी।** अपर जिला जज /फास्ट ट्रैक कोर्ट आशुतोष कुशवाहा की कोर्ट ने हत्या के मामले आरोपी बजरडीहा भेलूपुर निवासी सुनील को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर दस हजार रुपया जुर्माना भी लगाया। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी मनोज गुप्ता और वादिनी के अधिवक्ता देवेंद्र प्रताप सिंह ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार बजरडीह भेलूपुर निवासिनी गुड़िया देवी ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार महिला जहां रहती थी उसके बगल में किराये पर सुनील भी रहता था। 12 अप्रैल 2019 को महिला का पति विजय खाना खाकर कमरे के सामने चारपाई डालकर सो रहा था। पुरानी रंजिश के लेकर वहां सुनील आया विजय की चाकू मोदकर अधमरा कर दिया। गंभीर हाल में विजय को अस्पताल ले जाया गया यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। कोर्ट ने दोनो पक्षों के सुनने व पत्रावली के अवलोकन के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

# पिकअप के धक्के से युवक की मौत

जनसंदेश न्यूज

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा पुल के समीप गुरुवार की शाम बाइक सवार विष्णु गौतम 40 वर्ष निवासी शिवदासपुर को पिकअप वैन से धक्का लगने से मौत हो गयी। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हो गयी। जिसपर पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी।



विलाप करते मृतक के परिजन

विष्णु गौतम गुरुवार की शाम लगभग 4:30 बजे बाइक से लहरतारा से कैन्ट की तरफ जा रहे थे अभी वह लहरतारा पुल के समीप ही पहुंचे थे तभी पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गिर पड़े और पिकअप चालक मौके पर ही गाड़ी छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंचे लहरतारा चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने तत्काल घायल विष्णु को मंडलीय हॉस्पिटल भेजा,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# द बनारस कमिश्नरी बार के अध्यक्ष बने अनिल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** दी बनारस कमिश्नरी बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय 56 मत पाकर विजेता बने। जबकि लालचंद चौबे को 21, रवि शंकर त्रिपाठी को 18 और कैलाश नारायण मिश्र को 2 मत प्राप्त हुआ।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार पांडेय 55 मत पाकर विजेता बने। वहीं राजेंद्र कुमार पटेल को 29 और प्रमोद कुमार जायसवाल को 12 वोट मिले। महामंत्री पद पर अजय कुमार श्रीवास्तव ने बाजी मारी। उन्हें 59 मत प्राप्त हुआ। जबकि उनके प्रतिद्वंदी जगत नारायण मिश्र को 39 वोट मिला। इसके अलावा अन्य पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गये। जिसमें कनिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री पारसनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष बबलू प्रसाद, सांस्कृतिक मंत्री पियूष कुमार उपाध्याय, पुस्तकालय मंत्री सुनील कुमार शुक्ल, आय व्यय निरीक्षक राजू कुमार प्रजापति चुने गये। प्रबंध समिति में अरूण कुमार दुबे, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, आशीष कुमार, कृष्णचंद मौर्य, दीवाकर पांडेय, नीरज श्रीवास्तव, रामजी प्रसाद, राघवमूर्ति श्रीवास्तव और ब्रजेश कुमार चुने गये।



जीत के बाद प्रसन्न मुद्रा में प्रत्याशी

# मामला लेन देन का, सूचना लूट की

जनसंदेश न्यूज

**मुनारी।** चौबेपुर क्षेत्र के जयरामपुर गांव में गुरुवार की सुबह 10 बजे वहां बेकरी की फैक्ट्री संचालक ने पुलिस अधिकारियों को फोन पर सूचना दी कि कुछ लोग फैक्ट्री पर आकर मारपीट कर 10 हजार रुपए व सामान लूट लिए हैं। पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी की सूचना पर एसीपी सारनाथ अमित श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां मामला जमीन के रूपए को लेकर विवाद मिला।

बताया गया है कि गोईठहां लालपुर निवासी आयुष शुक्ला की बेकरी की फैक्ट्री जयरामपुर गांव में है वहां भभियार पांडेयपुर के नामेंद्र यादव कुछ लोगों के साथ जमीन के बकाये रूपए को लेकर बेकरी फैक्ट्री में तालाबंद कर दिये। वहां के मजदूरों ने अपने मालिक को फोन पर सूचना दे दी।

फैक्ट्री संचालक आयुष शुक्ला ने इसकी सूचना पुलिस कमिश्नरेट के आला अधिकारियों को लूट की सूचना दे डाली। मौके पर एसीपी सारनाथ अमित श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह जब पहुंचे तो मामला जमीन विवाद के रूपए लेन देन का आया। पुलिस ने दोनों पक्षों को शुक्रवार को थाने बुलाया है।लूट की सूचना फर्जी होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।


## बुजुर्ग से अभद्र बर्ताव करने वाले दारोगा के खिलाफ जांच

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के साधोगंज स्थित चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार सिंह पर 80 साल के बुजुर्ग फरियादी से अभद्रता से बात करने के मामले को सीपी अशोक मुथा जैन ने संज्ञान में लिया और दारोगा के खिलाफ जांच के लिए एसीपी को कहा।

जानकारी के अनुसार पायकपुर गांव निवासी विश्वनाथ तिवारी (80) फरियाद लेकर पुलिस चौकी पर गए थे, आरोप है कि यहां चौकी इंचार्ज ने उनकी मदद करने के बजाय अभद्र व्यवहार किया और चौकी से भगा दिया। इस बात की जानकारी मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण संस्थान वाराणसी के जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह को हुई तो उन्होंने दूरभाष पर चौकी इंचार्ज से बात किया तो चौकी इंचार्ज ने उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। जिलाध्यक्ष बुधवार को चौकी इंचार्ज की लिखित शिकायत पुलिस कमिश्नर से किया था। सीपी के इस बात की जांच के लिए एसीपी पिंडरा को निर्देशित किया है अगर आरोप सही पाये जाते हैं तो उक्त दारोगा के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



# वाराणसी



# कोविड के नये वैरियंट से डरें नहीं, सतर्क रहें

## कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये की बैठक

**वर्चुअल मीटिंग**

**सीएमओ का दावा, स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग है तैयार**

**दी सलाह, मास्क और दो गज की दूरी का रखा जाय विशेष ध्यान**

जनसंदेश न्यूज



मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने गुरुवार को कोविड के बचाव संबंधी तैयारियों की वर्चुअल बैठक की

**वाराणसी।** चीन समेत कई देशों में पुनः कोविड के मरीजों में बढ़ोतरी देखते हुये कोरोना के नए वैरियंट को लेकर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। गुरुवार को मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी समेत अन्य चिकित्साधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्य चिकित्साधिकारी ने दावा किया कि इस वैरियंट से निबटने के लिए स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार है।

डॉ. चौधरी के मुताबिक विदेशों से आ रहे लोगों की एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग करते हुए लगातार निगरानी की जा रही है। हालांकि अब तक जनपद में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है। उसके बावजूद महकमा पूरी तरह सतर्क रहकर तैयारियों में जुटा है। आमलोगों को डरने के बजाय सजग और जागरूक रहने की आवश्यकता है। जनता कोविड के नियमों का सख्ती से पालन करें। नए वैरियंट से बचाव के लिए मास्क और दो गज की दूरी का पालन करें। जिले में बीते 13 नवंबर से कोविड का एक भी मरीज नहीं मिला।

सीएमओ ने विभिन्न पैथालॉजी जिला अस्पताल सहित स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देश दिया है कि यदि कोई व्यक्ति विदेश से लौटा हो तो उसे चिह्नित कर अनिवार्य रूप से जांच कराएं। यदि किसी व्यक्ति में कोविड पॉजिटिव पाया जाता है तो जीन सीक्वेंसिंग कराई जाय। यात्रा से लौटे लोगों को होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दें। सर्दी-जुकाम और बुखार समेत अन्य लक्षण वाले लोगों को चिह्नित करें। कोविड की आशंका वाले व्यक्ति के सैंपल लेकर परीक्षण कराएं। किसी भी तरह की समस्या होने पर मरीज को उपचार उपलब्ध कराया जाय।

उन्होंने निर्देश दिया है कि कोविड संक्रमितों की भर्ती की व्यवस्था सुनिश्चित हो। ऑक्सीजन से लेकर आरटीपीसीआर, सीटी स्कैन, एक्स-रे, पैथोलॉजी जांच से जुड़े संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाय। मास्क, पीपीई किट व ग्लब्स आदि भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे।

### गांवों में तैयारियों का लें ट्रायल रन : कमिश्नर

कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बैठक में कई और निर्देश भी दिये। जिसके तहत उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड आरक्षित रखें, रोगी में कोविड का लक्षण दिखने पर उसे तत्काल आइसोलेशन वार्ड में रखें। ऑक्सीजन प्लांट एवं ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर तैयार रखें। फार्मा स्टोर व डिस्पेंसरी में कोविड उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में तय दवा समेत सैनिटाइजर-मास्क रखें और उसका वितरण चैनल सुदृढ़ हो। अस्पतालों में लॉड्री तथा कचरा निस्तारण प्रबंध की जांच करा लें। टेली मेडिसिन के लिए टेलीफोन लाइन शुरु कराएं। काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से डेटा फीडिंग आदि कार्य आरंभ हो। एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित हो। कोविड से होने वाली मौत पर शवों के अंतिम संस्कार की पूरी व्यवस्था नगर निगम संभालेगा। वार्डों में सफाई व्यवस्था तथा सैनिटाइजर छिड़काव शुरु कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में की गयी तैयारियों का ट्रायल रन लिया जाय।

### भीड़ में जाने से बचें

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने जनपदवासियों से अपील की है कि मास्क लगाने के बाद ही घर से बाहर निकलें। सार्वजनिक स्थानों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। न तो भीड़ का हिस्सा बनें और न ही इसमें लापरवाही बरतें। बेवजह किसी वस्तु को छूने से बचें। अपने हाथों को सेनेटाइज करना न भूलें। घर लौटने पर सबसे पहले साबुन-पानी से हाथ अच्छी तरह धोना न भूलें। जुकाम, खांसी, बुखार के लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर तत्काल डॉक्टर की सलाह लेकर अपना कोविड टेस्ट अवश्य कराएं।

## बगैर मॉस्क के बीएचयू चिकित्सालय में प्रवेश पर रोक : प्रो. कैलाश



**वाराणसी।** कोरोना महामारी को देखते हुए बीएचयू चिकित्सालय में कार्यरत समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा यहां आने वाले मरीजों व उनके परिजनों के लिए मॉस्क अनिवार्य कर दिया गया है। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. कैलाश कुमार ने सभी से अनुरोध किया है कि दो गज की सामाजिक दूरी बनाए रखने का पूरी तरह पालन करें। मॉस्क लगाकर ही चिकित्सालय परिसर में प्रवेश करें। ऐसा न होने पर चिकित्सालय परिसर में उनका प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा है कि कोरोना महामारी अभी गई नहीं है। अभी भी कम या अधिक रूप में देश के हिस्सों में व्याप्त है। इससे हम सभी को बचने की आवश्यकता है।

# मोहनसराय-कैंट मार्ग प्रोजेक्ट को अप्रैल तक पूरा करें

**निर्देश**

**मंडलायुक्त ने विभागीय समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों संग विकास कार्यों पर की चर्चा**

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने गुरुवार को विभागीय समीक्षा बैठक में विकास कार्यों व गतिमान परियोजनाओं पर चर्चा की। जिसमें मोहनसराय-कैंट मार्ग परियोजना के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा अवगत कराया गया कि वन-विभाग से क्लीयरेंस के उपरांत शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। उक्त परियोजना संबंधित मंडलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया की परियोजना का समस्त कार्य अप्रैल माह तक पूर्ण कराया जाए। बनने वाले नए चौराहों पर थिमैटिक स्कल्पचर एवं आर्टवर्क का कार्य कराया जाए। साथ ही मार्ग में स्पीड डिवाइडर तथा पौधारोपण का कार्य भी कराया जाए। मंडलायुक्त द्वारा पीडब्ल्यूडी को यह भी निर्देशित किया गया की कचहरी संदाहा मार्ग में यूटिलिटी डक्ट और ड्रेन का कार्य शीघ्रता से कराया जाए। सारनाथ-वाराणसी रेल रूट पर रेलवे ओवरब्रिज परियोजना में निर्देशित किया गया की मौके पर मलबा व पाइप आदि को साफ कराते हुए सभी सुरक्षा मानकों का पालन कर निर्माण कार्य करायें।

### रिंग रोड फेज-2 के कार्य में लाएं तेजी

मंडलायुक्त द्वारा एनएचएआई अंतर्गत रिंग रोड फेज-2 परियोजना को मैनपावर बढ़ा कर कार्य तेजी से कराए जाने और टेंगड़ा मोड़ फ़्लाइओवर के नीचे सौंदर्यीकरण और थिमैटिक वॉल आर्ट को निर्देशित किया गया। एनएचएआई द्वारा मंडलायुक्त को अवगत कराया गया की 26 तक ओढ़े पुल मार्ग का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। मंडलायुक्त द्वारा मिर्जापुर के वन विभाग के अधिकारियों की शिथिलता के दृष्टिगत प्रमुख सचिव से शिकायत की गई।

### गलियों में लगाए जाएं खुरदरे पत्थर

लैकफेड अंतर्गत पुरानी काशी के वार्डों के पुनर्विकास योजना संबंधित मंडलायुक्त द्वारा यह निर्देशित किया गया की वार्डों की गलियों में जहां भी ढलान है वहां चिकने पत्थर ना लगा के ग्रू-एंड-पॉकेट पैटर्न के खुरदुरे पत्थर लगाये जायें जिससे बारिश के समय में दुर्घटना ना हो। साथ ही संपूर्ण कार्य जल संस्थान एवं जलकल विभाग के समन्वय से करें।

# कांग्रेस की प्रांतीय पदयात्रा में उमड़े कार्यकर्ता

जनसंदेस न्यूज

**समापन**

**प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में प्रयागराज से आरंभ पदयात्रा संत रविदास मंदिर पहुंचकर संपन्न**

**वाराणसी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा के समर्थन में कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने नेतृत्व में बीते 11 दिसंबर को प्रयागराज से शुरु होकर विभिन्न जनपदों से होते हुए बीते बुधवार देर शाम वाराणसी पहुंची पदयात्रा के अंतिम दिन गुरुवार को 22 किमी की यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकर्ता उमड़े। साथ ही तमाम आमलोगों में भी उसमें हिस्सेदारी की। कार्यक्रम का समापन सारनाथ से पदयात्रा शुरु कर सीरगोवर्द्धनपुर स्थित संत रविदास मंदिर में किया गया। इस दौरान मार्ग में दर्जनों स्थान पर लोगों ने श्री राय को फूल-मालाओं से लादकर ढोल-नगाड़े व शंखध्वनि के साथ स्वागत किया।

अजय राय ने सारनाथ स्थित बौद्ध मंदिर में भगवान बुद्ध की मूर्ति के सामने खाता अर्पित किया। साथ ही सारंगनाथ महादेव मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना की। उसके बाद सारनाथ चौराहे पर आचार्य नरेंद्र देव की मूर्ति पर माल्यार्पण और ध्वज वंदन कर पदयात्रा आरंभ हुई। इस मौके पर श्री राय ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। बेरोजगार युवाओं के पास न तो काम है और न ही नौकरी। किसान परेशान हैं। मध्यम वर्ग बेहाल है। गरीब तबका पाई-पाई के लिए जूझ रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा के समर्थन में हमारी यह प्रादेशिक भारत जोड़ो पदयात्रा 11 जिलों से होकर यहां पहुंची और पूरी तरह सफल रही। इस आयोजन में आमलोगों का उत्साह और उनकी हिस्सेदारी देखकर स्पष्ट हो गया कि जनता का झुकाव कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है। सारनाथ से आरंभ यात्रा में सबसे आगे कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में 51 राष्ट्र ध्वज स्वयंसेवक चल रहे थे। दो वाहनों पर देशभक्ति के गीत प्रसारित हो रहे थे। कार्यकर्ता रामधुन 'रघुपति राघव राजाराम', 'वंदेमातरम', 'भारत माता की जय' और 'जोड़ो-जोड़ भारत जोड़ो-नफरत छोड़ो' के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा पहड़िया, पांडेयपुर, हुकुलगंज, चौकाघाट, तेलियाबाग, लहुराबीर, पिपलानी कटरा, कबीरचौरा, मैदागिन, चौक, गोदौलिया, जंगमबाड़ी, मदनपुरा, पांडेय हवेली, सोनारपुरा, शिवाला, भदैनी, अस्सी, लंका, मालवीय प्रतिमा होकर संत रविदास मंदिर पहुंची। विभिन्न स्थान पर स्वागत करने वालों में डॉ. उमापति उपाध्याय, पूर्व पीसीसी सदस्य डॉ. जितेंद्र सेठ, दुर्गा प्रसाद गुप्त, प्रमोद श्रीवास्तव, गणेश शंकर पांडेय, कमलाकर त्रिपाठी, सुशील पांडेय, राकेश चंद्र शर्मा, निवेश चंद गुप्ता, निमाई चटर्जी, सुभाष राम, संतोष चौरसिया, आनंद मिश्र, विनोद गौतम, हसन मेंहदी आब्दी, मो. अरशद, ज्ञानप्रकाश गुप्ता, स्नेह जायसवाल, अमरेश चंद्र सिंहा, राजेंद्र जायसवाल, विजय सिंह बागी, वीरेंद्र सिंह आदि रहे।



अजय राय के नेतृत्व में बनारस से गुजरी पदयात्रा

**पदयात्रा में इनकी भी रही प्रमुख हिस्सेदारी**

सतीश चौबे, प्रजानाथ शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, राजेश्वर पटेल, राघवेंद्र चौबे, मेहंदी हसन कब्बन, साजिद अंसारी, पूनम कुंडू, मधु राय, देवेंद्र सिंह, डॉ. नृपेंद्र सिंह, अरुण तिवारी, राजेंद्र कुमार दुबे, प्रदीप मिश्र, सुरेश यादव, मनोज द्विवेदी, सुनील राम, राजीव त्रिपाठी, प्रदीप मिश्र 'अंशुमन', मनोज वर्मा मनु, विपिन पाल, घनश्याम रस्तोगी, मंगलेश सिंह, दिलीप जायसवाल, सरदार प्रतिपाल सिंह, वकील अहमद, डॉ. अमीन अहमद, राजू शर्मा, संदीप वर्मा, संजीव सिंह, चंचल शर्मा, फसाहत हुसैन बाबू, शिवजी सिंह, मनीष चौबे, विनीत चौबे, पंकज चौबे, अशोक सिंह, मनीष मोरोलिया आदि।

# अब बिजली उत्पादन भी करेगा जलकल विभाग

**तैयारी**

**सोलर ट्री से पैदा होगी बिजली, बिल भी होगा आधा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जलकल विभाग पानी सप्लाई करने के साथ अब बिजली का भी उत्पादन करेगा। इसके लिए भेलूपुर स्थित जल संस्थान परिसर में बड़े पैमाने पर सोलर पैनल लगाया जा रहा है, जिससे विभाग बिजली की बचत के साथ ही बिजली बेच भी सकेगा। इससे विभाग रोजाना दो मेगावाट बिजली का उत्पादन करेगा।

जल निगम के अधिशासी अभियंता शहरोज दोस्त ने बताया कि सभी सरकारी विभागों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इसी क्रम में जलकल विभाग में सौर ऊर्जा को लेकर बड़ा काम हो रहा है। जहां बड़े पैमाने पर सोलर पैनल लगाया जा रहा है। इससे विभाग सिर्फ बिजली ही नहीं बचाएगा, बल्कि इसे बेचेगा भी। इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 19 करोड़ रुपया है। इसमे 14,400 स्क्वायर मीटर में करीब 3700 से अधिक सोलर पैनल लगाए गए हैं। इसमें 40 सोलर ट्री हैं। एक सोलर ट्री पर 10 सोलर पैनल लगे होंगे। यहां सौर ऊर्जा से कुल दो मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। बताया कि भदैनी पंप हाउस व भेलूपुर जलकल का महीने का बिजली का बिल 24 लाख रुपए आता है, जो सोलर उत्पादित बिजली को ग्रिड में बेचने के बाद आधा हो जाएगा। यानी जलकल विभाग को सिर्फ लगभग 12 लाख रुपया प्रति महीने ही बिल चुकाना पड़ेगा।

### छह से सात सालों में निकल जाएगी लागत

सोलर पैनल से प्रतिदिन विभाग के लिए औसतन 7000 यूनिट बिजली पैदा होगी, जिसकी कीमत लगभग 56,000 रुपए होगी। ग्रिड में जाने के बाद विभाग नियमनुसार बिल का एडजस्टमेंट करेगा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि सोलर ऊर्जा पर किये जा रहे खर्च की लागत 6 से 7 सालों में निकल आएगी।

### नए साल में मिलने लगेगी बिजली

सोलर बिजली पैदा करने के लिए भेलूपुर परिसर में पैनल लगाए जा रहे हैं। जिसका काम इस माह के अंत तक पूरा किया जाना निर्धारित किया गया है। सोलर पैनल से बिजली उत्पादन का कार्य नए साल में शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। जलकल विभाग के सचिव सिद्धार्थ कुमार का कहना है कि पैनल लगाए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। नए साल में इससे बिजली उत्पादन का कार्य होने लगेगा।

# खिली धूप तो मिली राहत

**वाराणसी।** काशी में गुरुवार को दिन में मौसम काफी साफ रहा। सुबह की बेला में ओस की बूंदें भी कहीं नजर नहीं आई। धूप खिली और कोहरा गायब हुआ। दिन में धूप दमदार खिली तो लोगों को सर्द मौसम से काफी राहत मिली। धूप की तीखी किरणों के चलते दिन में बदन पर गर्म कपड़े कम नजर आए। फिर भी लोगों ने एहतिहातन गर्म कपड़े पहने हुए थे। क्योंकि ठंड में कोई कमी नहीं आई है। अच्छी बात यह रही कि कोहरा न होने से काशी की हवा में सुधार हुआ। गुरुवार की सुबह विजिबिलिटी एक हजार मीटर दर्ज की गई। जबकि, बुधवार की रात यह 500 मीटर, वहीं बुधवार की सुबह में 50 मीटर तक आ गया था। लेकिन आज बुधवार जैसी स्थिति नहीं रही। सुबह से काशी का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। लोगों खासकर बुजुर्गों ने छत पर खिली धूप का भरपूर लाभ उठाया। अचानक मौसम के इस बदलाव का फायदा उठाते हुए युवा मन गंगा पार रेती पर जा पहुंचा और मौज-मस्ती की।

# दस जनवरी तक टेंट सिटी करें तैयार

**निर्देश**

**मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक कर वीडीए अधिकारियों सहित कार्यदायी संस्थाओं को दिया निर्देश**

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास प्राधिकरण (वीडीए) अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम मंडलायुक्त द्वारा टेंट सिटी परियोजना की समीक्षा कर उसे समय पर पूरा किए जाने के निर्देश दिए गए। कार्यदायी संस्था द्वारा मंडलायुक्त को यह अवगत कराया गया की 15 जनवारी तक परियोजना का कार्य पूरा कर संचालन प्रारंभ किया जाएगा। जिसपर मंडलायुक्त ने सीवरेज, पेयजल का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने व समस्त वेंडर को कार्य 10जनवारी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वीडीए द्वारा ट्रांसपोर्ट योजना के बारे में बताया गया कि कुल 85 हेक्टेयर भूमि में 46 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। मंडलायुक्त महोदय द्वारा यह निर्देशित किया गया की ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर भूमि की दरों पर चर्चा करते हुए समन्वय स्थापित कर दरें निर्धारित करें। निर्देशित किया की अधिग्रहण की गई भूमि पर साइनेज और बोर्ड लगाया जाए, जिससे किसी भी प्रकार का गलत सूचना आमजनमानस तक प्रसारित ना हो। इस दौरान मंडलायुक्त द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से एकीकृत मंडलीय कार्यालय परियोजना के रिवाइज्ड डिजाइन की समीक्षा की गई। उक्त संबंध में मंडलायुक्त द्वारा यह निर्देशित किया गया की रिवाइज्ड डिजाइन में कार्यालय भवन और व्यावसाईक भवन दोनों ही अलग-अलग कांप्लेक्स में स्थित हैं, वीडीए द्वारा समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर जी+10 लेवल बिल्डिंग की फ्लोर डिस्ट्रीब्यूशन प्लानिंग की जाए। निर्देशित किया की शीघ्र ही डिजाइन के आधार पर डीपीआर बनाया जाए जिससे जनवरी माह तक निविदा प्रकाशित की जा सके। बैठक में, वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल सहित टाउन प्लैनर, मुख्य अभियंता व अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### कार्डधारकों में अक्टूबर के खाद्यान्न का वितरण शुरू

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अक्टूबर माह के लिए आवंटित खाद्यान्न (चावल) का निःशुल्क वितरण गुरुवार से कार्डधारकों के बीच शुरू हो गया, जो 31 दिसम्बर तक चलेगा। इसके तहत सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड पांच किलो चावल प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में पोर्टेबिलिटी के माध्यम से चावल दिया जा रहा है। अंतिम दिन 31 दिसम्बर को मोबाइल ओटीपी सत्यापन के जरिए खाद्यान्न वितरित कराया जाएगा। डीएसओ कार्यालय की विज्ञप्ति के अनुसार, जिले में कुल 601583 राशन कार्डों से सम्बद्ध 2666352 यूनिटों पर खाद्यान्न वितरित कराया जा रहा है।

# एसबीआई ने मनाया 112वां स्थापना दिवस



**वाराणसी।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा गुरुवार को 112वें स्थापना दिवस को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक दुर्गेश एन सिंह द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती दशाश्वमेध, गंगा सेवा समिति के प्रमुख महंत बाबू महाराज और उपस्थित सभी विशिष्ट ग्राहकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते समय बाबू महाराज ने बैंक के कार्यों की प्रशंसा की व बैंक की प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बैंक क्षेत्र की शाखाओं द्वारा 112 खुदरा ऋण वितरण का लक्ष्य प्राप्त किया गया और 22.20 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए। इसके अतिरिक्त प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना के अंतर्गत 1417 ग्राहकों को भी जोड़ा गया।

# इंडियन बैंक ने निकाली प्रभात फेरी



**वाराणसी।** इंडियन बैंक कमच्छा शाखा द्वारा गुरुवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। जिसमें बैंक द्वारा प्रदत्त 555 दिनों में 7.00 प्रतिशत व वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7.15 प्रतिशत पर फिक्स्ड डिपोजिट का शाखा द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्राहक गोष्ठी कर योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रभात फेरी में शाखा प्रबंधक सूरज पटेल, उप शाखा प्रबंधक वीजेंद्र कुमार और बैंक के अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# जाड़े के गारमेंट पर महंगाई का चौतरफा हमला

जितेन्द्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** अबकी लोगों को सर्दी के लिए उपयोगी वूलन व होजरी गारमेंट्स खरीदने के लिए 15 से 40 फीसदी तक अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। जी हां, सर्दियों के गारमेंट पर महंगाई का चौतरफा हमला हुआ है। यार्न, कच्चे माल व परिवहन महंगा होने, बिजली दर में वृद्धि, परिवहन, मजदूरी बढ़ने के बीच श्रमिकों का टोटा उत्पादन लागत बढ़ाने का कारण बने हैं। निर्माण इकाई पर चौतरफा हमले का असर आम उपभोक्ताओं के पॉकिट पर पड़ रहा है और अधिक कीमत चुकाने से उनके बजट पर भी असर है।

होजरी गारमेंट्स में उपयोग होने वाले यार्न की कीमतों में जहां पिछले सीजन की तुलना में 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस बढ़ोत्तरी के पीछे का कारण क्रूड ऑयल, फाइबर जैसे कच्चे माल महंगें होने के मूल कारण बताये जाते हैं। वहीं, बिजली दर में भी वृद्धि से उत्पादन लागत में बढ़ोतरी हुई है। गारमेंट्स बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो पूरे देश में होजरी व वूलेन गारमेंट्स की 70 से 80 फीसदी से अधिक डिमांड लुधियाना के होजरी निर्माता ही पूरी करते हैं। पिछले साल के मुकाबले एक्रेलिक व इंफोडिल डाइड यार्न 10 से 15 फीसदी और पॉलिस्टर यार्न 15 से 20 फीसदी महंगा हुआ है। इसके अलावा श्रमिक किल्लत और वेतन वृद्धि से होजरी निर्माताओं की उत्पादन लागत पिछले साल के मुकाबले 15 से 40 फीसदी तक बढ़ी है। इस बढ़ी हुई लागत के हिसाब से तैयार उत्पाद की कीमतें भी तय हुई है। ऐसी दशा में मौजूदा सर्दी के मौसम में मनपसंद गारमेंट्स खरीदते समय लोगों के बटुए पर काफी असर पड़ने लगा है।

कारोबारियों की मानें तो 'एक्रेलिक यार्न पिछले साल 280 रुपये प्रति किलो था, जो इस बार 320 रुपये हो गया है। इसी प्रकार 285-290 रुपये किलो वाला पॉलिस्टर 325-330 रुपये हो गया है। पिछले साल के मुकाबले इस साल डीजल के दाम बढ़ने से प्रोसेसिंग एवं ट्रांसपोर्टेशन खर्च भी बढ़ा है। इन सब कारणों से उत्पादन लागत प्रति पीस 15 से 25 प्रतिशत बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसका बोझ ग्राहकों पर ही पड़ेगा।' कारोबारियों का यह भी कहना है कि 'डॉलर के मुकाबले रुपये का भाव डाउन होने से फाइबर, डाई आदि आयातित रॉ-मैटेरियल काफी महंगा पड़ रहा। कई तरह के फाइबर क्रूड ऑयल के ही बाय-प्रोडक्ट होते हैं। इसका असर गारमेंट्स की कीमतों पर पड़ रहा है।'

### महिलाओं के लिए एंब्रायडरी वाले कार्डिगन पर खास फोकस

सर्द मौसम के तैयार परिधान के कारोबारियों ने बताया कि अबकी निर्माताओं ने महिलाओं के लिए एंब्रायडरी वाले कार्डिगन पर खास ध्यान दिया है। इस बार लेडीज कार्डिगन में फ्लावर प्रिंट, हैंड वर्क, मोती वर्क और एंब्रायडरी का अधिक उपयोग किया गया है। एक्रेलिक, ब्लैंडेड व कॉटन मिक्स वूलन से बने उत्पादों में फास्ट कलर का उपयोग किया गया है। फैशन के दौर में प्योर वूलेन की मांग बहुत कम रह गयी है। इसलिए मेनमैड फाइबर का ही उपयोग अधिक होता है। इसमें डार्क और मल्टीकलर की मांग सर्वाधिक होती है। जेंट्स पुलओवर में राउंड और वी-नेक में स्ट्रिप व मल्टीकलर बहुत अधिक पसंद किये जाते हैं। इसलिए इस बार गर्म बाजार में ऐसे उत्पादों की भरमार है।

**बटुए पर बोझ**

**कच्चा माल महंगा होने, श्रमिकों की किल्लत आदि से उत्पादन लागत बढ़ी**

**वूलन और होजरी गारमेंट्स के दाम में 15 से 40 फीसदी तक का इजाफा**







# सेंट मैरीज चर्च में मनेगा क्रिसमस

**बोले बिशप यूजीन जोसेफ**

**यीशु मसीह के जन्म की झांकी व क्रिसमस ट्री सजाया गया**

**इस बार चर्च के बाहर नहीं लगेंगी दुकानें**

**25,26, 27 को त्रिदिवसीय होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम**


प्रेसवार्ता में बोलते वाराणसी धर्मप्रांत के बिशप यूजीन जोसेफ


प्रभु यीशु के जन्म की तैयारी

**वाराणसी।** कैंटोमेंट स्थित महागिरजा में क्रिसमस को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। क्रिसमस का माहौल खीसत जयंती गीतों (कैरोल गीत) नवजात शिशु ईसा मसीह की जन्म की झांकी (चरनी) चर्च एवं घर की सजावट के साथ ही क्रिसमस ट्री भी सजाया जा चुका है। इसके साथ ही सभी प्रभु यीशु के दर्शन के इंतजार में हैं। यह जानकारी वाराणसी धर्म प्रांत के बिशप यूजीन जोसेफ ने गुरुवार को सेंट मेरीज चर्च में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को यह जानकारी दी। बताया कि क्रिसमस की पूर्व संध्या यानि 24 दिसम्बर की मध्य रात्रि में सम्पूर्ण ईसाई समुदाय गिरजाघर में प्रभु की स्तुति व आराधना के लिए एकत्र होंगे। ईसाई समुदाय का यह विश्वास है कि संसार के मुक्तिदाता ईसा मसीह ईश्वर होते हुए भी 24 दिसम्बर की मध्य रात्रि में मानव रूप धारण किया। इसीलिए मध्य रात्रि में ही उनके आगमन के समय पूजा विधि (मिस्सा बलिदान) सम्पन्न होती है। विशेष महिमा गान व जयघोष के साथ गिरजा का घंटा बजाया जायेगा। जो कि अर्धरात्रि में प्रभु के जन्म व विशेष समारोह का प्रतीक है।

उन्होंने बताया कि इस बार चर्च परिसर में दुकानें नहीं लगायी जा रही है। इस बार सभी दुकानें चर्च के बाहर गेट पर लगायी जायेंगी। कोरोना मद्देनजर काफी सावधानी बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि 25,26 व 27 दिसम्बर को चर्च परिसर में गीत संगीत व ग्रुप सांग आदि होंगे। 24 दिसम्बर को रात्रि 10.30 बजे महापूजा होगी। इसका समापन 2 जनवरी को सेंट जांस स्कूल डीएलडब्ल्यू में किया जायेगा। इसमें दिव्यांग बच्चों के साथ कार्यक्रम भी होगा। जिसमें 50 दिव्यांग बच्चों को स्कालरशिप भी दिया जायेगा। इस दिन समारोह का शुभारंभ सुबह सांस्कृतिक कार्यक्रम से होगा। जिसमें दृष्टि बाधित, मूकबधिर व शारीरिक रूप से विकलांग बच्चे ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के स्टार होंगे। बताया कि पूजा विधि (मिस्सा बलिदान) के उपरांत शोभायात्रा से नवजात शिशु ईसा मसीह की प्रतिमा को गिरजा से स्थानान्तरित कर चरनी में स्थापित किया जाता है इसके बाद सभी शिशु ईसा मसीह का दर्शन कर आराधना व स्तुति करते हैं। खुशी के इस माहौल में ईसाई समुदय गिले शिकवे भूल कर एक दूसरे से गले मिलते है। साथ ही प्रभु यीशु के जन्म का स्वागत करते हैं। पत्रकारवार्ता में सेंट जांस मड़ौली के प्रधानाचार्य फादर हेनरी, फादर सुसाई राज प्रधानाचार्य लेढ़ूपुर, फादर गुरु संतराज सेंट जांस बरेका व फादर फिलिप आदि मौजूद थे।

## दीक्षांत में अभिषेक को सर्वाधिक नौ मेडल

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आने वाले 31 दिसंबर को 40वें दीक्षांत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें इस बार 31 विद्यार्थियों को कुल 60 मेडल दिए जाएंगे। इनमें अभिषेक शुक्ल को सर्वाधिक नौ मेडल प्राप्त होंगे। इसके अलावा शास्वत निर्भय को चार और छह छात्राओं को दो मेडल दिया जाएगा। इस बार के दीक्षांत में कुल 63 विद्यार्थियों को मेडल दिया जाना था। इसके लिए सूची भी तैयार की गई थी। जिसमें बाद में संसोधन कर तीन मेडल निरस्त किए गए और 60 उत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए उपाधियों की सूची तैयार की गई। जिन्हें मेडल दिया जाना है, उनमें से आठ नव्य व्याकरण, नौ साहित्य व एक हिन्दी साहित्य के साथ अन्य में धर्मशास्त्र, आथर्ववेद, दर्शन, रामानुज वेदांत और शंकर वेदांत आदि विषयों में सर्वाधिक प्रदर्शन करने वले विद्यार्थी शामिल हैं।

**संपूर्णानंद के 31 विद्यार्थियों को मिलेंगे 60 मेडल**

## संक्षेप

### ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार का किया विरोध



पिंडरा। ग्रामीणों के विरोध के कारण ठप पड़े मंगारी में निर्माणाधीन आरओबी का काम शुरु कराने के लिए गुरुवार को पहल करने पहुंची नायब तहसीलदार श्वेता सिंह पटेल को मायूस होकर लौटना पड़ा। वह तहसील दिवस और डीएम से की गयी शिकायत की जांच करने पहुंची थीं। साथ ही ग्रामीणों का मान-मनौवल भी करना था। लेकिन मौके पर उन्हें लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों की मांग रही कि बगैर मुआवजा उनकी जमीन सड़क और आरओबी न बनायी जाय। इस पर नायब तहसीलदार ने उन्हें आश्वस्त किया कि पूरी जांच किये बिना कोई कार्य नहीं होगा। इधर, उन्होंने बताया कि अफसरों के निर्देश पर मामले की जांच की जा रही है। अभिलेखों और अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

### कृषि विज्ञान केंद्र का लिया जायजा



मिर्जामुराद। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने गुरुवार को कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का जायजा लिया। संरक्षित खेती के तहत पॉली हाउस एवं नेट हाउस में लगे स्ट्रॉबेरी, शिमला मिर्च का मुआयना कर कई सुझाव भी दिये। संस्थान अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रघुवंशी ने प्रगति रिपोर्ट पेश की। निरीक्षण के दौरान नवीन सिंह, अमितेश, डॉ. राहुल, डॉ. मनीष आदि भी रहे।

### जागृति मिस फ्रेशर, महेंद्र मिस्टर फ्रेशर



रोहनिया। महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर में गुरुवार को शिक्षा शास्त्र के एमए प्रथम व द्वितीय वर्ष छात्र छात्राओं का परिचय समारोह आयोजित हुआ। समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पुरुषोत्तम सिंह ने स्वर्गीय संस्थापक एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में मिस फ्रेशर एवं मिस्टर फ्रेशर का चुनाव किया गया, जिसमें मिस फ्रेशर जागृति पांडेय तथा मिस्टर फ्रेशर सर महेंद्र पटेल को चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने किया। संचालन आराधना यादव और दिव्या पांडेय ने किया। इस अवसर पर इस विभाग के प्राध्यापक डॉ. अखिलानंद सिंह, डॉ. भूपेंद्र यादव, उमेश कुमार और सभी प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अर्चकों ने मास्क लगाकर की गंगा आरती



वाराणसी। कोरोना की चौथी लहर के मद्देनजर लोगों को जागरूक करने के लिए अस्सी घाट पर होने वाली नियमित गंगा आरती में गुरुवार अर्चकों ने मास्क पहन कर गंगा आरती की। जय मां गंगा सेवा समिति के आयोजक आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए गंगा आरती में अर्चकों को मास्क पहना कर गंगा आरती कराया है। इसी क्रम में मास्क के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया है।

### पुरातन छात्र व्याख्यान का आयोजन

वाराणसी। काशी विद्यापीठ समाज कार्य संकाय के प्रो. राजाराम शास्त्री सभागार में गुरुवार को पुरातन छात्र व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें अंतरराष्ट्रीय संगठन एचएआई के संस्थापन सुधांशु शेखर सिंह ने संकाय के विद्यार्थियों को संबोधित किया। पूर्व छात्र होने के नाते उन्होंने छात्रों की उपस्तिथि पर हर्ष व्यक्त किया। बताया की छात्रों को अपने ज्ञान में निरंतर वृद्धि करते रहना चाहिए। कोरोना काल में आने वाली समस्याओं का संगठन ने कैसे सामना किया और कैसे जरूरतमंदों की सहायता की। छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का भी शालीनता से जवाब देते हुए उनके संदेह को दूर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत पूर्व संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष समाज कार्य संकाय प्रो. वंदना सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### महालक्ष्मी पूर्णभिषेक में साधकों ने डालीं आहुतियां

**वाराणसी।** श्रीमद्भागवत कथा हमें निर्भय जीवन जीने का मार्ग बतलाती है, इनकी कथा श्रवण मात्र से जीवन धन्य हो जाता है। उक्त उदगार गुरुवार को राघव ऋषि महाराज ने डॉफी स्थित बजरंग नगर, अशोकपुरम कॉलोनी में श्री ऋषि आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ दूसरे दिन व्यक्त किए। कहा कि मनुष्य मद में चूर होने के कारण प्रभु को भूल जाता है और इस भूल के कारण ही वह इस चराचर जगत में परेशानियों को झेलता रहता है, मानसिक रूप से परेशान रहता है। हम प्रभु को ना भूलें इसके लिए हमें अपनी इंद्रियों को संयमित रखना होगा। यदि जीव अत्यंत प्रेम और निश्चल भाव से प्रभु का वंदन करता है तो प्रभु उसके बंधन में आ जाते है। कथा के दूसरे दिन महालक्ष्मी पूर्णभिषेक में हजारों आहुतियां डाली गई। देश भर से आये महालक्ष्मी के साधकों ने पूज्य राघव ऋषि के सानिध्य में यज्ञाचार्यो के अनुसार हवन पूजन किया। इससे पूर्व कथा का शुभारंभ व्यासपीठ के पूजन से हुआ मुख्य यजमान राजेंद्र गोयनका ने सपत्नीक व्यासपीठ का पूजन किया। कथा में मुख्य रूप से सौरभ ऋषि, शिवानंद पाठक, धर्मेंद्र जायसवाल, नंदलाल गुप्ता सहित देशभर से आए श्रद्धालु शामिल रहे।

# वेदों की उपज है वैदिक गणितः डॉ. अखिलेश

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के शिक्षा शास्त्र विभाग में गुरुवार को विख्यात गणितज्ञ रामानुजन की जयंती के अवसर पर वैदिक गणित की प्रसंगिकता₹ विषयक व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश चंद्र यादव ने कहा कि वैदिक गणित वेदों से उपजी गणित है जिसका उद्देश्य जटिल समस्याओं को सरल से सरल बनाना है। विषय प्रवर्तन करते हुए राजेश सिंह ने कहा कि वैदिक गणित विद्यार्थियों के मानसिक विकास में सर्वाधिक सहायक होती है। विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र वर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वैदिक गणित को महत्त्वपूर्ण स्थान प्रदान किया गया है। आयोजन में अनुज मिश्रा, आर्या द्विवेदी, शशांक, सुधा शर्मा, प्रेम प्रकाश ने भी अपने विचार रखें। संचालन हिमांशु गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रमेश प्रजापति ने किया। इस अवसर पर डॉ. राखी देव, डॉ. ज्योत्सना राय, रेशमा परवीन, संजीव सिंह, श्रद्धा, राम प्रकाश, रितिका समेत सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गणित की उपयोगिता विषय पर संगोष्ठी

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में गुरुवार को गणित दिवस पर गणित विभाग में ₹गणित की उपयोगिता₹ विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सुप्रिया वर्मा, आयुषी सिंह, राहुल पांडेय, अंजली मौर्या, खुशबु निगम और मनीषा जायसवाल द्वारा संबंधित विषय पर प्रस्तुति दी गई।

संचालन डॉ. वरूण कुमार और डॉ. दिनेश कुमार मौर्य ने किया। विभाग के अध्यापक डॉ. शशि प्रकाश और हिमांशु राय आदि ने रामानुजन के जीवन एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश चंद्र यादव ने किया।

# एशियाई देशों में भारतीय बीज निर्यात के हैं मौके

**आयोजन**

**शहंशाहपुर स्थित आईआईवीआर में राष्ट्रीय संगोष्ठी के तीसरे दिन विज्ञानिकों ने कई बिंदुओं पर दी जानकारी**

जनसंदेश न्यूज


शहंशाहपुर स्थित आईआईवीआर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में वैज्ञानिकों ने कई प्रकार की जानकारी दी

**वाराणसी।** भारत में आय बढ़ाने में सहायक संकर बीजों की मांग बढ़ रही है। 700 बीज कंपनियां देश में काम कर रही है और उनके सामने सामने संकर बीज का अधिक मूल्य, समय से उपलब्धता एवं गुणवत्ता का आश्वासन आदि मुख्य बाधाएं हैं। वहीं, जलवायु परिवर्तन और नकली बीज का व्यावसायीकरण भी चुनौती के रूप में सामने है। भारत से अफ्रीका और एशियाई देशों को बीज निर्यात करने के तमाम मौके हैं। बीज उद्योग इसका लाभ उठा सकते हैं। शहंशाहपुर स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान यानि आईआईवीआर में अखिल भारतीय समंवित अनुसंधान परियोजना (सब्जी फसलें) की स्वर्ण जयंती पर तीन दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी के तीसरे दिन गुरुवार को प्रथम सत्र के अध्यक्ष भारतीय बीज विज्ञान संस्थान मऊ के निदेशक डॉ. संजय सिंह ने यह कहा। उन्होंने मूल बीज के तैयार जनक बीज की डिमांड में बीज उद्योगों के नवाचार की जरूरत पर बल दिया। टीआईएफएसी डीएसटी नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक प्रो. प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया की कृषि में रूपांतरण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुमान के अनुसार सन 2050 में विश्व की आबादी 9.7 बिलियन हो जाएगी जबकि कृषि योग्य भूमि में चार फीसदी वृद्धि होगी।

फलस्वरूप कृषि योग्य भूमि पर दबाव बढ़ेगा। इस मौके पर बताया गया कि देश में 54.6 प्रतिशत लोग सीधे कृषि से जुड़े हुए हैं। उनकी आय बढ़ाने में आर्टफिशियल इंटेलिजेंस के तहत सर्च इंजन, नेटफ्लिक्स, यूट्यूब, सेल्फ ड्रिवन वीइकल, ऑटो लैंग्वेज ट्रांसलेटर और फेशियल रिकॉगनीशन बहुत सहायक हो सकता है। संगोष्ठी संयोजक डॉ. प्रभाकर मोहन सिंह ने विभिन्न सत्रों की संस्तुतियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार, डॉ. बीएस धनखड़, डॉ. टीके बेहेरा, डॉ. धनखड़ आदि ने भी कई बिंदुओं पर जानकारी दी।

**तकनीकों के प्रभाव का हो आंकलन**

संगोष्ठी के दौरान निकली कुछ संस्तुतियों के तहत आईओटी, एआई, ड्रोन तकनीकी आदि का प्रयोग करके क्लाइमेट स्मार्ट बागवानी विधियों का विकास, अधिक तापमान सहिष्णु किस्मों का विकास, दियारा क्षेत्रों के लिए तकनीकों का विकास, विकसित तकनीकों के प्रभाव का आंकलन, राज्यवार तथा सब्जीवार मानचित्रों का विकास, परंपरागत सब्जी प्रजनन विधियों का नवीनतम तकनीकों के सामंजस्य में प्रयोग, एग्रो-इकोसिस्टम विश्लेषण आधारित समेकित पीड़क प्रबंधन, पौध आधारित पीड़कनाशियों का विकास एवं संवर्धन, तुड़ाई के बाद प्रबंधन श्रृंखला का सुदृढ़ीकरण आदि।

# बीएचयू में हिन्दी निदेशालय स्थापित

**संचालन शीघ्र**

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में दी गयी जानकारी**


बीएचयू की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक को संबोधित करते कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन

**वाराणसी।** बीएचयू की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में गुरुवार को बताया गया कि मानविकी एवं कला के साथ-साथ अन्य विषयों की पुस्तकें हिन्दी में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामाजिक विज्ञान संकाय में हिन्दी निदेशालय की स्थापना की जा चुकी है। इसका संचालन शीघ्र ही किया जाएगा।

बैठक में राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) के लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत हिन्दी पत्राचार एवं 75 फीसदी हिन्दी टिप्पण करने वाले कार्यालयों की सराहना की गयी। बताया गया कि नई वेबसाइट पर उपलब्ध करीब 80 प्रतिशत सामग्री का द्विभाषीकरण (हिन्दी-अंग्रेजी) कर दिया गया है। शेष सामग्री का अनुवाद कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। राजभाषा संबंधी पदों की पदोन्नति वर्तमान में लागू मुख्य कैडर के अनुरूप करने तथा हिन्दी पुस्तकों के प्रकाशन के लिए मौलिक पुस्तक लेखन पुरस्कार योजना लागू करने की खातिर कुलपति ने स्वीकृति प्रदान की।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने बैठक में आए विभिन्न बिंदुओं पर अपनी सहमति प्रदान करते हुए हिन्दी में ही पत्राचार करने, लक्ष्य के अनुरुप हिन्दी टिप्पण लेखन करने, वेबसाइट पर आंकड़े द्विभाषी रूप में अपलोड करने आदि की बात कही। स्वागत हिन्दी अधिकारी डॉ. विचित्रसेन गुप्त ने किया। बैठक में कुलसचिव प्रो. अरुण सिंह, निदेशक (प्रबंधशास्त्र संस्थान) प्रो. एसके दूबे, प्रो. यशवंत सिंह, वित्ताधिकारी अभय ठाकुर, पुस्तकालयाध्यक्ष डीके सिंह, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राजेश सिंह, संयुक्त कुलसचिव डॉ. सुनीता चंद्रा, डॉ. अवधेश कुमार, उपकुलसचिव वेणुगोपाल आदि थे।

# लालफीताशाही के प्रबल विरोधी थे चौ. चरण सिंह

**समस्या**

**पूर्व पीएम चरण सिंह की जयंती मनायी गई**


चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग

**वाराणसी।** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की 121वीं जयंती किसान फाउण्डेशन के तत्वावधान में कोनिया घोबीघाट में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। पूर्वांचल भर से जुटे चरण सिंह के अनुयायियों ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धाजलि दी। ₹किसान और संविधान विषयक गोष्ठी एवं कृषि सम्मेलन लोगों ने विचार एवं कवियों, गीतकारों ने काव्य पाठ किया। वक्ताओ ने कहा कि चौधरी साहब लालफीताशाही व भ्रष्टाचार के प्रबल विरोधी थे।

उन्होंने जमीदारी प्रथा को उखाड़ फेंका। मुख्य अतिथि लोकसभा वाराणसी की पूर्व प्रत्याशी श्रीमती शालिनी ने कहा- किसान और संविधान देश के दो स्तम्भ है जिसपर देश टिका है आज दोनो खतरे मे इसे बचाने की जरूरत है। सुनील सोनकर ने कहा कि कृषि आधारित भूमि तेजी से घट रही है। अध्यक्षता डा. उमाशंकर सिंह यादव ने किया। मुख्यरूप से किसान नेता, रामजनम भाई, रमेश यादव गोरखनाथ चौ० राजेन्द्र रामधनी कन्नौजिया सतीश कुमार फगुनीराम सभाजीत शुक्ला ने अपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन डा. जयशंकर जय ने दिया। कार्यक्रम में शोभनाथ, किशन जायसवाल, रामसागर नंदलाल प्रसाद वेनी सोनकर, राजेंद्र राजभर, सोती मौर्य, अवधेश सिंह, संतोष कुमार, प्रियांशु, अनुज यादव, मदन यादव, आनंद यादव, बनारसी यादव, भैयालाल पहलवान, अजय कुमार, लकी प्रसाद आदि लोग उपस्थिति रहे।

# कोरोना संक्रमण के बचाव को लेकर बैठक



**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को बैठक कर कोरोना से बचाव व तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी संदीप चौधरी ने विमानतल पर एयरलाइंस सहित सभी हित धारकों को सतर्क व सावधानी बरतते हुए जोखिम वाले देशों से अंतरास्ट्रीय आगमन वाले विमान यात्रियों की जांच और थर्मल स्क्रीनिंग में सतर्कता पूर्वक तेजी लाने की सलाह दी। हवाई अड्डे पर मौजूद स्वास्थ विभाग के द्वारा कोरोना जांच हेतु दो टीम गठित की गई है। यह टीम संक्रमण रहित देशो से आने वाले अंतराष्ट्रीय विमान यात्रियों पर विशेष नजर रखते हुये यात्रियों के यात्रा सम्बन्धित पूरी जानकारी कर जांच प्रक्रिया पूरी करेगे जिसमे थर्मल स्क्रीनिंग एंटीजेन के साथ आर टी पी सी आर जांच किया जाएगा। संक्रमण से बचाव हेतु अंतराष्ट्रीय एवं घरेलू आगमन क्षेत्र में कोविड सहायता केंद्र भी बनाया गया है। निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि विदेशो में बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए विमान तल पर सुरक्षा पूर्वक सावधानी बरती जा रही है सभी हित धारकों को फेस मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य कर दिया गया है।

# सबसे ज्यादा समाज सेवा काशी में देखीः कमिश्नर

**दिल की बात**

**अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के अधिवेशन का किया शुभारंभ**


सम्मेलन का उद्घाटन करते कमिश्नर

**वाराणसी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का चार दिवसीय चतुर्दशम 14वां राष्ट्रीय कार्यकारिणी काशी कुंभ-युवा संगम 22 का शुभारंभ गुरुवार को वाराणसी के कमिश्नर कौशलराज शर्मा ने नरिया स्थित रामनाथ चौधरी शोध संस्थान में मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में दीप प्रज्वलन कर किया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए वाराणसी का चयन बहुत ही सुखद है। कहा कि सबसे ज्यादा समाज सेवा काशी में देखा वैसा कहीं नहीं देखा। समाज में मारवाड़ी मंच द्वारा शीतल प्याऊ रक्तदान शिविर एंबुलेंस सेवा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण जैसे अनेक सेवाएं बहुत ही सराहनीय है। मारवाड़ी समाज हमेशा से सामाजिक सेवाएं समाज को देता रहा है। इनको देखकर गुजराती व पारसी समाज भी सेवा कर रहे हैं। यह बहुत ही प्रेरणादायक है। उन्होंने करोना कॉल में काशी के मारवाड़ी मंच द्वारा भोजन दवाइयां ऑक्सीजन ऑक्सीमीटर जैसी जरूरत संसाधनों को उपलब्ध कराया इसे सराहा। इससे पूर्व मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल के जाजोदिया ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए उन्हें अद्भुत प्रबंधन अद्भुत कौशल नेतृत्व के लिए सराहा। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया ने मुख्य अतिथि को दुपट्टा एवं स्मृति चिह्न दिया व महिला मंच के पदाधिकारियों ने उन्हें रुद्राक्ष की माला भेंट की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपिल लखोटिया संचालन राष्ट्रीय मंत्री प्रशांत खंडेलिया ने किया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया अनिल जाजोदिया सुरेंद्र भट्टर जितेंद्र गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटवाकर मार्ग कराया खाली

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा गुरुवार को अपर नगर आयुक्त द्वितीय राजीव कुमार राय ने निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें सिगरा क्षेत्र से रथ यात्रा मुख्य मार्ग पर गुमटी व काउंटर लगाकर मार्ग अवरुद्ध करने वालों पर कार्रवाई हुई। इस दौरान मुख्य मार्ग पर ही लावारिस हालत में रखी हुई एक अन्य गुमटी जब्त की गई। सुंदरपुर स्थित ब्रिज एंक्लेव कॉलोनी से मार्ग पर लगाए गए ठेलों को हटवाया गया, इसी क्रम में कैंट रेलवे स्टेशन ओवर ब्रिज के नीचे अवैध रूप से गंदगी फैलाने वालों को हटवा कर रैन बसेरों में विस्थापित किया गया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक का ईस्तेमाल करने वाले दुकानदारों व वेंडरों से प्लास्टिक के थैले जब्त कर सभी को जुमार्ना किया गया। अभियान के दौरान कुल 4,300 रुपये जुर्माना राशि वसूल की गई।

# मिजोरम, रांची व पूर्वांचल विवि की प्रभावशाली जीत

**अंतर विवि हॉकी**

**बीएचयू, रांची, संभलपुर व पूर्वांचल विवि अखिल भारतीय विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई**



**वाराणसी।** बीएचयू के एम्फीथिएटर एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान पर चल रही पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी (महिला) प्रतियोगिता के तीसरे दिन गुरुवार को मिजोरम, रांची व पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने अपने-अपने मैच जीत लिए। मिजोरम विवि ने कोलकाता विवि को 9-0 से हराया। तत्पश्चात पहले क्वालीफाइंग मैच में रांची विवि ने विनोबाभावे विवि को 10-0 से पराजित किया। दूसरे क्वालीफाइंग मैच में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि ने हेमचंद यादव विवि को 3-0 से हराया। जबकि तीसरे क्वालीफाइंग मैच में संभलपुर विवि ने मिजोरम विवि को 1-0 से हराया। इसके साथ ही बीएचयू, रांची, संबलपुर व पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। शुक्रवार से इन टीमों के मध्य लीग मुकाबले खेले जायेंगे।

इस दौरान प्रो. अर्चना सिंह, प्रो. मीन लाकरा, डॉ. किरण गुप्ता, डॉ. स्वप्निल सिंह, प्रो. विभा त्रिपाठी, प्रो. अभिमन्यु सिंह, डॉ. प्रदीप खालको आदि उपस्थित थे।

# ट्रक की चपेट में आने से किशोर की मौत

**दुखद**

### सीओ ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर कराया शांत

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रानीगंज बाजार में गुरुवार को नो-इन्ट्री के समय एक ट्रक ने 11 वर्षीय किशोर को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से बाजार में कोहराम मच गया। किशोर अपने नाना के घर रहकर नवोदय विद्यालय के लिए तैयारी कर रहा था।

ट्रक ने बैरिया-सुरेमनपुर मार्ग पर रानीगंज स्थित इलाहाबाद बैंक के सामने उस समय किशोर को कुचल दिया, जब उक्त बालक कोचिंग में क्लास करने जा रहा था। इससे किशोर की मौत हो गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, लोगों ने ट्रक के पहिये का हवा निकाल दिया, ताकि ट्रक लेकर चालक भाग न सके। सूचना पर सीओ उस्मान, एसएचओ धर्मवीर सिंह सदल-बल मौके पर पहुंचे और ट्रक एवं चालक को कब्जे में ले लिया।

सीओ ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुबहड़ थाना क्षेत्र के रामपुर टिटही गांव निवासी हरिश्चन्द्र वर्मा का पुत्र शिवम वर्मा (11) बैरिया थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी अपने नाना देवेन्द्र वर्मा के घर रहकर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए कोचिंग में पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार की सुबह चिउड़ा लादकर यूपी 60 एटी 4962 नम्बर की ट्रक रानीगंज बाजार आ रहा था। धनुष यज्ञ मेला के कारण बाजार में भीड़ थी। ट्रक काफी तेज रफ्तार में थी। ट्रक ने सड़क किनारे साइकिल से जा रहे शिवम को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। चालक संजय यादव निवासी पादरी औद्योगिक नगर बक्सर ट्रक छोड़कर भागना चाहा, किन्तु ग्रामीणों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन

**ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज**

**बैरिया।** मृतक बालक की मां पूजा देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रक चालक को चालान न्यायालय कर दिया। वहीं, नो-इंट्री के समय में रानीगंज बाजार में ट्रक घुसने के विरोध में लोगों ने कुछ पल के लिए थाना के सामने बैरिया-सुरेमनपुर मार्ग जाम करने का प्रयास किया, किन्तु पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए जाम करने वालों को खदेड़ दिया।

> प्रथम दृष्या में चालक लापरवाहीपूर्वक तेज रफ्तार में ट्रक चला रहा था। इससे यह दुर्घटना हुई है। आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।
>
> धर्मवीर सिंह, एसएचओ बैरिया

# पोषण वाटिका की स्थापना कराएंगी समूह की महिलाएं

**बलिया।** प्रदेश सरकार का लक्ष्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का है। इसके लिए, सरकार की ओर से बहुआयामी कदम उठाए जा रहे हैं। उप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अब गांवों में पोषण वाटिकाओं की स्थापना कराएंगी। इसके लिए आजीविका सखियों ने समूहों की महिलाओं को गांवों में जाकर प्रशिक्षण देकर प्रारंभ करना शुरू कर दिया है।

ग्राम स्तर पर मिशन के तहत महिलाओं के समूह में कम से कम 12 महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। अब मिशन की ओर से समूहों की महिलाओं को खेतीबाड़ी से जोड़ने के लिए आजीविका सखियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक ब्लाक में सौ आईसीआरपी के पदों पर महिलाओं का चयन किया जा रहा है। चयनित आईसीआरपी को प्रशिक्षित किया जाएगा। आजीविका सखी का चयन कम से कम सात और अधिक से अधिक 14 महिला समूह को मिलाकर होता है।

**पहल**

### आजीविका सखियां समूहों की महिलाओं को दे रही प्रशिक्षण

### खेतीबाड़ी से जोड़ने का चल रहा कार्य

**बलिया।** इस संबंध में डीसी, एनआरएलएम डीएन पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उन्हें खेतबाड़ी से जोड़ने का कार्य चल रहा है। पोषण वाटिका की स्थापना उसी का हिस्सा है।

आजीविका सखियों का दायित्व समूहों की महिलाओं को खेतीबाड़ी के कार्य के लिए पारंगत करना है। आईसीआरपी का कार्य अपने जनपद के विभिन्न ब्लाकों या सरकार के आदेश पर प्रदेश के गैर जनपदों में जाकर महिलाओं के समूहों का गठन कर उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में बताकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है।

### किसान मेला व प्रदर्शनी आज

**बलिया।** डीएम सौम्या अग्रवाल ने बताया है कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर 23 दिसम्बर को किसान सम्मान दिवस समारोह का आयोजन आफिसर्स क्लब के परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे सुनिश्चित किया गया है। जिले के कृषि एवं सहयोगी विभागों के कृषकों के द्वारा परम्परागत खेती में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए किसानों को सम्मानित किया जायेगा।

# अधिकृत दुकानों से ही खरीदें शराब : डीएम

**बलिया।** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बताया है कि अवैध अड्डों से खरीदी गयी शराब में मिथाइल अल्कोहल भी मिला हो सकता है, जो घातक विष है। इसकी थोड़ी सी मात्रा पीने से ही आदमी अन्धा हो सकता है एवं उसकी जान भी जा सकती है। किसी भी दशा में अवैध अड्डों से खरीद कर अवैध शराब, अल्कोहलयुक्त औषधियों एवं टिंचर का सेवन न करें।

बताया कि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा हो सकती है। सस्ते के चक्कर में जान न गंवाएं। अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकारी/अधिकृत आबकारी दुकानों से क्यूआर कोड़ युक्त सील बन्द शराब की बोतल ही खरीदे। अवैधानिक रूप से मादक पदार्थो अवैध शराब का निर्माण, बिक्री, दुकानों से ओवर रेटिंग एवं अन्य किसी अनियमितता की सूचना प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 के साथ निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर भी दी जा सकती है।

**निर्देश**

### अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री की दें सूचना

सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम एवं पता गोपनीय रखा जायेगा। आबकारी निरीक्षक सदर मो.-8745931965, आबकारी निरीक्षक रसड़ा मो.-9454465886, आबकारी निरीक्षक बांसडीह मो.-7905692203, आबकारी निरीक्षक बैरिया मो.-7355670061, आबकारी निरीक्षक बेल्थरारोड एवं सिकन्दरपुर मो.-8004165518 एवं जिला आबकारी अधिकारी मो.-9454465622 पर सूचना दे सकते हैं।

# शहीद पार्क चौक में जारी रहा धरना

**बलिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के तत्वावधान में शहीद पार्क चौक में गांधी प्रतिमा के सामने चल रहा तीन दिवसीय धरना गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नू ने कहा कि कुछ दिन पहले विश्वविद्यालय के विलंब फीस एवं अन्य मुद्दों की लड़ाई हुई। इसे विश्वविद्यालय प्रशासन ने तत्काल वापस किया। वैसे ही अब यह लड़ाई चलेगी। कहा कि जब तक गालीबाज शिक्षक को बर्खास्त कर जेल नहीं भेजा जाता और छात्रों का पैसा वापस नहीं कराया जाता, तब तक आंदोलन चलता रहेगा। इस अवसर पर यशजीत सिंह, रितेश पांडेय, कृष्णा उपाध्याय, संदीप ठाकुर, राहुल कुमार मिश्र, विवेक पाठक, सिंटू यादव, रिंशू पांडेय, आदित्य योगी, सूरज गुप्त, प्रमोद यादव, आदर्श मिश्र, धनजी यादव, मदनी नसीम, अभिषेक यादव, मनीष सिंह, प्रेरक गुप्त, विशाल पाठक आदि मौजूद रहे।

# नवजीवन इंग्लिश स्कूल पर चढ़ा क्रिसमस का रंग

**आयोजन**

### प्रिंसिपल ने दो जरूरतमंद महिलाओं को दी आर्थिक सहायता

**बेल्थरारोड।** प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को मनाये जाने वाले क्रिसमस पर्व से पूर्व गुरुवार को स्थानीय नवजीवन इंग्लिश स्कूल में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल की प्रिंसिपल मिस ग्रेसी जान ने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस प्रभु यीशु मसीह के जन्म जीवन और उनके बलिदान की कहानी बयां करता है।

कहा कि इस दिन प्रभु यीशु के सामने अपनी गलतियों के लिए माफी मांगते हुए इंसान अपने जीवन को एक बार फिर से नए सद्कर्मों के रास्ते पर ले जा सकता है। क्रिसमस पर्व हमें बताता है कि इंसानियत के लिए जियो और इंसानियत बचाए रखो। इसी जज्बे को कायम रखते हुए विद्यालय की प्रिंसिपल ग्रेसी जान ने क्षेत्र की दो गरीब महिलाओं को 25-25 हजार रुपए की सराहना प्रदान की।



नवजीवन इंग्लिस स्कूल में महिला को आर्थिक सहायता देती प्रिंसिपल ग्रेसी जॉन

उन्होंने पत्रकारों को भी अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम और झांकियों से समा बांध दिया। इस क्रम में अदिति ग्रुप, साहस ग्रुप, राधा ग्रुप, साक्षी ग्रुप, अध्यापक आफताब के गाने, शकीरा व स्नेहा के गीत, शकीरा ग्रुप गीत, आर्या ग्रुप, लाल रंग के ड्रेस में कक्षा तीन बी की आराध्या ग्रुप, पिंक ड्रेस में यूकेजी के अक्षित ग्रुप, काजोल, शालिनी जायरा, तेजस्वी के नृत्य ने उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। समस्त कार्यक्रम विद्यालय के अध्यापक दीपक जी की देखरेख में शकीरा परवीन, मोनू राजभर, अभिषेक चौहान, अभिजीत पांडे, शिवदयाल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सुशील, सुभाष, ज्ञान प्रकाश, ओपी, आकाश, आफताब, हरिंदर, अली, बीके वर्मा, मैथ्यू, दुबे जी, शेषनाथ, अमित, प्रीतम, रानी, जया, नाजिया, किरण, सुमन, आरती, सुमन चौरसिया, बुलबुल, मंजू आदि मौजूद रहे।

# तीन सदस्यीय टीम ने किया अस्पताल का मुआयना



सीएचसी रतसर पर पहुंची टीम के साथ स्वास्थ्य कर्मी

**रतसर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कायाकल्प अन्तर्गत व्यवस्थाओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम ने गुरूवार को मुआयना किया। इसमें जनपद स्तर से डा. रंजय कुमार, अजहर अली एवं राज्य स्तर से डा. अरविंद सिंह, शिशिर कुमार ने सीएचसी में बेहतर व्यवस्थाओं को देखा।

टीम ने ओपीडी, आइपीडी, लेबर रूम, दवा कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष के साथ-साथ परिसर की स्वच्छता एवं नियमानुसार कूड़े का निस्तारण, सहयोगी सेवाओं सहित बाउंड्री व अस्पताल के आस-पास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधीक्षक डा. राकिफ अख्तर के निर्देशन में समस्त रिकार्ड एवं प्रश्नों का जवाब बीपीएम आशुतोष सिंह द्वारा दिया जा रहा था। सीएचसी कायाकल्प अन्तर्गत नामित है, जिसमें टीम द्वारा फाइनल मूल्यांकन किया गया। इसकी रिपोर्ट स्टेट को भेजी जाएगी। इसमें राज्य में प्रथम स्थान पाने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 15 लाख, द्वितीय को 10 लाख व अन्य में 70 प्रतिशत से अधिक अंक मिलने वाले सीएचसी को एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

**जांच**

### बीपीएम ने दिया समस्त रिकार्ड एवं प्रश्नों का जबाब

इस अवसर पर बीसीपीएम अनिल कुमार, वैम मनीष कुमार, फार्मासिस्ट एसएस यादव, लैब टैक्नीशियन युसूफ अंसारी, प्रीति पाण्डेय, लल्लन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# मेले से अपना अपना सामान समेट रहे व्यापारी

**बैरिया।** पूर्वांचल का सबसे प्रसिद्ध सुदिष्ट बाबा का धनुष यज्ञ मेला गुरुवार को संपन्न हो गया। दुकानदारों ने अगले साल मिलने के वादा के साथ अपना-अपना सामान समेटना शुरू किया है। वही, लगभग एक महीने तक चले इस मेले में करोड़ों का कारोबार हुआ है। अकेले दस लाख रुपए से अधिक की जलेबी का कारोबार इस मेले में हुआ है। वही, फर्नीचर, सौंदर्य प्रसाधन, बर्तन, ऊनी कपड़ा, नर्सरी, नीबू, चर्खी सहित अन्य व्यवसाय भी जमकर हुआ है। इस मेले पर ना तो मंदी का असर दिखा और न हीं जीएसटी का। दिल खोलकर लोगों ने मेले का आनंद उठाया। अब यह मेला अगले वर्ष अगहन सुदी पंचमी को एक बार फिर ग्राम सभा कोटवा आयोजित करेगा। ग्राम प्रधान वंदना गुप्ता एवं प्रधान प्रतिनिधि रोशन गुप्ता ने क्षेत्रवासियों, पुलिस प्रशासन एवं व्यापारियों का आभार व्यक्त किया।

# सपा में दो दावेदारों के नाम पर चल रहा मंथन

**रोशन जायसवाल**

**बलिया।** निकाय चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी बलिया के अंदरखानों में क्या चल रहा है? पार्टी से कौन लड़ेगा? इसकी जानकारी मिलना अभी संभव नहीं है। वैसे चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि बलिया नगर पालिका अध्यक्ष पद के किन्हीं दो दावेदारों पर पार्टी विचार कर सकती है, जिसमें एक ओबीसी तो दूसरा चेहरा सामान्य वर्ग से होगा।

लखनऊ कार्यालय के गलियारे से एक दावेदार का नाम चर्चा में है। पार्टी अपनी साईकिल उसी दावेदार को दे सकती है। वह कौन होगा? यह चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद ही पता चल सकेगा। वैसे वर्ष 2017 के निकाय चुनाव में सपा ने संजय उपाध्याय को मैदान में उतारा था। उसके पहले 2012 के चुनाव में सपा ने साधना गुप्ता को मौका दिया था। इस बार के निकाय चुनाव के लिए सपा से पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता की पत्नी पूर्णिमा गुप्ता और पूर्व चेयरमेन संजय उपाध्याय ने रेखा उपाध्याय के लिए दावेदारी की है। इसके अलावा शशिकांत चतुर्वेदी की पत्नी अनीता चतुर्वेदी, राघव सिंह की पत्नी किरण सिंह, कन्हैया की पत्नी रेनू जायसवाल, निशु की मां इन्दू श्रीवास्तव एवं राहुल राय की पत्नी रूपाली पाण्डेय ने अपनी दावेदारी की है। अब देखना यह होगा कि सपा से कौन उम्मीदवार होता है?

**चुनाव**

### निकाय चुनाव में कौन होगा अध्यक्ष पद का प्रत्याशी?




# रामानुजम ने भारत को प्रदान किया अतुलनीय गौरव : डॉ. उमेश कुमार

**याद**

### नागाजी सविमंवमावि में मनायी गयी महान गणितज्ञ की जयंती

**बलिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर में भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयन्ती मनायी गयी। एक सप्ताह से चल रहे गणित सप्ताह का समापन कार्यक्रम भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयन्ती तक मनाया गया। मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र महाविद्यालय के गणित विभाग के प्रमुख डॉ. उमेश कुमार सिंह रहे।

प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान और विद्यालय के उप प्रधानाचार्य निर्भर निरंजन शंकर ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि डॉ. उमेश कुमार सिंह ने कहा कि संख्या 1729 को रामानुजन संख्या या हार्डी-रामानुजन संख्या कहा जाता है। यह वह संख्या है, जिसे दो संख्याओं के घनों के योग के बराबर लिखा जा सकता है। इस प्रकार का गुण रखने वाली बहुत ही कम अन्य संख्याएं हैं। वे संख्याएं जो दो धन पूर्णांकों के घनों के योगफल के रूप में निरूपित हो सके, उनको रामानुजन संख्याएं कहते हैं।



महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करते मुख्य अतिथि

इन्हें आधुनिक काल के महानतम् गणित विचारकों में गिना जाता है। इन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला। फिर भी इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिए। इन्होंने अपने प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्भुत अविष्कार किए, वरन भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया।

इस अवसर पर छात्र आकाश सिंह, रूद्रांश पाण्डेय, शशांक शेखर पाण्डेय, शिवम केशरी, आदित्य कुमार पाण्डेय, विकास पाण्डेय, रोहित यादव आदि मौजूद रहे। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार अस्थाना और आभार जितेन्द्र कुमार मिश्र ने व्यक्त किया।

### गणित और बाल मेला का आयोजन

**बलिया।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जगदीशपुर में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर गणित मेला तथा बाल मेला का आयोजन किया गया। विवेकानंद ने रामानुजन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सम्भाग निरीक्षण कन्हैया चौब ने नई शिक्षा नीति एवं बालक का सर्वांगीण विकास कैसे हो? इस पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्णायक रामकुमार तिवारी, दिनेश कुमार सिंह, संजय कश्यप, ओंकारनाथ सिंह, विशाल रहे। बाल मेले में फुल्की, चाट, रसगुल्ला, ब्रेड पकौड़ा आदि का स्टाल छात्रा निधि पांडेय के नेतृत्व में अंजली, श्रेया सिंह, काजल वर्मा, जागृति पांडेय आदि ने लगायी। रंगोली प्रतियोगिता में वैष्णवी राय, श्रेया सिंह, अर्नव शाह, रूद्र प्रताप आदि ने भाग लिया। आभार प्रधानाचार्य धीरेंद्र ने व्यक्त किया।

### धूमधाम से मनायी गई श्रीनिवास रामानुजम की जयंती



**बलिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज जीराबस्ती के विशाल प्रांगण में भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गई। इसमें पोस्टर, जीवनी, रंगोली (ज्यामितीय आकृतियों पर), गणित सूत्र, पहाड़ा, उल्टी गिनती व गणितीय पहेलियां प्रमुख रही। ज्यामितीय आकृतियों सहित रंगोली व अल्पना बनाकर सुंदर चित्र प्रस्तुत किये। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक तुलसीराम जी ने कहा कि भारतीय प्रतिभा और मेधा बेजोड़ व बेमिसाल है। सब कुछ वेद एवं संस्कृत में है। ये पहला और अनूठा धर्मग्रंथ है, जिसमे से वैदिक गणित का प्रादुर्भाव हुआ है। दुनिया का ऐसा कोई धर्मग्रंथ नही है, जिसमे वैदिक गणित और चिकित्सा विज्ञान आयुर्वेद हो। आचार्य कन्हैया जी ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एकाग्रता ही सफलता का आधार होता है। रामानुजन जी बचपन से ही सामान्य बुद्धि के विद्यार्थी थे, परंतु गणित में उनकी विशेष रुचि थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह ने अतिथियों का परिचय कराते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा दो प्रकार से प्राप्त होती है। एक औपचारिक एवं दूसरा अनौपचारिक, जो इस महान गणितज्ञ के जीवन में महत्वपूर्ण रही। मौके पर चंदन, रिशु सिंह, ममता, हरेराम, सत्येंद्र, राजेश आदि मौजूद रहे। संचालन हरेन्द्र मिश्र ने किया। सभी का आभार रामकुमार यादव ने प्रकट किया।

## संक्षेप

### प्रभातफेरी में सिख समाज ने किया शबद कीर्तन



**बलिया।** गुरु गोविंद सिंह के पावन प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में गुरूवार को गुरु दरबार से प्रभातफेरी निकाली गयी। प्रभातफेरी शहर के विभिन्न जगहों पर भ्रमण करते हुए वापस गुरुद्वारा आकर समाप्त हो गयी। इस दौरान सिख समुदाय ने गुरु जी का शबद कीर्तन करते हुए नगर क्षेत्र में भ्रमण किया। गुरु दरबार में प्रसाद का वितरण किया गया। प्रभातफेरी में जलपान की सेवा सागर सिंह राहुल के घर पर हुई। प्रभातफेरी में मुख्य रूप से चेयरमैन सरदार सुरजीत सिंह एडवोकेट, प्रधान रणजीत सिंह राजू, जनरल सेक्रेटरी इंद्रपाल सिंह, गुरबख्श सिंह, नरेंद्र सिंह पम्मी, सरदार बलवीर सिंह, सरदार श्रवण सिंह, अमन सिंह, विशाल सिंह, संजय सिंह, हरप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, जगजीत सिंह, बाबू प्रीतम सिंह आदि शामिल रहे।

### शिकायत की जांच करने पहुंची टीम

**नगरा।** स्थानीय कस्बा के ब्यस्त बाजार में मन्दिर के बगल में मदिरालय होने से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है। समाजसेवी एवं भाजपा नेता की आनलाइन शिकायत की जांच करने मौके पर पहुंची टीम ने सच देखकर हैरानी जताई। शिकायत कर्ता भाजपा नेता शशि जायसवाल ने कहा है कि बेल्थरारोड मार्ग नगरा में दुर्गा मन्दिर कुछ मीटर की दूरी पर है। ब्यस्त बाजार में दो राष्ट्रीयकृत बैंकों के दस मीटर के बीचो-बीच देशी, अंग्रेजी शराब एवं बियर की दुकान है, जिससे लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड रहा है। इसके चलते इन दुकानों को अंयत्र स्थानांतरित कराया जाय। टीम में आबकारी निरीक्षक दिनेश कुमार पासवान आदि शामिल रहे।

### मंदिर परिसरों की हुई साफ-सफाई



**बेल्थरारोड।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया की स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन एक कदम स्वच्छता की ओर कार्यक्रम के तहत सोना देवी महाविद्यालय किड़िहरापुर द्वारा अवधूतेश्वर, शिव मंदिर इब्राहिमपट्टी परिसर की साफ-सफाई किया गया। वहीं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राम छबीला सिंह की प्रतिमा पर प्रबंधक गिरधारी यादव द्वारा माल्यार्पण किया गया। साथ ही महाविद्यालय में कार्यरत सफाई कर्मियों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दीपा पाल, अखिलेश ठाकुर, संजय सिंह, राहुल शर्मा, गणेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### केंद्रीय मंत्री से मिले राज्यमंत्री



**बलिया।** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से दिल्ली में भेंट की और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यों से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। साथ ही अल्पसंख्यक समाज के बेहतर विकास पर भी चर्चा की। राज्यमंत्री श्री अंसारी ने केंद्रीय मंत्री से चर्चा किया कि किस तरीके से अल्पसंख्यक समाज के नौजवानों, महिलाओं को विशेष ध्यान रखते हुए आने वाले दिनों में विभाग और बेहतर तरीके से काम करें। इन तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बीते दिनों लगाए गए विशेष रोजगार मेलों के संबंध में भी चर्चा हुई।

### छात्र-छात्राओं को मिला स्मार्टफोन



**बलिया।** केपी मेमोरियल महाविद्यालय सुहवां, रतसर में छात्र-छात्राओं के बीच बुधवार को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित कुमार यादव ने स्मार्टफोन का वितरण किया। स्मार्टफोन पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से चहक उठे। वितरण के बाद प्रबंधक श्री यादव ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि आप सबकी पढ़ाई में यह स्मार्टफोन काफी मददगार साबित होगा। इसका सदुपयोग किया जाए तो तमाम सारी पढ़ाई व आगे की तैयारियों से जुड़ी भ्रांतियां दूर की जा सकेंगी। इसका लाभ लें और जीवन में सफल हों। इस अवसर पर अजीत यादव सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### सीओ ने किया थाना का अर्धवार्षिक निरीक्षण



**रेवती।** स्थानीय थाना का क्षेत्राधिकारी बैरिया ने गुरुवार को अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी मोहम्मद उस्मान ने बैरक, हवालात, मालखाना, अपराध रजिस्टर, आर्डर बुक, न्यायालय रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह को मेस एवं की साफ-सफाई पर ध्यान देने का विशेष दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीओ मोहम्मद उस्मान ने प्रभारी निरीक्षक से थाना क्षेत्र के विषय में बारीकी से पूछताछ किया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज गोपाल नगर, उपनिरीक्षक रामनक्षत्र, चंद्रभूषण, मुन्सी महेन्द्र, देवेंद्र कुमार, रोशन लाल, महिला हेल्पलाइन पर महिला आरक्षी पूजा कश्यप आदि मौजूद रहे।

### सफाई कर्मियों ने अधिशासी अधिकारी से की वार्ता



**बलिया।** विगत कई दिनों से वेतन की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद बलिया के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है। उनकी मांग है कि उन्हें उनका वेतन दिया जाए, लेकिन अभी तक नगर पालिका परिषद की तरफ से उन्हें वेतन नहीं दिया गया है। इसको लेकर गुरुवार को यह देखा गया कि सैकड़ों की संख्या में सफाई कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय पर पहुंचे और अधिशासी अधिकारी से वार्ता की। अधिशासी अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनका वेतन सही समय पर पहुंच जाएगा। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि जब तक वेतन नहीं मिलेगा, वह काम पर नहीं लौटेंगे। बताते चलें कि विगत कई दिनों से नगर में सफाई कार्य पूरी तरह से ठप है। जगह-जगह कूड़े लगे हुए हैं। गंदगी फैली हुई है। इससे नगरवासी परेशान है।

### तेज गति से होने लगी जमीनों की रजिस्ट्री

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए 460 हेक्टेयर जमीन के सापेक्ष मात्र 60 हेक्टेयर जमीन का ही रजिस्ट्री हो पाया है। परियोजना के लगभग तीन माह होने जा रहे है, लेकिन जमीनों की रजिस्ट्री की संख्या बहुत कम दिख रही है। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के एक्शन के बाद रजिस्ट्री में तेजी आई है। गुरुवार को विभाग में कामकाज तेजी से देखा गया। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के अंतर्गत कुल 98 गांव शामिल हैं। सरकार की तरफ से काश्तकारों की जमीन की खरीददारी शुरु है। उसके लिए दो अरब 50 करोड़ की धनराशि भी प्राप्त हो चुकी है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए 19 सितंबर 2022 को रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरु हुई। उसके बाद काश्तकारों ने धीरे-धीरे अपनी जमीनों को सरकार को देना शुरू कर दिया। उसके एवज में उनके खाते में धनराशि जाने लगी। ऐसे कई गांव है, जहां उचित कीमत न मिलने के कारण किसान अपनी जमीनों को देने में कतरा रहे हैं। वही, प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहा है। गुरुवार को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की रजिस्ट्री के लिए लोगों की भीड़ देखी गयी।



# प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण का आयोजन



बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर त्रिदिवसीय समारोह में 22 दिसंबर 2022 गुरुवार को जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्तरमहाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने अपने उद्बोधन में युवाओं का आह्वान किया कि वे देश और समाज के विकास में आत्मसमर्पण से जुट जाएं। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का कार्य करते हैं। युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेल-कूद और शिक्षणेतर गतिविधियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, जिसका पूरा निर्वहन जेएनसीयू द्वारा किया जा रहा है। मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह, परिवहन राज्य मंत्री एवं कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय द्वारा अंतरमहाविद्यालयीय क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2022-2023 में भाग लेने वाले महाविद्यालयों प्रथम स्थान पर मां नरहेजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरही, द्वितीय स्थान पर दूजा देवी महाविद्यालय, रजौसी, सहतवार, तृतीय स्थान पर श्री मुरली मनोहर टाउन महाविद्यालय बलिया और चतुर्थ स्थान पर रहे सतीश चन्द्र महाविद्यालय बलिया को पुरस्कार वितरित किया गया।

20 दिसंबर 2022 को विश्वविद्यालय परिसर एवं समस्त संकुलों द्वारा अपने परिक्षेत्र से संबंधित विजन एवं मिशन स्टॉल का प्रदर्शन किया गया था, जिसमें प्रथम स्थान पर दूजा देवी महाविद्यालय, सहतवार द्वितीय स्थान पर विश्वविद्यालय परिसर, तृतीय स्थान मुरली मनोहर टाउन महाविद्यालय एवं चतुर्थ स्थान पर किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रक्सा, रतसड़, बलिया रहा।

इसी क्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सृजन' सत्र (2022-2023) में प्रथम स्थान मुरली मनोहर टाउन महाविद्यालय, बलिया, द्वितीय स्थान गुलाब देवी महाविद्यालय बलिया, तृतीय स्थान बांसडीह महाविद्यालय, बांसडीह बलिया तथा चतुर्थ स्थान पर विश्वविद्यालय परिसर को प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. लल्लन सिंह, पूर्व कुलपति, हेमवतीनंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर, गढ़वाल और विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार पाण्डेय रहे।

### जेनसीयू ने प्राप्त किया 750वां स्थान

प्रो. लल्लन सिंह ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए कहा कि देश में 1200 के लगभग विश्वविद्यालय हैं। उनमें जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय ने 750वां स्थान प्राप्त किया है, जिसके लिए मैं विश्वविद्यालय की कुलपति को धन्यवाद देता हूं और उनके प्रयासों की सराहना करता हूं। एक विश्वविद्यालय को धरातल से उठाकर ऊंचाइयों तक ले जाने में एक कुलपति को अथक परिश्रम करना पड़ता है जो कल्पलता पाण्डेय जी ने किया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में नियुक्ति करना लोहे के चने चबाने के बराबर होता है किंतु कुलपति ने यह भी कर दिखाया है। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए भी आपने कुलपति की प्रशंसा की। अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन और एकरूपता आदि की जरूरत है न कि किसी के उकसावे की। विद्यार्थियों को सफलता के लिए अपने जीवन में अनुशासन के मार्ग पर चलना चाहिए। कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की नींव की बात करते हुए श्रद्धेय जननायक चंद्रशेखर जी, उनकी स्मृतियों और उनके विचार बिंदुओं को किया। आपने बताया कि हमें अपनी ऊर्जा का सही स्थानांतरण तथा उसका सही उपयोग करना चाहिए। आपने बताया कि 'खेलो इंडिया' में विश्वविद्यालय को 2 स्वर्ण पदक मिले हैं। आपने बताया कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ साथ खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी अत्यंत जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय में फाइन आर्ट की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। आपने यह विश्वास जताया कि यह विश्वविद्यालय चंद्रशेखर के विजन के अनुरूप कार्य करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

### विभिन्न लघु नाटक आदि की हुई प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य, तबला, गायन आदि के साथ बेटियों की मनोदशा को व्यक्त करता हुआ नृत्य नाटक और वृद्ध माता की दुर्दशा को बताने वाला लघु नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का आरंभ संगीत प्राध्यापक प्रद्युम्न उपाध्याय द्वारा मंगलाचारण एवं कुलगीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरिता पाण्डेय ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अजय कुमार चैबे ने किया। इस अवसर पर प्रो. साहेब दुबे, प्रो जैनेंद्र पाण्डेय, प्रो. अरविंद नेत्र पाण्डेय, प्रो नीरजा सिंह, प्रो फूलबदन सिंह, प्रो गौरी शंकर दिवेदी, एसोसिएट प्रो. फेसर डॉ. पुष्पा मिश्रा, डॉ. अजय कुमार चैबे, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. विनीत सिंह, डॉ. रजनी चैबे सहित परिसर एवं महाविद्यालयों के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### श्रीरुद्र महायज्ञ की तैयारियों पर हुई चर्चा



बैरिया। महान ब्रहमलीन संत मुनीश्वरानन्द उर्फ खपड़िया बाबा के तप की धुनी द्वाबा के स्थानों पर रमी हुई है। उन्होंने अपने तीव्र तप से द्वाबा के कई स्थानों को पवित्र किया है। उनके निर्वाण दिवस पर आयोजित होने वाले श्रीरुद्र महायज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु आश्रम संकीर्तन नगर (श्रीपालपुर) में संत शिरोमणि स्वामी हरिहरानंद जी के नेतृत्व में बैठक हुई। इसमें महायज्ञ के जलयात्रा, पंचांग पूजन, विशाल भंडारा तथा आश्रम व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बैठक मे बताया गया कि महायज्ञ की भव्य जलयात्रा 24 दिसम्बर, दिन शनिवार को प्रातः आठ बजे से निकाली जाएगी। रविवार को पंचांग पूजन, वेदी पूजन तथा अरणी मंथन का कार्यक्रम होगा। वही, श्रीरुद्र महायज्ञ सोमवार से प्रारंभ होकर पांच जनवरी तक चलेगा। छह जनवरी, दिन शुक्रवार को प्रसाद वितरण व विशाल भंडारा का आयोजन होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह, ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह, धर्मबीर उपाध्याय, जितेंद्र उपाध्याय, विश्वरंजन सिंह, श्यामसुंदर उपाध्याय, राणाप्रताप सिंह, बृषभान सिंह, गार्ड साहब, संजय सिंह, अमरनाथ सिंह, अमित उपाध्याय, सन्तोष सोनी, शिवमंगल वर्मा, डा. हरीश सिंह, आनन्द द्विवेदी, आनन्द गोड़, सुधीर पाण्डेय, धर्मपाल सोनी, महेन्द्र सोनी, शिवकरण मौर्य, राजनारायण तिवारी, रंजय यादव आदि मौजूद रहे। संचालन शैलेश सिंह ने किया।

### आज काश्तकारों के साथ बैठक करेंगी डीएम

बैरिया। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण में कुछ काश्तकारों द्वारा विरोध उत्पन्न किया गया है। इसकी जानकारी होने पर विरोध को समाप्त करने के लिए जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर काश्तकारों की बैठक बुलाई है। बैठक में असन्तुष्ट काश्तकार मुख्य राजस्व अधिकारी अनिल अग्निहोत्री के समक्ष उचित फोरम पर अपनी बात रखेंगें। वही, उसका निराकरण भी किया जायेगा। तहसीलदार संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी इस परियोजना पर स्वयं गम्भीर है। मुख्य राजस्व अधिकारी एवं काश्तकारों की होने वाली बैठक की प्रभावी ढंग से देखरेख स्वयं जिलाधिकारी करेंगीं। जिलाधिकारी भूमि अधिग्रहण को लेकर सम्बधित राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से सीधे संवाद कर रही है। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि यह परियोजना जनहित में बलिया के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सम्बधित काश्तकारों से अनुरोध किया है कि मुख्यमन्त्री के इस ड्रीम प्रोजेक्ट में सहयोग कर जनहित में विकास को गति प्रदान करे। विरोध करने वाले काश्तकारो से भी आग्रह किया है कि मुख्य राजस्व अधिकारी की बैठक में प्रतिभाग करे।

### डॉ. भूपेश सिंह को मिलेगा फिजियो रत्न अवार्ड



मझौवां। ग्लोबल एसोसिएशन फार फिजियोथेरेपिस्ट के राष्ट्रीय सम्मेलन में बलिया निवासी डा. भूपेश कुमार सिंह को सम्मानित किया जाएगा। दिल्ली में 24 और 25 दिसंबर को होने वाले द्वितीय वार्षिक समारोह में देश-विदेश के एक हजार से ज्यादा फिजियोथेरेपिस्ट शामिल होंगे। डा. भूपेश कुमार सिंह को सम्मान के लिए चयनित होने की सूचना मिलते ही उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। ग्राम पंचायत बेलहरी के प्रधान प्रतिनिधि डा. भूपेश सिंह को यह सम्मान उनके द्वारा सामाजिक कार्यों, असहाय बच्चों और गरीब दिव्यांगों के निःशुल्क पुनर्वास के लिए मिल रहा है। डा. भूपेश के योगदान की सराहना करते हुए एसोसिएशन ने इन्हें दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में 25 दिसम्बर को फिजियो रत्न अवार्ड 2022 से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड भारत वर्ष में हर वर्ष दो लोगों को ही उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाता है। इस वर्ष उत्तर प्रदेश के बलिया से डा. भूपेश कुमार सिंह और बिहार से डा. शशि आनन्द को यह अवार्ड देने के लिए चयन किया गया है। यह जानकारी ग्लोबल एसोसिएशन फार फिजियोथेरेपिस्ट के संयोजक डा. नवनीत कृष्णा ने पत्र भेजकर डा. भूपेश को दी है। उनको डा. अमरेश महर्षि एवं समाज के लोगों ने बधाई दी है।

### भाजपाइयों ने चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा पत्रक

बांसडीह। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव हेतु आने वाली महिलाओं को प्राइवेट नर्सिंग होम भेजे जाने तथा स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव की समुचित व्यवस्था न होने को लेकर गुरुवार को भाजपा बांसडीह मंडल के अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अधीक्षक डा. वेंकटेश्वर को पत्रक सौंपा। कहा कि सीएचसी पर प्रसव हेतु आने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र पर ही तैनात एक महिला चिकित्सक के निजी नर्सिंग होम पर कतिपय लोगों द्वारा भेजा जाता है, जो शासन के नियमो के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि सरकारी अस्पतालों की बजाय प्राइवेट नर्सिंग होम में भेजे जाने से मरीजो का आर्थिक शोषण किया जाता है। साथ ही सरकार द्वारा प्रतिबंधित जांच भी उक्त नर्सिंग होम में किया जाता है, जो सर्वथा कानून का उल्लंघन है। वही, नर्सिंग होम में अप्रशिक्षित लोगों द्वारा प्रतिबंधित जांच भी किया जाता है। इस अवसर पर राजेश प्रजापति, अखिलेश तिवारी, गोविंदा गुप्ता, अमित यादव, मुकेश मिश्रा, शनि राजभर आदि मौजूद रहे।

### झोपड़ी में लगी आग, झुलसने से गाय की मौत

बांसडीह। स्थानीय कस्बा के वार्ड नम्बर 12 कठबंधवा मुहल्ले में बुधवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग से एक झोपड़ी जलकर राख हो गई। इस दौरान जहां झोपड़ी में बंधी गाय जलकर मर गई, वहीं पास में बंधी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। आग बुझाने के दौरान छत से गिरकर युवक भी घायल हो गया। उसका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात करीब बारह बजे बांसडीह के वार्ड नंबर 12 कठबंधवा मुहल्ला में राजू तुरहा के घर से सटे उनकी झोपड़ी में आग लग गयी। झोपड़ी में बंधी गाय एवं भैंस के चिल्लाने पर राजू की नींद खुली तो उसने देखा कि झोपड़ी में आग लग गई और धूं-धूंकर जल रही है। राजू ने भैंस को खोल दिया, जिससे वह भाग गई, लेकिन वह गाय को नहीं खोल सका। इससे गाय की मौत हो गई। इधर, राजू झोपड़ी से सटे पक्के घर की छत पर रखा पुआल हटा रहा था कि अचानक गिरकर घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे रात में ही सीएचसी बांसडीह पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गुरुवार की सुबह क्षेत्रीय लेखपाल एवं राजस्व विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया।

# गोंगपा का कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन



बलिया। नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित करने की मांग को लेकर मॉडल तहसील के समीप गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वावधान में चल रहे धरने के 15वें गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

अरविन्द गोंडवाना ने कहा कि आदिवासी जनजाति समुदाय के लोगों को अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संगठित संघर्ष तेज करने की आवश्यकता है। यदि सभी पीड़ित संगठित हो जाय तो पीड़ित ही पावर बन जाते है। कहा कि जिस प्रकार 2012 व 2017 के नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित सीटें आरक्षित थी, उसी प्रकार इस बार के निकाय चुनाव में भी अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित की जानी चाहिए। मौके पर सुमेर गोंड, परशुराम खरवार, दादा अलगू गोंड, संजय गोंड, ओमप्रकाश गोंड, तारकेश्वर गोंड, दिलीप गोंड, सुरेश शाह, शिवसागर गोंड, चन्द्रशेखर खरवार, बृजेश बौद्ध, मनोज कुमार शाह, शिवशंकर, दुर्ग विजय खरवार, हीरालाल गोंड, रमेश गोंड, भगवत, धर्मेन्द्र, मुकेश गोंड, जीउत प्रसाद, रामनगीना गोंड, धनेश पाण्डेय, प्रेमशंकर वितारी, सुरेश गिरि, शिवकुमार ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ वांछित गिरफ्तार

बैरिया। गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित आरोपी को चांदियर पुलिस ने सिताब दियारा के घुरी टोला से गुरुवार की सुबह उस समय कट्टा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया, जब वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जा रहा था। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि राजकुमार महतो निवासी घुरी टोला, सिताब दियारा, थाना बैरिया गैंगस्टर के मुकदमे में गड़वार थाने से वांछित है। वह किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए अपने साथियों के साथ कहीं जाने की फिराक में था। तभी मुखबिर से सूचना मिली। बिना समय गंवाये चौकी इंचार्ज गुरु प्रसाद सिंह को भेजा गया। मुखबीर की सूचना के आधार पर उन्होंने अपने हमराहियों के साथ घेराबंदी कर घुरी टोला मुख्य मार्ग से उसे पकड़ लिया, जबकि उसके साथी भागने में सफल हो गए। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद चालान न्यायालय कर दिया गया।

# शिक्षकों के शैक्षिक विवरण का होगा सत्यापन

यूपी बोर्ड परीक्षा

### विभाग सक्रिय, सत्यापन के लिए टीम गठित

बलिया। यूपी बोर्ड परीक्षा सकुशल और नकलविहीन संपन्न हो, इसलिये विभागीय कवायदें तेज हो गयी है। इसके लिये विभागीय अधिकारियों की बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये जा रहे है। वहीं, विद्यालयों के जिन शिक्षकों का डाटा अर्थात शैक्षिक विवरण पहले से ही बोर्ड की वेबसाइट पर फीड है, उनका सत्यापन होगा। डाटा का सत्यापन ब्लाक स्तर पर होगा। सत्यापन के लिए टीम गठित हो गई है। शासन यूपी बोर्ड परीक्षक आदि की नियुक्ति में कथित फर्जीवाड़ा रोकने को लेकर सतर्क हो गया है। बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराना शिक्षा विभाग और प्रशासन के लिये चुनौती बनी हुई है।

जिले में कुल 607 माध्यमिक विद्यालय है। इनमें 32 राजकीय, 92 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय तथा 483 वित्तविहीन विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में करीब पांच हजार से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। शासन यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए शिक्षकों का शैक्षिक विवरण हर साल परिषद की वेबसाइट पर फीड कराता है। शासन को परीक्षकों की नियुक्ति आदि में फर्जीवाड़ा के आरोप लगने की शिकायत मिलती रहती है। अब मामले को गंभीरता से लिया गया है। जानकारी के अनुसार जिन शिक्षकों का डाटा यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर पहले से ही फीड है, उनका सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन ब्लाक स्तर पर सत्यापन के लिए टीम बना दी गई है। इसके साथ ही नवनियुक्त शिक्षकों का शैक्षिक विवरण वेबसाइट पर फीड होना है।

### वेबसाइट पर फीड होगा शिक्षकों का ब्योरा

बलिया। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश कुमार सिंह ने बताया कि परिषद की वेबसाइट पर शिक्षकों के नाम, शैक्षिक योग्यता, नियुक्ति का विषय, नियुक्ति की अवधि, विद्यालय का नाम, कब से कार्यरत हैं आदि करीब एक दर्जन बिंदुओं की जानकारी फीड होती है। विभाग की सभी प्रकिया आनलाइन हो रही है। हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी, प्रैक्टिकल परीक्षा तथा उत्तर के मूल्यांकन की ड्यूटी शिक्षकों के वेबसाइट पर फीड शैक्षिक विवरण के अनुसार आनलाइन लगेंगी।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया। हल्दी पुलिस ने बुधवार की रात गश्त के दौरान बादिलपुर-भरखोखा के पास मुखबिर की सूचना पर कल्याण सिंह उर्फ इंद्रजीत सिंह पुत्र सूर्य बली सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार हल्दी पुलिस गुरूवार को क्षेत्र में गश्त पर थी। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बादिदलपुर-भरखोखा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। उसके पास से एक तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## संक्षेप

### अब दूधिया रोशनी से जगमगाएंगे कोपागंज के विस्तार वाले क्षेत्र



कोपागंज, मऊ। नगर के विस्तार वाले क्षेत्र भी अब एलईडी लाइट से जगमग आएंगे इसके लिए नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष शबनम हेलाल ने सैकड़ों की संख्या में एलईडी लाइट के लिए भूमिगत के बिल और खंभे गाड़ने का काम शुरू कर दिया है। अब तक विस्तार वाले फोरलेन के आसपास सड़कें, भातकोल मोड से हाईवे, हिकमा से भदसा गाव तक कसारा मोड़ से जय रामगढ़ मोड़ तक, पुराने कोपा गांव मोड़ से राजपुरा गांव मोड़ तक के सड़कों पर एलईडी लाइट लगाने के लिए खंभा लगाने का काम हो चुका है। उधर विस्तार वाले क्षेत्रों में एलईडी लाइट से गांव की सड़कें जगमगाने की हसरत पाले वहां के निवासियों में काफी खुशी व्याप्त है। उनका कहना है कि अंधेरे से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत से काफी समय से प्रकाश की व्यवस्था की मांग की जाती रही है। कहा कि एलईडी लाइट लग जाने से उनके गांव भी रोशनी से जगमगाएंगे। उधर नगर पंचायत अध्यक्ष पद आगामी नगर पंचायत चुनाव को देखते हुए अचानक विस्तार वाले क्षेत्र में एलईडी लाइट लगाने का आरोप लगाते हुए एलईडी लाइट के क्वालिटी पर भी तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। हालांकि वोट की राजनीति से दूर आम मतदाता एलईडी लाइट की रोशनी से उनके गांव सड़कें जगमगाने की नगर पंचायत के प्रयास की काफी सराहना कर रहे हैं। उनका कहना है कि विस्तार वाले क्षेत्र में भी नगरी सुविधाएं होनी चाहिए। जो धीरे धीरे उन्हें मिल रही है।

### एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ शुभारम्भ

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। मुहम्मदाबाद मऊ बाईपास निकट चैक मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र खोल दिए जाने से अब छोटे खाताधारकों को पैसे की जमा निकासी करने के लिए मुख्य ब्रांच में नहीं जाना होगा। बुधवार को ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार जायसवाल ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया इस ग्राहक सेवा केंद्र के खुल जाने से खाताधारकों को काफी सहूलियत मिलेगी और लोगों को एक ही छत के नीचे पैसे की निकासी भी तथा जमा भी करने में आसानी होगी इस मौके पर ग्राहक सेवा केंद् की प्रभारी छोटे लाल गुप्ता, दुर्गेश सिंह, कोमल यादव, राहुल, पारस सोनकर समेत क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### स्व बाबू उमराव सिंह की पुण्यतिथि 24 दिसंबर को

इंदारा, मऊ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व बाबू उमराव सिंह पूर्व सांसद व चेयरमैन (डिस्ट्रिक बोर्ड) की 23 वीं पुण्यतिथि 24 दिसंबर को जनता पीजी कालेज रानीपुर-मऊ परिसर में मनायी जाएगी। यह जानकारी जनता पीजी कालेज के प्रबंधक धनंजय कुमार सिंह ने दी।

### ईओ ने जरूरतमंदों को बांटा कम्बल



दोहरीघाट, मऊ। शासन के निदेर्शानुसार कड़ाके की ठंड व गलन को देखते हुए कार्यालय नगर पंचायत दोहरीघाट द्वारा कस्बे के सभी वार्डो के कुल 55 निराश्रित, बेसाहारा, दिव्यांग, एवं विधवा को कंबल का वितरण किया गया। जिसमें अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने केला उत्पादन केंद्रों का किया निरीक्षण

जायजा

### केला उत्पादन एवं वितरण से जुड़ी जानकारियों को किसानों एवं संबंधित अधिकारियों से किया साझा



मऊ। गुरूवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने विकासखंड कोपागंज के ग्राम शहरोज के कई केला उत्पादन केंद्रों का निरीक्षण कर इससे जुड़ी जानकारियों को साझा किया। ज्ञातव्य है कि जनपद में केला उत्पादन के क्षेत्र में लागत के मुकाबले अधिक आमदनी को देखते हुए कई किसानों द्वारा केला उत्पादन का कार्य किया जा रहा है जिसमें विकासखंड कोपागंज के ग्राम सभा शहरोज के किसान अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रीप पर किसानों को 80 से 90 प्रतिषत तक अनुदान प्रदान किया जाता है। इसके अलावा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत केले के पौधों पर भी प्रति हेक्टेयर 41हजार रुपए का अनुदान दो किस्तों में सरकार द्वारा किसानों को उपलब्ध कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान ही उप निदेशक कृषि एसपी श्रीवास्तव ने बताया कि प्रति हेक्टेयर गेहूं या धान के मुकाबले केले की खेती करने पर कुल लागत के मुकाबले लगभग 6 गुना शुद्ध आमदनी किसानों द्वारा प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा केला उत्पादन के शुरूआती दौर में खाली पड़ी जगहों पर अन्य फल एवं सब्जियां भी उगा कर मुनाफा कमाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित किसानों क्रमशः शेषनाथ राय एवं चंदन राय से भी केला उत्पादन से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारियों को साझा किया। साथ ही जनपद के किसानों को परंपरागत खेती के साथ ही साथ व्यवसायिक दृष्टि से लाभप्रद केला उत्पादन भी करने की सलाह दी। इस संबंध में उन्होंने उपनिदेशक कृषि को किसानों के साथ बैठके कर अधिक आमदनी को देखते हुए केला उत्पादन हेतु प्रेरित करने को भी कहा। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

### 100 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद एक अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। गुरूवार को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान नूरूल्लाहपुर से आकाश चैहान पुत्र स्व. झपटी चैहान निवासी नुरूल्लाहपुर थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से प्लास्टिक के जरिकेन में 100 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 490/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### किराना व्यवसाई की माता का निधन, शोक की लहर

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। स्थानीय विजय स्तंभ चैराहा स्थित किराना व्यवसाई परमानंद गुप्ता की माता का लंबी बीमारी के चलते गुरुवार को प्रातः निधन हो जाने की सूचना पर कस्बे के अन्य किराना व्यवसाई समाजसेवी तथा संभ्रांत लोगों ने इनके घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया। इस मौके पर स्थानीय किराना तथा गल्ला व्यवसाई ने अपनी दुकानें बंद कर शोक प्रकट किए। इस अवसर पर प्रेमचंद गुप्ता, दीपक गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, संजय कुमार, छोटे लाल गुप्ता एवं कस्बे के सैकड़ों लोगों ने उनके घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया।

## तीन सौ लोंगो का निःशुल्क नेत्र परीक्षण व दवा वितरण



दोहरीघाट, मऊ। कस्बे के मद्धेशिया वैश्य धर्मशाला में समाजसेवी आशीष कुमार गुप्ता के सहयोग से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर व निःशुल्क दवा वितरण का शिविर लगा जिसमे नेत्र रोग विशेषज्ञ डा अभय रंजन सिंह की टीम द्वारा तीन सौ लोंगो का नेत्र परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क दवा वितरण भी किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व चेयरमैन गुलाबचन्द गुप्त द्वारा फीता काटकर कर किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बताया कि नेत्र परीक्षण सबको कराना चाहिए। वहीं बगल के जनपद बड़हलगंज गोरखपुर मे आयुष्मान कार्ड के द्वारा मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन किया जा रहा है जिसका लाभ सबको उठाना चाहिए। पूर्व चेयरमैन गुलाबचंद गुप्त ने कहा कि कस्बे शिविर लग जाने से गरीब मरीजो को भी बहुत सुविधा मिली है उन्होंने सभी चिकित्सको के प्रति आभार जताते हुए समाज सेवी आशीष गुप्ता की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी सोच से निश्चित गरीबो को सहित आमजन को फायदा मिल रहा है जो बधाई के पात्र है। इस अवसर पर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन गुलाब चंद गुप्ता एवं आशीष कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।

# महामंत्री पद पर 141 मतों से जीते हरिद्वार राय



मऊ। सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एशोसियेशन की एक वर्षीय कार्यकारिणी के चुनाव की मतगणना गुरूवार को सम्पन्न हुई। कुल 10 पदों पर 20 प्रत्याशियों ने चुनाव में भाग लिया। बार एशोसिएसन के कुल 1037 मतदाता सदस्यों में से कुल 1003 सदस्यों ने मतदान किया। मतों की गिनती गुरूवार को प्रातः 10 बजे शुरू हुई। कचहरी परिसर मे मतगणना को लेकर दिन भर गहमा गहमी रही।

मतगणना प्रातः 10 बजे से शुरू हो कर 4 बजे तक चली। विभिन्न पदो के प्रत्याशियो व उनके समर्थकों द्वारा दिन भर बार के पुस्तकालय भवन के बाहर लोग गिनती की जानकारी लेते नजर आए। अध्यक्ष पद पर शमसुल हसन को 498 तथा लालजी पांडे को 492 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार शमसुल हसन 6 मत से कांटे के संघर्ष में विजयी रहे। महामंत्री पद पर हरिद्वार राय को 505, राजेश सिंह राज 364, प्रदीप कुमार सिंह को 129 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर हरिद्वार राय 141 मत के भारी अंतर से विजयी रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार अश्क 428 युगेश कुमार गुप्ता 278 शिवलाल यादव 153 मुन्नीलाल 122 को मत प्राप्त हुए। इस प्रकार अशोक कुमार अश्क 150 मत से निर्वाचित हुए। साधारण उपाध्यक्ष के दो पद पर हरिनरायन यादव को 385 सुनीत श्रीवास्तव 574 अवनीश कुमार गौतम 499 मत प्राप्त हुए। इस तरह हरिनरायन यादव तथा सुनीत श्रीवास्तव निर्वाचित हुए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अजय कुमार यादव 364 प्रशांत कुमार त्रिपाठी 613 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार प्रशांत कुमार त्रिपाठी 249 मत से निर्वाचित हुए तथा कोषाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार चैधरी 458 केदार नाथ गोंड़ 508 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार केदार नाथ गोंड़ 50 मत से निर्वाचित हुए। वही संयुक्त मंत्री 3 पदों हेतु राजेश कुमार राय 469 संजय कुमार 459, नीरज कुमार सिंह 570 तथा लल्लन भारद्वाज को 507 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार राजेश कुमार राय, नीरज कुमार सिंह तथा लल्लन भारद्वाज निर्वाचित हुए। वहीं वरिष्ठ सदस्य पर कार्यकारिणी पद पर हरिश्चन्द चैहान, यूसुफ खान, राजेन्द्र प्रसाद तथा मनोज कुमार सिंह तथा कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी पद पर मनीष चंद श्रीवास्तव, धर्मराज कुमार भारती, दिलीप कुमार पांडे, राजेश चैधरी, उमेश कुमार सिंह तथा सर्वेश प्रजापति का निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। प्रत्याशियों के जीत की आधिकारिक घोषणा कल आम सभा में की जाएगी। बताते चलें कि अध्यक्ष पद पर 13 महामंत्री पर 5 वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर 22 साधारण उपाध्यक्ष दो पद 2 उपाध्यक्ष एक पद पर 26 कोषाध्यक्ष पर 37 मत निरस्त किए गए। मतगणना को लेकर सुरक्षा का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। मतगणना सम्पन्न कराने में इल्डर कमेटी के चेयर मैंन दीननाथ यादव, सदस्य गण रविशंकर, रविन्द्र लाल, सैयद सादिक अख्तर तथा ज्ञानेंद्र सिंह के अलावा सहायक चुनाव अधिकारी इकबाल, जकी अहमद, राकेश, शिवाजी, श्याम सुंदर, रूपेश, विजय शंकर, नंदू प्रसाद आदि शामिल रहे।

# कम पशु संरक्षित करने वाले अधिकारियों का रुकेगा वेतनःडीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं रायफल क्लब सभागार में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने उपस्थित पशु चिकित्सकों एवं खण्ड विकास अधिकारियों से अब तक कितने पशुओं को चिन्हित कर पशुपालकों को सुपुर्द किए गए हैं एवं कितने पशुओं को आश्रय स्थल में रखा गया है की जानकारी ली।

उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस योजना में जरूरतमंद परिवारों में दुधारू पशुओं की सुपुर्दगी की जाये तथा उसका समय से भुगतान भी किया जाय। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि पशुओं की बराबर वेरिफिकेशन किया जाय। यदि किसी पशु के मृत्यु के बाद भी उसका भुगतान किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही तय है। उन्होंने निर्देश दिया कि सहभागिता योजना के तहत पशुपालकों मे दिये जाने वाले भुगतान समय से किया जाये। इसमे लापरवाही क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने दस पशुओं से कम संरक्षित कराने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी सैदपुर, सदर,जखनियां एवं कासिमाबाद को निर्देश दिया कि अबिलम्ब कैटल कैचर मशीन क्रय कर उसकी बाडी बनवाया जाय।

बैठक मे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/पंचायत , एवं अन्य सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायत भवन का निर्माण अधूरा, भुगतान पूरा

**यह है हाल**

### जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर उठा बड़ा सवाल



गुम्मा गांव में अंधूरा पंचायत भवन निर्माण कार्य।

**मनिहारी।** योगी सरकार के लाख प्रयास के बाद ग्राम पंचायतों में विकास नहीं हो पा रहा है। विभागीय अधिकारी विकास कार्यो में लीपापोती में लगे हुए है। ऐसा ही मामला स्थानीय ब्लाक के गुम्मा गांव में दिखने को मिला है। गुम्मा गांव में पंचायत भवन का निर्माण कार्य अधूरा है। जबकि सरकारी धनराशि इन्हें पूरा मिल गया है।

आधा अधूरे कार्य को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायतों में पंचायती राज व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बनाने का निर्देश दिया था। इस निर्माण के पीछे मंशा थी कि लोगों को ब्लाक स्तर की सुविधाएं गांवों में मिलने लगेंगी। लोगों को गांव में ही परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म प्रमाण पत्र, मत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही साथ विकास कार्यों का खाका भी एक भवन के नीचे बैठकर खींचा जा सकेगा। वर्ष 2020-21 में जगह-जगह पंचायत भवनों का निर्माण शुरू हुआ। लेकिन मनिहारी ब्लाक के गुम्मा गांव सभा में पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। जबकि निर्माण के लिए धन की निकासी पूरी कर ली गई। खण्ड विकास अधिकारी अरविंद यादव ने बताया कि निर्माणाधीन पंचायत भवन के ऊपर से हाईटेंशन बिजली का तार जाने के कारण पंचायत भवन अधूरा पड़ा हुआ है। बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता हो गई है।एक सप्ताह में तार हटाएं जाने का आश्वासन मिला है।तार हटते ही अधूरे पड़े पंचायत भवन का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

खण्ड विकास अधिकारी अरविंद यादव ने बताया कि निमार्णाधीन पंचायत भवन के ऊपर से हाईटेंशन बिजली का तार जाने के कारण पंचायत भवन अधूरा पड़ा हुआ है। बिजली विभाग के अधिकारियों से वार्ता हो गई है।

एक सप्ताह में तार हटाएं जाने का आश्वासन मिला है। तार हटते ही अधूरे पड़े पंचायत भवन का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### सचिव के सामने सरकार की हनक पड़ी बौनी

ग्राम पंचायत अधिकारी के सामने लगता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हनक भी बौनी पड़ गई है। पंचायत भवन अधूरा होने के बाद भी अधिकारियों की मिलीभगत से पंचायत भवन का धन आहरण कर लिया गया है। स्थानीय लोग अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। उनका कहना है कि अक्सर अधिकारी अधूरे पड़े भवनों के निर्माण को पूरा करने का निर्देश देते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इस निर्देश का पालन होता नहीं दिखाई दे रहा है। यह शासन के पैसे का दुरुपयोग है।

# ग्रामीणों ने मृत्यु भोज बहिष्कार का लिया निर्णय

**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के भदौरा गांव स्थित श्री राम मंदिर पर मृत्यु भोज के बहिष्कार करने के लिए ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मृत्यु भोज के बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। स्थानीय तहसील क्षेत्र के भदौरा गांव के श्रीराम मंदिर पर गुरुवार को ग्रामीणों ने मृत्यु भोज के बहिष्कार करने के लिए एक बैठक आयोजित किया गया। ग्रामीण उपेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि मृत्यु के पश्चात तेरही संस्कार पर आयोजित ब्रह्मभोज आदि धार्मिक संस्कार के आड़ में मृत्यु भोज किया जाना उचित नहीं है। ऐसे में मृत्यु भोज का आज हम सब लोग बहिष्कार करने का सर्वसम्मति से निर्णय लेते हैं। उन्होंने कहा कि तेरही ब्रह्म भोज आदि धार्मिक संस्कार का कोई विरोध नहीं किया जा रहा है ,लेकिन मृत्यु भोज का हम सभी लोग सामुहिक रूप से बहिष्कार करते हैं। यह भी निर्णय लिया गया कि मृत्यु के पश्चात अंतिम संस्कार के समय मिष्ठान खिलाकर पानी पिलाने की परंपरा को भी बंद किये जाने का विरोध किया गया और लड़कियों के विवाह में सभी आमंत्रित लोगों द्वारा नेवता के रूप में उक्त व्यक्ति का अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग किए जाने पर भी सहमति जताया गया। इस मौके पर प्रधान प्रदीप राजभर, सहतू कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, पुरुषोत्तम कुशवाहा, महतिम सिंह कुशवाहा, रामाशंकर कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, ओमप्रकाश कुशवाहा, राजाराम कुशवाहा ,अखिलेश राम, रविंद्र कुशवाहा, देवानंद कुशवाहा, बजरंगी कुशवाहा, सुभन्ति देवी, गीता देवी, लक्ष्मीना देवी, कवलबासी देवी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।



भदौरा गांव में मृत्यु भोज के विरोध में बैठक को संबोधित करते वक्ता।

# चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना, गहना लेकर चंपत

## पठानपुर गांव में चोरी, पुलिस छानबीन कर वापस लौटी

**जनसंदेश न्यूज**



**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के पठानपुर गांव में बुधवार की रात करीब एक बजे के चोरों ने दो घरों में घुसकर नकदी सहित कुल चार लाख रुपए के गहने उठा ले गये। सूचना पर रात में ही पहुँची 112 पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण करके लौट गई।

जानकारी के अनुसार पठानपुर गांव के रामभरोस बिंद के घर में चोर पीछे से खिड़की के इंगल के सहारे छत पर चढ़ कर घर में प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा लगभग दो लाख के आभूषण में सोने का चेन, झुमका, माँगटिका, नाथियां, पैंजनी, मेंहदी छल्ला, करधनी,नाक की कील, लाकेट आदि लेने के बाद बगल में पड़ोसी नगीना बिंद के घर में भी घुसकर बक्सा में रखा लगभग दो लाख का हंसुली, बेरवा, मंगलसूत्र, झाला, करधनी, पायल, पैंजनी, हैकल, नथियां, मंटिका, कड़ा आदि आभूषण और पांच हजार रुपया नकद उठा ले गए।

दोनों गृहस्वामियों ने दो- दो लाख रुपये के चोरी गये गहने की कीमत बताया है। बताया जाता है कि घर की महिलाओं की रात में नीद टूटी तो देखा की कमरे का दरवाजा खुला है। जब दरवाजे के पास गई तो अलमारी टूटी देखकर शोर मचाने लगी। परिवार तथा आस पास के लोग जुटकर चोरों की इधर उधर खोजबीन करने लगे। लेकिन घना कोहरा होने के कारण चोरों का कुछ पता नहीं चला। सुबह घर से कुछ दूर खेत में गहने के खाली डिब्बे पड़े मिले। गांव के ग्राम प्रधान भूपेन्द्र यादव ने रात में ही 112 नंबर पर चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण कर चली गई। थानाध्यक्ष महेन्द्र सिंह के अनुसार चोरी की घटना की जानकारी है, छानबीन की जा रही है। ठंड शुरू होते ही क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है।

# कोहरे की मार, धीमी पड़ी ट्रेनों की रफ्तार

**यात्री लाचार**

### 45 मिनट तो कोई आठ घंटे की देरी से पहुंची स्टेशन

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** कोहरा बढ़ते ही ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। ठंड में ट्रेनों के घंटों लेट होने से यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को कई प्रमुख ट्रेनें विलंब से चल रहीं थीं। वहीं, एक दिसंबर से ही कुछ ट्रेनें निरस्त चल रही हैं।

स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, गोंदिया एक्सप्रेस, पवन एक्सप्रेस, डीएमयू सहित अन्य गाडियां दो से सात घंटे तक विलंब से चल रहीं थीं। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते लोगों को अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा। कोहरे के चलते ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा।

### कोहरे के कारण देर से गुजरी ट्रेनें

**बारा।** घने कोहरे की दस्तक से जन जीवन अस्त – व्यस्त हो गया है। सड़क के साथ रेल यातायात भी ठहर सा गया है। पहले से लेटलतीफ चल रही गाड़ियां बुधवार व बृहस्पतिवार को पूरी तरह बेपटरी हो गईं। 12947 अजीमाबाद एक्सप्रेस लगभग साढ़े छह घंटे, 12436 जयनगर – गरीब रथ एकस्प्रेस लगभग सात घंटे, 12392 श्रमजीवी एक्सप्रेस सवा पांच घंटे, 13258 दानापुर जन साधारण एक्सप्रेस छह घंटे, 12295 संघमित्रा एक्सप्रेस सवा घंटे, 15125 काशी – पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, 13005 अमृतसर हावड़ा मेल सवा तीन घंटे, 12333 विभूति एक्सप्रेस सवा घंटे, 13483 फरक्का एक्सप्रेस सवा घंटे, 1205 नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस लगभग सवा तीन घंटे दिलदारनगर, गहमर और बक्सर स्टेशन पर बुधवार को विलंब से पहुंची।



कोहरा होने के कारण बस की यात्रा को वह सुरक्षित नहीं मानते। लेकिन जबसे ट्रेनें लेट हुई है मजबूर उन्हें बस से आना जाना पड़ रहा है। फुल्लनफुर के रहने वाले प्रधानाध्यापक संतोष तिवारी शिक्षक हैं। वह बताते हैं कि प्रतिदिन ट्रेन से यात्रा करके आते हैं। जब वह रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने पहुंचे तो गाड़ियां देरी से चल रहीं थीं। ऐसे में वह बस पकड़ने को मजबूर थे।

शहर के बडीबाग कॉलोनी के रहने वाले कर्मचारी उमाशंकर ट्रेन पकड़कर जाते हैं। वह बताते हैं कि कोहरे के कारण जबसे ट्रेनें लेट होने लगी हैं तब से आने-जाने में सांसत हो गई है।

## संक्षेप

### सेवराई की टीम ने नवीन मेमोरियल ट्राफी पर किया कब्जा



**सेवराई।** स्थानीय सेवराई गांव के होनहार युवा खिलाड़ी नवीन सिंह के प्रथम पुण्यतिथि पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेवराई स्थित के प्रांगण में एक दिवसीय बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सेवराई की टीम ने मनियां को चार ओवर शेष रहते ही छः विकेट से हराकर स्वर्गीय नवीन सिंह मेमोरियल ट्राफी पर कब्जा जमा लिया ।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सेवराई विपिन कुमार चौरसिया ने विजेता टीम को ट्राफी देखकर सम्मानित किया। बता दें कि एक वर्ष पूर्व गांव के होनहार क्रिकेटर नवीन सिंह का सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गया था। नवीन कुमार सिंह सेवराई गांव के उपेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू के कनिष्ठ पुत्र थे जो आदर्श क्रिकेट क्लब के एक होनहार व प्रतिभावान खिलाड़ी थे । उनके याद में आदर्श क्रिकेट क्लब द्वारा नवीन सिंह के पुण्यतिथि पर स्वर्गीय नवीन सिंह मेमोरियल एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई । इस मौके पर उपेंद्र सिंह ,टुनटुन सिंह ,टून्ना सिंह, आकाश सिंह, रामप्रताप सिंह ,संजीव सिंह , सन्तोष सिंह कवि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह ने किया ।

### पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए चिकित्सकों ने दी जानकारी



**मरदह।** ब्लाक के चंवर गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 312 बड़े पशु व 720 छोटे पशु का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए सभी को कीड़े मारने वाली दवा का वितरण किया गया। पशु चिकित्साधिकारी डा. चन्द्रकांत सिंह ने शिविर में पशुपालकों को पशुओं को डंठ से बचाव के उपाय, पशु आहार,संबंधित सुझाव एवं विभागीय योजनाओं में बैंकयार्ड पोल्ट्री, कामधेनु,मिनी कामधेनु,माइक्रो कामधेनु, कामर्शियल लेयर्स फार्मिंग,राष्ट्रीय पशुधन बीमा योजना के बारे में विस्तार पूर्वक पूर्वक जानकारी दी। पशु चिकित्सक गांई डा. वेदप्रकाश सिंह गर्भवती पशुओं देखभाल,प्रसव पश्चात मादा पशु की देखभाल एवं पशु प्रजनन संबंधी सुझाव पशुपालकों को दिया। मेला का उद्धाटन प्रधान प्रतिनिधि मुकेश कन्नौजिक के द्वारा गोपूजन करके किया गया। मेला में ग्राम प्रधान रीता कन्नौजिया, अमरजीत सिंह, अनील सिंह,कविनय शर्मा, सुनील सिंह,आजाद सिंह, शैलेश यादव, सुहेल अहमद,मनोज चौहान, रामजीत,अरविन्द,दशरथ राम आदि मौजूद रहे।

### सड़क की पटरी राहगीरों को कर रही घायल

**मुहम्मदाबाद।** लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों बाइक सवार व साइकिल सवार नागरिक तथा छात्र-छात्राएं गिरकर चोटिल हो रहे हैं। आदिलाबाद चौराहे से सलेमपुर तिराहे तक लोक निर्माण विभाग ने आरसीसी सड़क का निर्माण किया गया। निर्माण समाप्त होने के साथ ही गोलंबर के पास बाइक व साइकिल या अन्य वाहनों को उतरने के लिए रास्ता बनाया गया। विठ्ठल तिराहे व सलेमपुर तिराहे पर भी रास्ता बनाया गया। बताते चलें कि नवनिर्मित सड़क पुरानी सड़क से लगभग आधा फीट ऊपर है। अतः नवनिर्मित से नीचे उतरने के लिए रास्ता का निर्माण हुआ। महिला चिकित्सालय व उसके विपरीत पूरब की तरफ सदर चौक को जाने वाली सड़क पर उतरने के लिए रास्ता नहीं बना। वहां के रास्ते पर ईंट और मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। महिला चिकित्सालय व उसके विपरीत पूरब की तरफ सदर चौक को जाने वाली सड़क पर उतरने के लिए रास्ता नहीं बना। तहसील के मुख्य द्वार पर भी इसी तरह मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। इन स्थानों से प्रतिदिन सैकड़ों बाइक सवार और हजारों नागरिक आवागमन करते हैं। जहां मिट्टी डाली गई है वहां से मुख्य मार्ग पर चढ़ते उतरते समय वाहनों के गिरने से प्रतिदिन नागरिक चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में प्रबुद्ध नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करें तत्काल इसे बनाने की मांग की है।

### एसडीएम ने लगाया चौपाल

**गहमर।** विकास खंड भदौरा के ग्रामसभा करमा के बगेसरी गांव के प्राथमिक विद्यालय के परिसर में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के तहत गुरुवार को लोक शिकायत निवारण कार्यक्रम के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद चौरसिया व तहसीलदार अमित शेखर ने किया। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि प्रशासन का सहयोग करें। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। जन चौपाल शिविर में अधिक से अधिक लोग आए और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी लेने के साथ लाभ उठाएं। चौपाल कार्यक्रम में प्रशिक्षु सीओ शेखर सिंह, तहसीलदार अमीत शेखर, खंड विकास अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, खंड शिक्षाधिकारी सीता राम यादव, सीडीपीओ एजाज अहमद, सहायक विकास अधिकारी शिव प्रसाद, एडीओ कृषि प्रभाकर पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक राकेश राय, ग्राम विकास अधिकारी उमाशंकर, भूपिंदर कुमार आदि उपस्थित थे।

### सीएचसी में शिविर का आयोजन

**सैदपुर।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क रूप से नेत्र ऑपरेशन का शुभारंभ हो गया। इस दौरान शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। केंद्र पर सैदपुर कस्बा समेत अन्य गांवों के कुल 14 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया, जिसमें से 9 लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। इसके बाद उनमें मुफ्त चश्मा वितरित किया गया। गाजीपुर जिला अस्पताल से आई नेत्र सर्जन डॉ स्नेहा सिंह ने नेत्र परीक्षण अधिकारी अनिल कुमार व प्रशांत कुमार सङ्ग सभी मरीजों का ऑपरेशन किया और उनमें दवाएं वितरित की।

### गंगा नदी में कूदा युवक

**जमानियां।** धरम्मरपुर पक्का पुल से हरपुर निवासी कृष्ण कुमार ने गुरुवार की सुबह सात बजे गंगा नदी में कूद गया।नदी में मछली मार रहे मछुआरा की नजर जब पुल से कूद रहे युवक पर पड़ी तो उसने तत्परता दिखाते हुए युवक की जान बचा कर उसे गंगा नदी किनारे सतुवानी घाट पर लेकर आया। युवक को देखने के लिए भीड़ लग गई।युवक ने बताया कि परिवारिक कलह से ऊबकर जान देना चाह रहा था जिसके बाद ग्रामीणों ने स्वजन को बुलाकर उसे सौंप दिया।

### जबरिया खेत जोतने का आरोप, मुकदमा दर्ज

मरदह। मरदह थाना के सिंगेरा गांव निवासी विक्रमजीत सिंह की तहरीर पर मरदह पुलिस ने सिंगेरा गांव निवासी चार लोगों के खिलाफ जबरिया खेत जोतने का मुकदमा सम्बन्धित धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। विक्रमजीत सिंह का आरोप है कि आरोपीगण ने पुरानी रंजिश को लेकर उनकी अनुपस्थित में शाम के वक्त ट्रैक्टर से मेरा खेत जबरिया जोतवा दिया है।

# मुहम्मदाबाद सिविल बार का चुनाव संपन्न

**जनसंदेश न्यूज**

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय सिविल कोर्ट में सिविल बार एसोसिएशन की एक वर्षीय कार्यकारिणी का चुनाव गहमा-गहमी के बीच गुरूवार को संपन्न हुआ। सिविल बार एसो. का चुनाव लगभग सुबह दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक जारी रहा।

जहां पर मतदाताओं ने अपने अपने उम्मीदवारों को वोट दिया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए सुभाष यादव, सचिव के लिए सतीश जी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण गुप्ता ,सह सचिव शिवानंद सिंह यादव और कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद यादव को चुना गया। प्रत्याशियों के जीत के बाद उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया । अर्थात कुल मिलाकर मतदान को लेकर सुरक्षा का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। कोतवाली पुलिस मौजूद थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ।



मु.बाद सिविल कोर्ट में चुनाव के दौरान चयनित पदाधिकारी।

# लोक शिकायत निवारण शिविर में एसडीएम ने सुनी फरियाद



मसोन पंचायत भवन परिसर में शिकायत सुनती एसडीएम हर्षिता तिवारी।



कहोतरी गांव में जानकारी लेती सदर एसडीएम प्रतिभा मिश्रा।

**भांवरकोल।** सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत उपजिलाधिकारी डा. हर्षिता तिवारी की अध्यक्षता में स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मसोन के पंचायत भवन पर लोक शिकायत निवारण शिविर (जन चौपाल) का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी रामकृपाल यादव ने जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर व्यापक प्रकाश डाला। शिकायतकर्ता विजय राम तथा महेंद्र राजभर ने जर्जर तारों से खतरे की आशंका व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र बदलवाने की मांग की। हीराराम ने जलजमाव की समस्या का जिक्र किया। श्री भगवान राम ने वर्षों से बंद पड़े पशु सेवा केंद्र के संबंध में शिकायत की कुछ लोगों ने वरासत के संबंध में भी शिकायत किया। एसडीएम डा. हर्षिता तिवारी ने बिजली विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने के साथ ही क्षेत्रीय लेखपाल सुनील कुमार को वरासत संबंधी मामलों को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। बंद पड़े पशु सेवा केंद्र के संबंध में एसडीएम ने सप्ताह में कम से कम एक दिन पशु चिकित्सा अधिकारी अथवा पशुधन प्रसार अधिकारी को मसोन पशु सेवा केंद्र पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान आकाश कुमार राय, तहसीलदार विजय प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सावन दुबे, संतोष कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, कन्हैया लाल मौर्य, झुनू पाण्डेय, गोपाल यादव, नेहा राय आदि रही।

### एसडीएम ने खेल मैदान का किया चयन, सुनी समस्याएं

**बिरनो।** विकास खण्ड अन्तर्गत कहोतरी ग्राम पंचायत भवन पर गुरुवार को लोक शिकायत निवारण शिविर का आयोजन सदर एसडीएम प्रतिभा मिश्रा की मौजूदगी में किया गया। शिविर में राजस्व संबंधी समस्याओं को सुलझाया गया और कर्मचारियों को एसडीएम ने सख्त निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं में लापरवाही कत्तई लापरवाही न बरते,शिकायत को समय के अंदर निपटारा करें। शिविर में कुल 32 शिकायतें आईं। जिनमें अधिकांश बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड एवं नाली जल निकासी बिजली , वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवास, विकलांग पेंशन संबंधित और कुछ गंभीर शिकायतें भी शामिल रहीं। ग्रामीणों के द्वारा मुख्य रूप से शिकायत किया गया कि पूरे ग्राम सभा में जल निकासी की समस्या बनी हुई है, जो भी नालियां है वह बजबजा रही है। साथ ही ग्राम सभा में खेल का मैदान भी नहीं है। सदर एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने ग्रामीणों की शिकायत को सुनकर ग्राम प्रधान मेवा यादव व क्षेत्रीय लेखपाल ओंकार लाल के साथ मिलकर तत्काल जमीन को चिन्हित करने का निर्देश दिया। बताया कि खेल मैदान को चिन्हित कर लिया गया है। ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा के तहत खेल भूमि को बराबर करा दिया जाएगा। शिविर में सुरज पुत्र सत्यनारायण को लेखपाल द्वारा खतौनी वितरण भी किया गया। शिविर में सदर नायब तहसीलदार, वीडीओ आदि रहें।

# शाहफैज पब्लिक स्कूल में मना क्रिसमस डे

**जनसंदेश न्यूज**



शाहफैज पब्लिक स्कूल में छात्रा को सम्मानित करते प्रबंधक नदीम अदहमी।

**गाजीपुर।** शाहफैज विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह का समापन हुआ और साथ ही क्रिसमस डे भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ईश्वर की अराधना से हुई। जिसका संगीत श्याम कुमार शर्मा ने दिया। उसके पश्चात प्री प्राइमरी के नन्हे मुन्नो द्वारा जिंगल बेल गाने पर बहुत ही मनोरम नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसका निर्देशन दीपिका वर्मा ने किया था। खो-खो में छात्राओं की जूनियर टीम से रेड हाउस व छात्रों की जूनियर टीम से ब्लू हाउस विजेता बना व येलो हाउस उप विजेता बना।

कबड्डी में छात्राओं की जूनियर टीम से ब्लू हाउस व छात्रों की जूनियर टीम से येलो हाउस विजेता रहा तथा येलो हाउस व रेड हाउस क्रमशः उपविजेता रहे। इसी क्रम में सीनियर छात्रों की टीम में खो खो में येलो हाउस व छात्राओं में ग्रीन हाउस विजेता रहा तथा उपविजेता क्रमशः रेड हाउस रहा। कबड्डी में सीनियर छात्रों के टीम में ब्लू हाउस विजेता एवं छात्राओं के टीम में ग्रीन हाउस विजेता रहा जबकि रेड हाउस व ब्लू हाउस क्रमशः उपविजेता रहे। इस क्रीड़ा सप्ताह में उपरोक्त खेलों के अतिरिक्त बैडमिंटन, कैरम व चेस का भी आयोजन किया गया था जिसमें अलग अलग हाउस के छात्र छात्रा विजेता रहे। विद्यालय की तरफ से सभी विजेता व उपविजेता टीम को मेडल व सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के निदेशक डॉ नदीम अधमी ने सभी विजेता व उपविजेता टीमों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सञ्चालन को ऑर्डिनेटर नेहा कुरैशी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या तस्नीम कौसर, उप प्रधनाचार्या डा. प्रीति उपाध्याय, राजेश सिंह, इकरामुल हक, हनीफ अहमद, आदिल नवाज खान, वसीम अहमद, रश्मि श्रीवास्तव, शालिनी राय रही।

### यीशु का मना जन्मोत्सव

**भांवरकोल।** जूनियर हाई स्कूल खीस्त सेवाश्रम रसूलपुर भाँवरकोल के प्रांगण में गुरूवार को सायं काल में प्रभु यीशु का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। मिशन इन्चार्ज फादर सेंगोले द्वारा प्रभु यीशु की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फादर सेंगोल ने कहा कि मानवता को प्रेम का संदेश देने के लिए प्रभु यीशु ने संसार में पदार्पण किया था। कार्यक्रम के अंत मे प्रधानाचार्या शन्तिना मिंज द्वारा आभार प्रकट किया गया तथा मिष्ठान वितरित कर औपचारिक समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम में जयनारायण उपाध्याय, फादर जयपाल, मु. आलिम हुसैन, सलाहुद्दीन, जयप्रकाश सिंह, नीरज राय, सिस्टर विनया, सिस्टर जोसेफिन, राजेश यादव, विश्वामित्र गुप्ता, रमेश, अरुण इत्यादि उपस्थित रहे।

## फिजां में क्रिसमस की उमंग

**आयोजन**

### सजने-संवरने लगे चर्च, जोरों पर चल रही तैयारियां

**गाजीपुर।** क्रिसमस नजदीक आ रहा है। प्रभु यीशु का जन्मदिन यानी क्रिसमस मनाने की तैयारियां तेज हो गईं हैं। चर्च सजने-संवरने लगे हैं। इसके लिए लोग अपने अपने ढंग से तैयारी कर रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण हिस्सों में क्रिसमस का दौर शुरू हो गया है। क्रिसमस की उमंग फिंजा में घुलने लगी है। इसके लिए प्रार्थना सभा से लेकर तमाम आयोजन किए जाएंगे। इसकी तैयारी पहले से ही शुरू हो जाती है। ईसाई धर्म के लोग क्रिसमस पर चर्च में जाकर प्रार्थना करते हैं। घर में क्रिसमस ट्री सजाने की परंपरा है, ईसाई समाज में क्रिसमस ट्री को ईश्वर की ओर से दिए जाने वाले लंबे जीवन के आशीर्वाद के रूप में देखा जाता है। इस समाज में मान्यता है कि घर में क्रिसमस ट्री सजाने से घर के बच्चों की आयु लम्बी होती है। कई लोग आकर्षक लाइटिंग करते हैं। केक काटते हैं। विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर पार्टी करते हैं। क्रिसमस को लेकर बाजार भी सज गए हैं।

चर्चों की रंगाई-पुताई के साथ ही बिजली की झालरों आदि से सजाने का कार्य पिछले कई दिनों से किया जा रहा है। 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाया जाएगा। मसीही समुदाय के लिए यह सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। पर्व को लेकर समुदाय के लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। शहर के तुलसीसागर स्थित पुरानी चर्च, सिंचाई विभाग चौराहा स्थित लूर्द माता चर्च के साथ ही जिले में स्थित चर्चों में पर्व की धूम दिखाई देने लगी है। पुरानी चर्च में पिछले कई दिनों से साफ-सफाई के साथ ही रंगाई-पुताई और सजावट का कार्य चल रहा है। पर्व से पहले समुदाय के लोग इस कार्य को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में क्रिसमस की तैयारी शुरू हो गई है। क्रिसमस ट्री और सेंटा क्लाज की ड्रेस कई दुकानों पर सज गई है। बाजारों मे खरीदारी को लेकर लोग पहुंच रहे है। चर्च में क्रिसमस को लेकर साफ-सफाई के साथ ही सजाया भी जा रहा है। जिले में क्रिसमस के स्वागत की तैयारियां पूरे उत्साह से चल रही हैं। दो दिन शेष रह जाने की वजह से बाजार क्रिसमस के रंग में रंग चुके हैं। सभी धर्म के लोग पूरे उत्साह से क्रिसमस मनाते हैं। इस त्योहार पर लोगों में आपस में मिल-जुल कर प्यार बांटते हैं। पिछले दो वर्षों में कोरोना के चलते कोई खास कार्यक्रम नहीं हो सका था, लेकिन इस बार कार्यक्रम होने की उम्मीद है।

## जनसंपादकीय

# कब कोई बनता है मेसी या एम्बाप्पे

खेल का मैदान किस तरह से देश की सीमाओं से लेकर वर्गभेद मिटा देता है, यह सारी दुनिया ने बीते रविवार को देखा है । फीफा कप के फाइनल को देखने का भारत से लेकर दुनिया के कोने-कोने में रहने वाले खेल प्रेमी इंतजार कर रहे थे। जाहिर है कि जो फाइनल मैच को देख रहे थे, उनमें से अधिकतर का संबंध न तो फ्रांस से था और न ही अजेर्टीना से। पर इन दोनों देशों के खिलाड़ियों ने अपने श्रेष्ठ खेल और खेल भावना से सबका दिल जीता। ये सबके हो गए और सब इनके हो गए। यही तो खेल की सच्ची भावना है। फ्रांस और अर्जेंटीना के खिलाड़ियों को देखकर लगा ही नहीं कि ये हमारे नहीं हैं। इनमें हम भी अपने खेल के नायकों जैसे सचिन तेंदूलकर, नीरज चोपड़ा या लिएंडर पेस को ही देख रहे थे।

खेल देशों-दुनिया को जोड़ता है, एक सूत्र में पिरोता है। हमने कब मोहम्मद अली, पेले, माराडोना, लारा, रोजर फेडरर या उसेन बोल्ट को अपना नहीं माना। इसी तरह से हमारे सफल खिलाड़ियों जैसे दादा



ध्यान चंद, मिल्खा सिंह, विश्वनाथन आनंद को देश और देश से बाहर खेल प्रेमियों का भरपूर प्यार मिलता रहा। कुछ समय पहले महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने टेनिस की दुनिया से सन्यास लिया था। तब सारी दुनिया के खेल प्रेमी उनके चमत्कारी करियर को याद कर रहे थे। उनमें भारतीय भी तो कोई कम नहीं थे।

कोई खिलाड़ी मेसी, एम्बाप्पे, रोजर फेडरर, डिएगो माराडोना, मोहम्मद अली या कपिल देव कैसे बन जाता है ? इस सवाल का उत्तर तलाश करने के लिए बहुत मेहनत करने की जरूरत नहीं है। सभी खिलाड़ी मेहनत करते हैं। पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी सब महान नहीं कहे जाते। वे ही महान माने जाते हैं जो बिग मैच प्लेयर होते थे। वे बड़े और अहम मैचों में छा जाते थे। तब उनका जलवा देखते ही बनता था। बड़े खिलाड़ी का यही सबसे बड़ा गुण होता है कि वे खास मैचों या विपरीत हालातों में छा जाते हैं। मेसी तथा किलियन एम्बाप्पे ने फीफा कप के फाइनल मैच में लाजवाब खेल का प्रदर्शन किया। मेसी और एम्बाप्पे ने कुल जमा तीन और चार गोल किए। ये गुण होता है कि किसी बड़े खिलाड़ी में जो उसे महान बनाता है। मतलब जब टीम को आपकी सर्वाधिक जरूरत होती है तब ही आप अपने जौहर दिखाते हैं। कई बेहतरीन खिलाड़ी कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने जौहर नहीं दिखा पाते थे। लेकिन, ये फाइनल या अन्य खास मैचों के समय अपने जलवे बिखरते हैं।

मेसी और एम्बाप्पे जैसे खिलाड़ी विश्व नागरिक बन चुके हैं। उन्हें सारी दुनिया प्यार करती थी। बड़े प्लेयर के साथ यही होता है। वह सबका होता है और सब उसके होते हैं। अब धावक उसेन बोल्ट को लें। उन्हें भारत में उतना ही अपना माना जाता है जितना किसी अन्य देश में। वैसे वे हैं तो जमैका से ।

रोजर फेडरर दिसंबर, 2015 में दिल्ली में कुछ प्रदर्शनी मैच खेलने आए थे। भारत के टेनिस के शैदाइयों को लीजेंड बन चुके रोजर फे-डरर को साक्षात देखने का मौका मिल रहा था। रोजर फेडरर को खेलते हुए देखकर दर्शक झूम रहे थे। फेडरर बार-बार दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए हाथ हिला रहे थे। हार्ड, क्ले और ग्रास तीनों कोर्ट में एक जैसा शानदार प्रदर्शन करने वाले फेडरर जब कोर्ट में उतरे तो फिटनेस का चरम लग रहे थे। उनके चेहरे पर एक सुपर स्टार वाली गरिमा को देखा जा सकता था।

मुझे याद आ रही है 1976 की गणतंत्र दिवस की वह परेड। तब वहां पर महानतम मुक्केबाज मोहम्मद अली आए थे। उस समय इमरजेंसी का दौर चल रहा था। परेड शुरू होने में कुछ पल शेष थे। तब ही लाउडस्पीकर से घोषणा हुई कि विश्व हैवीवेट मुक्केबाज चैंपियन मोहम्मद अली राजपथ पर पधार रहे हैं। यह जानकार राजपथ पर मौजूद हजारों लोग प्रसन्न हो गए थे। मोहम्मद अली तब अपने करियर के शिखर पर थे। वे विश्व नायक थे। वे परेड शुरू होने से पहले राजपथ पर आ गए थे। उनक चाहने वाले उनका नाम लेकर उनका अभिवादन कर रहे थे। लंबे-ऊंचे कद के मोहम्मद अली जवाब में अपने मुक्के को हवा में घुमा रहे थे। मोहम्मद अली देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ बैठे थे। दुर्भाग्य से वह दौर सेल्फी का नहीं था।

बहरहाल,लियोनेल मेसी का विश्व विजेता बनने का सपना आखिरकार पूरा हो गया। 2014 में खिताब चूकने वाले मेसी की टीम ने फीफा वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे रोमांचक फाइनल में फ्रांस को फुल टाइम में 3-3 से स्कोर बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया। यह अर्जेंटीना का तीसरा खिताब है। इससे पहले उसने 1978 और 1986 में ट्रॉफी अपने नाम की थी। पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना के गोलकीपर मार्टिनेज ने कमाल कर दिया। उन्होंने दो मौके बचाए और मेसी का सपना पूरा कर दिया। इसके साथ ही मेसी का नाम माराडोना के साथ सुनहरे अक्षरों में लिख दिया गया है।

भारत को भी मेसी, एम्बाप्पे, फेडरर और नीरज चोपड़ा जैसे सैकड़ों विश्वास से लबरेज खिलाड़ियों की दरकार है। अभी तो बस शुरूआत है। किसी भी देश का विकास इस बात से साबित होता है कि उधर खेलों की दुनिया में किस तरह की उपलब्धियां अर्जित की जा रही हैं। भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने भी इस साल इतिहास रचना। आप जानते हैं कि भारत ने थामस कप के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 के अंतर से हराकर ये उपलब्धि हासिल की।लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी ने भारत को थामस कप जितवाया। इसे बैडमिंटन की विश्व चैंपियनशिप माना जाता है। थामस कप में विजय से पहले भारत के बैडमिंटन सेंसेशन लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गए थे। और बात भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन की भी। वह इस्तांबुल में महिला विश्व चैंपियनशिप के फ्लाइवेट (52 किग्रा) वर्ग के एकतरफा फाइनल में थाईलैंड की जिटपोंग जुटामस को 5-0 से हराकर विश्व चैंपियन बनीं। तेलंगाना की मुक्केबाज जरीन ने पूरे टूनामेंट के दौरान प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाए रखा और फाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को सर्वसम्मत फैसले से हराया। छह बार की चैंपियन एमसी मैरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006) और लेखा केसी इससे पहले विश्व खिताब जीत चुकी हैं।

तो हमें यह भी याद रखना होगा कि हम भले ही फीफा कप में बहुत आगे नहीं जा पा रहे हैं, पर हमारे खिलाड़ी भी कई अन्य खेलों में बेहतरीन उपलब्धियां दर्ज कर रहे हैं। इसलिए हमें अपने खिलाड़ियों और टीमों को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हां, हमें भी खेल के मैदान में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन तो करते ही रहना है।



**आर.के. सिन्हा**

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# रांगेय राघव का सृजन और चिंतन संसार व्यापक

## समय- संदर्भ



**रविभूषण**

रांगेय राघव (17.01.1923 - 12.09.1962) को उनके जन्मशती वर्ष में भी कम याद किया जा रहा है. आगरा के जिस सेंट जॉन्स कॉलेज से उन्होंने 1941 में बी.ए और 1943 में हिन्दी से एम.ए. किया, उन्हें उनके जन्मशती वर्ष में अब तक स्मरण नहीं किया है. आगरा विश्वविद्यालय से जो चार वर्ष बाद अपनी जन्मशती का आयोजन करेगा से 1949 में 'भारतीय मध्यकाल का मनन : गोरखनाथ' पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी, पर वहां भी सन्नाटा रहा. इस सन्नाटे को अब तक केवल तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर योगेन्द्र और वहां के सहायक प्रोफेसर दिव्यानन्द ने रांगेय राघव पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार (19-20 दिसम्बर, 2022) आयोजित कर तोड़ डाला.

रांगेय राघव ने उनतालीस वर्ष की अवस्था में जो विपुल एवं विविध विषयी लेखन किया है, वह आश्चर्यजनक है. सौ के लगभग मौलिक और पचास अनूदित, कुल डेढ़ सौ उनकी पुस्तकें हैं. सुलोचना रांगेय राघव द्वारा सम्पादित दस खण्डों की उनकी ग्रंथावली में उनकी समस्त रचनाएँ नहीं हैं. उनके सम्पूर्ण कृतित्व में से संपादिका ने उनके कुछ रचनाओं का चयन किया है जिससे उनकी सृजन यात्रा का पूरा मानचित्र दिख जाता है. उन्हें किसी एक, दो विधा का लेखक और ज्ञाता नहीं माना जा सकता. अभिव्यक्ति का ऐसा 'प्रबल वेग उनमें था, जिसके लिये स्वयंमेव दूसरी विधा तलाशने लगता है या फिर तीसरी फिर ... या अनेक विधाओं में एक साथ. फिर भी वेग था कि थमता ही नहीं था. प्रारम्भ से अंत तक रांगेय राघव की रचना-यात्रा पूर्ण अभिव्यक्ति की छटपटाहट का ही दूसरा नाम है.- सुलोचना रांगेय राघव के इस कथन में कोई अतिश्योक्ति नहीं है. रांगेय राघव ने जितना सृजन किया, उससे कम उनके पास योजनायें नहीं थीं. 'पाश्चात्य विचार का विकास' और 'प्राचीन भारतीय राजनीतिक विचार' के साथ ही 'हिन्दी काव्य की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विकास' पर लिखने की उनकी योजना अधूरी रही. हिन्दी में उन्हें मुख्यतः कथाकार और आलोचक, विचारक के रूप में जाना जाता है. पर साहित्येतर विषयों पर भी उनका महत्ववपूर्ण लेखन है. प्रतिभा, अनुभव, पांडित्य, साधना का उनके 'बेजोड़ मेल' था. उपन्यास, कहानी, नाटक, काव्य, रिपोर्ताज, आलोचना, अनुवाद आदि से उन्होंने हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया है. रांगेय राघव ने माता-पिता से उन्होंने आरंभिक शिक्षा प्राप्त की. वे 'दाक्षिणात्य ताताचार्य कुल के वैर निवासी तिरुमल्लै नम्बाकम रंगाचार्य और उनकी पत्नी कनकवल्ली के तीसरे पुत्र थे. घर का नाम 'पप्पू' था. और जन्मपत्री में उनका नाम धाराममूर्ति. माँ-पिता ने उन्हें वीर राघव (तिरुमल्लै नम्बाकम वीर राघव आचार्य) नाम दिया. आरंभ में पत्र-पत्रिकाओं में अपनी रचनाएँ उन्होंने 'तिरुमल्लै नम्बाकम वीर राघव आचार्य' के नाम से भेजी थी, जो वापस लौट आती थीं. उनके मित्र भारत भूषण अग्रवाल ने उन्हें नाम बदलने की सलाह दी. उन्होंने रंगाचार्य का पुत्र होने से रांगेय और साथ में राघव जोड़ा. अब हिन्दी संसार में रांगेय राघव नाम ही प्रसिद्ध है. किशोरावस्था से ही उनके लेखन का आरंभ हुआ. 1938 की बात है, तब ही मैंने कविता लिखना आरंभ किया था. संध्या-भ्रमण का व्यसन था. एक दिन रंगीन आकाश को देखकर कुछ लिखा था- वो सब खो गया है और तब से बहुत संकोच से मन ने स्वीकार किया कि मैं कविता कर सकता हूं...चित्रों से कविता प्रारम्भ हुई थी और एक प्रकार की बेचैनी उसका मूल थी.ह्व उनकी कविता पहली बार कलकत्ता के साप्ताहिक 'विश्वमित्र' में प्रकाशित हुई थी. यह एक गीत था. कुछ समय बाद ही 'विशाल भारत' के मुख्य पृष्ठ पर उनकी कविताओं का धारावाहिक प्रकाशन हुआ जिससे वे प्रगतिशील कवियों में शामिल हुए. पंद्रह वर्ष की अवस्था में, 1938 में उन्होंने 'मेनका' जैसी कविता लिखी. बाद में उन्होंने कई और लम्बी कविताएँ लिखीं. 1946 में दो कविता-संग्रह 'पिघलते पत्थर' और 'राह के दीपक' तैयार किये. 1955 में 'पांचाली' खण्ड काव्य और 1956 में 'रूपछाया' प्रबंध-काव्य प्रकाशित हुआ. 1956 में ही उनका विवाह हुआ. 'उत्तरायण' महाकाव्य भी उन्होंने लिखना आरंभ किया था.

कवि के रूप से कहीं अधिक कथाकार के रूप में रांगेय राघव की प्रतिष्ठा है. 1936 से उन्होंने कहानियां लिखनी आरंभ की, पर कहानियों का प्रकाशन 1944 से आरंभ हुआ. 1944 से 1950 के बीच उन्होंने 71 कहानियां लिखीं. 1947 में उनके तीन कहानी-संग्रह 'साम्राज्य का वैभव, 'समुद्र के फेन' और 'देवदासी', 1949 में दो कहानी-संग्रह 'जीवन के दाने' और 'अधूरी मूरत' तथा 1951 में 'अंगारे न बूझे' और 'इंसान पैदा हुआ' संग्रह प्रकाशित हुए. मेरी 'प्रिय कहानियां' सहित उनकी कहानियों के ग्यारह संग्रह हैं. 1958 के बाद उन्होंने कोई कहानी नहीं लिखी. उनके निधन के बाद 'एक छोड़ एक' कहानी संग्रह 1963 में प्रकाशित हुआ. उनकी अनेक कहानियों में आर्थिक रूप से कमजोर, उपेक्षित और हाशिये पर रह रहे लोग हैं. वहां संवेदना की गहराई है. विचारधारा से जुड़ी कहानियां कहानी-कला की दृष्टि से कमजोर हैं. उनकी कहानियों में विषयों की विविधता है. विश्वयुद्ध, बंगाल का अकाल, आर्थिक भ्रष्ट्राचार, स्वतंत्रता के बाद की राजनीतिक स्थिति, मजदूर संघर्ष, हड़ताल प्रदर्शन सबसे जुड़ी हुई हैं उनकी कहानियां. उनकी युद्ध विरोधी कहानियों में 'पिसनहारी' अधिक महत्वपूर्ण है. दलित जीवन पर आधारित कहानी- 'आदमी' है, साम्प्रदायिक सद्भाव की कहानी- 'गाजी' है और 'नारी की लाज' गर्भवती माँ की कहानी है. 'कठपुतले' कहानी के एक पात्र का कथन है- 'आजादी मिली है, लेकिन वह सिर्फ चोर बाजारी करने के लिए मिली है, हमको नहीं मिलेगी जो खेतों में काम करते हैं. दारोगा जी को मिली है, जो अब तिरंगा ओढ़कर रिश्वत लेते हैं.' उनकी कई कहानियां ऐतिहासिक हैं और कई जीवन-यथार्थ से संबंधित. 1947-48 में लिखी गयी कहानियों में समकालीन राजनीतिक स्थितियों के चित्र और दृश्य हैं. उन्होंने साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़कानेवाले राजनीतिज्ञों और पूंजीपतियों का भी चित्रण किया है. उनके अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों को उस समय छूट दी जा रही थी और मुसलामानों को 'लीगी' और पाकिस्तान परस्त घोषित किया जा रहा था. प्रेमचन्द ने 'पंच परमेश्वर' कहानी (1916) में हिन्दू-मुस्लिम मैत्री का भी संदेश दिया था. रांगेय राघव ने इसी शीर्षक से 29 वर्ष बाद कहानी (हंस, अगस्त 1945) लिखी और यह दिखलाया कि प्रेमचन्द के समय के 'पंच परमेश्वर' के लिए अब शराब की बोतल प्रिय है. बदली हुई न्याय-व्यवस्था वे दिखाते हैं. 'गदल' रांगेय राघव की सर्वाधिक प्रसिद्ध कहानी है, जो गोपाल राय की 'चर्चित, उल्लेखनीय और श्रेष्ठ कहानियां' की सूची से गायब है. स्वाभिमानी, खुद्दार संघर्षशील जैसे नारी-पात्र हिन्दी कहानियों में कम हैं, गदल 'बोल्ड' पात्र है. एक अर्थ में वह धनिया (गोदान) की बेटी और 'कैथर कला की औरतें' (गोरख पाण्डेय) की माँ भी है.

18 वर्ष की अवस्था में रांगेय राघव ने 'घरौंदे' उपन्यास लिखा था- 1941-42 में, जब वे स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र थे. इसके पहले वे तीन उपन्यास लिख चुके थे, जिन पर विदेशी उपन्यासों का प्रभाव था. 'घरौंदा' में कॉलेज का वातावरण और पृष्ठभूमि है. संभवतः यह कॉलेज जीवन और परिसर पर लिखा हिन्दी का पहला उपन्यास है. 1962 तक उन्होंने लगभग चालीस छोटे-बड़े उपन्यास लिखे. उनका 'विषाद मठ' उपन्यास बंगाल के अकाल (नरसंहार) से जुड़ा है. उनके अनुसार यह अकाल साम्राज्यवादी शासन के साथ महाजनी-पूंजीवादी लोभ-लिप्सा का परिणाम था. बंगाल का 'आनंद मठ' (बंकिम चन्द्र) अब 'विषाद मठ' में बदल गया था. आजादी के तुरत बाद उनका बृहदाकार उपन्यास 'मुर्दों का टीला' 1948 में प्रकाशित हुआ. उनके उपन्यासकार का एक प्रमुख उद्येश्य 'मनुष्य की पहचान' है. उनके समक्ष एक ओर यथार्थ था और दूसरी ओर 'भारत की आत्मा, उसकी यात्रा और संस्कृति की महान गति' थी. उन्होंने ह्रउन्होंने अतीत के विभीन्न युगों के संघर्ष में मनुष्य को पहचानने का प्रयत्नह्व किया. उन्होंने जीवन-यथार्थ और अतीत से जुड़े अनेक उपन्यासों की रचना की. 'सीधा-सादा रास्ता', 'विषाद मठ', 'हुजूर', 'काका', 'पराया', 'उबाल' आदि उपन्यास जीवन-यथार्थ से जुड़े हैं और 'मुर्दों का टीला', 'अँधेरे का जुगनू', 'प्रतिदान', 'चीवर', 'राजा की पत्नी' आदि उपन्यास अतीत से जुड़े हैं. उन्होंने कई जीवनीपरक ऐतिहासिक उपन्यासों की रचना की. भारतेन्दु हरिश्चंद्र पर 'भारत का सपूत', कृष्ण पर 'देवकी का बीटा', तुलसीदास पर 'रत्ना की बात', कबीर पर 'लोई का ताना', बुद्ध पर 'और यशोधरा जीत गई', विद्यापति पर 'लखिमा की आँखें', चरपटनाथ पर 'आवेगी काली घटा', गोरखनाथ पर 'धूनी का धुआँ' और बिहारी पर 'मेरी भवबाधा हरो' जैसी औपन्यासिक जीवनियाँ लिखी हैं. उनके ऐतिहासिक उपन्यासों का प्रमुख उद्येश्य 'इतिहास की वास्तविकता', 'वर्ग-संघर्ष का यथार्थ' आदि का अंकन-चित्रण है. 'अँधेरे के जुगनू' की भूमिका में उन्होंने अपने इस उद्येश्य पर विचार किया है. 'मुर्दों का टीला' और 'कब तक पुकारूं' उनका प्रसिद्ध, चर्चित, प्रशंसित उपन्यास है. 'मुर्दों का टीला' में द्रविड़ सभ्यता का चित्रण है. इसकी पृष्ठभूमि का आधार पुरातात्विक खोज है. आर्य इस उपन्यास में आक्रमणकारी और अत्याचारी के रूप में दिखाए गये हैं. पुरातात्विक खोज और इतिहास से प्राप्त तथ्यों को कल्पना से इस औपन्यासिक कृति को सुन्दर बनाया गया है. 'चीवर' उपन्यास में हर्षवर्धन काल है, जब भारतीय सामंतवाद कमजोर हो रहा था. 'अँधेरे के जुगनू' में एकतंत्र के स्थान पर गणतंत्र की स्थापना है. 'उबाल' और 'पराया' उपन्यास की पृष्ठभूमि शहरी है. 'प्रतिदान' उपन्यास में महाभारत युग का ब्राह्मण-क्षत्रिय-संघर्ष है. उनके यहां हजारी प्रसाद द्विवेदी के 'गप्प' का अभाव है. तथ्य और घटनाओं की प्रमुखता के कारण पठनीयता कम है. एक ओर उनके उपन्यास इतिहास आधारित हैं, जीवनीपरक हैं, तो दूसरी ओर समजाधारित हैं. ग्रामाधारित उपन्यासों में स्त्री-शोषण की प्रमुखता है. 'कब तक पुकारूं' हिन्दी का बहुचर्चित उपन्यास है, जिसमें करनट जाति के जीवन-यथार्थ का अंकन है. करनट कबीलों पर कार्य करने वाले समाजशास्त्रियों के लिये यह उपन्यास जरूरी है. उपन्यास में नट के साथ चमार और भंगियों की जीवन-कथा भी है, जिससे दलित वर्ग प्रमुख रूप से यहां उपस्थित है.

रांगेय राघव ने नाटक और एकांकी भी लिखा. 'इन्द्रधनुष' एकांकी-संग्रह का उन्होंने संपादन किया. तीन नाटकों और एकांकियों की रचना की. डायरी भी लिखी. संस्कृति, राजनीति, दर्शन, इतिहास, समाजशास्त्र, विज्ञान के वे गंभीर अध्येता थे. उनका अध्ययन-लेखन बहुमुखी है. वे तमिलभाषी नहीं थे. पूर्वजों की वह भाषा थी. वे तमिल थोड़ा-बहुत समझते भर थे. बोलते नहीं थे. उनकी कई विवेचनात्मक एवं विचार प्रधान पुस्तकें हैं. 'भारतीय पुनर्जागरण की भूमिका (1945-46), 'भारतीय चिंतन' (निबंध-संकलन, 1949), 'भारतीय संत परम्परा और समाज' ('भारतीय चिंतन' का परिवर्तित संस्करण, 1962), 'भारतीय परम्परा और इतिहास' (1953), 'प्रगतिशील साहित्य के मानदण्ड' (1954), 'काव्य-यथार्थ और प्रगति', 'काव्य कला और शास्त्र' (1955), 'महाकाव्य विवेचन' (1958), 'तुलसीदास का कथा-शिल्प' (1959), 'आधुनिक हिन्दी कविता में प्रेम और शृंगार' (1962) आदि कई महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं. 'गोरखनाथ' पर उन्होंने पीएचडी की. गोरखनाथ को समझने के लिये इसका अधिक महत्व है. अपने



शोध के सिलसिले में वे काफी समय तक शांति निकेतन में रहे थे और द्विवेदी जी के सान्निध्य में विषय का गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया था. नाथपंथियों के विभिन्न मठों में जाकर उन्होंने सामग्री इकट्ठी की थी. एक फिल्म निमार्ता के आग्रह पर वे 1953 में बम्बई गये थे. दो फिल्मों- 'सीता मैया' और 'लंका दहन' की उन्होंने कहानी तथा संवाद लिखे. बम्बई में टिके नहीं, शीघ्र लौट आये.

उनकी कई योजनाएं अधूरी रहीं. 'मध्यकालीन मुस्लिम इतिहास' का वे एक भाग ही लिख सके. उनकी एक पुस्तक 'प्रेम और विवाह' है. 'काव्य के मूल विवेच्य' का प्रकाशन नहीं हो सका. 1800 पृष्ठों की उनकी पुस्तक 'महायात्रा गाथा' दो भागों में है, जिसमें एक साथ उनका सृजन और पांडित्य है. मानव इतिहास और संस्कृति की यह 'अभूतपूर्व महाकाथात्मक गाथा' है. इसका पहला भाग 1960 में और दूसरा मरणोपरांत 1964 में प्रकाशित हुआ. रांगेय राघव ने संस्कृत और अंग्रेजी की कई पुस्तकों के अनुवाद किए. उनके अनुवादक रूप से कम लोग परिचित हैं. ऋग्वेद के कुछ सूत्र, कालिदास के 'मेघदूत', 'ऋतुसंहार', 'कुमारसंभव' के अनुवाद उन्होंने 1948-49 में सचित्र किये. उनकी सृजन-यात्रा का आरंभ चित्र से हुआ था और अंत भी चित्र से ही. वाल्मीकि रामायण का उन्होंने हिन्दी में पुनर्सृजन करना आरंभ किया, पर दो सर्ग ही लिख सके. संसार के प्रमुख कवियों की 'काव्य लोक' सीरिज में उन्होंने गेटे, शेक्सपियर, मायकोवस्की, टेनीसन, होमर, चौसर, युरिपिडीज, रॉबर्ट स्टीवेंसन और चीनी कवि लाओत्से के काव्यलोक पर नौ पुस्तकें तैयार कीं. शेक्सपियर के पंद्रह नाटकों के अनुवाद किये. गाल्सवर्दी, सोफोक्लीज के भी कई नाटकों के अनुवाद किये. राइडर हेगार्ड, पियरे लुई, वाल्टर स्कॉट के कुछ उपन्यासों का भी अनुवाद किया. प्राचीन भारतीय तथा विदेशी कहानियों के अनुवाद 12 वृहद संकलनों में है, जिनमें से केवल आधे प्रकाशित हो सके.

रांगेय राघव का सृजन और चिंतन संसार व्यापक है. वे प्रगतिशील थे, मार्क्सवादी थे. रामविलास शर्मा से उनका मतभेद लंबे समय तक चर्चा और विवाद में रहा. उन्होंने अगर एक ओर 'कुत्सित धर्मान्धिता' की बात कही, तो दूसरी ओर 'कुत्सित समाजशास्त्र' की भी उनकी पुस्तक ' प्रगतिशील साहित्य के मानदण्ड' अपने समय की विवादादास्पद पुस्तक है. वे पोस्टरवादी साहित्य के विरोधी थे. साहित्य उनकी दृष्टि में मात्र विचार का प्रचारक नहीं है. विचार से पहले उन्होंने साहित्य में 'साहित्यिकता' को स्थान दिया. वे 'प्रगतिवाद की अति' और 'कुत्सित समाजशास्त्र की अति' का त्याग जरूरी समझते थे. कला और सौन्दर्य के क्षेत्र में उनका दृष्टिकोण सापेक्षतावादी है. कला केवल बा' सज्जा नहीं है. वह तो आंतरिक सौन्दर्य से संबंध रखती है. वर्ग-संघर्ष में उनका विश्वास था. साहित्य का सौन्दर्य उन्होंने 'प्रेरणा, व्यंग्य और निर्माण' में देखा. देश के कम्युनिस्ट नेताओं को उन्होंने 'अंग्रेजी का गुलाम' कहा है. लेखक की निष्पक्षता को ऐतिहासिक यथार्थ की कसौटी माना. वे मार्क्सवादी लेखक-विचारक थे. क्रांति के संबंध में उनका कथन है, ह्लभारत में क्रांति की धुरी किसान वर्ग है. कॉलेजों में बैठकर पढ़ानेवाले प्रोफेसर या बड़े औद्योगिक नगरों में रहने वाले लोग उसे नहीं समझ सकते...आज की परिस्थिति में क्रांति की दृढ़ता ही शांति का विकास है.

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**


# चौधरी चरण सिंह एक स्वप्नदर्शी राजनेता

## स्मरण



**अरविंद जयतिलक**

सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरुप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदण्ड क्या होगा इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है। लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले राजनीतिक पुरोधाओं का मूल्यांकन होगा किसान नेता चौधरी चरण सिंह सदैव याद किए जाएंगे। उनका सामाजिक-राजनीतिक अवदान दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों की चेतना को मुखरित करने के लिए याद किया जाएगा। चौधरी साहब को समझने के लिए तत्कालीन सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था की बुनावट, उसकी स्वीकृतियां, विसंगतियां एवं धारणाओं को भी समझना होगा। इसलिए और भी कि उन्होंने समय की मुख्य धारा के खिलाफ तन कर खड़ा होने और उसे बदलने के एवज में अपमानित और उत्पीड़ित करने वाली हर प्रवृत्तियों के ताप को नजदीक से सहा। उनके पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही सत्ता-सिंहासन का अनवरत विरासत। एकमात्र चरित्र और राजनीतिक विचारों का बल था जिसके बूते वह हाशिए पर खड़े समाज के लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया। हर समाज की भेदभावपरक व्यवस्था ही व्यक्ति के विचारों को तार्किक आयाम और जोखिम उठाने की ताकत देती है और साथ ही सामाजिक अन्याय से मुठभेड़ का माद्दा भी। चौधरी चरण सिंह इसमें सफल रहे। हाशिए पर खड़े लोगों में राजनीतिक चेतना का संचार किया और समाज में असमानता पैदा करने वाली परंपराओं और मूल्यों पर जमकर हमला बोला। चौधरी चरण सिंह का राजनीति के विराट संसार में उनका प्रवेश तब हुआ जब मोहनदास करमचंद गांधी ब्रिटिश पंजे से भारत को मुक्त कराने की जंग लड़ रहे थे। 1930 में गांधी जी के सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान चरण सिंह हिंडन नदी पर नमक बनाकर उनका समर्थन किया। वे गांधी जी के साथ जेल की यात्रा की। दिल्ली से नजदीक गाजियाबाद, हापूड़, मेरठ, मवाना और बुलंदशहर के आसपास क्रांति का बीज रोपा। गुप्त संगठन खड़ा कर ब्रितानी हुकुमत को चुनौती दी। इससे खौफजदा ब्रितानी ताकत उन्हें गोली मारने का फरमान सुनाया। लेकिन उनके इंकलाबी तेवर कमजोर नहीं पड़े। उन्होंने भारत माता की सेवा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने का संकल्प ठान लिया। उन्होंने डटकर ब्रितानी हुकूमत की चुनौतियों का आंलिगन किया। जनता के बीच सभा करते हुए एक दिन पकड़ लिए गए। राजबंदी के रुप में डेढ़ वर्ष की सजा हुई। किंतु इस सजा कालखंड का भी उन्होंने सदुपयोग किया। जेल में रहकर 'शिष्टाचार' नामक ग्रंथ की रचना की जो भारतीय संस्कृति और समाज के शिष्टाचार के विविध पहलूओं का प्रकाश डालती है। चरण सिंह की अंग्रेजी भाषा पर गजब की पकड़ थी। उन्होंने 'अबॉलिशन ऑफ जमींदारी' 'लिजेंड प्रोपराइटरशिप' और 'इंडिया पॉवरटी एंड इट्स सॉल्यूशन' नामक पुस्तकों का लेखन किया। आजादी के उपरांत वे किसानों के ताकतवर नेता बनकर उभरे और भारत के किसानों ने उनमें एक मसीहा की छवि देखी। उनकी छवि एक गंवई व्यक्ति की थी जो सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखता था। 1952 में उन्हें डा0 संपूणानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में राजस्व तथा कृषि विभाग का उत्तरदायित्व संभालने का मौका मिला। इस उत्तरदायित्व का भली प्रकार निर्वहन किया। उनके द्वारा तैयार किया जमींदारी उन्मूलन विधेयक कल्याणकारी सिद्धांत की अवधारणा पर आधारित था। इस विधेयक के बदौलत ही 1 जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को उनका अधिकार मिला। लेखपाल पद के सृजन का श्रेय भी चौधरी चरण सिंह को ही जाता है। किसानों के इस मसीहा ने 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। 1960 में भूमि हदबंदी कानून को लागू कराने में भी इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। आसमान छूती लोकप्रियता के दम पर वे 3 अप्रैल 1967 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने समाज व अर्थव्यवस्था के गुणसूत्र को बदलने का मन बना लिया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और हाशिए पर खड़े लोगों की समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए। कुटीर उद्योग के विकास की नीतियां बनायी। सामाजिक समानता की स्थापना के लिए परंपरागत मूल्यों और मान्यताओं को हथियार बनाने के बजाए उस पर ही हमला बोला। उन्होंने एक शासकीय आदेश पारित किया कि 'जो संस्थाएं किसी जाति विशेष के नाम से चल रही हैं, उनका शासकीय अनुदान बंद कर दिया जाएगा।' इसका असर यह हुआ कि कालेजों के नाम के आगे से जातिसूचक शब्द हटा लिए गए। उनकी बढ़ती लोकप्रियता से विरोधी उनके खिलाफ मुखर होने लगे। उन पर जातिवादी, दलित और अल्पसंख्यक विरोधी होने के आरोप चस्पा किया जाने लगा। 17 अप्रैल 1968 को वे मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिए लेकिन जनमानस के नायक बने रहे। किसानों में उनकी लोकप्रियता बढ़ती गयी। मध्यावधि चुनाव में वह 'किसान राजा' के नारे के साथ मैदान में उतरे और विरोधियों पर शानदार जीत अर्जित की। 17 फरवरी 1970 को वे पुनः मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने कृषि में आमूलचुल परिवर्तन का रोडमैप तैयार किया। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए उर्वरकों से बिक्री कर हटा ली। सीलिंग से प्राप्त भूमि को गरीबों में वितरित किया। उनका मानना था कि 'गरीबी से बचकर समृद्धि की ओर बढ़ने का एकमात्र मार्ग गांव और खेतों से होकर गुजरता है। गांवों के विकास की चिंता उन्हें बराबर कचोटती थी। इसीलिए उन्होंने आजादी के बाद ही 1949 में गांव और शहर के आधार पर आरक्षण की मांग उठायी। उनका कहना था कि चूंकि गांव शिक्षा और आर्थिक तौर पर शहरों से पिछड़े हैं इसलिए गांवों को सेवाओं में 50 फीसद आरक्षण मिलना चाहिए। चरण सिंह अपनी योग्यता और लोकप्रियता के दम पर केंद्र सरकार में गृहमंत्री बने। पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने के लिए मंडल और अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे वित्तमंत्री और उपप्रधानमंत्री बने और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना की। 28 जुलाई, 1979 को वे देश के प्रधानमंत्री



बने। तब उन्होंने कहा था कि 'देश के नेताओं को याद रखना चाहिए कि इससे अधिक देशभक्तिपूर्ण उद्देश्य नहीं हो सकता कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा भूखे पेट नहीं सोएगा, किसी भी परिवार को अपने अगले दिन की रोटी की चिंता नहीं होगी तथा कुपोषण के कारण किसी भी भारतीय के भविष्य और उसकी क्षमताओं के विकास को अवरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा।' किंतु देश का दुर्भाग्य कि उन्हें यह सपना पूरा करने का मौका नहीं मिला। वह प्रधानमंत्री के पद पर कुछ ही दिन रहे। इंदिरा गांधी ने बिना बताए ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। दरअसल इसका कारण यह रहा कि इंदिरा गांधी पर जनता पार्टी की सरकार ने कई मुकदमें लगा रखे थे। वह चाहती थी कि चौधरी साहब समर्थन के एवज में उन मुकदमों को हटाने का भरोसा दें। लेकिन चौधरी साहब को यह मंजूर नहीं था। उन्होंने सौदेबाजी को खूंटी पर टांग प्रधानमंत्री पद को ठोकर लगाना बेहतर समझा। उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर अपनी ईमानदार और सिद्धांतवादी राजनेता की छवि को खंडित नहीं होने दी। चौधरी साहब देश व समाज के प्रति संवेदनशील थे। उनमें राष्ट्रभक्ति व समाजभक्ति थी। वे एक राजनेता से कहीं ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। देश के राजनीतिक दलों और राजनेताओं को उनके राजनीतिक आदर्शों और जनसरोकारों से सीख लेनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य है कि उनके नाम की माला जपने वाले और उनके बताए रास्ते पर चलने का दंभ भरने वाले उनके द्वारा स्थापित कसौटी पर खरे नहीं हैं। वे चौधरी साहब के आदर्शों की बात तो जरुर करते हैं लेकिन उनके सिद्धांतों को ताक पर रखकर जाति, धर्म अगड़ा-पिछड़ा, सवर्ण-दलित का वितंडा खड़ाकर सत्ता हथियाने का व्यूह रचते हैं। देर-सबेर उन्हें समझना होगा कि वे चौधरी साहब के सपनों के साथ छल कर रहे हैं।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# सर्दी में ठन्डे ठन्डे गुनगुने गुनगुने शौक

**आसिम अनमोल**

सर्दी चाहे जितनी जोरों पर हो उतनी ही तेजी से सर्दी में शौक भी उमड़ते हैं। सर्दी में कोहरे का कोहराम अपनी छटा बिखेर रहा हो और आपसे कह दिया जाए कि शाम का डिनर बाहर किया जाएगा तो रजाई वजाई को ऐसे ठुकराया जाता है। जैसे अपनों के द्वारा अपनों को। शौक इतनी बड़ी चीज होती है साहब कि शरीर पर कपडे भी गर्म न हों तो बाहर जाकर खाने का शौक गर्म कोयले की आग और अलाव जैसी गर्माहट पैदा कर देता है। जितनी तेज सर्दी उतने तेज तर्रार शौक। सर्दी अपना कमाल दिखाए और विमान भी टाइम से उड़ न पाए तो शौक में भी विघ्न पड़ जाता है जी। हैसियत वाली कार में घूमने न जाया जाए तो गैराज में खड़ी कार और कोहरेनुमा सर्दी का यह घोर अपमान है। लेट लतीफ उठने वाले का तो सर्दी में शौक खूब पूरा होता है। वो रजाई से बाहर मुँह निकालकर देखता है कोहरे का शीतलमई चेहरा। शौक हमेशा हर चीज को शौक से करने का हौसला पैदा कर देता है। अब देखिए न सर्दी जितना दांत कटकटायगी उतना ही चाय के शौकीन लोग अपना शौक पूरा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। जितनी सर्दी पड़ेगी उतनी अदरक की चाय पीने के शौक की खपत बढ़ेगी। सर्दी का जोर कोई सामान्य नहीं होता। कपकपाहट भरी सर्दी इंसान को आसामान्य कर देती है। सर्दी हो तो दुबले पतले शरीर का बल्ले बल्ले होकर सबसे पहले शौक पूरा होता है।

हड्डी पसलियों को गर्म कपड़ों से ढककर पूरे व्यक्तितत्व को सौंदर्यता प्रदान करने का शौक भला गर्मियों में कहाँ पूरा हो सकता है। सर्दी है तो शौक भी जवां हैं। सर्दी के मौसम में विवाह उत्सव के कार्यक्रम करने का शौक भी जवां जवां सा लगता है। इस लिए सर्दी अपने शबाब पर हो तो शौक भी अपनी हसरतों को पूरा कर लेते हैं। दिसंबर - जनवरी सर्दी का प्रतीक इसी लिए होती है कि इस माह में शौक भी ठन्डे ठन्डे गुनगुने गुनगुने ढंग से पूरे किए जाएँ । स्नान जो ताबड़तोड़ करते हैं। एक बाल्टी की जगह पांच पांच बाल्टी खर्च करते हैं। वो सर्दी के डंडे से सहमकर चुल्लू भर पानी से ही स्नान करने का शौक पूरा कर लेते हैं। शौक इतनी बड़ी चीज होती है कि ठण्ड के मौसम में शरीर पर पानी न डालने की कसम खाकर भी अपने शौक को अंजाम तक पहुँचाया जा सकता हैं।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# मंडलायुक्त ने अनुपस्थित दो अधिकारियों का रोका वेतन

**बैठक**

## प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ मांगा स्पष्टीकरण



अधिकारियों संग बैठक करते मंडलायुक्त मनीष चौहान।

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने मण्डल के जनपदों में निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने के कारण जहां दो अधिकारियों का एक दिन का वेतन बाधित करने, प्रतिकूल प्रविष्टि देने तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, वहीं दो अन्य अधिकारियों को भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

मण्डलायुक्त श्री चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को देर सायं उनके कार्यालय सभागार में आयोजित मण्डल के जनपदों में 50 लाख एवं 50 करोड़ से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं तथा पूर्वांचल विकास निधि के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उप्र आवास विकास परिषद निर्माण खण्ड-2 वाराणसी तथा परियोजना प्रबन्धक, सी एण्ड डीएस, जल निगम के अनुपस्थित रहने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों अधिकारियों का एक दिन का वेतन बाधित करने, प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम द्वारा बिना अवगत कराये अन्य बैठक में चले जाने तथा अधिशासी अभियन्ता उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. (पैकफेड) मऊ द्वारा काफी विलम्ब से उपस्थित होने के कारण मण्डलायुक्त ने इन दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। इसके साथ ही उन्होंने मार्टीनगंज तहसील के आवासीय निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था पैकफेड द्वारा सही जानकारी नहीं दिये जाने पर असन्तोष व्यक्त करते हुए अपर आयुक्त (न्यायिक) एवं अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर उक्त तहसील के आवासीय निर्माण को देखें तथा एक सप्ताह में स्पष्ट संयुक्त आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने पैकफेड द्वारा जनपद मऊ एवं बलिया में कराये गये कार्यों की भी जॉच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प करने वाले प्रधानों को किया गया सम्मानित

**जनसंदेश न्यूज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक सभागार में समारोह आयाजित कर प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प करने वाले ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया।

शिक्षा क्षेत्र फूलपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प करने वाले ग्राम प्रधानों को ब्लाक सभागार में समारोह समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान बिशेषा घनश्याम यादव का प्राथमिक विद्यालय बिशेषा का कायाकल्प के साथ स्वमं के धन से बच्चों के लिए ब्रेंच कुर्सी की व्यवस्था करने के लिए सभी ने सराहा साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी फूलपुर राजीव कुमार व खण्ड विकास अधिकारी बाबूराम पाल ने समस्त उत्कृष्ठ योगदान कर प्राथमिक विद्यालयों का स्वरूप बदलने, पठन-पाठन में सहयोग करने के लिए प्रधानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारों ने कहा ग्राम प्रधान सर्व प्रथम प्राथमिक विद्यालयो का स्वरूप बदलने शिक्षण कार्य में प्रधानाध्यापक का पूर्ण रूप से सहयोग करें प्रधान एक सम्मानित पद है।



प्रधान को सम्मानित करते खण्ड शिक्षा अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी।

एक अभिभावक की भूमिका धारण कर गांव के बच्चों का भविष्य सवारने का प्रयास करें शिक्षा ही सबसे अनमोल रत्न है, अबोध बच्चे हमारे अनमोल रत्न है। इस अवसर पर अमित यादव, उमाशंकर यादव, सुरेंद्र यादव, वीरेन्द्र यादव, राम अवतार राम, सिंगार यादव, शिक्षक सुरेन्द्र यादव, चन्द्रभान यादव, सूबेदार यादव, मान बहादुर यादव, जितेन्द्र मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# न्यायालय की अवमानना पर कुंटू सिंह की पत्नी सहित दो पर मुकदमा दर्ज

## गैंगस्टर, जालसाजी सहित कई मुकदमों में फरार चल रहे हैं आरोपित

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** प्रदेश के टॉप टेन माफिया कुंटू सिंह की पत्नी बंदना सिंह और अभिषेक सिंह के खिलाफ जीयनपुर कोतवाली में न्यायालय की अवमानना का मुकदमा गुरुवार को दर्ज कर लिया गया।

थानाध्यक्ष बिलरियागंज ब्रह्मदीन पांडेय ने जीयनपुर कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि मुझे मुकदमा संख्या 488 /2022 गैंगस्टर एक्ट और जालसाजी की विवेचना दी गई है। मुकदमे में बंदना सिंह पत्नी ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह निवासी ग्राम छपरा सुल्तानपुर थाना जीयनपुर और अभिषेक सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी खुटहन थाना तरवा पंजीकृत आरोपी है। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त प्रयास किया गया परंतु गिरफ्तार नहीं किया जा सका। इनके विरुद्ध 12 सितंबर को गैर जमानती वारंट और धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई भी हो चुकी। न्यायालय द्वारा 17 नवंबर को 2022 को तीस दिन की दी गई समय सीमा भी समाप्त हो गई। लेकिन आरोपितों ने न तो आत्मसमर्पण किया न ही पुलिस की पकड़ में आए। आरोपित लगातार न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं। वादी थानाध्यक्ष बिलरियागंज की तहरीर पर जीयनपुर कोतवाली में न्यायालय की अवमानना का मुकदमा दर्ज किया गया है। जीयनपुर कोतवाली प्रभारी यादवेंद्र पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने की कुर्की की कार्रवाई

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** न्यायालय के आदेश पर थाना क्षेत्र के हैदरपुर खास गांव में उपनिरीक्षक प्रभात कुमार पाठक के नेतृत्व में फरार अभियुक्त सोनू यादव पुत्र राधेश्याम के घर कुर्की की गई। कुर्की की कार्यवाही में अभियुक्त के घर के सारे सामान को सीआरपीसी की धारा 83 के तहत पुलिस अपने कब्जे में कर लिया। फरार चल रहे अभियुक्त सोनू यादव पुत्र राधेश्याम निवासी हैदरपुर खास के विरुद्ध थाना अतरौलिया में मुकदमा दर्ज है जिसके विरुद्ध पुलिस ने कुर्की की कार्यवाही की। इस मौके पर उपनिरीक्षक प्रभात कुमार पाठक, कांस्टेबल मुकेश यादव, अविनाश विश्वकर्मा मौजूद रहे।



अभियुक्त के घर कुर्की की कार्रवाई करती पुलिस।

# पांडेय गुट का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) द्वारा जनपद के अध्यापकों एवं कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं के समाधान को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में न आने के कारण अनिश्चित कालीन धरना गुरूवार को तीसरे दिन भी संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ.जयशंकर मिश्र की अध्यक्षता में जारी रहा। संचालन जिला मंत्री पंकज कुमार सिंह ने किया।



धरना देते शिक्षक संघ के लोग।

जिलाध्यक्ष डॉ.जयशंकर मिश्र ने कहा कि शिक्षक एवं कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए मांग पत्र जुलाई 2022 में दिया गया था जिसका उन्होंनें 15 दिन में निस्तारण करने का लिखित आश्वासन दिया था लेकिन लगभग 6 महीने में भी उन्होंनें समस्याओं का समाधान नहीं किया जिसके कारण संगठन को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना प्रारम्भ करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि 26 दिसम्बर तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान नहीं करते हैं तो 27 दिसम्बर से धरना कार्यालय के मुख्य द्वार पर शुरू कर दिया जायेगा और तब तक जारी रहेगा जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जायेगा। इस अवसर पर श्याम नारायण सिंह, जनार्दन सिंह, अबरार अहमद, इन्द्रजीत सिंह, मो.सोहराब, फरगाम अहमद, डॉ. अखिलेश द्विवेदी, जितेन्द्र बहादुर सिंह, संजय सिंह, आलोक सिंह, रमेश यादव, शिववंश सिंह, वेद प्रकाश, इन्द्रजीत राम, एमसी ब्राडवे, अखण्ड सिंह, सुशील सिंह शिक्षणेत्तर अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

# लोक कलाओं को सहेजने व संवारने का प्रयास : सुनील

**आयोजन**

## रंग महोत्सव 26 से 30 तक

## 13 नाटकों व 100 नृत्यों की होगी प्रस्तुति



महोत्सव के कार्ड का विमोचन करते अतिथि व संस्थान के लोग।

**आजमगढ़।** 20 वर्षों से निरंतर चलने वाला यह कार्यक्रम इस वर्ष भी 26 से 30 दिसंबर तक प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। समारोह की विस्तृत जानकारी हेतु महोत्सव के कार्ड का विमोचन किया गया। संस्थान के सचिव व महोत्सव के संयोजक रंगकर्मी सुनील दत्त विश्वकर्मा ने बताया कि भारत की विलुप्त हो रही लोक कलाओं को सहेजने एवं सवारने का प्रयास अनवरत देशभर के रंगकर्मियों के साथ जनपद वासियों के अगाध प्रेम से पुष्पित पल्लवित है।

पत्र प्रतिनिधियों से वर्ता में महोत्सव संयोजनक सुनील दत्त विश्वकर्मा ने बताया कि सांस्कृतिक महाकुंभ में कुल 13 नाटकों का मंचन व सौ से ऊपर नृत्य की प्रस्तुतियां होनी है। प्रमुख रूप से जिन दलों को आमंत्रित किया गया है। उनमें बांसुरी संस्थान वृंदावन मथुरा, कला संगम गिरिडीह झारखंड जागरूक शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान बलिया, ड्रामाटर्जी दिल्ली, संदेश सांस्कृतिक मंच फिरोजाबाद, बाल कला मंच दोहरीघाट, शारदा नाट्य मंच धनबाद, पथ जमशेदपुर, मंच दूतम वाराणसी, अविराम भोपाल, प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी आरा बिहार, आशीष अंशुमान एमेच्योर आर्टिस्ट एसोसिएशन गंजाम उड़ीसा प्रमुख है। इसके अलावा नृत्य में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य कलाकार सुमन मंडल कोलकाता, अखिलेश पटेल कथक नृत्य कलाकार जबलपुर मध्य प्रदेश, स्मृति कश्यप असम, प्रीति परोहा कटनी मध्य प्रदेश, श्रुति चंद्र धनबाद,निखिला उत्कल कलानिकेतन, कटक उड़ीसा रॉकिंग डांस क्रु कैमूर बिहार विशेष रूप से शामिल है.। महोत्सव के स्वागत अध्यक्ष अभिषेक जयसवाल दीनू ने कहा कि आजमगढ़ की संस्कृति और सभ्यता रही है। अतिथि का स्वागत करना इसलिए देश भर के आ रहे अतिथि कलाकारों के स्वागत के लिए हम लोग पूरी तरह से तैयार है। नगर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगातार एक हफ्ते तक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों को देख सकेगा यह कार्यक्रम पूरी तरह से आम जनमानस के लिए निशुल्क है। बैठने के लिए प्रथम आगत प्रथम स्वागत की व्यवस्था है। इस मौके पर रमाकांत वर्मा प्रबंधक प्रतिभा निकेतन स्कूल, संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ मनोज शर्मा, उपसचिव गौरव मौर्य, राकेश कुमार, कमलेश सोनकर सहित संस्थान पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अपर जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

## नम्बर से धान की खरीदारी करने का दिया निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**

**संजरपुर (आजमगढ़)।** धान क्रय केंद्र पवई लाडपुर सरायमीर में गुरुवार को जांच में पहुंचे अपर जिला अधिकारी वित्त एंव राजस्व आजाद भगत ने क्रय केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया और केंद्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई।

अपर जिला अधिकारी ने रोड पर ट्रैक्टर ट्राली का भीड़ देखकर विफर पड़े उन्होंने केंद्र प्रभारी शहनुल्लाह को आदेशित किया कि बिना नंबर का किसी की खरीदारी न किया जाय जो किसान का धान ट्रैक्टर ट्राली पर आ रहा है उस पर तुरंत नंबर लिख कर अंकित कर उस पर दस्तखत बनाया जाय। बिना नंबर का किसी की खरीदारी न किया जाय।

वही किसानों ने शिकायत किया कि इस धान क्रय केंद्र पर बिचैलियों का बोलबाला है जिस पर अपर जिला अधिकारी ने कड़ा रुख दिखाते हुए कहा कि यदि इस तरह की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही होगी और जेल भी भेजा जा सकता है अपर जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड पर गाड़ी न लगाई जाय जिससे कि आवागमन बाधित न हो, नंबर से ही धान की खरीदारी की जाय। कोई कितनों पहुंच वाला हो बीच में किसी का खरीद न किया जाय यदि शिकायत मिली तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी वहीं उन्होंने धान के रखरखाव के बारे में भी निर्देशित किया।



धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी।

# रामनिवास सिंह अध्यक्ष, मंत्री बने उपेन्द्र पाठक

**चुनाव**

## बूढ़नपुर तहसील बार का चुनाव सम्पन्न

**जनसंदेश न्यूज**



पद व गोपनीयता की शपथ लेते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव बड़े गहमा-गहमी के बीच संपन्न हुआ। गुरूवार को मतदान की प्रक्रिया प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली। तत्पश्चात मतगणना 2.30 से प्रारंभ हुई जिसमें अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया था जिसमें रामनिवास सिंह को 56 मत प्राप्त हुए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सुभाष चतुर्वेदी को 51 मत प्राप्त हुए।

इस प्रकार अध्यक्ष पद पर रामनिवास सिंह विजयी हुए। मंत्री पद के तीन प्रत्याशियों में उपेन्द्र पाठक को 49 मत प्राप्त हुए वही उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रामहित शर्मा को 45 मत प्राप्त हुए इस प्रकार रामहित शर्मा को 5 मतों से उपेन्द्र पाठक ने पराजित किया। शेष पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। उपाध्यक्ष पद हेतु प्रदीप कुमार सिंह एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डेय को निर्विरोध चुना गया। सह मंत्री पद पर विवेक कुमार सिंह प्रकाशन सह मंत्री पुस्तकालय सुनील कुमार सिंह सह मंत्री प्रशासक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव सह मंत्री प्रकाशन सौरव सहाय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष इंद्रेश कुमार विश्वकर्मा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य शीतला प्रसाद चतुर्वेदी विजय प्रताप सिंह दिग्विजय सिंह अजय कुमार यादव ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव कनिष्ठ कार्यकारी सदस्य संतोष कुमार राम प्रताप मौर्य अनिल गौड़ शैलेंद्र कुमार चैबे को निर्विरोध चुना गया। चुनाव अधिकारी उमाशंकर पाण्डेय व निर्मल लाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मतदान प्रक्रिया समाप्त हुई।

इस मौके पर मिथिलेश कुमार सिंह राम आसरे वर्मा राजकुमार सिंह शिव प्रकाश यादव योगेन्द्र नाथ यादव जगत नारायण तिवारी सूर्य प्रकाश यादव प्रवीण सिंह आद्या प्रसाद यादव सुभाष चतुर्वेदी डब्लू चैबे पंकज श्रीवास्तव विनोद यादव सुभाष पांडे जयप्रकाश पांडे कैफी आजमी वीरेंद्र यादव बलराम यादव भैरव यादव राम मुहूर्त शीतला चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

### अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामंत्री का निर्विरोध निर्वाचन तय

**फूलपुर (आजमगढ़)।** फूलपुर तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में गुरूवार को नामांकन की तिथि नियत थी जिसमे अध्यक्ष पद के लिए मात्र एक नामांकन लालचन्द यादव ने किया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर श्रीनाथ सिंह, महामंत्री पद पर फूलचन्द यादव द्वारा नामंकन किया गया। इन पदों पर अन्य किसी अधिवक्ता ने अपना नामांकन नही किया जिससे इन तीनो पदों के लिए निर्विरोध चुना जाना लगभग तय हो गया है। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर अंगद यादव के मुकाबले इमरान अहमद का नामंकन किया गया जिससे मुकाबला होना लगभग तय हो गया। नामंकन की वापसी व जांच 23 दिसम्बर को तथा मतदान व मतगणना 30 दिसम्बर को होगा। तत्पश्चात विजयी प्रत्याशियों की घोषणा एल्डर कमेटी के चेयर मैन फूलचन्द्र श्रीवास्तव द्वारा की जाएगी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के मदरसा जामिया अरबिया अनवारुल ओलूम आजाद नगर जीयनपुर में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। उक्त प्रदर्शनी में उत्कृष्ट करने वाले छात्र छात्राओं को गुरूवार को सम्मानित किया गया।

जीयनपुर नगर पंचायत में स्थित मदरसा अरबिया अनवारूल ओलूम के प्रांगण में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर मदरसे के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक हुनर का प्रदर्शन किया था, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में आए मनोज राय वक्फ निरीक्षण अधिकारी ने प्रबंधक जुल्फेकार अहमद, व प्रधानाचार्य मौलाना अब्दुल मुस्तफा कादरी के साथ कक्षावार प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया था। वहीं गुरूवार को विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मदरसे के छात्र एवं छात्राओं को प्रबंधक जुल्फेकार अहमद व प्राचार्य मौलाना अब्दुल मुस्तफा कादरी द्वारा छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप 100-100 रुपए पुरुस्कार भी दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप लोगों ने अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर एक से बढ़कर एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया था, वह काबिले तारीफ है। मदरसे के अध्यापक शाह आलम उर्फ पप्पू ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर शोएब आजमी, फिरोज आलम, कमलेश यादव, इरशाद अहमद, सेराज अहमद, फिरदौस जहां, साबिर हुसैन, फैसल खान, मुसर्रत, खुरशीद जहा, तबस्सुम आदि उपस्थित रहीं।



छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते प्रबंधक जुल्फेकार अहमद।

## संक्षेप

### क्रिसमस डे पर बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम



**आजमगढ़।** क्रिसमस डे के अवसर पर शहर के मड़या जयराम स्थित मदर ब्यूला क्रिश्चियन स्कूल में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छोटे बच्चे जिंगल बेल के गाने पर तथा बड़े बच्चों ने प्रभु ईशु के चरित्र पर आधारित अनेक एक्सन सांग तथा उनके जन्म की खुशी के गाने भी प्रस्तुत किये। मदर ब्यूला स्कूल के प्रबन्धक जसवंत ब्राडवे ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी तथा बच्चों से कहा कि क्रिसमस का यह त्योहार उमंग और उत्साह को खुशियों से भरने के साथ हमेशा आपको जीवन दें। स्कूल की प्रधानाचार्या मधु सिंह ने बच्चों को क्रिसमस की हार्दिक बधाई दी तथा प्रभु ईशु के बताये हुए रास्ते, दया, क्षमा तथा प्रेम पर चलने के लिये कहा। इस अवसर पर पैरेन्ट्स के साथ स्कूल टीचर्स, शालिनी श्रीवास्तवा, रंजना, जस्सी की सभी चरन, वन्दना सुषमा, कुसुमलता, प्रियंका, शकुन्तला, आंचल, रूचि सिंह, आदि उपस्थित थे।

### भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक ने अपने छात्र जीवन की यादों को किया साझा



**मेंहनाजपुर (आजमगढ़)।** मेंहनाजपुर क्षेत्र के शादीपुर ग्राम सभा के रहने वाले भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक विनोद सिंह ने उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी में बिताए हुए अपने छात्र जीवन को याद कर हर स्मृतियों को साझा किया। उन्होने बताया कि वह किस तरह से कालेज में अपने जीवन को व्यतीत किये। वहां वह सभी छात्रों से रूबरू हुए, खिलाड़ियों से रूबरू हुए और अपने छात्रावास सहित हर उस स्मृति को देखा जो इनके छात्र जीवन से जुड़ा हुआ था। पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता में उन्होने उदय प्रताप कॉलेज में अपने छात्र जीवन में विताये गये क्षण का विस्तार से वर्णन किया।

### गोवध अधिनियम में एक धराया



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अतरौलिया पुलिस ने गोवध अधिनियम में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते 16 अक्टूबर को प्रभारी निरीक्षक नदीम अहमद फरीदी व उप निरीक्षक उमेश चन्द्र यादव मय हमराह को सूचना मिली की सिकन्दरपुर-नरियांव मार्ग पर ग्राम देवरापट्टी के पास एक ट्रक फंसी है जिस पर जानवर लदे हैं। चेक किया गया तो ट्रक में व आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। ट्रक में कुल 14 गोवंश मौजूद थे। जिसमें थाना स्थानीय पर अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना में अभियुक्त रिन्कू यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी बेलवारपार थाना गम्भीरपुर का नाम प्रकाश में आया। गुरूवार को पुलिस ने अभियुक्त रिन्कू यादव को बूढ़नपुर चैराहे से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल



**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बघरवां उर्फ मोलनापुर में आवारा पशु से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोग उपचार के लिए अस्पताल ले गये जहां से डाक्टरों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। देवगांव मेहनाजपुर मार्ग पर बघरवां उर्फ मोलनापुर गांव के करीब गुरुवार को मेहनाजपुर की ओर से आ रहे रसूलपुर चैकी गांव के प्रमेश पुत्र मोती यादव आवारा पशु से टकराकर बाइक लेकर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना उनके गांव के प्रधान को देते हुए घायल प्रमेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया जहां चेकअप करने के बाद स्थिति गम्भीर देख डाक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

### किसानों के समर्थन में पदयात्रा आज से

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** जनपद में 71 दिनों से प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के खिलाफ चल रहे किसानों के आंदोलन के समर्थन में एक पदयात्रा 24 से 27 दिसंबर तक वाराणसी से आजमगढ़ के बीच निकाली जाएगी। यह पदयात्रा खिरिया बाग किसान-मजदूर संघर्ष के 75 दिन पूरे होने पर पहुंचेगी। पदयात्रा का नेतृत्व मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित डॉ.संदीप पाण्डेय करेंगे। किसान नेता राजीव यादव ने कहा कि वाराणसी से किसान पदयात्रा के माध्यम से यह संदेश देंगे कि जब आजमगढ़ तक पैदल आ सकते हैं तो इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कोई जरूरत नहीं है। इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम पर किसानों-मजदूरों को न उजाड़ा जाय। किसान संघर्ष यात्रा का यह दूसरा चरण है आने वाले दिनों में पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से किसान यात्राएं सरकार की किसान विरोधी नीतियों को आम जनमानस तक ले जाएंगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के बयान पर किसान नेता राजीव यादव ने कहा कि मंत्री जी एक बार खिरिया बाग आ जाएं तो उन्हें मालूम चल जाएगा कि कितने किसान समर्थन में हैं। भाजपा देश का सौदा कर सकती है लेकिन किसान धरती माता का सौदा नहीं करेगा। पदयात्रा 24 दिसंबर को वाराणसी कचहरी के पास डॉ.आंबेडकर की प्रतिमा से सुबह साढ़े 9 बजे शुरू होगी और चंदवक, लालगंज, निजामाबाद होते हुए 27 दिसंबर को खिरिया बाग में दोपहर में एक सभा के साथ संपन्न होगी।

### ठंड में बाहर सो रहे व्यक्तियों को पहुचांए सुरक्षित स्थानः एसपी

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि ठंड को देखते हुए सभी प्रभारी व पीआरबी मोबाइल के लोगों को निर्देशित किया गया है कि यदि रात के समय कोई व्यक्ति ठंड के मौसम में बाहर सोता या खुले आसमान के नीचे सोता हुआ दिखाई दे तो उसे तुरंत उठाकर स्थानीय रैनबसेरा में ले जाकर वहां उपस्थित कर्मचारी से बात कर उसे वहां व्यवस्थित करायें। उन्होने बताया कि पुलिस रात में पेट्रोलिंग करती है उन्हे भी निर्देशित किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति रात में सोते समय मिलता है तो उसकी मदद करें। यह एक मानवीय पहल है। उन्होने जनपद वासियों से अपील किया कि यदि कोई व्यक्ति बाहर सोता हुआ मिलता है तो 112 नम्बर पर फोन करें जिससे उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाय जाय जिससे किसी के जान माल का नुकसान न हो।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कतरा कोटिया के छगगनपुर पुरवा निवासी चनरमा पत्नी राम आधार बुधवार की शाम अपने दरवाजे पर बैठी थी कि एक अनियंत्रित टैज्क्टर ने उसे रौंद दिया जिससे बृद्ध महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। टैज्क्टर चालक गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया। मृतका का पुत्र जयनाथ पुत्र राम आधार द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लिखित तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। साथ ही टैज्क्टर ट्राली को थाना कोतवाली ले गयी। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

### कार्यकारिणी का चुनाव 25 को

**आजमगढ़।** जायसवाल हितकारणी समिति के आम सभा की बैठक एवं नई कार्यकारिणी का चुनाव आगामी 25 दिसम्बर को करतालपुर स्थित एक मैरेज हाल में किया जायेगा। नगर के जायसवाल बंधु उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर सफल बनायें। यह जानकारी जायसवाल हितकारिणी समिति के मीडिया प्रभारी दीपक जायवाल ने दी।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस ने अभियुक्त राहुल उर्फ दीपक पुत्र राजनरायन निवासी बिहराबुजुर्ग थाना अतरौलिया को भेदौरा बाजार से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# बाण सागर नहर में डूबने से दो की मौत

**दुखद**

## ग्रामीणों ने दोनों के शव को नहर बंद कराकर निकाला बाहर

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जनसंदेश न्यूज



बच्चों की मौत के बाद विलाप करते परिजन।

**हलिया।** क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में गुरुवार की दोपहर बाणसागर नहर के पानी में डूबने से किशोर व बालक की मौत हो गई। जानकारी पर ग्रामीणों व परिजनों ने बाणसागर नहर को बंद कराकर काफी देर के बाद शव को नहर से बाहर निकलवाते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दिया। मौके पर पंहुची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डूबने वाले दोनों एकलौते पुत्र थे।

क्षेत्र के गजरिया गांव निवासी राकेश कोल का 7 वर्षीय पुत्र त्रिदेव घर से कुछ दूर बाणसागर नहर के पास शौच के बाद पानी छुने के लिए गया था कि पैर फिसलने के कारण बाणसागर नहर के पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। बालक को डूबता देखकर चरवाहे ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दिया। मौके पर पंहुचे परिजनों एवं ग्रामीणों ने बाणसागर नहर के पानी को बंद कराते हुए सौ मीटर दूर शव को बाहर निकालकर घटना की जानकारी पुलिस को दिया। दूसरी घटना फुलियारी गांव निवासी कमलेश्वर का 16 वर्षीय पुत्र ऋषब तिवारी उर्फ अमन गांव के तीन अन्य लड़को के साथ स्नान करने के लिए गया था कि नहाते समय गहरे पानी में चला गया और पानी के बहाव में बहने लगा। उसके बड़े पिता का बेटा पवन भी बह रहा था और ऋषब को बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन बचा नही सका। ऋषब गहरे पानी में जाकर डूब गया और मौत हो गई। नहर से बाहर निकलकर पवन ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया जिस पर परिजनों ने मौके पर पंहुचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी पर सीओ लालगंज दीक्षांत राज व प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने पंहुचकर जांच पड़ताल करने में जुट गए है।

# दो शिकारियों को पुलिस ने बंदूक के साथ किया गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

## पुलिस ने दो वाहनों को किया सीज

## एसपी सिटी ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**मीरजापुर।** वन्य जीवों का शिकार करने आये 02 अन्तर्जनपदीय शातिर आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से फैक्ट्री मेड बन्दूक मय कारतूस तथा दो चाकू बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शस्त्र के विरूद्ध जारी अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। गुरूवार को थाना चील्ह पुलिस को ग्रामीणों के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थाना चील्ह क्षेत्र में सिवान में 02 व्यक्ति बन्दूक के साथ वन्य जीव यथा-नीलगाय आदि का शिकार करने की फिराक में है। उक्त सूचना पर उ0नि0 चन्द्रकान्त तिवारी चौकी प्रभारी टेढ़वा मय पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर वन्य जीवों का शिकार करने आये 02 अन्तर्जनपदीय आरोपियों मोहम्मद अली व शहजाद अली पुत्रगण शौकत अली निवासी पियरोपुर थाना औराई भदोही को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक 12 बोर फैक्ट्री मेड बन्दूक मय 03 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस तथा 02 चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है तथा बरामद बन्दूक के सम्बन्ध में जांच करायी जा रही है। शिकार करने के लिए गन्तव्य हेतु जाने में प्रयुक्त बरामद मोटरसाइकिल वाहन को 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

# न्यायाधीश, डीएम, सीजेएम व एसपी सिटी ने किया जिला कारागार का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**जायजा**

## नौनिहाल बच्चों को डीएम ने गोद में लेकर दिया चाकलेट दूध व वस्त्र

## अस्पताल में भर्ती बीमार कैदियों की भी पूछा कुशलक्षेम

**मीरजापुर।** जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, सीजेएम रतनम श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में पहुँचकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त अधिकारियों के द्वारा विभिन्न बैरकों में पहुँचकर कुछ कैदियों के झोला बैग को खंगाल कर निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु नही मिला। जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी के द्वारा कैदियों से जेल में मिल रही सुविधाओं यथा कम्बल, भोजन, पेयजल आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। तदुपरान्त कारागार के कैन्टीन/पाकशाला में पहुँचकर बनाये गये भोजन का भी निरीक्षण किया गया। जिला कारागार द्वारा बताया गया कि जेल का एक आर0ओ0 प्लांट खराब हो गया है जिसे बनवाने हेतु मिस्त्री को बुलाया गया हैं।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि आर0ओ0 प्लांट को तत्काल मरम्मत कराया जाय। यदि किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो वह भी अवगत कराया जाय।

महिला कारागार में निरीक्षण के दौरान महिला बन्दियों के नवनिहाल बच्चों को देखकर जिलाधिकारी बच्चे को गोद में लेकर दुलारते हुये उसके साथ अन्य बच्चों को भी चाकलेट, दूध व पहनने के लिये ऊनी वस्त्र प्रदान किया गया।

# चारागाह की भूमि पर कब्जे को लेकर ग्रामीण व अनुयायी आमने-सामने

**मामला**

## मौके पर पहुंची पुलिस ने संम्भाला मोर्चा

## ग्रामीणों को दबा रही है पुलिस व प्रशासन



ग्रामीणों को समझाते तहसीलदार।

**कलवारी।** स्थानीय तहसील मड़िहान के अंतर्गत ग्राम सभा कलवारी माफी के पुरवा गुरुदेवनगर स्थित आश्रम के द्वारा अनाधिकृत भूमि को कब्जे को लेकर मधईमार पुरवा के ग्रामीण व आश्रम के अनुयायी आमने-सामने हो गए।

कुछ वर्ष पहले घटित सोनभद्र के उभा कांड के मद्देनजर रखते हुए अनाधिकृत रूप से गुरु देवनगर आश्रम के द्वारा कब्जा 668 बीघे भूमि की जांच तत्कालिक मड़िहान एसडीएम विमल कुमार दुबे ने आश्रम को नोटिस देकर चारागाह के लिए सुरक्षित जमीन पर जुताई - बुवाई करने से मना कर दिया था। मड़िहान एसडीएम विमल कुमार के स्थानांतरण के बाद आश्रम के अनुयायियों ने सुरक्षित चारागाह की जमीन पर खेती-बाड़ी करना शुरू कर दिया। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस निर्णय पर ग्रामीण मान गए लेकिन एक बार फिर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आश्रम के अनुयायियों के द्वारा 186 बीघे सुरक्षित चारागाह की जमीन पर सिंचाई कर खेती - बाड़ी करने का प्रयास किया जाने लगा। जिस पर उग्र ग्रामीणों आक्रोशित हो गए। भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर विवादित खेत की सिंचाई कर रहे बाबाओं को रोका जिससे ग्रामीण व अनुयायी आमने-सामने हो गए। ग्रामीणों ने प्रशासन विरोधी नारे लगाने लगे। मौके नजाकत को देखते हुए अनुयायियों ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी जिस पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। ग्रामीण उप जिलाधिकारी के मौके पर पहुंचने की मांग कर रहे थे लेकिन मौके पर तहसीलदार फूल चंद्र यादव व एसएचओ मड़िहान शैलेश कुमार राय दल बल के साथ पहुंचे व ग्रामीणों को समझाया। तहसीलदार फूलचंद यादव ने कहा कि यहां पर भीड़ इकट्ठा करने वरना नारेबाजी करने से समस्या का हल नहीं निकलेगा। 10 की संख्या में ग्रामीणों व बाबाओं को स्थानीय तहसील मड़िहान पर बुलाया जहां पर दोनों पक्षों के पहुंचने पर वार्ता की जाएगी। इस संबंध में तहसीलदार मड़िहान फुल चंद्र यादव ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाया गया था लेकिन एक पक्ष के न आने से ग्रामीणों व अनुयायियों के बीच वार्ता ना हो सकी दोनों पक्षों के आने पर सुलह समझौता कराया जाएगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आश्रम के अनुयायियों की ऊंची पकड़ होने के कारण तहसील प्रशासन भी कोई ठोस कार्रवाई करने से कतरा रहा है।

# मानक गुणवत्ता में कराया जाए समस्त विकास कार्य : सीडीओ



शिविर को संबोधित करतीं सीडीओ।

**मीरजापुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अंतर्गत मीरजापुर में 29 ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायक ग्राम सचिव, कंसलटिंग इंजीनियर, प्रधान, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी की एक दिवसीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी बीएस की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमे जिला पंचायत राज अधिकारी अरविंद कुमार जायसवाल, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी गोपाल जी ओझा, विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार शुक्ला एवं सुनील कुमार उपाध्याय जिला कंसलटेंट के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें मॉडल गांव में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यो जैसे व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सोकपिट, लीच पिट, मैजिक पिट, किचन गार्डन, डब्लू०एस०पी० व्यक्तिगत एवं सामुदायिक कम्पोस्ट पिट, नाडेफ, वर्मी कम्पोस्ट, हिप कम्पोस्टिंग आर.आर.सी. सेन्टर तथा पी. एफ. एम. एस. से भुगतान करने की प्रक्रिया से सम्बन्धित विस्तृत प्रशिक्षण एवं तकनीकी जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थिति लोगों को जानकारी दी है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रधान सचिव कंसल्टिंग इन्जीनियर एवं सहायक विकास अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त कार्य मानक गुणवत्ता में कराया जाय इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। पंचायत अवार्ड के सम्बन्ध में सीडीओ द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खण्ड स्तरीय आनलाइन सत्यापन कराते हुए जनपद स्तरीय सत्यापन हेतु आख्या प्रस्तुत करें साथ ही व्यक्तिगत शौचालयों के पात्र लाभार्थियों की इन्ट्री पोर्टल पर कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## तीन बकायेदारों की जमीन को किया गया कुर्क

**लालगंज।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस /उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा के निर्देश पर नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा एवं मधु जैन क्षेत्र के मवई खुर्द में पहुंचकर 3 बड़े बकायेदारों की भूमि को डुगडुगी कराते हुए लाल झंडी लगा दिए। तीन किसानों की लगभग दस लाख बकायदारी की जमीन को कुर्क किया गया। शासन की मंशा के अनुरूप बकायेदारों से वसूली किए जाने हेतु ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा के निर्देश परनायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा एवं मधु जैन क्षेत्रीय अमीन के साथ गुरुवार कोमवई खुर्द गांव पहुंचे। मवई खुर्द के बकायेदार सत्य प्रकाश पुत्र मुरलीधर का बकाया 340000 उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक। रकवा 0.44 97 हेक्टेयर व विंध्यवासिनी पांडे पुत्र सियाराम पांडे 314000 के बकायेदार रकवा 2-252 हेक्टेयर स्टेट बैंक हलिया व महादेवी स्त्री सियाराम 3, 57000 हजार रकवा 2-252 हेक्टेयर स्टेट बैंक हलिया के बकायेदारों हैं। इन्होंने बकाया धनराशि बैंक में नहीं जमा की गई। बैंक द्वारा आरसी नोटिस जारी किया गया जिसके तहत गुरूवार को तीनों बकायेदारों की भूमि कुर्क किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अमीन लालचंद, विनोद, विनय के साथ भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# एक लाख भक्तों ने कोटारनाथ धाम में किया दर्शन-पूजन

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** क्षेत्र के अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित सुप्रसिद्ध कोटारनाथ शिव मंदिर में गुरूवार को एक लाख से ज्यादा भक्तों ने दर्शन पूजन किया है।

भोर से ही भक्त अदवा नदी में स्नान कर मंगलारती के बाद कतार में लग गये और श्रद्धालु कतारबद्ध होकर भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक किया और साथ साथ माता पार्वती को भी महिलाओं ने माला फूल सिंदूर चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ण की।

सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह समेत थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल, एसआई विजय कुमार यादव तथा पीएसी के साथ महिला कांस्टेबल, फायर ब्रिगेड तथा ट्रैफिक पुलिस दूसरे दिन भी मुस्तैद रही।

मंदिर पुजारी जयराम गिरी व शिव राम गिरी ने बताया कि भोर से शाम तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा कोटार नाथ का दर्शन पूजन किया।

### भक्तों की कट गई जेब गायब हो गया मोबाइल

हलिया थाना क्षेत्र स्थित कोटार नाथ शिव मंदिर में दर्शन करने आई नैडी कठारी निवासिनी महिला के पर्स पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरी की खबर पर पुलिस कार्रवाई में जुटगई। बताते चलें कि गुरुवार को हलिया थाना क्षेत्र स्थित कोटार नाथ शिव मंदिर दर्शन करने आए नैडी कठारी निवासिनी महिला सीमा पुत्री श्याम जी जोकि दर्शन करने के लिए लाइन में लगी हुई थी कि चोरों ने महिला के पर्स पर हाथ साफ कर दिया। महिला ने बताया कि पर्स में 500 नगद और एक मोबाइल जिसकी कीमत 12000 थी। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

# गणित को समर्पित था रामानुज का जीवन : डॉक्टर नागेन्द्र प्रसाद



बच्चों को जानकारी देते डायरेक्टर।

**कार्यक्रम**

## गणित दिवस के रूप में मनाया गया रामानुजन का जन्मदिवस

**मीरजापुर।** विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़ियाकला में गुरूवार को श्रीनिवास रामानुजन का जन्मदिवस राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामानुजन जी के चित्र पर चेयरमैन डाक्टर नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी द्वारा माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ।

श्री द्विवेदी ने बच्चों को रामानुजन के जीवन के बारे में जानकारी दिया और कहा कि किन्ही कारणों से रामानुजन जी अपनी कॉलेज शिक्षा पूरी नहीं कर सके थे किंतु अल्पायु में ही उन्होंने गणित के 33 हजार सूत्रों की रचना कर दी थी। उनका जीवन गणित को समर्पित था। दिव्यांश सिंह, प्रियांश मौर्य, उत्कर्ष मौर्य, आयुष जायसवाल, अंश रंजन, कुलदीप सिंह, आयुष सोनकर, अंकित गुप्ता, अनुपम, अनुष्का गुप्ता और पायल मौर्य ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन आलोक कुमार सिंह ने और संचालन प्रवीण सिंह व नीतीश दुबे ने किया।

निर्णायक समिति के सदस्य अंकित सिंह और सत्य प्रकाश चौबे रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्या शैल तिवारी ने दिया। इस दौरान अंकित, धर्मेंद्र, इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया।

# ब्लॉक परिसर में चला सफाई अभियान

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड मुख्यालय पर सफाई कर्मचारियों का जमावड़ा लगा और ब्लाक परिसर में साफ सफाई का अभियान चलाया गया। खंड विकास अधिकारी रमाकांत के दिशा-निर्देश पर दर्जनों सफाई कर्मचारियों की टीम बनाकर जगह जगह जमा कूड़े कचरे को हटाया गया और सूखे पेड़ पौधों को जलाकर नष्ट किया गया।

इस दौरान देवपूरा न्याय पंचायत के लगभग 20 कर्मचारियों ने सफाई अभियान को सफल बनाया। वहीं धौरहां एवं राजगढ़ न्याय पंचायत के दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने ब्लाक परिसर में संचालित सफाई अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। देवपूरा न्याय पंचायत के प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में सफाई अभियान को संचालित किया गया तथा ब्लाक को स्वच्छ रखने का कार्य किया गया। इस दौरान रामकृपाल, नरायन सिंह, रामसुधार, सोनी, लता, नगीना, मदीना, चंदा देवी, देवेन्द्र देव पाण्डेय, सावित्री देवी, सुखमानी देवी, रामदुलार, अवधराज, छोटेलाल आदि सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक होगा सेमफोर्ड स्कूल का वार्षिक स्पोर्ट्स डे प्रेरणा : डायरेक्टर

जनसंदेश न्यूज



पत्रकारों को संबोधित करतीं डायरेक्टर।

**खेल दिवस**

## विविध कार्यक्रमों का दो दिवस में होगा आयोजन

**मीरजापुर।** सेमफोर्ड स्कूल की दोनों शाखाओं के खेल दिवस के आयोजन क्रमशः 23 व 24 दिसम्बर को आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। जिसके सम्बन्ध में पत्रकार वार्ता के दौरान दोनों संस्थानों की डायरेक्टर शिप्रा बरनवाल ने बताया कि विगत दो-तीन वर्षों से कोविड-19 के कारणों से विद्यालय प्रशासन किसी भी प्रकार का ऐसा बड़ा आयोजन वार्षिकोत्सव अथवा वार्षिक खेल दिवस का आयोजन नही कर सका किन्तु इस बार पूरा विद्यालय प्रशासन, शिक्षक समुदाय एवं विद्यालय के सभी होनहार बड़े ही सुनियोजित ढंग से दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स डे का आयोजन करने जा रहे हैं।

सेमफोर्ड की प्रतिभायें इस बार अभी तक किसी भी ऐसे कार्यक्रम चाहे वह सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा हो, खेल प्रतियोगिताये रहीं हो, मंचन रहा हो अथवा किसी भी अन्य प्रकार का प्रदर्शन रहा हो, के अपने ही द्वारा बनाये गये उपलब्धियों के रिकॉर्ड को तोड़ देने को संकल्पित हैं।

कार्यक्रम न केवल खेल की भावना, विद्यार्थियों का मंचन कौशल एवं टीम स्पिरिट को प्रदर्शित करेगा बल्कि भारतीय संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, परम्पराओं एवं राष्ट्रवाद पर भी प्रकाश डालेगा। दो दिवसीय इस आयोजन की विशिष्ट उद्धृत करने वाली बात यह है कि पूरे कार्यक्रम का संचालन भी सेमफोर्ड स्कूल की प्रतिभायें ही करेंगी, संचालन में हमारी भूमिका बौनी है, हमें अपनी नई पीढ़ी को अगली पंक्ति में आकर संचालन और कार्यक्रम को सम्पन्न कराते देख गर्व की अनुभूति होगी। ऐसी बातें पत्रकार वार्ता के दौरान डायरेक्टर शिप्रा बरनवाल ने कही।


## संक्षेप

### घर और खेत खलिहान में घुस रहा है नहर का पानी



**जिगना।** प्रयागराज जिले के मांडा क्षेत्र अंतर्गत उमापुर लिफ्ट पंप कैनाल से निकली नहर का हाल बदहाल है। कसधना गांव के गंगापुर बदेवरा चौबे तथा भतड़ा में नहर का पानी बस्तियों में बह रहा है। गंगापुर में कृष्णा प्रसाद यादव, राजेश्वर, रामआसरे, शिव प्रसाद आदि के घर पानी में घिर गए हैं। वहीं बदेवरा चौबे गांव में नहर से ढाई सौ मीटर दूर चंदू चौबे, राजाराम, राजमनि के घरों के सामने पानी भर गया था। भतड़ा मजरे में नहर का पानी तालाब में भर रहा है। बीडीसी अनिल पांडेय तथा ग्रामीणों ने बताया कि कार्यदाई संस्था का कार्यालय जनपद मुख्यालय प्रयागराज में है। वहीं नहर के दोनों तरफ वाले गांवों के किसानों को मलाल इस बात का है कि मरम्मत व रख रखाव के नाम पर धोखाधड़ी की जा रही है। नहर का पानी बेकार बह जाने के कारण सिंचाई नहीं हो पाने से पत्ते पीले पड़ गए हैं। प्रभावित परिवारों व किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### बांस के उत्पादों को बनाने के लिए दिया जाएगा ज्ञान : डीएफओ



**मीरजापुर।** राष्ट्रीय बंबू मिशन के अंतर्गत बंबू उत्पादों का बनाने के प्रशिक्षण का प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रतिभागियों को बंबू के विभिन्न उत्पादों को बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षकों का प्रबंध किया गया है। इन प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को बांस के उपयोगी उत्पादों को बनाने के लिए ज्ञान दिया जाएगा एवं मौके पर प्रैक्टिकल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को व्यावहारिक ट्रेनिंग भी दी जाएगी। यह सात दिवसीय प्रशिक्षण 26 दिसंबर 2022 तक चलेगा। 20 दिसंबर को प्रभागीय वन अधिकारी अरविंद राज मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उप प्रभागीय वन अधिकारी जेपी सिंह और वरिष्ठ प्रशिक्षक डॉ आर एस सिंह उपस्थित थे।

### न्यायालय ने दो आरोपियों को सुनाई दस-दस साल की सजा

**मीरजापुर।** लोक सेवक के साथ मारपीट कर डकैती करने के अभियोग से सम्बन्धित 02 आरोपियों को 10-10 वर्षों का कारावास व 07-07 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। 22 नवम्बर 2001 को थाना अहरौरा पर वादी हे0का0 राजनाथ राय 39वीं वाहिनी पीएससी द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध लोक सेवक के साथ मारपीट कर डकैती करने के सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना अहरौरा पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एसपी द्वारा अपराध को प्राथमिकता देते हुए थाना अहरौरा पुलिस एवं मॉनीटरिंग/ पैरवी सेल को निर्देशित करते हुए प्रवाभी एवं सशक्त पैरवी कराया गया। जिसके फलस्वरूप न्यायालय द्वारा दोषी पायें जाने पर आरोपी महेन्द्र सिंह खरवार पुत्र राम केवल खरवार निवासी ढोसरा थाना माची, सोनभद्र व लालव्रत कोल उर्फ कमल जी उर्फ राजगुरू पुत्र बचाऊ निवासी मझगंवा थाना चकरघट्टा चन्दौली को 10-10 वर्षों का कारावास एवं 07-07 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

### बच्चे को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गिरी महिला घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग सोनकर बस्ती के पास बाइक सवार के सामने आने से बच्चे को बचाने के चक्कर में बाइक सवार व बाइक पर बैठी वृद्ध महिला गिरकर घायल हो गई। सोनगढ़ा गांव निवासी कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा अपनी माता 60 वर्षीय शांति के साथ बाइक से आर्यावर्त बैंक जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग सोनकर बस्ती के पास पंहुचा कि सड़क पर बाइक के सामने एक बच्चा आ गया जिसको बचाने के चक्कर में बाइक सवार ने ब्रेक लगा दिया और अनियंत्रित होकर बाइक सहित गिरकर घायल हो गया। बाइक चला रहे युवक को हल्की चोट तथा बाइक सवार युवक की माता के सिर में गंभीर चोट आई है जिस पर ग्रामीणों ने आनन फानन में उपचार के लिए निजी क्लिनिक पर लेकर गये जहां पर दोंनो का उपचार चल रहा है।

### दो बाइकों की टक्कर में घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क पर बस्तरा राजा के सामने दो बाइक सवार सामने से आ रही बाइक से टक्कर होने पर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ददरी गांव निवासी अर्जुन उम्र 28 वर्ष पुत्र बिरजू निवासी ददरी अपने गांव के ही विजय शंकर को पीछे बैठा कर लालगंज से घर जा रहा था जैसे ही बस्तरा मोड़ के पास पहुंचा कि सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा गया। जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायल की स्थित गंभीर बताई गई। घायल को दो लड़के अमन 8 वर्ष रोशन 5 वर्ष व एक लड़की मेनका 4 वर्ष है।

### मूकबधिर किशोर को परिजनों को सौंपा

**चुनार।** कोतवाली के स्टेशन रोड पर गुरुवार को मूकबधिर किशोर उम्र 14 साल का घूमता हुआ मिला उसके पास मोबाइल था। जिससे इशारे में बातचीत करने पर नाम और पता परिजनों के बारे में जानकारी किया गया। गूंगा व्यक्ति अपना नाम इशारों में रोहित चौहान पुत्र लाल बहादुर सिंह निवासी भैंसराशि थाना पटियाला कासगंज अपना मोबाइल नंबर बताया उसके परिजनों से संपर्क करने पर बताया की मेरे साथ ट्रेन से बाजार गया था। वापस आते समय ट्रेन से नहीं उतर पाया और इलाहाबाद चला आया। इलाहाबाद से इसी ट्रेन से चुनार पहुंच गया। उसके पास मोबाइल था। जिस मोबाइल से वीडियो कॉल करके देखा गया कि कहां पर है। वीडियो कॉल से जानकारी होने पर हम लोग उसे लेने चुनार आ गए उसके परिजनों द्वारा पहचान करा कर नियमानुसार कार्यवाही कर सुपूर्त किया गया।

### रहस्य परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भगौती देई गांव में बुधवार की देर रात 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पंहुचे मायके वालों ने विवाहिता को जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया। पुलिस ने बताया कि बाराडीह निवासी प्यारेलाल की पुत्री निशा 22 वर्ष की तीन वर्ष पूर्व भगौती देई निवासी विजय से शादी हुई थी। विवाह के बाद से ससुरालियों द्वारा आए दिन मारपीट व झगड़ा लड़ाई करते थे। इसी बीच परिवार के भरण पोषण के लिए विजय हैदराबाद में किसी कंपनी में काम करने चला गया। घर पर देवर व ननद के साथ निशा रहती थी। बुधवार की देर रात उसकी अचानक तवियत खराब हो गई। उपचार के लिए देवर चितईपुर वाराणसी के एक निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। संदिग्ध हाल में हुई निशा की मौत की सूचना मृतका के मायके वालों को दी गई। मौके पर पंहुचे मृतका के भाई व मामा ने देवर व ससुर पर जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण को भेज दिया। वही घर से मृतका के देवर सहित दो अन्य फरार बताए जा रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही जानकारी का पता लग पाएगा। आरोपों की जांच की जा रही है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने वितरित किया कम्बल

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुदारन में स्थित भलुहिया पहाड़ के पास किसानों मजदूरों के लिए लड़ाई लड़ने वाले स्व0 लालबहादुर सिंह के आठवीं पुष्प तिथि पर क्षेत्र के गरीब मजदूर व असहाय लोगों को बीरेंद्र कुमार सिंह, राजू महादेव की तरफ से कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने क्षेत्र से आए हुए मजदूर असहायों को कम्बल वितरित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने लाल बहादुर सिंह के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। राजीव ओझा ने लाल बहादुर सिंह को क्षेत्र के किसानों पत्थर मजदूरों का मशीहा बताते हुए कहा कि वे क्षेत्र के गरीबों व पत्थर मजदूरों के लिए सदैव संघर्ष करते रहे। आयोजक वीरेंद्र कुमार उर्फ राजू सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### महिला के पर्स पर चोरों ने किया हाथ साफ

**मीरजापुर।** जीआरपी पुलिस द्वारा ट्रेनों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोरों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करने के बाद भी ट्रेनों में चोरी घटना को अंजाम देने में चोर सक्रिय हैं। बताते चलें कि गुरुवार की भोर में मुरी एक्सप्रेस ट्रेन के एसी बोगी में यात्रा कर रही महिला किरण जोकि टाटानगर से अमृतसर की यात्रा कर रही थी जिनके पास पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। वही कंट्रोल की सूचना पर पहुंचे आरपीएफ व जीआरपी पुलिस कार्रवाई में जुट गए।

### बैंक कर्मियों ने निकाली रैली

**सीखड़।** बैंक की आकर्षक योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए बरिष्ठ शाखा प्रबंधक जगदीश आजाद के नेतृत्व में शाखा के अधिकारियों व अन्य संबंधित लोगों ने जागरूकता रैली गुरुवार को निकाली। शाखा भवन से रैली निकल कर खैरा चौराहा से बाजार में चक्रमण करते हुए पुनः शाखा भवन आकर समाप्त हुई। प्रबंधक जगदीश आजाद ने बताया कि बैंक द्वारा आकर्षक लाभकारी योजनाए लाई गईं हैं लोग योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान अमित कुमार, धनंजय तिवारी, संजय कुमार आदि लोग थे।

### अधिवक्ताओं की बैठक आज

**लालगंज।** विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के अधिवक्ताओं की सर्वसम्मति से सचिव बृज भूषण पांडे द्वारा प्रेस नोट जारी कर शुक्रवार को अधिवक्ता सभागार में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है। बैठक में 1 वर्ष के आय ब्यय का लेखा-जोखा एवं वर्ष 2023 के चुनाव पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस आशय की जानकारी विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के सचिव बृज भूषण पांडेय ने दिया।

# पांच अन्तरप्रांतीय हेरोइन तस्कर बंदी, 1.40 करोड़ की हेरोइन बरामद

**सफलता**

## क्राइम ब्रांच, एसओजी व म्योरपुर पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता



पकड़े गये तस्करों को मीडिया से रुबरू कराते एसपी

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थ बेचने एवं खरीदने वाले गिरोह पर प्रभावी अंकुश लगाने को चलाये जा रहे अभियान के क्रम में म्योरपुर पुलिस, एसओजी टीम एवं स्वाट टीम ने पांच तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक करोड़ चालीस लाख की 1400 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। चुर्क पुलिस लाइन सभागार में एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने आरोपियों को मीडिया से रूबरू करते हुए बताया कि बीते 21 दिसंबर को पुलिस टीम रनटोला तिराहा कटौली मोड़ के तिराहे पर से कार के पास एक स्कूटी व एक बाइक के साथ पांच तस्करों को एक किलो 400 ग्राम हेरोइन बरामद करते हुए 10700 नगद बरामद कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग हेरोइन बाराबंकी से लेकर उसका संगठित रुप से व्यापार करते हैं, जिसे हम बभनी, म्योरपुर, रेनुकूट, अनपरा, शक्तिनगर आदि स्थानों पर बेचते हैं। गिरफ्तार लोगों में विजय पटेल पुत्र स्व. दीनानाथ पटेल निवासी चकरा, सीवान, बिहार, जितेन्द्र नाथ उर्फ मुन्ना पुत्र स्व. रामनरेश निवासी ग्राम कुण्डाडीह टोला चन्द्रभान नगर, म्योरपुर, सुरेन्द्र कुमार यादव उर्फ सोनू पुत्र बुद्धिराम यादव निवासी ग्राम अंजानी, म्योरपुर, मीरा देवी उर्फ गुड़िया पत्नी जितेन्द्र नाथ उर्फ मुन्ना निवासी ग्राम कुण्डाडीह टोला चन्द्रभान नगर, म्योरपुर, हाल-पता पूर्वी परासी, अनपरा व मनीषा सिंह पत्नी महेन्द्र सिंह निवासी बूढादेई, अहरौरा, मीरजापुर हाल-पता ग्राम कुण्डाडीह टोला चन्द्रभान नगर, म्योरपुर शामिल हैं। एएसपी ने बताया कि पकड़े गये तस्करों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। टीम में अमित सिंह, प्रभारी सर्विलांस टीम, देवेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी एसओजी, दीपेन्द्र सिंह, तरुण सिंह यादव, जगदीश मौर्या, अतुल सिंह, अमर सिंह, शशिप्रताप सिंह, सतीश कुमार सिंह, रितेश पटेल, अजीत यादव, सौरभ कुमार राय, प्रकाश सिंह, राजेश पासवान, अलोप रानी, ज्योति देवी शामिल रहे। वहीं इस सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 20,000/- रुपये नगद पुरस्कार दिया गया है।

### अंतिम दम तक जारी रहेगा आंदोलन

**ओबरा।** ओबरा में तहसील भवन बनाने की मांग को लेकर 52 दिनों से विधानसभा क्षेत्र की जनता अधिवक्ताओं के नेतृत्व में आंदोलनरत है। वही 24 घंटे की क्रमिक भूख हड़ताल 16 वें दिन भी जारी रही। गुरुवार को एड लालचंद तथा स्टांप विक्रेता चंद नाथ भगत का माल्यार्पण एड ब्रह्म कुमार तथा संजीव चौधरी द्वारा किया गया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को सोनांचल बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमेश मिश्रा, कपूरचंद पांडे, रमाशंकर यादव, महामंत्री अनिल मिश्रा, एड अनिल चौधरी, दिनेश दुबे, एसके चौबे, नसीम खान, बृजेश पांडे, अर्जुन शर्मा, पुष्पराज पांडे, सुरेंद्र जौहरी, अनिल कुमार, विनोद गुप्ता, कमलेश यादव, राजकुमार पांडे, राजू पाठक, उमेश शुक्ला आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी गजट अधिसूचना का उल्लंघन करते हुए ओबरा तहसील मुख्यालय के स्थाई भवन निर्माण हेतु जमीन का चयन ग्राम बिल्ली मारकुंडी में नहीं करके चंद भूमाफिया के दबाव में उनके निजी लाभ हेतु एक अन्य भूमि जो कि दूसरी ग्राम पंचायत में पड़ती है, रॉबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र में है, उसका चयन किया गया।

# ट्रक मालिक और चालक पर पिपरी थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

**कार्रवाई**

## एल्युमिनियम लेकर जौनपुर के लिए निकला ट्रक गायब

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** स्थानीय नगर स्थित निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड से एक ट्रक एलुमिनियम लेकर जौनपुर के लिए निकला ट्रक गायब हो गया। ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मी की तहरीर पर पिपरी पुलिस संबंधित ट्रक मालिक व चालक पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

नगर के एसएस मार्केट में संचालित ट्रांसपोर्ट कंपनी ईस्ट इंडिया ट्रांसपोर्ट एजेंसी के कर्मी शंकर लाल राजपुरोहित ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बीते 11 दिसंबर को एक ट्रक उनके ट्रांसपोर्ट से माल लेकर सतहरिया जौनपुर के लिए निकला था। ट्रक मालिक श्याम बाबू पुत्र नन्हा निवासी महुआखेड़ा, उन्नाव तथा चालक विक्रम पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम पुरे दीक्षित, हरवंशगंज जायस, बहादुरपुर तिलोई, रायबरेली द्वारा बीते 11 नवंबर को 34 पैकेट एलुमिनियम रोल्ड ट्रक से लेकर निकले थे। ट्रक पर लोड अल्युमिनियम का वजन 17902 किलोग्राम था और उसकी कीमत 5681829 रुपए है, यह माल हॉकिंस कुकर्स लिमिटेड सतहरिया जौनपुर के लिए निकला था, परंतु कई दिनों बाद भी जब माल अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंचा तब उसकी खोजबीन शुरू की गई। ट्रक मालिक और ड्राइवर का मोबाइल फोन पर दोनों का मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है।

ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मियों ने रेणुकूट से जौनपुर तक काफी खोजबीन किया, परंतु अभी तक ट्रक और उस पर लोड हुए माल का कोई पता नहीं चल पाया है। सूचना पर पिपरी थाने में पुलिस ने ट्रक मालिक व ट्रक चालक पर धारा 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश में जुट गई। इस संबंध में पिपरी सीओ प्रदीप सिंह चंदेल ने कहा कि मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है। जांच के दौरान पाया गया कि ट्रक यहां से निकलकर मिर्जापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र के अष्टभुजा पहाड़ी के आगे तक जाने के बाद वाहन की लोकेशन नहीं मिली। इसके बाद यह मामला मिजार्पुर जनपद के जिगना थाने को स्थानांतरित कर दिया गया है।

### वारंटी गिरफ्तार

**डाला।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में नगर क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में चोपन पुलिस ने बुधवार को कोटा निवासी 55 वर्षीय दशरथ शर्मा पुत्र रामदेव शर्मा को घर के पास से गिरफ्तार करके चालान कर दिया। टीम में चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत, त्रिभुवन राय, शहंशाह आजम, दिलीप कुमार शामिल रहे।

## संक्षेप

### एनटीपीसी सिंगरौली ने किया ओपेन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन



फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ करते अतिथिगण

शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली सीएसआर द्वारा जेएमसी क्लब के माध्यम से ओपेन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन जेएमई कालोनी में किया गया। बैडमिंटन टूनार्मेंट में उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश की कुल 40 टीमों द्वारा प्रतिभागिता की गई। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिजोय कुमार सिकंदर मानव संसाधन प्रमुख द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सिकंदर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल का हम सभी के जीवन में विशेष महत्व है, जिसके कारण हमारा शरीर स्वस्थ और तंदरुस्त रहता है। खेल को बढ़ावा देने हेतु एनटीपीसी सिंगरौली विविध खेल कार्यक्रम आयोजित करती रहती है एवं भविष्य में भी खेल कूद को बढ़ावा देने हेतु एनटीपीसी प्रतिबद्ध है। टूनार्मेंट के जेएमसी कप के समापन समारोह में ओबरा की टीम फाइनल मैच जीतकर विजेता घोषित हुई। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा समापन समारोह में विजेता टीम को नगद इनाम और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेश सिंह, कुमार आदर्श, सत्य प्रकाश सिंह, केबी मिश्रा, गौतम मिश्रा, यश बंसल, राजेश खत्री, अजय मिश्रा, सचिनंदन सिंह, अजय गुप्ता, शौनक नेगी, कुश बंसल, अमित सिंह, विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### निकाय चुनाव को लेकर बैठक 26 को

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भय मुक्त रूप से सम्पन्न कराने हेतु निकायवार नियुक्त किये गये सेक्टर मजिस्ट्रेट 26 दिसम्बर को अपने-अपने सेक्टर का भ्रमण निर्धारित रूट-चार्ट के अनुसार करेंगे। भ्रमण के उपरान्त मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित सूचना निर्धारित प्रारूप पर तैयार करेंगे। भ्रमण के उपरान्त सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक उसी दिन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सम्पन्न होगी। बैठक में सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेट मूलभूत सुविधाओं की सूचना के साथ प्रतिभाग करेंगे।

### विश्वनाथ पाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बसपाइयों में हर्ष, बांटी मिठाई



एक दूसरे को मिठाई खिलाते बसपा कार्यकर्ता

**सोनभद्र।** विश्वनाथ पाल को बसपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर गुरुवार को कार्यकताओं ने एक दूसरे को बधाई दी। बता दें कि जिलाध्यक्ष बी सागर की अगुवाई में राबर्ट्सगंज के बढ़ौली चौक पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यकताओं ने उम्मीद जताई की विश्वनाथ पाल के नेतृत्व में पार्टी नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के कार्यों को गति मिलेगी और आगामी निकाय चुनाव में जीत मिलेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण जैसल, निशांत कुशवाहा, अविनाश शुक्ला, बाबू राम प्रजापति, प्रेम नाथ गौतम, रमेश पाल, अमन मौर्या, बलवंत रंगीला, राम अवतार चौहान, सरोज यादव, आशीष मिश्रा, विक्रम पटेल आदि मौजूद रहे।

### शिक्षिका सुमन को मिला साहित्य गौरव सम्मान



**ओबरा।** जिले की शिक्षिका कवयित्री सुमन सिंह का नाम इंडिया विश्व रिकॉर्ड में दर्ज कर उन्हें साहित्य गौरव सम्मान से सभी आवश्यक मापन प्रणाली पूरी करने पर अलंकृत किया गया है। उन्हें यह सम्मान मिलने पर जनपद का नाम साहित्यिक जगत में विश्व पटल पर रोशन हुआ है। ज्ञातव्य है कि बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति पंजीकृत अंतरराष्ट्रीय बाजपुर उत्तराखंड संस्था द्वारा विश्व का सबसे बड़ा ऑनलाइन वर्च्युअल कवि सम्मेलन 21 अगस्त से 6 सितम्बर तक आयोजित हुआ। जिसमें विश्व के 35 देशों के 3970 कलमकारों ने 400 घण्टे अनवरत काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन को इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में विश्व के सबसे बड़े वर्च्युअल 400 घंटे अनवरत चलने वाले कवि सम्मेलन के रूप में दर्ज किया गया। इसका प्रसारण ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, अमेरिका के स्थानीय चैनलों पर भी किया गया। सुमन सिंह ने इस वैश्विक सबसे बड़े वर्च्युअल कवि सम्मेलन में प्रतिभाग कर अपने उत्कृष्ट काव्य पाठ एवं लेखन के माध्यम से हिन्दी साहित्य को समृद्ध करने हेतु यह सम्मान प्राप्त किया है।

# प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिका में कैद, 23 को मतगणना

**सोबाए चुनाव**

## अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद पर है कांटे की टक्कर

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में गुरुवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन चुनाव के लिए अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु सुबह 11 बजे मतदान शुरू कराया गया। अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर है। शाम 4:30 बजे तक 91.49 प्रतिशत मत पड़ा। कुल 800 मतदाताओं में से 730 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 822 मतदाताओं में से 22 ने पहले ही टेंडर वोटिंग की है। इस प्रकार कुल 752 मत पड़े। सभी प्रत्याशियों के भाग्य मतपेटिका में कैद हो गये। प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे मतगणना के समय खुलेगा। प्रति राउंड 100 मतों की गिनती की जाएगी।



सदर तहसील में मतदान पर्ची लेते अधिवक्ता

बता दें कि सुबह 11 बजे मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह ने अपने सहयोगी निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदान कार्य शुरू कराया। पहला मतदान एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र ने किया। इसके बाद बड़े धीमी गति से मतदान शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक महज 120 मत पड़े। उसके बाद मतदाताओं की भीड़ जमा हो गई और दोपहर बाद 1:30 बजे तक 381 मत पड़ गए। उसके बाद दो बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम 4:30 बजे तक 730 मत पड़े। जबकि 22 मत टेंडर वोटिंग के हैं। कुल मत 752 पड़े हैं। इस प्रकार से कुल 91.49 प्रतिशत मत पड़ा। प्रत्याशियों/ एजेंटों की मौजूदगी में मतपेटिका को सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे से मतगणना होगी। प्रति राउंड 100 मतों की गिनती होगी। अंत में विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। उसके बाद सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को एल्डर कमेटी चेयरमैन की मौजूदगी में शपथ दिलाई जाएगी। शांतिपूर्ण मतदान कराए जाने के लिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल भी मौजूद रहा। अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शुक्ला, महामंत्री चंद्रपाल शुक्ला, पूर्व अध्यक्षगण राजबली चौबे, अमरनाथ मिश्र, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, ओमप्रकाश पाठक, सुरेंद्र कुमार पांडेय के साथ ही चुनाव में लगे शशि कुमार मिश्र,रणछोर पांडेय, अवधेश मिश्रा, विनोद शुक्ला,धीरज पांडेय, आशीष पाठक आदि लगे रहे।

### प्रत्याशी व समर्थक जोड़ते रहे हाथ

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में सुबह से ही मतदान स्थल के इर्द-गिर्द प्रत्याशी व समर्थक हाथ जोड़ते रहे। अध्यक्ष पद पर पूनम सिंह, नरेंद्र कुमार पाठक, हेमनाथ द्विवेदी, मनोज पांडेय, उमेश मिश्र व विजय कृष्ण वर्मा के बीच कांटे का मुकाबला है। वहीं महामंत्री पद पर राजीव कुमार सिंह गौतम, आनन्द कुमार मिश्र, शारदा प्रसाद मौर्य व अरुण कुमार सिंघल के बीच कांटे की टक्कर है। इसी प्रकार से कोषाध्यक्ष पद पर भानु प्रताप चौहान व मनोज कुमार मिश्र के बीच कांटे की लड़ाई है।

# ट्रेलर के धक्के से बोरवेल वाहन पलटा, चालक की मौत

**हादसा**

## बीजपुर मार्ग पर देवरी गांव के समीप हुआ हादसा, पांच घायल

जनसंदेश न्यूज

म्योरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बीजपुर मार्ग पर देवरी गांव के समीप बुधवार की शाम ट्रेलर के धक्के से बोरवेल वाहन पलट गया। इस हादसे में बोरवेल वाहन का चालक सुरेंद्र 40 निवासी ग्राम तितौली घोरावल की वाहन के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस बोरवेल वाहन के नीचे दबे चालक के शव को बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम को दुद्धी भेज सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

उधर घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गयी। हादसे में घायल सुजीत, अजय कुमार, श्रीकृष्णन निवासी खरौंधी झारखंड व गुलाब निवासी मगरदा राबर्ट्सगंज, गणेश निवासी नगवां का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

## पहाड़ी से गिरकर अधेड़ की मौत




**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र स्थित कोटा ग्राम पंचायत के रोहिनिया डंडी में घर के पास पहाड़ी से खांई में गिरने से अधेड़ की बुधवार की रात मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। पुलिस ने बताया कि 50 वर्षीय रामेश्वर पुत्र स्व. रामपति घर के पास पहाड़ी के नीचे एक गढ्ढे में गिर गया। रामेश्वर की चीख सुनकर बड़ा लड़का महाबीर ने घर वालों की सहायत से मौके पर पहुंच कर गढ्ढे से बाहर निकाल कर घर ले आया, लेकिन देर रात्रि रामेश्वर की मौत हो गई। इसकी जानकारी चौकीदार कमला ने गुरुवार की सुबह पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हल्का दरोगा त्रिभुवन राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, प्रथम दृष्टया उसकी मौत गढ्ढे में गिरने से प्रतीत होती है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पूर्णतया स्थिति स्पष्ट होगी।

# रोजगार की मांग: फूंका खनन अधिकारी का पुतला

**नारेबाजी**

## बड़ी-बड़ी मशीनों का खनन क्षेत्र में किया जा रहा प्रयोग

जनसंदेश न्यूज



खनन अधिकारी का पुतला दहन करते स्थानीय लोग

**ओबरा।** स्थानीय शारदा मंदिर चौराहे के समीप गुरुवार को अखिल भारतीय यादव महासभा जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव के नेतृत्व में खनन अधिकारी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान स्थानीय रहवासियों ने नारेबाजी भी किया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष ने कहा कि बड़ी-बड़ी मशीनों का प्रयोग खनन क्षेत्र में किया जा रहा है।

लोक जन सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी के समक्ष स्थानीय लोगों को रोजगार देने की बात प्रमुखता से रखी जाती है। बावजूद इसके विपरीत खदानों में लोगों को रोजगार से वंचित करते हुए मशीनों का प्रयोग किया जाता है। इसे लेकर रहवासियों में जन आक्रोश व्याप्त है। मांग किया कि स्थानीय लोगों को खनन क्षेत्र में रोजगार दिए जाए। बड़ी मशीनों का प्रयोग बंद किया जाए अथवा विषम परिस्थितियों में ही चलाया जाए। मजदूरों द्वारा हैंड ब्रोकरिंग कराया जाए। मानक से ज्यादा चल रहे खनन कार्य को बंद किया जाए। उत्तर प्रदेश खनन नियमावली का सख्ती से पालन किया जाए। इस पुतला दहन करने में राम कुमार विश्वकर्मा, जंगी लाल, शिव शंकर, लव कुमार, अक्षय पांडे, पवन कुमार, बलिराम, रवि शंकर, रामचंद्र, जितेंद्र कुमार, नंदलाल गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, सत्त राम यादव आदि लोग शामिल रहे।

# सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**श्रीमद्भागवत कथा**

## भागवत कथा के समापन पर खेली गई फूलों की होली

सोनभद्र। नगर स्थित आर्य समाज मंदिर प्रांगण में आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज के नेतृत्व एवं नरेंद्र गर्ग के संयोजन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन बुधवार को हुआ। अंतिम दिन श्रीमद्भागवत का रसपान पाने के लिए भक्तों का जनसैलाब कथा स्थल पर उमड़ पड़ा। प्रवचनकर्ता विष्णु प्रिया ने कई कथाओं का भक्तों को श्रवण करवाया, जिसमें प्रभु कृष्ण के 16108 शादियों के प्रसंग के साथ, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथाएं सुनाई। सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनकर श्रोता भक्ति भाव में डूब गए। कहा कि द्वारपाल ने द्वारिकाधीश से जाकर कहा, प्रभु द्वार पर एक ब्राह्मण आया है और आपसे मिलना चाहता है। वह अपना नाम सुदामा बता रहा है। यह सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े-दौड़े चले आए। सुदामा जी ने भगवान के पास जाकर भी कुछ नहीं मांगा। भगवान कृष्ण सुदामा को सब कुछ देते हैं। उन्होंने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। उन्होंने परीक्षित मोक्ष की कथा का श्रवण कराया। कथा के समापन के अवसर पर राजस्थान कोटा से आये लीला व्यास ज्ञानेश आनंद द्वारा भव्य झांकी सजाई गई, जिसमें मीरा के वेष में शिवानी पांडे, रुकमणी अनीता गर्ग व सुदामा आयुष पांडे ने प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। तो वही कृष्ण-राधे की भूमिका में रही शिवानी एवं शिवांगी पांडे ने फूलों की होली खेली। जिसमें पूरा पंडाल भक्तिमय रस में डूब गया। संगीतकार दीपा मिश्रा ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजन सुनाये। मुख्य यजमान रतनलाल गर्ग ने कथा व्यास, यज्ञआचार्य, मंच आचार्य तथा मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कथा को सफल बनाने में लगे सभी लोगों को प्रवचन कर्ता विष्णु प्रिया ने सम्मानित किया। आखिरी दिन की कथा का समापन मुख्य यजमान रतन लाल गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी अनारकली देवी द्वारा व्यासपीठ एवं भागवत पुराण की गई आरती पूजन के साथ के साथ किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे, जय प्रकाश चतुर्वेदी, छोटेलाल खरवार, अविनाश, नरेंद्र, कृष्ण कुमार, विनोद, दीपक कुमार केसरवानी, बबलू सहित भारी संख्या में कृष्ण भक्त उपस्थित रहे।



### बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ाया

**बभनी।** स्थानीय विकास खण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में रात्रि में अवैध बालू खनन व परिवहन किया जा रहा है। गुरूवार को सूचना पर पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़कर सीज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ट्रैक्टर पकड़ा गया है, कार्यवाही चल रही है। बता दें कि बरवाटोला के गुल्लर, घुटरा, अजीर नदी से बालू खनन किया जा रहा है। गुरुवार को बालू खनन की सूचना पर वन विभाग और पुलिस टीम ने बालू लेकर आ रहे ट्रैक्टर को पकड़कर सीज कर दिया।

### कोरोना को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, दिये गये निर्देश

**सोनभद्र।** कोरोना के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट पर है। डीएम चंद्रविजय सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने स्वास्थ्य महकमे को बाइ मोड में रहने का निर्देश देते हुए कहा कि आक्सीजन प्लांटों को क्रियाशील रखा जाय और मास्क का प्रयोग करने व छूटे हुए लोगों से बूस्टर डोज लगवाने की अपील किया। कहा कि कोरोना को लेकर पैनिक होने की जरूरत नही है।

# पुराने राजस्व मामलों का प्राथमिकता पर करें निस्तारण: जिलाधिकरी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि राजस्व न्यायालयों में लम्बित पांच वर्ष पुराने वादों का प्राथमिकता के आधार पर लक्ष्य निर्धारित करते हुए त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। समस्त पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालयों में ऐसे लम्बित वादों की स्वयं समीक्षा करते हुए उनका निस्तारण नियत अवधि में पूर्ण करें। जनपद में पुनः 15 दिवस का अभियान चलाकर समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षकगण, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, सोनभद्र तथा यातायात पुलिस आपसी समन्वय से अवैध टैक्सी स्टैण्डों को हटाये जाने व निर्धारित स्थान पर ही वाहनों के खड़ा किया जाना सुनिश्चित कराये। उन्होंने कहा कि जनपद में धार्मिक स्थलों पर पाये जाने वाले लाउडस्पीकरों को सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी द्वारा अभियान चलाकर उतरवाया जाये तथा स्कूलों, विद्यालयों, शैक्षिक संस्थाओं में उनका वितरण सुनिश्चित किया जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि रात्रि 11:00 बजे के उपरान्त लाउडस्पीकरों का प्रयोग निषिद्ध रहे, साथ ही सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी लाउडस्पीकर का प्रयोग न हो। जनपद के बड़े माफियाओं के विरूद्ध निरन्तर अभियान जारी रखते हुए प्रभावी कार्यवाही किया जाये, जिससे विधि एवं शान्ति व्यवस्था अक्षुण्य बनी रहे। अवैध खनन एवं परिवहन की प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये, साथ ही ऐसी गतिविधि में किसी भी अधिकारी/कार्मिक की संलिप्तता पाये जाने की दशा में प्रभावी कार्यवाही की जाये। राजकीय देयों की वसूली प्रगति की समीक्षा तहसील स्तर से जनपदस्तर तक निरन्तर की जाये तथा जिस स्तर पर कमी परिलक्षित हो, उसका त्वरित संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी राजकीय देयों की वसूली निर्धारित मानक के अनुरूप सुनिश्चित करायें। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप उपर्युक्त बिन्दुओं पर अपेक्षित त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आदेश का प्राथमिकता के आधार पर सत्त अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

### गालिब जंयती 27 को, आयोजन पर हुई चर्चा

**सोनभद्र।** विगत 19 वर्षो की भांति मित्रमंच फाउण्डेशन द्वारा 20वां गालिब जयंती समारोह के आयोजन के सन्दर्भ में गुरुवार को नगर के एक होटल में संरक्षक विजय जैन की अध्यक्षता बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि 27 दिसम्बर को सायं 6:30 बजे से होटल अरिहंत कैम्पस में गालिब जयंती के उपलक्ष्य में मुशायरा, कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। मित्र मंच के अध्यक्ष विकास वर्मा ने बताया कि मुशायरा, कवि सम्मेलन में शायर प्रेम बरेलवी, खुमार देहलवी, मनमोहन मिश्रा, हसन सोनभद्री, अंश प्रताप सिंह, कासिफ अदीब, कौशिल्या चौहान, अनुपमा वीणा समेत अन्य कवि, शायर भाग लेंगे। इस मौके पर राधेश्याम बंका, उमेश जालान, दया सिंह, जेवी सिंह, अशोक श्रीवास्तव, रामप्रसाद यादव, विनोद चौबे, अदुलहई, फरीद अहमद, अरूण सिंह, संदीप चौरसिया, एकराम, राजेश सोनी, विमल जैन, अशोक विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

### क्रिसमस उत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग कार्यक्रम



**ओबरा।** स्थानीय सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस मनाया गया। समारोह का शुभारंभ प्रार्थना गीत से किया गया। समारोह में नृत्य, संगीत, नृत्य नाटिका आदि का प्रदर्शन कर बच्चों ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रभु येसु के जन्म की सुंदर झांकी भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। वहीं सांता क्लॉज मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। उसने उपहार बांटे और बच्चों का खूब मनोरंजन किया। अंत में मुख्य अतिथि फादर ज्ञान प्रकाश ने सभी में प्रेम, शांति और भाईचारा फैलाने का संदेश देते हुए क्रिसमस एवं नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या सिस्टर अमल रोज ने बच्चों को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दी। अंत में बच्चों का मुंह मीठा कराकर सभी को क्रिसमस पर्व की बधाई दिया गया।

# चकिया बार: शिवपूजन अध्यक्ष व रविंद्र पांडेय बने महामंत्री

**चुनाव संपन्न**

### बार एसोसिएशन के शेष पदों पर हुआ निर्विरोध निर्वाचन

जनसंदेश न्यूज


चकिया बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**चकिया।** बार सभागार में गुरुवार की सुबह गहमागहमी के बीच चकिया बार एसोसिएशन के नए सत्र के पदाधिकारियों के चयन के लिए वार्षिक चुनाव संपन्न हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता शिवपूजन सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नारायणदास यादव एकमत से पराजित कर अध्यक्ष पद की कुर्सी अपने नाम कर ली। वहीं महामंत्री पद पर रविंद्र पांडेय ने अपने प्रतिद्वंदी को 25 मतों से पराजित करते हुए महामंत्री पद पर निर्वाचित हुए इसके अलावा बार एसोसिएशन के अन्य पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए चकिया कोतवाली पुलिस के साथ-साथ एक प्लाटून पीएससी मुस्तैदी से डटी रही।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सरदार जंग बहादुर सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं के 223 मतों के सापेक्ष अध्यक्ष पद पर 3 प्रत्याशियों ने दावेदारी की थी। जिसमें शिवपूजन सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नारायण दास यादव को एक मत से पराजित कर दिया। शिवपूजन सिंह को कुल 110 नारायण दास को 109 और रामराज को 3 मत मिले थे। वही महामंत्री पद पर नामांकन करने वाले 3 प्रत्याशियों में रविंद्र प्रताप पांडेय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी लाल प्रताप सिंह को 25 मतों से पराजित कर महामंत्री निर्वाचित हुए। रविंद्र प्रताप पांडेय को 115 मत, लाल प्रताप सिंह को 85 और अखिलेश श्रीवास्तव को 21 मत मिले।

इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रवीण कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शाहनवाज खान, ऑडिटर पद पर विनोद कुमार श्रीवास्तव और संयुक्त मंत्री पद पर शशिकांत सहित कार्यकारिणी के 11 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद और तहसीलदार विकास धर दुबे चक्रमण करते रहे।

### नौगढ़ पहुंचकर डीएम ने धान खरीद का लिया जायजा

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन ने क्षेत्रीय सहकारी समिति नौगढ़ स्थित धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां चल रहे धान खरीद के विषय में पूछताछ कर जानकारी ली। मौके पर अपना धान विक्रय कर रहे किसान रजीउद्दीन खां से पूछताछ करने पर उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि क्रय केंद्र पर सहूलियत पूर्वक किसानों का धान खरीदा जा रहा है। क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि उक्त दिवस तक धान क्रय केंद्र (अ )और (ब) दोनों को मिलाकर अब तक 41 किसानों से कुल 1964 क्विंटल 80 किलो धान की खरीद की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्रय केंद्र पर पर्याप्त इलेक्ट्रिक कांटा, नमी मापक यंत्र, तिरपाल, बोरे आदि का प्रबंध सुनिश्चित रहे। मौके पर एकमात्र नमी मापक यंत्र पाए जाने पर जिलाधिकारी ने एक और नमी मापक यंत्र एवं अतिरिक्त बोरों का प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश क्रय केंद्र प्रभारी को दिए। उन्होंने कहा कि सहूलियत पूर्वक व पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों के धान की खरीद तेजी से किया जाए। धान खरीद में किसानों को कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर विधायक चकिया कैलाश खरवार, जिलाध्यक्ष भाजपा अभिमन्यु सिंह, उपजिलाधिकारी नौगढ़ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों पर न डाले मानसिक दबाव: रमेश जायसवाल

जनसंदेश न्यूज


कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल में नृत्य प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

**बबुरी।** कस्बे स्थित कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के 23वें वार्षिकोत्सव में विद्यालय के बच्चों ने अपने उम्दा प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस मौके पर विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि विद्यालय अध्यापकों की सेवा एवं समर्पण से ही पल्लवित व पुष्पित होते हैं। अभिभावकों से अपील किया कि बालक-बालिकाओं की रूचि एवं सामर्थ्य के अनुसार उन्हें शिक्षा प्रदान करें। उन पर किसी प्रकार मानसिक दबाव न डालें। पढ़ाई-लिखाई के साथ इस तरह के कार्यक्रम से उनका सर्वांगीण विकास होता है। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने स्वागत गीत, पंजाबी डांस, ग्रुप डांस, रावण वध, नाटक आदि एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मौजूद अभिभावकों का मन मोह लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य सोना जायसवाल, रवि जायसवाल, नारायण, सीमा जायसवाल, सुशील, सोनू केशरी, नीलम, प्रीति आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### किसान हित में चंदौली को बाण सागर परियोजना से जोड़ें: दर्शना सिंह


केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्रक देती।

**चंदौली।** राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने गुरुवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मिलीं। इस दौरान उन्होंने सिंचाई से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का जनपद चंदौली कृषि प्रधान जनपद है जिसे धान का कटोरा भी कहा जाता है चंदौली जनपद एक जिला एक उत्पाद में काले चावल के लिए चयनित है। भारत सरकार द्वारा जनपद चंदौली को आकांक्षी जिले के रूप में भी चयनित किया गया है, किंतु सिंचाई का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण धान की बुवाई में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चंदौली जनपद में सिंचाई हेतु पानी के समुचित प्रबंधन के लिए बाणसागर परियोजना में चंदौली को शामिल किया जाना किसानों के हित में अति आवश्यक है। जनपद चंदौली में धान की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है किसानों को सिंचाई हेतु केवल नारायणपुर पंप कैनाल से पानी की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है, लेकिन अगर बाणसागर परियोजना द्वारा संचालित नहर को जरगो बांध से मूसाखाड बांध नौगढ़ चंदौली से जोड़ दिया जाए तो लतीफशाह बैराज से कर्मनाशा लेफ्ट नहर के माध्यम से पूरे चंदौली को लाभ मिलेगा।

### ईसीआरकेयू प्लांट डिपो के त्रिवार्षिक चुनाव हेतु तैयारी तेज

**डीडीयू नगर।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन प्लांट डिपो शाखा का त्रिवार्षिक चुनाव का बिगुल बज चुका हूं। 27 दिसम्बर को मतदान होगा एवं 28 नवम्बर मतगणना की जाएगी। चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव द्वारा केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मिथिलेश कुमार एवं केंद्रीय संगठन मंत्री बीबी पासवान को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। मतदान के लिए प्रशासनिक कार्यालय के सभाकक्ष में एक बूथ, ब्रिज ट्रेनिंग स्कूल में एक बूथ एवं यंत्रशाला अनुभाग में एक बूथ, कुल तीन बूथ बनाए जाएंगे। मतदान शांतिपूर्ण कराने के लिए बूथ पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। चुनाव में दो ग्रुप मैदान में हैं। दोनों ग्रुप से ग्रुप लीडर सुल्तान अहमद को चुनाव चिन्ह सीढ़ी एवं शंकर प्रसाद को चुनाव चिन्ह गुलाब का फूल आवंटित किया गया है। सुल्तान अहमद चुनाव चिन्ह सीढ़ी के ग्रुप में अध्यक्ष पद पर एसपी सिंह व दूसरी ओर शंकर प्रसाद चुनाव चिन्ह गुलाब के फूल ग्रुप से अध्यक्ष पद पर रौशन कुमार हैं। प्रत्याशियों द्वारा लोगों को अपने अपने पक्ष में समर्थन देने की बात कहीं जा रही है।

### शटर तोड़कर 100 बोरी उर्वरक चुरा ले गए चोर

**कंदवा।** क्षेत्र के रामपुर गांव में बुधवार की रात एक उर्वरक की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा करीब सौ बोरी डीएपी चोरी कर लिया गया। चोरी की जानकारी होने पर भुक्तभोगी द्वारा सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर जल्द ही चोरी के खुलासा का आश्वासन दिया गया। बताते हैं कि रामपुर गांव निवासी मनान अंसारी का गांव से बाहर मार्ग के किनारे रियांश खाद भंडार के नाम से उर्वरक की दुकान है। भुक्तभोगी के अनुसार बुधवार की शाम जब वह दुकान बंद कर कुछ दूर स्थित घर पर रात्रि विश्राम के लिए चला गया, तभी रात्रि मे अज्ञात चोरों द्वारा दुकान का शटर तोड़कर दुकान से 100 बोरी डीएपी व कुर्सी चोरी कर लिया गया। सुबह दुकान पर पहुंचने पर शटर टूटा देख दुकान स्वामी दंग रह गया। सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मौका मुआयना कर आगे की कार्यवाही में जुट गयी। इस संबंध मे रामपुर पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज पांडेय का कहना है कि चोरी की जानकारी हुई है मामले की छानबीन की जा रही है।

### ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार घायल

**कंदवा।** सैयदराजा-जमानियां मार्ग पर बुधवार की देर शाम जेवरियाबाद गांव के पास ट्रैक्टर से धक्का लग जाने के कारण बाइक सवार आलोक सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों द्वारा निजी साधन से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार आलोक सिंह पुत्र मित्तल सिंह निवासी जेवरियाबाद बाइक से बाजार से आ रहा था तभी सैयदराजा-जमानियां मार्ग पर जेवरियाबाद गांव स्थित शिव मंदिर के पास विपरित दिशा से जा रही धान लदी ट्रैक्टर से धक्का लग गया। टक्कर के बाद जहां बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं बाइक सवार भी गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीण इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।बताया जा रहा है कि युवक को सिर व सीने मे गंभीर चोट आई है स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### चौधरी चरण सिंह को किया याद

**नियामताबाद।** अलीनगर स्थित जानकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई। विद्यालय के संस्थापक इंद्रजीत शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह किसानों के हमदर्द व किसानों के मसीहा थे। चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मयार्दा में ही जिया। जमीदारी उन्मूलन सहित उत्तर प्रदेश में उनके मुख्यमंत्री काल में जन उपयोगी कार्यों की चर्चा की गई। कार्यक्रम में हरबंस सिंह, बैजनाथ यादव, शिवराम सिंह चौहान, यशवंत चौधरी, समीम मिल्की, केदार यादव, क्यामुद्दीन अंसारी, लक्ष्मण चौहान, महेंद्र यादव एडवोकेट, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### फसल नुकसान कर रहे पशुओं को बाउंड्री में किया बन्द

**टांडाकला।** क्षेत्र के टाण्डाकला (नाथूपुर) में किसानों के फसल को बर्बाद कर रहे दो दर्जन से अधिक छुट्टा पशुओं को ग्रामीणों ने बाउंड्री में बंद कर दिया। ग्रामीणों द्वारा पहले भी अधिकारियों को कई बार सूचना दिया था। ठंड में पशु ठिठुर रहे है। टाण्डाकला (नाथूपुर) में किसानों का फसल छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारीयो से किया था। कई बार शिकायत के बाद भी न सुनवाई होने पर ग्रामीणों ने आजिज आकर गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने 25 पशुओं को पकड़कर बाउंड्री में बन्द कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हमलोगों का फसल ये छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे है। फसल उगाने के लिए मेहनत व रुपया दोनो बर्बाद हो रहा है। जब फसल तैयार हो रहा है तो ये छुट्टा पशु झुंड बनाकर बर्बाद कर दे रहे है।

# डीएम के निर्देश व निरीक्षण के बाद साफ हुआ पोखरा

**पहल**

### पोखरे में गंदा पानी बहाने वालों के खिलाफ नोटिस जारी कर रहा नगर पंचायत


नगर पंचायत कार्यालय के सामने पोखरे में चल रहा सफाई कार्य।

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन के निर्देश व निरीक्षण का असर नगर पंचायत के समक्ष स्थित पोखरे के पास दिखने लगा है। नगर पंचायत ने डीएम के निर्देश को गंभीरता के साथ संज्ञान में लिया है। युद्ध स्तर पर पोखरे की साफ-सफाई कराई जा रही है। साथ ही नगर पंचायत पोखरे पर नाबदान का पानी बहाने वाले पांच लोगों को चिह्नित कर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।

ईओ चंदौली के दावे की माने तो निरीक्षण कर इसकी पुष्टि की जाएगी कि कितने घरों का गंदा पानी पोखरे में बहाया जा रहा है। संख्या बढ़ने पर सभी के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। विदित हो कि गत दिनों जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कार्यालय के पास बने रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया था। उस दरम्यान उनकी नजर सामने स्थित पोखरे पर पड़ी। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण में पाया कि पोखरा गंदगी की चपेट में है। साथ ही पोखरे में आसपास के घरों का नाबदान का पानी गिराया जा रहा है, जिससे पोखरे का पानी प्रदूषित हो रहा है। इसे संज्ञान में लेते हुए उन्होंने चंदौली नगर पंचायत को इस बाबत निर्देश दिया कि तत्काल पोखरे की साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही जिन घरों का गंदा पानी पोखरे में गिराया जा रहा है उनके खिलाफ नोटिस जारी कर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि पोखरों को गंदा करने से लोग बाज आएं। डीएम के फरमान के बाद नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया और पोखरे की साफ-सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया। गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष पोखरे की साफ-सफाई कराने की प्रक्रिया गतिमान मिली। साथ ही ईओ शिव कुमार ने बताया कि पोखरे में नाबदान का पानी गिराने वाले पांच लोगों के खिलाफ नोटिस जारी कर उनकी कार्यवाही की जाएगी। पोखरे को गंदा करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# बिछियां में मनाया गया चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन


बिछियां कला में चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाते किसान।

**चंदौली।** क्षेत्र के बिछियां कला स्थित राष्ट्रीय कृषक दल के कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री किसान नेता चौधरी चरण सिंह का 121वां जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कृषक दल के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हित में जो काम किया है वह सदैव याद किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह ने गांव और किसान के लिए जो कार्य किया इतिहास में अंकित है। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष समीर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जब मुख्यमंत्री थे वे किसान बनकर थाने में चले गए और पूरे प्रदेश में थानों में किसानों का सम्मान होने लगा। इस अवसर पर इंद्रजीत शर्मा, केके यादव, आरती यादव, वीर बहादुर मौर्या, लक्ष्मण चौहान, सुशील यादव, केदार यादव, अमरनाथ यादव, मदन यादव आदि ने विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता शिवराज सिंह चौहान व संचालन लक्ष्मण चौहान ने किया।

# पुलिस ने मारपीट के आरोपी पिता पुत्र को भेजा जेल


बलुआ पुलिस के हिरासत में पिता-पुत्र।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के कैथी गांव में विगत चार दिन पूर्व एक पक्ष द्वारा गांव के दो लोगों पर हमला करने के आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने दोनों को मुखबिर की सूचना पर मजीदहा तिराहे से गिरफ्तार किया है। बताते हैं कि कैथी गांव में शकलु तिवारी व मुकेश तिवारी के बीच वर्षों से जमीन का विवाद चला आ रहा था। इसे लेकर पहले भी मारपीट हो चुकी थी। 19 दिसम्बर को पुनः मारपीट हो गयी। जिसमें एक पक्ष के 45 वर्षीय मुकेश तिवारी व 26 वर्षीय सोनू तिवारी बुरी तरह से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। जिसमें मुकेश की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। ट्रामा सेंटर में डॉक्टरों द्वारा जवाब देने पर वाराणसी स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आज भी जिंदगी मौत के बीच मुकेश तिवारी जूझ रहा है। जानलेवा हमला करने के बाद पिता पुत्र फरार चल रहे थे। बुधवार की शाम को मुखबिर की सूचना पर पिता शकलु तिवारी व पुत्र उज्वल तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। हमला करने में प्रयुक्त बेसबॉल डंडा को दुकान से बरामद किया। बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि चन्दौली से मुकेश व सोनू घर जा रहे थे। रास्ते में घेरकर आरोपियों ने उनपर जानलेवा हमला किये है।

### लैंगिक असमानता व महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**डीडीयू नगर।** नगर पालिका इंटर कॉलेज की ओर से गुरुवार को लैंगिक असमानता एवं महिला सुरक्षा से संबंधित जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली को प्रधानाचार्य डा.महेंद्र कुमार पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली नगर के काली महाल चौराहा से लेकर गल्ला मंडी चौराहा पर पहुंची वहां से वापस जीटी रोड होते हुए स्कूल परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में छात्र-छात्राएं लैंगिक असमानता बंद करो, महिलाओं का सम्मान करो व लड़का लड़की एक समान जैसे नारे लगा रहे थे। इसके बाद विद्यालय में उक्त विषय के संदर्भ में एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने बच्चों को महिला सुरक्षा एवं लैंगिक असमानता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि आज के परिवेश में लैंगिक असमानता का कोई मतलब नहीं रह गया है। महिला पुरुष सभी एक हैं लड़का लड़की के नाम पर किसी को भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। वक्ताओं में मोहम्मद फिरोज खान, अरुण कुमार, योगेश सिंह, मयंक मोहन सिंह, रवि शेखर शर्मा, डा. सोनी सिंह, दिनेश कुमार, शैलेंद्र कुमार पटेल आदि ने अपने विचार रखे। संचालन डा.अशोक त्रिपाठी व अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा. महेंद्रनाथ पांडेय ने किया।

# नाले की सफाई के बाद मलबे को सड़क पर छोड़ा

**अनदेखी**

### दुर्गंध व गंदगी से पटरी व्यापारी व राहगीरों को परेशानी


नाले से निकाले गए मलबे से होकर सब्जी खरीदने जाते लोग।

**चंदौली।** नगर के सर्विस रोड किनारे इन दिनों नारकीय स्थिति कायम है। सर्विस रोड से सटे नाले की साफ-सफाई से निकले सिल्ट को सड़क किनारे पटरियों पर छोड़ दिया गया है, जिससे उठती दुर्गंध व कीचड़ से लोगों का जीना दूभर हो गया। वहीं जगह-जगह सफाई के नाम पर नाले के उपरी हिस्से को तोड़कर मलबे को वहीं छोड़ दिया गया। इससे न केवल सब्जी मंडी के दुकानदारों को दिक्कत हो रही है, बल्कि कचहरी पुलिया के समक्ष सर्विस रोड पर नाबदान का पानी है। इसे लेकर राहगीरों, व्यापारियों व स्थानी लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। विदित हो कि गत दिनों कचहरी पुलिया के पास सर्विस रोड पर नाबदान का पानी जमा होने लगा। जिसे देखते हुए नाले की सफाई का कार्य हाइवे प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। अटल सेतू से लगायत चंदौली कचहरी तक जगह-जगह नाले के कवर को तोड़ व उस पर लगी पटिया को हटाकर उसमें जमा सील्ट को सड़क किनारे निकालकर छोड़ दिया गया है, जिससे कीचड़ व दुर्गंध के कारण आसपास के दुकानदारों व खरीदारों को परेशानी हो रही है। वहीं कुछ स्थानों पर ड्रेन का ऊपरी हिस्सा तोड़ दिए जाने से चौबीसों घंटे दुर्गंध उठ रही है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। सबसे अधिक दिक्कत सब्जी मंडी में देखने को मिल रही है। जहां लोग नाले से निकाले गए मलबे के बीच से होकर सब्जी आदि खरीदने को विवश हैं। दुकानदारों का कहना है कि सफाई के बाद हाइवे प्राधिकरण को मलबा हटा लेना चाहिए था, लेकिन इस कार्य में लापरवाही से नारकीय स्थिति कायम हो गयी है। जिसका खामियाजा सबसे अधिक पटरी व्यापारी व स्थानीय लोग भुगत रहे हैं। व्यापारियों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समुचित साफ-सफाई कराने व ड्रेन को ढके जाने की आवश्यकता जताई है।

# टीएलएम के माध्यम से बच्चों को दें रुचिपूर्ण शिक्षा: कुंवर बीपी सिंह

जनसंदेश न्यूज


गोरारी संकुल की बैठक का आगाज करते कुंवर बीपी सिंह।

**चंदौली।** सदर ब्लाक क्षेत्र के न्याय पंचायत गोरारी के शिक्षक संकुल बैठक गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय हथियानी पर हुआ। इसका शुभारंभ प्रधानाध्यापक कुंवर बीपी सिंह मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ किया। इसके बाद शिक्षकों ने निपुण भारत के तहत बच्चों को कम समय में तीव्र गति से सीखने की क्षमता विकसित करने पर विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान प्रधानाध्यापक कुंवर बीपी सिंह ने बताया कि बच्चे तेजी से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे हासिल करें। इस पर मंथन करने की जरूरत है। कक्षाओं में कमजोर बच्चों पर शिक्षकों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है जिनको शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई आ रही है। बहुत से बच्चे ऐसे हैं जिन्हें अक्षर व मात्रा की पहचान में दिक्कत होती है, लेकिन वह शिक्षकों से अपनी समस्या बता नहीं पाते। बच्चों की छोटी-छोटी समस्या को भी शिक्षकों को संज्ञान में लेना होगा। कहा कि टीएलएम के जरिए बच्चों को रोचकपूर्ण शिक्षा देने पर फोकस करना होगा, ताकि बच्चों का मन पढ़ाई में लगे और वे शिक्षा हासिल करने के प्रति रूचि दिखाएं। इस अवसर पर रामाज्ञा तिवारी, अजय शर्मा, अजीत कुमार सिंह, रवी मिश्रा, दीपा, रोहित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### कांशीराम आवास मामले में रिटायर्ड एडीएम ने किया सरेंडर

**चंदौली।** कांशीराम शहरी आवास आवंटन में हुए घोटाले में कार्यवाही गतिमान है। इस कड़ी में गुरुवार को तत्कालीन तहसीलदार रहे रिटायर्ड एडीएम शीतला प्रसाद ने कोर्ट में सरेंडर किया, जबकि एक अन्य आरोपी तत्कालीन सभासद प्रतिनिधि सगीर अहमद को सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। बता दें कि इससे पहले एसडीएम सुनील कुमार बरनवाल, ईओ राजेन्द्र प्रसाद समेत अन्य आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके है। दरअसल इस आवास आवंटन में हुए घोटाले को लेकर वादी चंद्र मोहन सिंह ने लंबी लड़ाई लड़ी। इसमें मामले दाखिल किए गए पीआईएल को संज्ञान लेते हुए हाइकोर्ट कार्रवाई का आश्वासन दिया था। जिसके बाद पूर्व में तैनात जनपद में उच्चाधिकारी पुलिसिया कार्रवाई की जद में आ गए। शीतला प्रसाद आवास आवंटन के वक्त सदर तहसीलदार के पद पर तैनात थे, जो बाद एसडीएम सदर बने फिर बलिया एसडीएम के पद उनका ट्रांसफर हुआ, जो की फिरोजाबाद से एडीएम के पद से रिटायर हुए, वहीं सगीर अहमद सैयदराजा नगर के वार्ड नम्बर 13 इन्दिरा नगर के तत्कालीन सभासद प्रतिनिधि रहे है।

# चोरों ने आढ़त में सेंधमारी कर उड़ाया 36 बोरा अनाज


दूदे गांव स्थित आढ़त में चोरों द्वारा की गई सेंधमारी।

**बबुरी।** बबुरी पुलिस को हौसला बुलंद चोरों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चुनौती दी है। अभी क्षेत्र के दूदे गांव स्थित परी माता मंदिर से हुई मुकुट की चोरी, लेवा गांव से हुई चार लाख के उचक्का गिरी की खबरों का खुलासा हुआ भी नहीं था कि चोरों ने बुधवार की रात क्षेत्र के गौडिहार गांव में एक गल्ले की दुकान में दो जगह सेंध लगाकर 36 बोरी अनाज पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार बबुरी गांव निवासी बबलू केशरी की गौडिहार गांव स्थित गौडिहार-अकोढवा मार्ग पर अनाज की आढत है। प्रतिदिन की भांति बुधवार को दुकानदार बबलू शाम के बाद दुकान पर ताला लगा कर घर चला आया। इसी बीच देर रात कुछ अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे पहुंचकर सेंध लगा कर गेहूं और चावल से भरी 36 बोरी अनाज पर हाथ साफ कर दिया। ग्रामीणों द्वारा सुबह होने पर चोरी की जानकारी दुकानदार को मिली जिस पर दुकानदार के होश उड़ गए। आनन-फानन में दुकानदार दुकान पहुंच गया तथा घटना की जानकारी बबुरी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके का मुआयना करके आगे की कार्यवाही में जुट गयी। दुकानदार बबलू केशरी के मुताबिक घटना में दुकान के पीछे दीवार में सेंध लगाकर चावल व गेहूं के 36 बोरी चोर चुरा ले गए। गौरतलब है कि क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस द्वारा मामलों को दबा दिया जा रहा है। आलम यह है कि जनता में चोरों का खौफ समाया हुआ है। लोगों का कहना है कि अभी ठंड की ढंग से शुरूआत भी नहीं हुई कि चोरों ने घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया।

# स्पोर्ट्स

### अस्पताल में भर्ती दिग्गज फुटबॉलर पेले का स्वास्थ्य बिगड़ा

**साओ पाउलो।** कैंसर और सांस संबंधी परेशानियों के कारण अस्पताल में भर्ती दिग्गज फुटबॉलर पेले का स्वास्थ्य बिगड़ गया है और चिकित्सकों के अनुसार उनका कैंसर बढ़ गया है तथा उनके हृदय और गुर्दे भी प्रभावित हो गए हैं। साओ पाउलो के अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ने बुधवार को यह जानकारी दी। पेले के नाम से मशहूर एडसन अरांतेस डो नेसिमेंटो पिछले कुछ समय से कैंसर से जूझ रहे हैं और सितंबर 2021 में उनकी आंत के ट्यूमर को हटाने के लिए ऑपरेशन किया गया था। अस्पताल या उनके परिवार में से किसी ने यह जानकारी नहीं दी कि क्या इससे उनके अन्य अंग भी प्रभावित हुए हैं या नहीं। पेले की पुत्री केली नेसिमेंटो ने कहा कि यह महान फुटबॉलर क्रिसमस के दौरान अस्पताल में ही रहेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट में लिखा, हमने चिकित्सकों के साथ मिलकर फैसला किया है कि उन्हें अस्पताल में ही रखना उचित होगा।



# बांग्लादेश 227 रन पर सिमटी, उमेश-अश्विन ने झटके 4-4 विकेट

## मोमिनुल के अर्धशतक से बांग्लादेश ने पहली पारी में बनाये 227 रन

**मीरपुर।** मोमिनुल हक के अर्धशतक से बांग्लादेश ने यहां भारत के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में अपनी पहली पारी में 227 रन बनाये। भारत की ओर से तेज गेंदबाज उमेश यादव और स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चार-चार विकेट लिए। वहीं भारतीय टीम ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक बिना किसी नुकसान के 19 रन बना लिए थे। बांग्लादेश ने आज सुबह टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी शुरू की पर मोमिनुल के अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाया। मोमिनुल ने 157 गेंदों पर 84 रन बनाए जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल है। भारत की तरफ से उमेश ने 25 रन देकर चार ओर अश्विन ने भी 71 रन देकर इतने ही विकेट लिए। वहीं 12 साल बाद टेस्ट में वापसी करने वाले



जयदेव उनादकट ने 50 रन देकर दो विकेट अपने नाम किये। बांग्लादेश की टीम ने अंतिम पांच विकेट 14 रन के अंदर ही खो दिये। वहीं भारतीय टीम की शुरूआत कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल ने की। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय राहुल 30 गेंदों पर तीन रन बनाकर खेल रहे थे जबकि शुभमन गिल ने 20 गेंदों पर नाबाद 14 रन बनाए। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में विकेट लिए। बांग्लादेश के बल्लेबाज लंबी साझेदारी नहीं बना पाये। बांग्लादेश ने लंच तक दो विकेट के नुकसान पर 82 रन बनाए जबकि दूसरे सत्र में उसने तीन विकेट खोए और इस बीच 102 रन बनाये। 12 साल बाद वापसी कर रहे उनादकट ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों पर दबावा बनाये रखा। पहले टेस्ट मैच में शतक लगाने वाले जाकिर हसन 15 के बाद उन्होंने मुशफिकुर रहीम 26 को आउट किया।

भारत की ओर से गेंदबाजी की शुरूआत मोहम्मद सिराज और उमेश ने की। इसके बाद बदलाव के तौर पर उनादकट को गेंद मिली। इस तेज गेंदबाज ने शंटो और जाकिर दोनों को अपनी अंदर आती गेंदों से परेशान किया। बांग्लादेश की दूसरे सत्र में शुरूआत अच्छी नहीं रही तथा कप्तान शाकिब16 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। लिटन दास ने 25 रन बनाये। इस दौरान उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाया। उमेश ने तीसरे सत्र में मेहदी हसन मिराज 15 और फिर नुरूल हसन को 6 रनों पर ही पगबाधा आउट किया।

### रोहित की जगह टी20 और एकदिवसीय के कप्तान बन सकते हैं हार्दिक पंड्या



**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा को हटाकर उनकी जगह पर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को टी20 और एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। रोहित पिछले हुछ समय से फिटनेस ओर खराब फार्म की समस्या से जूझ रहे हैं। वह उंगुली में चोट लगने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय से बाहर हो गये थे। एशिया कप और टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद से ही रोहित की जगह पंड्या को कप्तान बनाये जाने की मांग होने लगी थी। रोहित पिछले काफी समय से रन नहीं बना पाये हैं जिसका कारण यह माना जा रहा है कि उनपर कप्तानी के कारण दबाव आया है। वहीं पंड्या ने टीम में वापसी के बाद से ही शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी नेतृत्व क्षमता भी बेहतर नजर आयी है। इसके साथ ही उनका तालमेल भी साथी खिलाड़ियों से अच्छा है। उम्र भी उनके पक्ष में है। वह अभी 29 साल के हैं और उनके पास चार से पांच साल का समय है जबकि रोहित की उम्र 32 साल हो गयी है और उनके पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अधिक समय नहीं बचा है। ऐसे में इस ऑलराउंडर को टी20 के अलावा एकदिवसीय टीम की कप्तानी देने पर भी चर्चा हो रही है क्योंकि अगले साल एकदिवसीय विश्वकप भी होना है। वहीं मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार इस बारे में बोर्ड ने पंड्या से बात भी की है। अगले कुछ दिनों में इस पर फैसला भी हो सकता है।

### धोनी को कप्तान बनाने की सिफारिश इसलिए की थी : सचिन तेन्दुलकर



**मुम्बई।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने एक कार्यक्रम में यह बताया कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से महेंद्र सिंह धोनी को कप्तान बनाने को क्यों कहा था। सचिन का धोनी पर भरोसा सही साबित भी हुआ। धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान बने। उन्होंने साल 2007 से साल 2017 तक भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए उसे विश्वकप सहित सभी खिताब जिताये। धोनी विश्व के एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने खेल के सभी प्रारुपों में आईसीसी ट्रॉफी जीती है। धोनी ने साल 2007 में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी और अपने करियर में दो बार आईसीसी टेस्ट गदा हासिल की थी। साल 2011 में उन्होंने भारत को विश्वकप में जीत दिलायी। सचिन ने कहा कि उन्होंने बीसीसीआई से धोनी को टीम का कप्तान बनाने का इसलिए आग्रह किया था क्योंकि धोनी तब 26 साल के युवा थे। तेंदुलकर ने कहा हम इंग्लैंड में थे जब मुझे कप्तानी की पेशकश की गई थी। तब मैंने कहा कि हमारे पास टीम में एक बहुत अच्छा लीडर है जो अभी भी जूनियर था और वह ऐसा व्यक्ति है जिसे आपको करीब से देखना चाहिए। सचिन ने कहा मैंने उसके साथ बहुत सारी बातचीत की है विशेष रूप से मैदान पर जहां मैं पहली स्लिप में फील्डिंग करता हूं। मैंने उससे पूछा कप्तानी को लेकर आप क्या सोचते हैं? मैंने धोनी से पूछा जबकि कप्तान राहुल द्रविड़ थे पर मुझे जो प्रतिक्रिया मिली वह बहुत संतुलित शांत और बहुत परिपक्व थी।

# फीफा विश्व कप जीतकर भी फुटबॉल का 'किंग' नहीं बना अर्जेंटीना

## रैंकिंग में ब्राजील शीर्ष पर बरकरार

**ज्यूरिख।** विश्व कप में खिताब जीत के बावजूद अर्जेंटीना गुरुवार को जारी फीफा विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया जबकि ब्राजील की टीम अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखने में सफल रही। कतर में हाल में संपन्न विश्व कप में ब्राजील को क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी लेकिन हाल के वर्षों के नतीजों से उसने इतने अंक जुटा लुए थे जो उसे रैंकिंग में शीर्ष पर रखने के लिए पर्याप्त थे। अर्जेंटीना की टीम नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर है।

फाइनल में अर्जेंटीना के हाथों शिकस्त झेलने वाले फ्रांस भी एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेल्जियम की टीम दो स्थान के नुकसान से चौथे पायदान पर




खिसक गई है। कतर में टीम इस एक मैच जीतने में सफल रही थी और ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी। क्वार्टर फाइनल में शिकस्त झेलने वाले इंग्लैंड और नीदरलैंड क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर हैं। विश्व कप में तीसरे स्थान पर रही क्रोएशिया की टीम पांच स्थान के फायदे से सातवें नंबर पर पहुंच गई है।

विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बावजूद यूरोपीय चैंपियन इटली आठवें स्थान पर है। मोरक्को की टीम 11वें स्थान के साथ शीर्ष अफ्रीका की टीम है। उसे 11 स्थान का फायदा हुआ है। एशियाई परिसंघ की टीम में जापान 20वें स्थान के साथ शीर्ष टीम है और उसे नवीनतम रैंकिंग में चार स्थान का फायदा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया की टीम 11 स्थान के फायदे से 27वें नंबर पर पहुंच गई है। दोनों टीम विश्व कप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

## बॉलीवुड न्यूज

### फिल्म 'रक्षाबंधन' के वर्ल्ड टीवी प्रीमियर का होगा जश्न



**इंदौर।** एक परिवार से ज्यादा मजबूत बंधन और कोई नहीं होता, और 'रक्षाबंधन' एक ऐसी फिल्म है, जो इस यकीन की सच्ची मिसाल है। जहां हम साल 2022 को अलविदा कहने जा रहे हैं, वहीं जी सिनेमा 'रक्षाबंधन' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ आपके लिए घर का वो अपनापन लेकर आ रहा है। यह फिल्म रोज के पारिवारिक रिश्तों के ताने-बाने के साथ सभी में जज्बात जगाती है, और यही खूबी इस ड्रामा में वो एहसास लाती है, जिसमें सबके साथ होने की सच्ची उमंग है। तो इस शनिवार 24 दिसंबर को रात 8 बजे रक्षाबंधन के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में अब परिवार के अटूट प्यार की कहानी, देखिए पूरे परिवार के साथ। लाला केदारनाथ के रोल में अक्षय कुमार ने एक बड़े भाई की गंभीरता को बखूबी सामने लाया है, जिनके साथ भूमि पेडणेकर, सादिया खतीब, दीपिका खन्ना, स्मृति श्रीकांत और सहजमीन कौर समेत अन्य कलाकारों ने भी अपने किरदारों में दमदार परफॉर्मेंस दी है। जी सिनेमा ऐसी बढ़िया फिल्में दिखाने के लिए जाना जाता है, जिनमें पारिवारिक मूल्यों की झलक होती है और रक्षाबंधन ऐसी ही एक पेशकश है। इस फिल्म को अनोखे और दिलचस्प अंदाज में प्रमोट करने के लिए इसे देश भर में अलग-अलग शोज करके लोगों को दिखाया गया और इस पर उनकी असली प्रतिक्रियाएं ली गई थीं। इस फिल्म को लेकर सबकी प्रतिक्रियाएं बेहद खुशगवार थीं। इस फिल्म ने उनको हंसाया, रुलाया, सोचने पर मजबूर कर दिया और अंत में उन सभी ने हमें बताया कि क्यों यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए!

# बहेरी में संदिग्ध परिस्थितियों में भाई बहन की मौत, हड़कंप

**कमालपुर।** धीना थाना क्षेत्र के बहेरी गांव में पोल्ट्री फार्म पर जूही तिवारी 26 वर्षीय विवाहिता व उसके भाई सत्यम उपाध्याय 20 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। बताते हैं कि जूही तिवारी अपने ससुराल बहेरी में अपने भाई के संग पोल्ट्री फार्म पर चारा डालने गुरुवार की सुबह पांच बजे गए थे। पोल्ट्री फार्म गांव से सात सौ मीटर दूर खेत में बना है। नित्य की भांति गुरुवार की सुबह को भाई-बहन दोनों मुर्गे को चारा डालने के लिए गए थे। पोल्टी फार्म में अंधेरा था। रोशनी के लिए सत्यम इन्वर्टर का पलक लगाने गया, तब तक इन्वर्टर में प्रवाहित विद्युत करेंट की चपेट में आने से वह इन्वर्टर से सट गया। यह देख बहन जूही ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया। दोनों की मौत



अभी भी संदिग्ध है लोग करेंट से दोनों की मौत की चर्चा करते हुए सुने गए। घटना के बाद विवाहिता जूही के पति सियाराम तिवारी ने सुबह जब पत्नी को फोन किया और उसका फोन नही उठा तो उसने अपने साले को फोन किया। पत्नी व साले से बात नहीं होने के कारण उसने अपने घर के मोबाइल नंबर पर फोन किया और अपनी सात वर्षीय पुत्री आरोही से बात की और मां से बात कराने के लिए कहा। इसके बाद जब आरोही अपने भाई पांच वर्षीय सिद्धार्थ के साथ पोल्टी फार्म पर गयी तो देखा कि मां और मामा दोनों जमीन पर पड़े हुए थे। इसके बाद आरोही ने फोन कर पिता को घटना की जानकारी दी। थोड़ी ही देर में घटना की जानकारी पूरे गांव में आग की तरह फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी।

# तलवार से कहीं अधिक है कलम की धारः रमेश जायसवाल

**डीडीयू नगर।** पत्रकार समाज का दर्पण होता है। लोकतंत्र के चौथा स्तंभ ने देश के विकास व पुनर्निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पत्रकार समय की परवाह न करते दिन-रात अपनी लेखनी के माध्यम से लोगों को सूचनाएं उपलब्ध कराते रहते हैं। उक्त बातें विधायक रमेश जायसवाल ने गुरुवार को अपने आवास पर भवन निर्माण के लिए पत्र प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान कही। इस दौरान विधायक ने कहा कि कलम की ताकत तलवार से भी बड़ी होती है। कलम एक ऐसी चाभी है जिससे सभी ताले खोले जा सकते हैं। ऐसे में पत्रकार साथियों के समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। कहा कि पत्रकार भवन निर्माण के लिए हर संभव प्रयास होगा। विधायक ने तत्काल ही नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी कृष्ण चंद्र को मोबाइल पर वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पत्रकार भवन निर्माण समिति का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को विधायक रमेश जायसवाल से मिलकर नगर में पत्रकार भवन निर्माण के लिए एक पत्रक सौंपा। पत्रकारों ने विधायक को अवगत कराया कि मुगलसराय को जनपद की हृदयस्थली भी कहा जाता है। वहां



पर अभी तक पत्रकारों को बैठने, चर्चा व गोष्ठी कार्यक्रम के लिए कोई स्थाई भवन नहीं है। मांग किया कि शीघ्र ही नगर में स्थान चिह्नित कर पत्रकार भवन के लिए आवंटित कराया जाय, जिससे कि पत्रकारों को अपने किसी कार्यक्रम, समारोह व पत्रकार वार्ता के लिए कहीं अन्य ना जाना पड़े। प्रतिनिधीमंडल में करूणा पति तिवारी, एखलाक अहमद, अखिलेश श्रीवास्तव, निजाम बाबू, रामकृष्ण तिवारी, रमेश यादव, बिरला शंकर सिंह, राजन सिंह, संदीप कुमार, रंधा सिंह चौहान, दीपक कुमार, सुनील यादव आशाराम यादव, धर्मेंद्र कुमार, धर्मेंद्र प्रजापति आदि लोग शामिल रहे।

## संक्षेप

### बीआरसी पर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने लिया शपथ

**नियामताबाद।** बीआरसी नियमताबाद के प्रांगण में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई नियमताबाद कार्यकारिणी समिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण लेने वालों में अध्यक्ष प्रवीण कुमार कुशवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश नारायण सिंह, उपाध्यक्ष राकेश कुशवाहा, ज्योति भूषण लाल, आनंद कुमार चतुवेर्दी राम सिंह यादव, प्रवीणा, ब्लॉक मंत्री रामाश्रय आर्य, संयुक्त मंत्री सुखराम शर्मा, संगठन मंत्री काशीनाथ सिंह यादव, संजय कुमार सिंह, दीपक शर्मा, सुशील तिवारी,सुषमा शर्मा प्रचार मंत्री आलोक मोहन सिंह, पद्मिनी, अल्पिका जायसवाल, चंद्रभान,कोषाध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव अकाउंटेंट मोहम्मद अशरफ ऑडिटर संदीप कुमार सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में गोविंद तिवारी, शिवधनी यादव, लल्लन राम, अवध, आशा यादव, अर्जुन राम, प्रेम प्रकाश त्यागी, मीनाक्षी, सुरेश सिंह, बृजकिशोर, शिवानी वर्मा, आभा सिंह, पूजा गुप्ता आदि अध्यापक उपस्थित रहे। संचालन सुरेश चंद्र यादव व अध्यक्षता डा. देवेंद्र प्रताप यादव ने किया।

### डीडीयू जंक्शन पर शराब संग युवक गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** रेलवे स्टेशन सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी के मद्देनजर अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह डीडीयू के निर्देशन में जीआरपी डीडीयू, आरपीएफ डीडीयू द्वारा प्लेटफार्म संख्या 1/2 के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया गया। पकड़ा गया युवक मोहम्मद शाहनवाज बताया जाता है जिसके पास से पुलिस ने 48 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक ने बताया कि शराब को ट्रेनों के माध्यम से बिहार प्रांत ले जाकर तस्करी की जाती थी। गिरफ्तार युवक पर पुलिस संबंधित द्वारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### गरीबों के पास आज भी नहीं है दो गज जमीन

**चंदौली।** भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह नौटियाल के निर्देश पर गुरुवार को संविधान बचाओ यात्रा के तहत सभा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं सरकार से संविधान को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की गई। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संविधान के रहते अन्याय व अत्याचार के ग्राफ में सदैव वृद्धि होती जा रही है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा क्यों ना हो यह जो लागू करने वाले लोग अच्छे नहीं हैं तो संविधान संविधान अच्छा नहीं होगा। आज भी 52 प्रतिश के लोग 2 गज की जमीन नहीं है। इसकी व्यवस्था सरकार संवैधानिक तरीके से करें। इस दौरान सम्यक महाराज, अंबिका सुमन, गोविंद सेन, सोहन भारती, अरविंद सैनी आदि उपस्थित रहे।

### बालू उतारते समय मजदूर को सिर में लगी चोट

**शहाबगंज।** क्षेत्र के सेमरा गांव के पास स्थित विपणन शाखा केंद्र के पास गुरुवार की दोपहर में बालू गिराने आये ट्रक का डाला गिरने से मजदूर के सिर में चोट लग गयी। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चोट गंभीर देख चिकित्सकों ने इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सोहदवार गांव निवासी भरत 38 वर्ष ट्रक का बालू गिराने सेमरा गांव स्थित एक दुकान पर आये थे। बालू उतारने के दौरान ट्रक का डाला अचानक से उनके सिर पर गिर गया। जिनके सिर में गंभीर चोट आयी। राहगीरों ने ई रिक्शा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए ले गये। गंभीर चोट देख चिकित्सकों ने इलाज के लिए ट्रांमा सेंटर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान स्थिति नाजुक बनी रही।

# जिलाधिकारी ने देखी आईटीआई व तहसील भवन निर्माण की प्रगति

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन ने नौगढ़ स्थित निमार्णाधीन राजकीय आईटीआई एवं तहसील भवन का निरीक्षण कर संबंधित कार्यदाई संस्था के अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निमार्णाधीन राजकीय आईटीआई, नौगढ़ के निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के उपस्थित अभियंता द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि रुपये 13 करोड़ 55 लाख की लागत से निर्मित किए जाने वाले राजकीय आईटीआई का निर्माण कार्य 2023 तक पूर्ण किया जाना है।

डीएम ने मौके पर कार्य की प्रगति धीमी पाई गई। बताया गया कि पूर्व ठेकेदार द्वारा अब कार्य नहीं कराया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि उक्त ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कराने के साथ ही रिकवरी की कार्रवाई फौरन कराई



जाए। उन्होंने कार्यदाई संस्था के उपस्थित अभियंताओं को अतिरिक्त क्षमता के साथ बाउंड्रीवाल सहित समस्त निर्धारित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व तेजी के साथ कराते हुए निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाए जाने के कड़े निर्देश दिए। नौगढ़ स्थित निमार्णाधीन तहसील के प्रशासनिक भवन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी के अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित अवधि में तेजी से कार्य कराते हुए भवन का कार्य पूर्ण करा लिया जाए। 948.36 लाख की लागत से बनाए जाने वाले तहसील भवन का निर्माण व फिनिशिंग का कार्य मौके पर तेजी से चल रहा था। जिलाधिकारी ने अतिरिक्त क्षमता के साथ गुणवत्ता पूर्वक समस्त निर्धारित कार्यों को कराते हुए दिसंबर अंत तक पूर्ण करा लिए जाने के निर्देश कार्यदाई संस्था के अभियंता को दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी नौगढ़ को भी समय-समय पर उक्त कार्य की मानिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ उपस्थित रहे।

### उद्योग व्यापार मंडल दीपोत्सव के रूप में मनाएगा स्थापना दिवस

**चंदौली।** आगामी 24 दिसंबर को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस मौके को यादगार बनाने एवं व्यापारियों को संगठित करने के उद्देश्य से दीपोत्सव समेत विविध आयोजन किए जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि व्यापार मंडल की स्थापना आज से 50 वर्ष पूर्व 24 दिसंबर 1972 को वाराणसी के गंगा तट पर हुई थी। उस वक्त मां गंगा को साक्षी मानते हुए स्वर्गीय लाला विश्वम्भर दयाल एवं स्वर्गीय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा एवं अन्य तीन लोगों संगठन की स्थापित किया था, जो अपने संघर्ष व तमाम चुनौतियों को पार करते हुए व्यापारी हित में कार्य करते हुए खुद को स्थापित किया। उद्योग व्यापार मंडल का 50वां स्थापना वर्ष हम सभी मनाने जा रहे हैं। यह एक-एक व्यापारी के गौरवशाली क्षण है। कहा कि 24 दिसंबर सम्पूर्ण प्रदेश के व्यापारी सार्वजनिक स्थलों पर दीपोत्सव मनाएंगे।

# कुचमन व भोजापुर रेलवे क्रासिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

**चंदौली।** केंद्रीय मंत्री डा.महेन्द्रनाथ पांडेय के प्रयासों के परिणाम स्वरूप पटना-पंडित दीनदयाल उपाधाय स्टेशन (मुगलसराय) लेवल क्रॉसिंग के बदले रोड ओवरब्रिज का निर्माण दानापुर डिवीजन के कुचमन रेलवे स्टेशन में रेलवे क्रासिंग पर 926165 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करते हुए रेल उपरिगामी सेतु परियोजना की मांग को स्वीकृति प्रदान की है। केंद्रीय मंत्री



डा.महेंद्रनाथ पांडेय के मीडिया प्रभारी हरिवंश उपाध्याय ने बताया कि कुचमन के साथ ही भोजापुर रेलवे क्रासिंग पर भी ओवरब्रिज निर्माण की मांग स्वीकार कर ली गई। विदित हो कि कुचमन ओवरब्रिज पर रेलवे क्रासिंग पर रेल यातायात के अत्यधिक दबाव के कारण अधिकांश समय यहां रेल फाटक बंद रहता है। सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले लोगों विशेषकर गंभीर रोगी, नौकरीपेशा के साथ रेल स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रायः परेशानियों से दो चार होना पड़ता है। इसे देखते हुए केन्द्रीय मंत्री डा.महेंद्रनाथ पाण्डेय ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को चिट्ठी लिखकर जनता को हो रही समस्या से अवगत करवाकर ओवरब्रिज को बनवाने का अनुरोध किया था जिसे वैष्णव ने स्वीकार कर लिया है। डा.महेन्द्रनाथ पाण्डेय ने कहा कि लंबे समय से यह ओवरब्रिज स्थानीय जनता की मांग थी जिसे पूरा किया गया है, इस ओवरब्रिज के बनने से जनता को हो रही कठिनाई से निजात मिलेगी। उल्लेखनीय यह है कि यह कुचमन ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को पूरी तरह से रेलवे फण्ड से ही स्वीकृत किया गया है। इस कार्य के लिए केन्द्रीय मंत्री डा.महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है।

# देश का समग्र विकास भारतीय चिंतन से ही संभव


पीयू में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

**बोले सत्येन्द्र**

### पं. दीनदयाल के एकात्म मानववाद के संदेश को लेकर एकात्म यात्रा पीयू पहुंचीं

**जौनपुर।** 17 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चलने वाली एकात्म यात्रा अपने उद्देश्य को लेकर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय पहुंचीं। यहाँ पर स्थापित दीनदयाल शोधपीठ के तत्वावधान में गुरुवार को एकात्म यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

एकात्म यात्रा के संयोजक सत्येंद्र, डॉ. विवेक तांगड़ी एवं सह संयोजक प्रबल चौहान ने कहा कि इस यात्रा को समाज से भारी जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। जिस कारण एक आदर्श समाज को स्थापित करने की दिशा में यह यात्रा निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगी। एकात्म यात्रा के संयोजक निदेशक लोक नीति भारत सत्येंद्र ने कहा कि आध्यात्मिक संस्कृति ही हमारे राष्ट्र के मूल में समाहित है और भारत के समग्र विकास का इतिहास केवल भारतीय चिंतन के माध्यम से ही संभव किया जा सकता है। श्री सत्येंद्र ने बताया कि संविधान लागू होने के 75 वर्ष के पश्चात भी भारत के जन जन की भावना के अंश संविधान में समाहित होने से छूट गए। चलो जाने रामराज्य के अभियान प्रमुख, आध्यात्मिक चिंतक और यात्रा संयोजक डॉ. विवेक तांगड़ी ने कहा कि आज समाज को युवा वर्ग के सक्रिय समाज निर्माण में सहयोग देने की आवश्यकता है। जब हम बदलेंगे-तो समाज बदलेगा-समाज बदलेगा तो राष्ट्र बदलेगा। संचालन डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने किया। दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के सदस्य डॉ. अनुराग मिश्र ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉक्टर गिरधर मिश्र, डॉ. विवेक पांडेय, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. राहुल राय, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यह यात्रा मथुरा से प्रारम्भ होकर 30 जिले के 18 विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में एकात्म संवाद एवं यात्रा के विभिन्न पड़ाव स्थलों पर एकात्म संवाद, एकात्म चर्चा, ग्रामीण एकात्म संवाद, विचार गोष्ठी, चाय पर चर्चा और सामाजिक सांस्कृतिक संवाद के माध्यम से जागरूक कर रही है।

## संदिग्ध हालात में अधेड़ का फंदे से लटका मिला शव

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ का फंदे से लटकता शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। क्षेत्र के ग्राम कोंहड़ा निवासी 55 वर्षीय चंद्रेश यादव पुत्र देवतादीन यादव का गुरुवार की सुबह गांव के बाहर एक आम के पेड़ पर फंदे से लटकता शव मिला। शव मिलने की खबर पूरे गाँव में आग की तरह फैल गयी। किसी ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है की मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** थानाध्यक्ष जफराबाद राजा राम द्विवेदी के नेतृत्व में उ.नि. अजय कुमार शर्मा मय हमराह पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र उर्फ वीरबल पटेल पुत्र अंगद पटेल निवासी कविरामपुर थाना बड़ागाँव जनपद वाराणसी को गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जरूरतमंदों के बीच लायन्स क्लब ने वितरित किये कम्बल



रोडवेज परिसर में जरूरतमंद को कम्बल ओढ़ाते लायन्स क्लब जौनपुर मेन के पदाधिकारी

**जौनपुर।** लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा जरुरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाते हुए कम्बल वितरण किया गया। संस्थाध्यक्ष संदीप गुप्ता के नेतृत्व में लायन्स सदस्य रात्रि में नगर में भ्रमण कर रुहट्टा, पालिटेक्निक चौराहा, सिटी रेलवे स्टेशन, हुसैनाबाद, रोडवेज, जेसीज चौराहा, ओलंदगंज, शाहीपुल, चहारसू चौराहा, कोतवाली चौराहा, बड़ी मस्जिद तिराहा, सब्जी मण्डी, भंडारी रेलवे स्टेशन, अटाला मस्जिद, शाही किला, सदभावना पुल आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर बेसहारा, राहगीर, रिक्शेवाले, मजदूर व जरुरतमंदो को तथा कुछ पहले से चिन्हित जरुरतमंद लगभग 120 लोगों को कम्बल वितरित किया गया।

एरिया लीडर जीएटी डा. क्षितिज शर्मा ने औपचारिक रूप से इस कार्यक्रम का कम्बल बांटकर उद्घाटन किया। अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। भीषण ठंड को देखते हुए लोगों को कंबल का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर डा. क्षितिज शर्मा ने बताया कि शीत लहर एवं ठंड से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में गरम कपड़े पहने व शरीर को पूरा ढके। ओढ़ने के लिए बहुपरत कपड़े भी उपयोगी है। यथासंभव घर के अंदर रहें, ठंडी हवा से बचे। नियमित रूप से गरम पेय सेवन करें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें। ठंड से बच्चों में कई तरह की बीमारियां होती है। इसके बचाव को लेकर अभिभावकों को सतर्क रहने की जरुरत है। इन दिनों फ्लू, सर्दी जुकाम, हाइपोथर्मिया, इन्फ्लूएंजा, अस्थमा, ब्रोन्काइटिस जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की शुरूआत होती है। बच्चों में व्यस्कों की अपेक्षा रोग प्रतिरोधक शक्ति कम होने से बीमारी का खतरा ज्यादा होता है। हृदय मरीजों को भी विशेष रूप से सावधानी बरतनी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डा. वीएस उपाध्याय, मण्डल टीबी उन्मूलन चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, सचिव राजीव श्रीवास्तव, निदेशक गोपीचंद साहू, रीजन चेयरमैन अशोक मौर्य आदि ने भी जरुरतमंदों के बीच कम्बल वितरित किया।

## बीस हजार का इनामिया गिरफ्तार

**गभिरन।** खुटहन पुलिस को मुखबिर की सटीक सूचना पर गुरुवार की भोर एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस बीस हजार के इनामिया को पकड़ने में सफल हुई है। वर्षों पूर्व घर में सो रहे परिवार के लोगों पर चाकू व राड से हमलाकर लाखों के आभूषण व नकदी चोरी कर भागने के आरोपित को पुलिस ने गौसपुर बाजार से धर दबोचा। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर किशोर कुमार चौबे ने बताया कि आगरा जनपद के फतेहाबाद थाना क्षेत्र परौली गांव निवासी रामेश्वर निषाद सात वर्ष पूर्व स्थानीय थाना क्षेत्र के कैराडीह गांव के श्रीचंद यादव के शाहगंज मार्ग स्थित भवन में किराए का कमरा लेकर कबाड़ का धंधा कर रहा था। गृह स्वामी भी उसे परिवार की तरह ही मानने लगे। वह घर के अंदर तक आता जाता था। कुछ माह बाद पैसों की चाह ने रामेश्वर की नियत बदल दिया। वह मन ही मन मकान मालिक के घर में रखे गहने और नकदी पार करने की योजना बनाने लगा। घटना को अंजाम देने के लिए तीन और साथियों को मिला लिया। 8 अप्रैल 2016 की रात वह अपने तीन और साथियों के साथ गृहस्वामी के घर के भीतर दाखिल हो गया। लोहे की आलमारी की चाबी खोज रहे थे कि श्रीचंद की नींद खुल गई। जब उन्होंने शोर मचाना चाहा तो एक ने उनका मुंह दबा दिया। दूसरा लोहे की राड व चाकू से उन पर हमला करने लगा। भयभीत श्रीचंद कुछ बोल न सके। रामेश्वर घर के कोने कोने से पूर्व परिचित था ही उसने भीतर रखी चाबी से आलमारी खोल लगभग एक लाख कीमत के आभूषण और तीस हजार नकदी निकाल कर चारों वहां से चंपत हो गए। डरे सहमे श्रीचंद जब चोर उनके घर से दूर भाग गए तब शोर मचाना शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रामेश्वर पर 20 हजार का इनाम घोषित किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई बार आगरा जाकर दबिश दी गई लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मुखबिर से जानकारी मिली कि वह एक दो माह में खुटहन जरूर आता है। गुरूवार की भोर में मुखबिर की सटीक सूचना पर अपराध निरीक्षक राम प्रवेश यादव, उप निरीक्षक राजित राम यादव, कांस्टेबल संतोष, सुदर्शन और अखिलेश को लेकर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में 3.77 करोड़ का बजट पास

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** पुराने और नए विकास कार्यों की योजनाओं पर चर्चा और परिचर्चा को लेकर गुरूवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक परिसर स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ।

**बैठक**

### विधायक शाहगंज ने सरकार की आगामी योजनाओं से लोगों को कराया अवगत

बतौर मुख्य अतिथि विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने अपने सम्बोधन मे योजनाओं को धरातल पर लाने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहाकि योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले इसके लिए सभी की नैतिक जिम्मेदारी है साथ ही उन्होंने विधान सभा में संचालित और आगामी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया वहीं परिसर में नवीन सभागार का शिलान्यास भी किया। बैठक में अनुपस्थित एडीओ पंचायत राजेश कुमार और एडीओ एजी मिथलेश सिंह के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के लिए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, रवीन्द्र नाथ विन्द आदि ने सम्बोधित किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिम्मेदारान, क्षेत्र और जिला पंचायत सदस्यों समेत ग्राम प्रधानों की उपस्थिति बनी रही। बैठक की अध्यक्षता कर रही क्षेत्र प्रमुख विद्या देवी ने सभी के सहयोग के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। गौरतलब हो कि गुरुवार को ब्लाक सभागार में क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों की बैठक की गई बैठक में ब्लाक प्रमुख विद्या देवी की अध्यक्षता में सत्र 2022-23 व 2023-24 के विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इस दौरान तीन करोड़ सतहत्तर लाख का बजट विभिन्न योजनाओं के लिए पास हुआ। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी, पशुचिकित्साधिकारी, बाल विकास, चिकित्सा, विद्युत विभाग आदि क्षेत्र के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सबसे पहले पूर्व में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के तहत किए गए कार्यों और आगामी योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान गैरवाह प्रधान व पत्रकार सन्तोष कुमार दीक्षित ने विकास में पक्षपात होने का आरोप लगाया। इस मौके पर प्रधान राम प्रकाश दूबे, रामसकल वर्मा, हरिश्चन्द्र विन्द, हृदय नारायण शुक्ल, बृजेश शुक्ला समेत अन्य विकास कर्मी जितेन्द्र शाह, उगेश पाठक व अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधान मौजूद थे।



क्षेत्र पंचायत की बैठक को सम्बोधित करते विधायक रमेश सिंह

## संक्षेप

### एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा बच्चा सुरक्षित

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बढ़ौना गांव निवासी निशांत की पत्नी रंजना को प्रसव पीड़ा होने के पश्चात सूचना 102 एंबुलेंस को दी। स्वास्थ्य कर्मी ईएमटी निशी पाण्डेय, चालक सुरेश यादव मरीज लेकर सीएचसी के लिए निकले। इसी दौरान प्रसव पीड़ा बढ़ने पर एंबुलेंस में ही डिलेवरी करानी पड़ी। ईएमटी निशी पाण्डेय और आशा की मदद से एंबुलेंस में ही नॉर्मल डिलीवरी कराया गया। जच्चा बच्चा दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। चिकित्सकों ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

### विद्यालय की रसोई का ताला तोड़कर चोरी

**सिंगरामऊ।** थाना क्षेत्र के जनता जनार्दन लघु माध्यमिक विद्यालय रतासी में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने रसोई का ताला तोड़कर खाद्यान्न व बर्तन चुरा लिया। मामले की सूचना पर पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार सुबह जब रसोईये स्कूल पहुंचे तो कमरे का ताला टूटा देख प्रधानाध्यापक अमर बहादुर यादव को सूचना दी। प्रधानाध्यापक ने कमरे में जाकर देखा तो एमडीएम का कई बोरा खाद्यान्न व बर्तन चोरी हो गये थे जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है।

### बैठक आज

**जौनपुर।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने अवगत कराया है कि जिला उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु, व्यापार बन्धु, जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 23 दिसम्बर को अपरान्ह 12.30 बजे एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक अपरान्ह 1 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित की गयी है।

### गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**गौराबादशाहपुर।** स्थानीय पुलिस ने तलाशी के दौरान एक अभियुक्त को चोरसंड तिराहे से 1 किलो 600 ग्राम गांजा तथा गाड़ी की डिग्गी से चोरी किए गए पैसों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त पवन उपाध्याय पुत्र ब्रह्मदेव उपाध्याय निवासी बिथार थाना गौराबादशाहपुर का निवासी है। गिरफ्तार अभियुक्त पर थाने में आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**सरायख्वाजा।** सिद्दीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में रविवार को अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कुल छह टीमों का प्रवेश लिया जाएगा। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली टीम शनिवार शाम 4 बजे जिला खेल कार्यालय से सम्पर्क कर प्रवेश ले सकते है।

### तहसीलदार ने रेहटी गांव में लगाई जन चौपाल


जन चौपाल को सम्बोधित करते तहसीलदार

**जलालपुर।** सुशासन सप्ताह के तहत वृहस्पतिवार को तहसीलदार ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। तहसीलदार केराकत अमित त्रिपाठी ने राजस्व टीम के साथ रेहटी गांव में तालाब के पास खुली जगह पर चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। गांव के आशोक कुमार ने प्रार्थना पत्र दिया और अपनी समस्या सुनाते हुए बताया कि वह 2014 में एक जमीन का बैनामा कराया था कुछ कारणों से वह तरमीम नहीं करा पाया जिससे जमीन बेचने वाले का नाम खतौनी से नहीं कट पाया और उसने उक्त जमीन पर बैंक से लोन उठा लिया है। जिससे मैं परेशान हूँ। झुनखुन द्वारा अपने पट्टे की जमीन से अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई। कृपाशंकर पाल द्वारा चकमार्ग की पैमाइश का प्रार्थना पत्र दिया गया ऐसी तमाम समस्याएं जन चौपाल सुनकर तहसीलदार ने मौके पर ही निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी, लेखपाल विनय पांडेय, टीपू कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## तहरीर के अभाव में दूसरे दिन भी नहीं दर्ज हो सका मुकदमा

**सुइथाकला।** बुधवार देर शाम अरसिया बाजार में हुई मारपीट के दौरान गोली से घायल युवक के मामले में तहरीर न मिलने पर दूसरे दिन भी मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। फिलहाल राजकीय पुरूष चिकित्सालय शाहगंज से रेफर होने के बाद घायल का वाराणसी स्थित ट्रामा सेण्टर में इलाज चल रहा है।

**बुधवार देर शाम मारपीट में युवक को मारी थी गोली**

बता दे कि बुधवार देर शाम क्षेत्र के अरसिया बाजार में किसी बात पर मनवल और भुसौड़ी गांव के युवकों के दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। कथित तौर पर मनवल गांव निवासी सुधीर सिंह पुत्र दयाशंकर को दूसरे गुट के किसी युवक ने गोली मार दी। बहरहाल परिजनों द्वारा उसे शाहगंज स्थित राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। फिलहाल वाराणसी स्थित ट्रामा सेण्टर में घायल का उपचार होना बताया जा रहा है। इधर पुलिस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना में एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है, परन्तु पीड़ित पक्ष से कोई भी तहरीर न मिलने से अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सका है फिलहाल तहरीर के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।

# अभियान चलाकर चकबंदी का कार्य पूर्ण करायें

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में चकबंदी कार्य की समीक्षा विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में ऐसे गाँव जिनमे 50 साल से चकबंदी लंबित है कि विस्तार से समीक्षा की और निर्देशित किया कि इन गांवो में अभियान चलाकर जनवरी 2023 तक चकबंदी कार्य पूर्ण करायें। पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के बावजूद

**समीक्षा बैठक**

### समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जतायी नाराजगी स्पष्टीकरण का निर्देश

चकबंदी कार्य पूर्ण न कराये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित सीओ को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एसओसी स्वयं पिलकिक्षा गांव जाएं और रिकॉर्ड सही कराये और पिलकिछा गांव में चकबंदी कार्य पूर्ण करायें।

जिलाधिकारी के द्वारा तहसील बदलापुर के ढेमा गाँव की चकबंदी 15 दिन के भीतर एवं शाहगंज के ग्राम पंचायत सुरिस में 15 जनवरी तक कार्य पूर्ण कर लें। तहसील मछलीशहर के पोहा गाँव, केराकत के उदयचंदपुर, सदर के सलेड़ी गाँव, जमैंथा, बेलछा, कारो गाँव की समीक्षा की और डीडीसी सोमनाथ मिश्र को निर्देश दिया कि अच्छे लेखपाल एवं कानूनगो की टीम लगाकर इन गांवों के चकबन्दी का कार्य जनवरी 2023 तक किसी भी दशा में पूर्ण करायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जमैथा गांव की चकबंदी कार्य पूर्ण कराने के लिए सभी सम्बंधित अधिकारी बैठकर योजना बना लें। उन्होंने निर्देश दिया कि वादों का निस्तारण शत-प्रतिशत कराएं। चकबन्दी अधिकारी प्रतिदिन सुनवाई करे, पुराने मुकदमें किसी भी दशा में लंबित न रहे। किसी भी गांव में मृतक के वरासत के प्रकरण लंबित न रहे। सुशासन सप्ताह के तहत गाँव में ही न्यायालय लगाएं। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि तरहटी गाँव में 3 अच्छे लेखपाल नियुक्त करें। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोर्ट के लंबित मुकदमों की प्रतिदिन सुनवाई करें और शत-प्रतिशत वादों का निस्तारण कराएं।


समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते डीएम

## ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णु प्रिया निलम्बित

**नेवढ़िया।** विकास खंड रामनगर के बहरी ग्राम पंचायत के कुटुंब रजिस्टर व मृत्यु प्रमाण पत्र की हेराफेरी में संलिप्त पाए जाने से ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णु प्रिया सिंह को तत्काल प्रभाव से जिलाधिकारी ने निलंबित कर दिया।

**मामला कुटुम्ब रजिस्टर से छेड़छाड़ का**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णु प्रिया सिंह द्वारा कुटुंब रजिस्टर की हेरा फेरी तथा रजिस्टर बदलने में संलिप्त पायी गयी। हाईकोर्ट के आदेश पर जिलाधिकारी द्वारा जांच कराई गई जिसमें ग्राम पंचायत बहरी बैजनाथ दुबे का मृत्यु प्रमाण पत्र 10 अगस्त 1999 को ग्राम पंचायत अधिकारी शैलेन्द्र सिंह द्वारा जारी किया गया था वहीं पर बैजनाथ दूबे ग्राम बहरी का मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णु प्रिया द्वारा 20 नवम्बर 1999 डेट बनाकर दिया गया। जांच कराने पर पता चला कि विष्णु प्रिया द्वारा जारी किया गया कुटुम्ब रजिस्टर व मृत्यु प्रमाण पत्र गलत पाया गया तथा पुराना रजिस्टर गायब है। जो रजिस्टर नया बनाया गया है उस पर किसी सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है। इसी कारण हाई कोर्ट के आदेश पर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णु प्रिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

# खाद्य उद्योग मेले में लोगों ने सीखा स्वरोजगार के गुण


कार्यक्रम को सम्बोधित करतीं ममता सिंह यादव

**जौनपुर।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत समाज के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण से सम्बंधित उद्यमों को स्थापित करने एवं पहले से संचालित उद्यमों के उन्नयन के लिए जिला उद्यान अधिकारी एवं युवाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में कृषि भवन परिसर स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में खाद्य उद्योग मेले का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के दूर दराज क्षेत्र से किसान, प्रतिष्ठित उद्यमी, युवा सम्मिलित हुए।

सचिव पीएमएफएमई ममता सिंह यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जनपद को दुग्ध उद्योग के लिए चुना गया है। दुग्ध उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को वरीयता दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेकर किसान भी अपने फसल का प्रसंस्करण करके नये-नये उत्पाद का सृजन कर सकते हैं और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उपायुक्त राष्ट्रीय आजीविका मिशन ओपी यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में बढ़ती बेरोजगारी को दूर करने एवं स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए पीएमएफएमई योजना किसी वरदान से कम नहीं है। तिलकधारी महाविद्यालय के कृषि प्रसार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नलिन मिश्रा ने युवाओं को स्वयं का उद्योग स्थापित करने, उपभोक्ता आधारित तरह तरह के उत्पादों को बनाने की विधियों के बारे में विस्तार से बताया। राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र वाराणसी के प्रधानाचार्य बी. गौतम ने उद्यमियों को उद्योग लगाने, उद्योग को सफलतापूर्वक संचालित करने, खाद्य उद्योगों में नवाचार हेतु विशेष गुर बताए। यूपीएसआरएलएम जिला मिशन प्रबंधक शोभी गौर ने महिला उद्यमियों को आगे आने एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा उद्यम जागरुकता अभियान के लिए लोगो को प्रेरित किया। इस अवसर पर आगंतुको तथा अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुँवर शेखर गुप्ता ने योजना की समुचित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन क्लब के सचिव कुलदीप योगी ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अनन्या गुप्ता, शशिकांत, स्वेच्छा रानी, उद्यान विभाग से उद्यान निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, भोला प्रजापति, प्रतिष्ठित उद्यमी रामचन्द्र दूबे, चंचल शर्मा, आकांक्षा राय समेत दर्जनों उद्यमी एवं तिलकधारी महाविद्यालय के कृषि संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा यह सूचित किया गया कि क्लब के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने तथा उन्हे जागरुक करने के लिए ऐसी कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक बृहस्पतिवार को लोहिया पर्यावरणीय पार्क में किया जाएगा।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव के समीप सड़क दुघर्टना में बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। सरपतहां थाना क्षेत्र के बुढ़ूपुर गांव निवासी 56 वर्षीय राधेश्याम बिंद पुत्र सहदेव बिंद व 50 वर्षीय विक्रम जीत पुत्र राम अजोर बाइक से शाहगंज आ रहे थे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।



# वॉलीबॉल में रेड व कबड्डी में ब्लू हाउस ने मारी बाजी

**मुंगराबादशाहपुर।** सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार को चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्लास 1 से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। खेलकूद प्रतियोगिता में

**खेलकूद**

### चार दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन ब्लू व ग्रीन हाउस का रहा दबदबा

छात्र-छात्राओं द्वारा वॉलीबॉल, रस्साकशी, खो-खो, कबड्डी व क्रिकेट मैच में चार हाउस जिसमें रेड, ग्रीन, एलो व ब्लू हाउस ने हिस्सा लिया। बालिका व बालिकाओं द्वारा विभिन्न खेलों में ग्रीन व ब्लू हाउस का दबदबा रहा। सीनियर वर्ग में वॉलीबॉल प्रतियोगिता रेड व एलो हाउस तथा जूनियर वर्ग में रेड ब्लू हाउस के बीच हुई जिसमें सीनियर व जूनियर वर्ग में रेड हाउस प्रथम रहा। सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग ब्लू व एलो तथा जूनियर वर्ग में ग्रीन व ब्लू के बीच हुआ। जिसमें 19 पॉइंट से ब्लू हाउस तथा 15 पॉइंट से ग्रीन प्रथम रहा।


वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बॉल को हिट करता खिलाड़ी

बालिकाओं में ग्रीन व रेड तथा ब्लू व एलो के बीच हुआ जिसमें क्रमशः ग्रीन व ब्लू हाउस प्रथम रहा। सीनियर वर्ग में क्रिकेट मैच रेड व एलो तथा रेड व ब्लू के बीच हुआ जिसमें क्रमशः रेड व ब्लू हाउस प्रथम रहा। खो-खो प्रतियोगिता सीनियर वर्ग के बालिकाओं ग्रीन हाउस प्रथम रहा। रस्साकशी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के बालक में ग्रीन व एलो तथा बालिकाओं में रेड व ब्लू हाउस प्रथम रही तथा जूनियर वर्ग बालक व बालिकाओं में रेड व ब्लू हाउस की टीम अव्वल रही। खेल प्रतियोगिता में अनुष्का केसरी, वैष्णवी, सोनाक्षी, शारिब जमाली, नितिन, अभिषेक, पलक तिवारी, चेष्टा साहू, खुशी, अहद खान, अभिज्ञान, रिमझिम व शिल्पी आदि छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) व प्रधानाचार्य शिव चंद तिवारी व रमेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रेफरी की भूमिका इंद्रजीत यादव, नीरज मिश्रा व कमेंट्री कमलेश भार्गव तथा कोच रंजीत गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा, सुभाष तिवारी, डीबी सिंह, प्रभा केसरी, सारिवा अख्तर, पल्लवी जयसवाल, नेहा सिंह, मधु शुक्ला, सुष्मिता पांडेय व कमलेश आदि लोग मौजूद रहे।

# एक सप्ताह में जमा करें सरकारी रकम

**निर्देश**

### ग्राम प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक से होगी 3 लाख 36 हजार की वसूली

**ज्ञानपुर।** अभोली ब्लॉक के नीबी गांव में मनरेगा में बिना काम कराए तीन लाख 36 हजार के भुगतान में ग्राम प्रधान सचिव तकनीकी सहायक और एडीओ की मुश्किल बढ गई है। डीएम के निर्देश पर प्रधान सचिव और तकनीकी सहायक से एक-एक लाख 12 हजार की वसूली का आदेश दिया गया, जबकि एडीओ को प्रतिकूल प्रवृष्टि जारी किया गया। एक सप्ताह में रकम न जमा करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। नीबी गांव निवासी ब्रह्मदेव, राकेश कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था कि गांव में कई निजी, पशुशेड और सोकपीट के निर्माण में बिना काम करे ही मनरेगा से भुगतान कर दिया गया। जिसकी जांच के लिए उपायुक्त मनरेगा और अवर अभियंता डीआरडीए को नामित किया गया। जांच में पाया गया कि बिना काम कराए ही भुगतान कर दिया गया। जिसको लेकर नौ सितंबर को प्रधान सचिव और तकनीकी सहायक को नोटिस भेजा गया। स्पष्टीकरण में सभी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। डीएम की संस्तुति पर मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने सरकारी धन में धांधली करने पर प्रधान सुरेखा देवी से एक लाख 12 हजार, सचिव अनुपम द्विवेदी से एक लाख 12 हजार, तकनीकी सहायक दिलीप कुमार निगम से एक लाख 12 हजार की वसूली का निर्देश दिया। मामले में लापरवाही बरतने पर एडीओ सहकारिता राहुल कुमार मौर्य को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई। सीडीओ ने कहा कि एक सप्ताह में सरकारी रकम जमा न होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### लेखाकार और कंप्यूटर आपरेटर से वसूले जाएंगे 57-57 हजार

ज्ञानपुर। सदर ब्लॉक के सरई राजपुतानी गांव में बिना मास्टर रोल के ही दो लाख से अधिक रकम मनरेगा मद से भुगतान कर दिया गया। जिला कार्यक्रम समन्वयक जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कंप्यूटर आपरेटर सेवालाल यादव के खिलाफ 57 हजार 687 रुपए की वसूली का नोटिस भेजा। इसी तरह सहायक लेखाकार सत्येंद्रनाथ दूबे भी मामले में दोषी पाए गए। उनको भी 57 हजार 687 रुपए की वसूली का नोटिस भेजा गया।

## धड़ल्ले से बिक रहा बाजारों में मिलावटी बर्थडे केक

**लालानगर।** भदोही जिले के गोपीगंज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बर्थडे केक की दुकानों की भरमार सी हो गई है। ग्राहकों से पूरा पैसा लेने के बावजूद मिलावटी केक लोगों को बेचा जा रहा है और लोगों के सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ज्ञात हो कि नए वर्ष के उपलक्ष में स्कूलों कालेजों से लेकर घरों में लोगों द्वारा नए साल का जश्न मनाने के लिए और पुराने साल को अलविदा कहने के लिए लोगों द्वारा केक काटकर नए वर्ष का जश्न मनाया जाता है, केक काटने के बाद छोटे बड़े बच्चों में भी वितरण किया जाता है जिससे छोटे बच्चों में ज्यादातर नुकसान पहुंचने का डर रहता है। बता दें कि ठंड के मौसम में ब्रेड से बने केक के ऊपर रंग-बिरंगे क्रीम से सजाकर बाजारों में उतारा जाता है लेकिन काफी दुकानदारों द्वारा केक की बिक्री ज्यादा न होने के उपरांत उसे फ्रीजर में रख दिया जाता है जो हफ्ते 10 दिनों के बाद किसी ग्राहक को दे दिया जाता है और उनके सेहत के साथ खिलवाड़ किया जाता है। बताया जाता है कि दुकानदारों द्वारा पूरा पैसा लेने के बाद भी फ्रेश क्रीम बताकर थर्ड क्वालिटी घी से बने केक को बाजारों में उतारा जाता है। दुकानदार ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ग्राहकों के सेहत के साथ खिलवाड़ करता है जिसको लेकर खाद्य विभाग मौन मुद्रा में बैठी हुई है।

# हारने पर निराश तथा जीतने पर अति उत्साही नहीं होना चाहिए: चेयरमैन

**आयोजन**

### दो दिवसीय 22वां वार्षिक क्रीडा समारोह का समापन, धीरज कुमार और आंचल यादव चैंपियन घोषित


प्रतियोगिता के दौरान ऊंची कूद लगाती छात्रा

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भदोही में चल रहे दो दिवसीय 22वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन धूमधाम से हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक जायसवाल अध्यक्ष, नगर पालिका भदोही उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मुरलीधर राम ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया कि छात्रों को हार और जीत खेल का मुख्य अंग है। हारने पर हमें निराश तथा जीतने पर अति उत्साही नहीं होना चाहिए। अपनी कमियों की पहचान कर उन्हें सुधार करने के लिए सतत प्रयास करते रहना चाहिए। गुरुवार को दूसरे दिन छात्र और छात्रा वर्ग में 100, 200, 400 मीटर दौड़, लंबी और ऊंची कूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। क्रीड़ा सचिव बृजेश कुमार ने परिणाम के बारे में बताया कि 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता छात्र वर्ग में प्रथम स्थान धीरज कुमार, छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान आकांक्षा यादव, 200 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में धीरज कुमार प्रजापति, छात्रा वर्ग में काजल पाल ने प्रथम स्थान, 400 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में रोशन धीवर ने प्रथम स्थान, छात्रा वर्ग में प्रीति यादव, प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद छात्र वर्ग में संदीप ने प्रथम स्थान, छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान शिवम पाल, लंबी कूद छात्र वर्ग में विभो त्रिपाठी, सोनू कुमार प्रजापति प्रथम स्थान, छात्रा वर्ग में आंचल यादव, प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रुस्तम अली और डॉ. शिखा तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आसुतोष कुमार श्रीवास्तव ने दिया। तकनीकी सहयोग डॉ राजकुमार सिंह यादव, डॉ. गौतम गुप्ता, डॉ. अनुराग सिंह और डॉ. रणजीत सिंह ने प्रदान किया।

### महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ 15 जनवरी से

**सुरियावां।** स्थानीय क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी मैदान पर 15 जनवरी से 29 जनवरी तक राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने के लिए आयोजन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी गौरांग राठी से मुलाकात की। खेल समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस ऐतिहासिक मैदान पर सन- 1988 से ही क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होता चला आ रहा है। प्रतियोगिता में एक दर्जन नामी गिरामी जनपदीय टीमों के अलावा प्रदेश के बाहर रांची, जबलपुर व महाराष्ट्र की टीमो ने भी नामांकन कराया है। इस मौके पर अमर बहादुर सिंह, राजमणि पांडेय, दिनेश कुमार यादव दादा आदि मौजूद रहें।

# सुशासन सप्ताह के अंतर्गत कांवल गांव में लगी चौपाल

**सुनी समस्या**

### जन चौपाल में लोक शिकायतों का निराकरण कर दर्शित हुआ सुशासनः एडीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानपुर।** सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर के अन्तर्गत जिलाधिकारी गौरंग राठी के मार्गदर्शन में गुरुवार को विकास खण्ड ज्ञानपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कॉवल में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करते हुए विकास कार्यो का सत्यापन भी किया गया। जन चौपाल का शुभारंभ करते हुए अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयन्ती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर के अन्तर्गत लोक शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील मुख्यालय पंचायत स्तर पर जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भारत सरकार की केन्द्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली में लम्बित लोक शिकायतों का निराकरण, स्टेट पोर्टल आईजीआरएस में प्राप्त लोक शिकायतों का निराकरण, ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी की सेवाओं में वृद्धि, सर्विस डिलीवरी आवेदनों का निस्तारण, सुशासन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को प्रोत्साहन सहित निस्तारण व समाधान किया गया। जन चौपाल में बड़ी संख्या में उत्साह के साथ जनता जनार्दन ने सहभागिता किया। तहसीलदार ज्ञानपुर, बीडीओ ज्ञानपुर, खण्ड शिक्षा अधिकारी ज्ञानपुर, सीडीपीओ ज्ञानपुर, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शैक्षिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने देखा आनंद भवन

**अभियान**

### बीईओ डीघ फराह रईस के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने किया प्रयागराज का भ्रमण

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** विकास खंड डीघ के उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं संविलियन विद्यालय के कक्षा छह से 8 तक के कुल पचास छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत परिचयात्मक विजिट शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम के तहत गुरुवार को छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी डीघ फराह रईस के नेतृत्व में प्रयागराज ले जाया गया। प्रयागराज में उन्हें आजाद पार्क, आनंद भवन, नक्षत्रशाला आदि को सभी बच्चों को पर्याप्त समय देकर दिखाया गया।


शैक्षिक भ्रमण के दौरान खुशी की मुद्रा में बच्चों के साथ बीईओ व अन्य अध्यापकगण

आनंद भवन एवं आजाद पार्क में बने हुए म्यूजियम से सभी बच्चे भलीभाती परिचित हुए। यात्रा के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी फराह रईस द्वारा बीआरसी परिसर में जुटे सभी बच्चों को एक बैग दिया गया जिसमें बच्चों को जलपान, पेन डायरी आदि सामग्री प्रदान की गई। बच्चों को दोपहर का भोजन प्रयागराज में ही कराया गया। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ एआरपी विज्ञान, एआरपी हिन्दी के साथ नोडल संकुल के साथ ही बच्चों से सम्बंधित विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिकाएं भी शामिल रहे। इसी के साथ गुरुजनों के सहयोग से यह शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

## गैर इरादतन हत्यारोपी को आजीवन कारावास, अर्थदण्ड

**ज्ञानपुर।** अपर जनपद सत्र न्यायाधीश प्रथम शैलोरचन्द्रा की अदालत ने गैर इरादतन हत्यारोपी को आजीवन कारावास व 20 हजार रुपए से अर्थदण्ड की सजा सुनायी है। अभियोजन कथानक अनुसार औराई थाना क्षेत्र अन्तर्गत भवानीपुर गांव निवासी मनोज कुमार मिश्र उर्फ ननका पुत्र रमाशंकर अपने भाई अनुज कुमार मिश्र से पारिवारिक विवाद को लेकर झगड़ रहा था कि बीच बचाव करने पहुचे पड़ोसी छबिनाथ पुत्र जयशंकर मिश्र के ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया तथा पेचकश से सीने पर प्राण घातक प्रहार किया। जिससे आहत होकर वह तडफडाने लगा। मृतक के पिता जयशंकर मिश्र और गांव वालो ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए औराई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये जहां हालत गम्भीर होने की दशा में वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गयी। लौटकर मृतक के पिता द्वारा औराई थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया। बाद विवेचना आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित हुआ।

## क्षय रोग पीड़ितों को समाजसेवी विनय चौरसिया ने बांटा पुष्टाहार


क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को पुष्टाहार, खाद्यान्न आदि देते समाज सेवी विनय चौरसिया

**ज्ञानपुर।** बीपीएमजी पब्लिक स्कूल सुरियावां द्वारा गोद लिए गए क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य सुरियावां में गुरूवार को समाज सेवी विनय चौरसिया ने पुष्टाहार, खाद्यान्न, च्यवनप्रास व कम्बल वितरण किया। सीएचसी प्रांगण में लगभग एक दर्जन क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को जरूरत की सामग्री वितरित करते हुए समाजसेवी विनय चौरसिया ने कहा कि गरीबो की सेवा से बढ़कर इस संसार में और कोई पुनीत का कार्य नही है। जरूरतमन्दो को जरूरत के हिसाब सामान मुहैया कराने पर सकून व सन्तोष मिलता हैं। बीपीएमजी परिवार द्वारा हमेशा गरीबो व असहायों की मदद की जाती रही हैं। क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को बीपीएमजी पब्लिक स्कूल द्वारा गोद लिया गया है। सामान पाने के बाद बच्चों के खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होंने अपनी खूबसूरत मुस्कान बिखेर कर निराले अंदाज में बीपीएमजी पब्लिक स्कूल की ओर से मिले उपहार का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक, स्वास्थ्यकर्मी तथा बच्चों के संरक्षक मौजूद रहें।

# आशाओं के माध्यम से कराएं कुष्ठ रोगियों की पहचान : सीएमओ

**कार्यक्रम**

### सीएमओ कार्यालय सभागार में हुई कुष्ठ रोग की जनपदीय समीक्षा

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय सभागार में बुधवार को कुष्ठ रोग की जनपदीय समीक्षा हुई। सीएमओ ने कहा कि जनपद में अभी भी मल्टी बेसिलरी कुष्ठ रोगियों की काफी संख्या है। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से इनकी पहचान कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल में आए मरीजों को देखते समय उन्हें कुष्ठ रोग के लक्षण बताने का चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे कुष्ठ रोगियों की पहचान करने में सहूलियत मिलेगी। साथ ही निःशुल्क दवा वितरित कर लोगों को विकलांगता से बचाया जा सकेगा। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार ने चिकित्साधीक्षकों को मीटिंग के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया जिससे वह अपने कार्य क्षेत्र में संभावित मरीजों को चिह्नित कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेज सकें। उन्होंने कुष्ठ रोग के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा कुष्ठ रोग के लक्षण, बचाव, उपचार तथा कुष्ठ रोग से होने वाली विकलांगता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपजिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. यूबी चौहान, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सत्यव्रत त्रिपाठी, जिला अकाउंट प्रबंधक संजय रघुवंशी, जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक डीसीपीएम मोहम्मद खुबैब रजा, ननमेडिकल असिस्टेंट तथा ननमेडिकल सुपरवाइजर अखिलेश यादव, चन्द्रशेखर यादव, सीबी सिंह के साथ ही सभी सीएचसी पर कार्यरत एनएमए और एनएमएस उपस्थित रहे।

## समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के बताए गए तरीके

**गौराबादशाहपुर।** विकास खंड धमार्पुर के शहीद सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह की महिलाओं के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने की। इस आयोजन में समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सभी लोगों को फिनायल फर्श क्लीनर, हैंडवॉश बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। समूह सखियों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को लैंगिक भेदभाव की रोकथाम का जिक्र करते हुए संविधान के मूल अधिकारों के बारे में भी बताया गया। गरीबी उन्मूलन योजना के बारे में भी विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रीतम मौर्य ने किया। इस अवसर पर ब्लाक मिशन प्रबंधक प्रिंस यादव, प्रीतम मौर्या, ऋषभ सिंह, रचना मिश्रा, चांदनी, पूनम, अंकिता, सुमन, रीना इत्यादि लोग उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में सखी को प्रमाण पत्र सौंपते अतिथि

# स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन

**आयोजन**

### 50 से ज्यादा बच्चों ने किया प्रतिभाग, अश्विक, आयु व सुकैना रही अव्वल

**जनसंदेश न्यूज**

**शाहगंज।** सामाजिक सांस्कृतिक संस्था ज्योत्सना द्वारा गुरुवार को नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए हेल्दी बेबी शो का आयोजन हुआ। तीन आयु वर्गों में आयोजित हुई प्रतियोगिता में 50 से ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया। आश्विक जायसवाल, आयु अग्रहरि और सुकैना फातिमा अपने अपने वर्गों में विजेता रहे।


स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता में सम्मिलित बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि

संस्था अध्यक्ष शिशु रोग विशेषज्ञ डा. एसएल गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित हुई। पहला वर्ग 0 से 12 माह का रहा जिसमें अश्विक जायसवाल अव्वल और विवान दूसरे स्थान पर रहे। दूसरा वर्ग 13 से 36 माह का रहा जिसमें पहला स्थान आयु अग्रहरि और दूसरा स्थान शुभ जायसवाल को मिला। 37 से 60 माह वाले तीसरे वर्ग में सुकैना फातिमा पहले और एंजल जायसवाल दूसरे स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि पावर कॉर्पोरेशन वाराणसी के पूर्व मुख्य अभियंता विश्वनाथ मौर्या ने सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. रफीक फारूकी ने इस कार्यक्रम के लिए संस्था की सराहना की और सभी अभिभावकों से बच्चों को समय से टीकाकरण कराने की अपील की। संचालन डा. राम निरंजन मौर्य ने किया। निर्णायक मण्डल में डा. रुचि मिश्रा और गीता मुन्नी जायसवाल ने निभाई। आभार प्रदर्शन संस्था के सचिव राजेश सिंह ने किया। इस दौरान आशा गुप्ता, निशाकांत जायसवाल, डा. सीताराम सिंह, रमेश चंद्र द्विवेदी, अमित जायसवाल, रामकेदार, मिठाई लाल मौर्य, सतीश मोदनवाल, भगवती प्रसाद जायसवाल, दीपक जायसवाल, महावीर, डा. सुधाकर मिश्रा, दिवाकर मिश्रा और प्रेमशंकर आदि मौजूद रहे।

# कानून के अधिकार को मौलिक अधिकार का मिले दर्जा

**जनसंदेश न्यूज**

**मांग**

### युवा अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधिमण्डल ने राष्ट्रपति को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपा पत्रक

**जौनपुर।** युवा अधिवक्ता संघ के तत्वाधान में प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने जिलाधिकारी को राष्ट्रपति के नाम पत्रक सौंपकर कानून के अधिकार को मौलिक अधिकार का दर्जा दिए जाने की मांग की है। उपरोक्त अवसर पर दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि सन 1936 में महात्मा गांधी ने एक समान शिक्षा की बात उठाई थी। 2002 में संविधान के अनुच्छेद 21ए (भाग 3) के माध्यम से 86वें संशोधन विधेयक में 6 से 14 साल के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार माना गया। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 बनाया गया और एक साथ पूरे देश में लागू हुआ।

इस अवसर पर अधिवक्ता अतुल सिंह ने कहा कि कानून के विषय की जानकारी को सरकार से संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार घोषित करने की हमारी मांग जायज है जिससे कि शिक्षा में कानून संबंधित ज्ञान अनिवार्य रूप से लागू हो सके। समाज में बढ़ते हुए अपराध व आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए प्राइमरी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को कार्टून के माध्यम से कानून की शिक्षा दिया जाए तथा बड़े बच्चों के बीच विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाए। अपराध और अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने का एकमात्र उपाय है समाज को ₹कानून के विषय की जानकारी₹ दी जाए। शिक्षा के माध्यम से कानून के संदर्भ में जागरूकता लाना अपने आप में एक सराहनीय कदम हो सकता है। ज्ञापन देने वालो में विकास तिवारी, अतुल सिंह, राजन तिवारी, रजनीश शुक्ल, अरशी अहमद, शिव मिश्र, शिवराज यादव, रंजीत यादव, पदमाकर उपाध्याय, सैयद जैगम, कलेंदर बिंद, अंकित यादव, नवीन कुमार, गुड्डू खां, विद्याधर तिवारी, सर्वेश कुमार समेत अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।


जिलाधिकारी को पत्रक सौंपता अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमण्डल

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा** पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# टीडी कॉलेज में हुआ मेधा पुरस्कार वितरण समारोह

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** टीडी इण्टर कालेज के मार्कण्डेय सिंह सभागार में आयोजित प्रो. तिलकधारी सिंह मेधा पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला सेवा योजना अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला सेवा योजना अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने कहा कि सम्पूर्ण राष्ट्र में जनपद जौनपुर का अभिज्ञान तिलकधारी सिंह इण्टर कालेज से सम्बद्ध है। प्रबन्धक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि संस्था के विकास में संसाधनों की कमी नहीं होगी। संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहाकि संस्था की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपने योगदान के माध्यम से आभा का प्रसारण कर रही हैं। प्रयागराज के विद्वान डॉ. राम किशोर झा ने अपने उद्बोधन के माध्यम से छात्रों को प्रगति पथ पर अनवरत चलने हेतु प्रेरित किया। प्रो. तिलकधारी सिंह मेधा पुरस्कार प्राप्त करने वालों में से प्रथम स्थान पर रहे कक्षा-11वी के छात्र अमन यादव को प्रमाण पत्र सहित दो हजार रू. नगद धनराशि, द्वितीय स्थान पर रहे कक्षा-11 विज्ञान संवर्ग की बालिका दीपिका सिंह को प्रमाण पत्र सहित दो हजार रू. नकद धनराशि, तृतीय स्थान पर रहे कक्षा-11 बी के छात्र अभय प्रजापति को प्रमाण पत्र के साथ एक हजार रू. नकद धनराशि, चतुर्थ स्थान पर रहे 11सी के छात्र प्रिन्स विश्वकर्मा को प्रमाण पत्र सहित एक हजार रू. नकद धनराशि, पंचम स्थान पर रहे 11 विज्ञान संवर्ग की छात्रा कली गुप्ता को प्रमाण पत्र सहित एक हजार रू. नकद धनराशि प्रदान किया गया। पुरस्कृत सभी छात्र-छात्राओं को चार लेखनी तथा एक-एक सामान्य ज्ञान की पुस्तक भी पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंशिका, निधि एवं पूजा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना से उपस्थित जन समुदाय श्रद्धा से परिपूर्ण हो गया। जागृति एवं पूजा के द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत का श्रवण कर उपस्थित जन समुदाय मंत्र मुग्ध हो गया। कक्षा 8 की छात्रा तृप्ति पाण्डेय, दीक्षा पाण्डेय एवं पल्लवी यादव द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव का श्रवण कर उपस्थित जन समुदाय भाव विभोर हो गया। समारोह में विशेषकर तिलकधारी सिंह, दिनेश कुमार सिंह, जर्नादन सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, श्याम नारायण मौर्य, हरिनारायण यादव, आशीष कुमार सिंह, कपिलदेव सिंह, मनोज कुमार सिंह, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. प्रीति उपाध्याय, नम्रता सिंह, डॉ. रीता सिंह, गीता देवी, कमलेश यादव सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता डॉ. राम किशोर झा तथा संचालन प्रवक्ता डॉ. सुनील कुमार सिंह ने किया।


तिलकधारी मेधा पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं व अतिथिगण

# पद पाने के बाद न बन जाए वीवीआईपी कल्चरवाला

## जनता से मिले, जनता से जुड़े और जनता के सुझाव पर अमल करे

## कार्ययोजना बनाकर शहर के पिछड़े वार्डों में विकास कार्य को अंजाम दे

## देश-दुनिया में विख्यात काशी नगरी की आत्मा के साथ छेड़छाड़ न होने दे

विकास चक्रवाल

**वाराणसी।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तिथि घोषित न होने से काशी के गलचऊर करने वाले लोगों में तनाव बढ़ता जा रहा है। लोगों का मानना है कि तिथि घोषित हो गयी होती तो रोजाना नये-नये टॉपिक पर चर्चाएं होती रहती और अड़ियां गुलजार रहती। हालांकि अड़ियां गुलजार है, लेकिन निकाय चुनाव को लेकर चर्चाएं इस सर्द मौसम में ठंडी पड़ती जा रही है। भला हो 'जनसंदेश टाइम्स' का, जिसने 'काशी का मेयर कैसा हो...?' जैसे गंभीर विषय पर चर्चा शुरू की है और इसमें सार्थक टिप्पणियां भी आ रही है। हर वर्ग के लोग अपनी रायशुमारी के जरिए अपनी बात रख रहे हैं और बिना राजनीतिक चश्मे के मेयर के प्रति अपने मन की बात जनता के सामने पहुंचा रहे हैं।

'जनसंदेश टाइम्स' ने इसी कड़ी में छात्र-छात्राओं से 'काशी का मेयर कैसा हो...?' विषय पर राय जानी। छात्र-छात्राओं का मानना है कि काशी का मेयर ऐसा होना चाहिए, जो पद पाने के बाद वीवीआईपी कल्चरवाला न हो जाएं, जैसा कि पिछले कई बार से यह देखने में चला आ रहा है। मेयर ऐसा होना चाहिए, जो रोजाना जनता से मिले, जनता से जुड़े और जनता के सुझाव अमल भी करें, सिर्फ आश्वासन की घुंटी न पिलाएं। मेयर ऐसा होना चाहिए, जो कार्ययोजना बनाकर शहर के पिछड़े वार्डों में विकास कार्य को अंजाम दे और देश-दुनिया में विख्यात काशी नगरी की मूल आत्मा से छेड़छाड़ न होने दे।

छात्र व युवा व्यापारी कुंवर सत्यवीर सोनकर 'आकाश' का कहना है कि धार्मिक-साहित्यिक-आध्यात्मिक नगरी काशी का मेयर पढ़ा-लिखा और जनता के बीच घुलने-मिलने वाला होना चाहिए। चुने हुए मेयर को इस बात का ध्यान रखना होगा कि अब वह किसी जाति, धर्म व पार्टी का नहीं, बल्कि काशी के आमजन का प्रतिनिधि हैं। जब तक यह भावना मेयर के दिलोदिमाग पर नहीं होगी, तब तक काशीवासियों का भला नहीं होगा।

बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कृति प्रजापति का कहना है कि काशी का मेयर शहर का प्रथम नागरिक होता है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बन जाने से यहां भीड़ भी लगातार बढ़ रही है। शहर की आबोहवा ऐसी हो कि यहां आने वाला तीर्थयात्री मीठी यादें लेकर जाए। इसलिए धर्मिक सेल्फी प्वॉइंट का निर्माण मेयर कराए ताकि सिटी का आकर्षण और बढ़ जाए। सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करने के बाद सगे-संबधी उत्साहित होंगे तो काशी का रुख करेंगे और यहां के कारोबार में वृद्धि होगी। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा श्रद्धा शुक्ला का मानना है कि किसी भी शहर का आईना वहां की सड़कें एवं सफाई होती है। सड़कों पर गंदगी का अंबार मन को व्यथित करता है। इसलिए सड़कों के साथ ही पर्यटन व आवागमन स्थलों को साफ-सुथरा रखना मेयर की पहली प्रथमिकता होनी चाहिए।

बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी कुमारी का कहना है कि अक्सर कूड़े की खुली गाड़ियां जाती है। जिनके राह से गुजरने पर दुर्गन्ध उठता है। उस दौरान उनके पीछे चलना मुश्किल हो जाता है। अगर उसी दौरान जाम लग जाए तो हालात और खराब हो जाते है। सांस लेना मुश्किल हो जाता। मेयर की प्राथमिकता होनी चाहिए कि ढुलाई के वक्त कूड़े के वाहनों को ढकने की व्यवस्था अवश्य करें।

बीए तृतीय वर्ष के छात्र अंशु पाल का कहना है कि मिनी सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मेयर की भूमिका महत्वपूर्ण होता है। अतः उनको चाहिए कि सभी पार्षदों को पर्याप्त समय मिनी सदन में दिया जाए, ताकि वे अपने-अपने वार्ड की समस्या को सलीके से रख सके और उस पर काम हो। सदन केवल हंगामें की भेंट न चढ़े।

बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र शशांक का कहना है कि प्रथम नागरिक होने के नाते मेयर को चाहिए कि वे शहर के प्रत्येक मुहल्लों में पेयजल एवं चिकित्सा शिविर की व्यवस्था सुचारू रूप से करे। हर मुहल्ले का औचक निरीक्षण करे, ताकि वे वहां की वस्तु स्थिति को समझ सके। क्योंकि कमोवेश अधिकांश मोहल्लों में गंदगी, जाम नालियों और पशुओं के जमघट से वहां के नागरिकों को दुश्वारियां झेलनी पड़ती है।







कुंवर सत्यवीर सोनकर


कृति प्रजापति



श्रद्धा शुक्ला


खुशी कुमारी


अंशु पाल


शशांक

## काशी का मेयर कैसा हो... ?



निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हैं। हालांकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। लेकिन विभिन्न पार्टियों में संभावित प्रत्याशियों की दावेदारी की कवायद परवान चढ़ रही है। भारतीय लोकतंत्र में उम्मीदवारों का चयन पार्टियों द्वारा होता है। वो जिसे टिकट देती हैं, वही चुनावी जंग में ताल ठोकते हैं। पार्टियों के चयन का अपना पैमाना होता है, उनकी तवज्जो सिर्फ जिताऊ कैंडिडेट पर होती है। इस प्रक्रिया में मतदाता की राय कोई मायने नहीं रखती। मेयर प्रत्याशी के गुण दोष को लेकर लोग क्या सोचते हैं इसे सामने लाने के मकसद से जनसंदेश टाइम्स ने 'अपका मेयर कैसा हो' श्रंखला शुरू की है। इस कड़ी में हमारी ओर से समाज के विभिन्न तबके के अलग-अलग लोगों की राय लेने का क्रम शुरू किया गया है। कुछ लोगों तक हम खुद पहुंचेंगे और जिन तक हम नहीं पहुंच पायें, वो खुद भी हमें अपनी राय लिखकर दे सकते हैं, हम उसे भी सामने रखने का प्रयास करेंगे।

आप संबंधित जानकारी हमारे ईमेल- jansandeshvaranasi@gmail.com और व्हाटसएप्प नंबर 9696126371, 8090006333 पर भेज सकते हैं।

# कभी प्रभु यीशु मसीह के शिष्य ने गिरजाघर चर्च में की थी आराधना





## सेंट थामस चर्च पर सभी हैं फिदा, गिरिजाघर चौराहे का नाम भी इसी पर पड़ा

राधेश्याम कमल

गोदौलिया गिरजाघर स्थित सेंट थामस चर्च पर सभी फिदा हैं। सभी लोग इसे गिरजाघर चौराहे के नाम से जानते हैं। प्रभु यीशु मसीह के 12 शिष्यों में से एक सेंट थामस ने कभी प्रभु यीशु मसीह की आराधना की थी। सेंट थामस थामस चर्च आज भी आकाश की ऊचाइयों को छूता हुआ नजर आता है। यह समूचा इलाका आज गिरजाघर के नाम से मशहूर है। मसीही समाज के जानकारों की मानें तो सेंट थामस सैकड़ों साल पहले भारत यात्रा पर मद्रास से होकर काशी आये थे। काशी में गोदौलिया पहुंचने पर उन्होंने प्रभु यीशु का क्रूस लगा कर उस स्थान पर ईसा मसीह की आराधना की। इसके बाद वह मद्रास लौट गये। उस समय वहां सूनसान जंगल था। आज की तरह न तो इतना बड़ा बाजार था और न ही आकाश छूती इमारतें थीं। देश के सबसे प्राचीन गिरजाघरों में एक ईसाई धर्म के इस प्रार्थना स्थल का जिक्र थामस ने मद्रास पहुंच कर अपने सफरनामा में किया था। भारत की सरजमीं से सेंट थामस को इतनी मोहब्बत थी कि मद्रास में ही उनकी मौत हो गई। वह हमेशा के लिए भारत के होकर रह गये। सैकड़ों साल पहले ईस्ट इंडिया कंपनी का एक अंग्रेज सिपाही जॉन थोमर ने मद्रास में सेंट थामस का सफरनामा पढ़ा और इस पवित्र जगह का जिक्र देख कर वह गोदौलिया की खोज की। गोदौलिया आज जिस जगह पर है वहीं पर थामस ने आराधना की थी। वहां पर ही जॉन ने चर्च की बुनियाद रखी। कंपनी शासन काल की अनूठी वास्तुकला का दस्तावेज सेंट थामस चर्च उन्हीं के नाम पर रखा गया है। आज ये चर्च सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र है। हर संडे को चर्च में इससे जुड़े मसीही समाज के लोग प्रभु यीशु की आराधना करते हैं। प्रोटेस्टेंट ईसाई वर्ग के इस आराधना केन्द्र के बारे में पादरी न्यूटन स्टीवन बताते हौं कि यह चर्च चर्चेज आफ नार्थ इंडिया (सीएनआई) की ओर से संचालित होती है। यहां देशी-विदेशी सभी सैलानी आकर चर्च का इतिहास जानकर अभिभूत होते हैं।

### ईसा मसीह के आस्था का केन्द्र तेलियाबाग चर्च

देश में मसीही समाज का एक बेशकीमती दस्तावेज के रूप में तेलियाबाग सीएनआई चर्च को माना जा सकता है। मिट्टी और लखौरिया इस्र्ंट से बना यह चर्च अपने आप में उस दौर का इतिहास बयां करता है। चर्च की स्थापना 1856 में जान मूलेट ने की थी वो ही इसके पहले पादरी थे। चर्च के दस्तावेज के मुताबिक जमींदार बटुक दयाल सिंह से यह जमीन खरीदी गई थी। चर्च के पादरी की मानें तो उस दौर में यहां प्रभु ईसा मसीह को चाहने वाले आज से अधिक थे। खासकर अंग्रेज सैनिकों से यह पूरा इलाका आबाद था। अन्य गिरजाघरों में ईसाइयों की बढ़ती आबादी के चलते हळी प्रभु ईसा की आराधना के लिए एक और चर्च की जरूरत महसूस हुई। इसी के चलते इस चर्च की स्थापना की गई। प्रोटेस्टेंट वर्ग के इस प्राचीन चर्च की इमारत अपने भीतर उस दौर का खूबसूरत इतिहास समेटे हुए है। बताते हैं कि 19 फरवरी 1930में इस चर्च का प्रबंधन लंदन मिशनरी सोसायटी ने अपने हाथों में ले लिया था। मगर तीन साल बाद 1993 में चर्च को मैथेडिश ट्रस्ट असोसियेशन की स्थापना करके उसकी देखरेख सोसायटी ने ट्रस्ट को सौंप दी। बाद में 1970 में मसीही समुदाय की बैठक में चर्च ऑफ नार्थ इंडिया संस्था बनायी गई। उस दौर के सभी प्रोटेस्टेंट चर्च इससे जोड़ दिये गये। तब से इस चर्च का प्रबंधन सीएनआई ही करता है। इस चर्च की हद कभी कैंटोमेंट तक फैली हुई थी। बाद में रेलवे लाइन बिछी तो चर्च का दायरा सिमट गया। चर्च का मुख्य गेट कभी तेलियाबाग की ओर कुलता था लेकिन आज उस गेट का अस्तित्व अतिक्रमण करके खत्म कर दिया गया है।

**1858 में की गयी थी स्थापना**

### ईसाइयों का सबसे प्राचीन स्थल रामकटोरा चर्च

लहुराबीर के समीप स्थित रामकटोरा चर्च से पूर्वांचल के सभी मसीही समाज के लोग आस्था रखते हैं। यह चर्च प्रोटेस्टेंट क्रिश्चियन वर्ग का प्राचीन स्थल है जिसका भवन अपने भीतर उस दौर के खूबसूरत इतिहास को समेट हुए हुए है। चर्च के दस्तावेज के मुताबिक 1835 से पहले यह चर्च बन चुका था। क्योंकि अभिलेखों में है कि 1835 में बाइबिल एण्ड मिशनरी फेलोशिप ट्रस्ट से रामकटोरा चर्च से जुड़ा हुआ था। इसे लाल और सफेद रंग से खूबसूरती इसलिए प्रदान की गई थी कि लाल रंग शहादत और सफेद रंग शांति का प्रतीक होता है। चर्च के पुराने नक्शे में यह भी जिक्र है कि जहां पर आज बाजार है वहां कभी ईसाई कब्रिस्तान और कालोनी थी। आजादी के वक्त जब देश में उथल पुथल का माहौल था तो लोगों ने चर्च की जमीन पर कब्जा कर लिया। यही वजह है कि यह चर्च एक छोटे से कैम्पस में सिमट कर रह गया है। रामकटोरा का चर्च वक्त के सितम का शिकार हो गया है। 1 फरवरी 1958 को इस चर्च परिसर का पुनः निर्माण किया गया।

**खूबसूरत इतिहास को समेटे हुए है चर्च**



### ब्रिटिश काल में बना है सेंट पाल चर्च सिगरा

सेंट पॉल चर्च सिगरा पूर्वांचल के लाखों मसीही समुदाय की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। ब्रिटिश हुकुमत के दौर का यह चर्च खूबसूरत इतिहास को समेटे हुए खड़ा है। सवा सौ फीट लंबे इस चर्च पर सिगरा इलाके में आते ही लोगों की सहज ही नजर पड़ती है।लखौरिया इस्र्ंट से बने इस चर्च को उस दौर के अंग्रेज आर्किटेक्ट जॉन पॉल ने क्रास का रूप देते हुए 1841 में इसकी संगे बुनियाद रखी थी। उन्हीं के नाम पर चर्च का नाम सेंट पॉल रखा गया। यहां पर करीब 150 किलो का घंटा ब्रिटेन से खास प्रार्थना के लिए मंगाया गया था। यहां पर लगी टाइल्स इलाहाबाद से मंगायी गई थी। चर्च में उस समय तीन घड़ियां इंगलैण्ड से मंगा कर इसकी बाहरी दीवारों पर इसलिए सजाया गया था कि चर्च आने वाले समय का ख्याल रखें। साथ हळी उधर से गुजरने वाले भी समय को देख सकें। घड़िया अब भी चर्च की दीदार पर टंगी हुई हैं लेकिन वक्त के साथ उनकी सुइयों की रफ्तार थम सी गई है। कभी इन घड़ियों का घंटा बजते ही सिगरा हळी नहीं वहां से गुजरने वाले सभी लोग अपनी घड़ी मिलाते थे। लोग इसे घंटाघर के नाम से भी जानते थे।यह चर्च भी 1970 में जब सीएनआई की स्थापना हुई तो यह चर्च उससे जुड़ गया। यहां पर संडे के अलावा क्रिसमस, न्यू ईयर, गुडफ्राई डे, इस्टर आदि मनाये जाते हैं।

**अंग्रेज आर्किटेक्ट जान पॉल ने रखी थी इसकी बुनियाद**



# राष्ट्रीय एकीकरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बांग्ला मेला


## बंगाली टोला स्कूल में तैयार हो रहे पंडाल, पुरोहितों ने की पूजा








बंगाली टोला इंटर कालेज में बांग्ला मेला को लेकर बन रहा पंडाल


अशोक कांति चक्रवर्ती
(अध्यक्ष बंगीय समाज)


आशीष कुमार दास
(संयोजक बांग्ला मेला)

बंगाली टोला इंटर कालेज में बांग्ला मेला को गुरुवार को सायंकाल प्रांगण में पूजन किया गया। पूजन शैव शिव काली मंदिर के पुजारी पं. कुबेर अधिकारी ने की। त्रिदिवसीय बांग्ला मेले की शरूआत 23 दिसम्बर से होगी। इसके तहत रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य आयोजन किये जायेंगे। मेले को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। कालेज परिसर में पंडाल बनाने के लिए मजदूर जुटे हुए हैं। पंडाल भी लगभग बन कर तैयार हो चुका है।

**तैयारी**

**प्रथम दिन मेरा भारत महान पर होगी नृत्य नाटिका**

गुरुवार को पूजन में बंगीय समाज के अध्यक्ष अशोक कांति चक्रवर्ती, प्रो. जगत कुमार राय, आशीष कुमार दास, अतनु मुखर्जी अजय राय, सौगत भट्टाचार्य समेत काफी लोग शामिल थे। बंगीय समाज के अध्यक्ष अशोक कांति चक्रवर्ती बताते हैं कि हिंदुस्तान में भाषा के आधार पर विभिन्न प्रांतों का गठन हुआ है। जिसमें अगर मध्य भारत को लिया जाय जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि आते हैं। उसी तरह पूर्वोत्तर राज्यों में बंगला, अशामिया, मणिपुरी है। दक्षिण भारत में मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलगू आदि हैं। लेकिन हम भारत महान इसलिए कहते हैं कि हमारे यहां विभिन्नताओं में भी एकता है।

वे बताते हैं कि बांग्ला मेला का आयोजन राष्ट्रीय एकीकरण की दृष्टि से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बंगाल के लोगों को हम विभिन्न प्रांतों के व्यंजन एवं उनके हस्तशिल्प कला आदि से परिचित कराते हैं। उसी तरह बंगाल के लोगों को भी हम दूसरे प्रांतों की चीजों से परिचित कराते हैं। बांग्ला मेला मनोरंजन के माध्यम से राष्ट्रीय एकीकरण के लिए अति महत्वपूर्ण है। बंगाल के लोग बनारसी चाट खाने के लिए तरसते हैं। जिनको हम बनारसी चाट खाने के लिए सुलभ कराते हैं। इसी करह हम बंगाल के शीतकालीन के मिष्ठान्न जैसे खजूर गुड़ का संदेश, खजूर गुड़ का रसगुल्ला, जयनगर का मोवा, विभिन्न प्रकार के पीठे आदि के स्टॉल लगाये जायेंगे। बांग्ला मेला मानव कल्याण के भी समाजोपयोगी भी है। जैसे यहां पर समाज की ओर से मेडिकल कैम्प भी लगाया जाता है। जिसमें ब्लड शूगर, ब्ल्ड प्रेशर, ईसीजी आदि का परीक्षण किया जाता है। इसी तरह उजाला सिग्नस हास्पिटल की ओर से स्टाल भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा जीवन बीमा व बैंक की विभिन्न जमा योजनाओं से भी लोगों को परिचित कराया जाता है।

**तीन दिनों तक बंगाल के ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम**

साल भर में तो 12 हळी महीने हैं लेकिन कहा जाता है कि यहां काशी में तेरह पर्व होते हैं। बांग्ला मेला में तीन दिनों तक बंगाल के ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। इसमें 23 दिसम्बर को सायंकाल मेरा भारत महान-विविधता में एकता कार्यक्रम होगा। रीता विश्वास के निर्देशन में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। जिसमें विभिन्न उत्सवों जैसे होली, दीपावली, डांडिया, दुर्गा पूजा, ईद, क्रिसमस, बुद्ध जयंती आदि सभी धर्मो का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक आशीष कुमार दास बताते हैं कि इसी दिन 23 दिसम्बर को बंगीय समाज के अध्यक्ष अशोक कांति चक्वर्ती पूर्वाह्न 11 बजे मेले का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन अपराह्न तीन बजे महिलाओं का म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता होगी। 24 दिसम्बर को अपराह्न तीन बजे से महिलाआं की शंखध्वनि व उलूक ध्वनि प्रतियोगिता होगी जिसमें 25 से 30 महिलाएं भाग लेंगी। उलूक ध्वनि एक मांगलिक ध्वनि है जिसे लोग भूलते जा रहे हैं। इसे महिलाएं जीभ से बजाती है। इसमें 25 साल के ऊपर की महिला्एं भाग लेंगी। 25 दिसम्बर को अपराह्न तीन बजे पींचवी कक्षा तक के बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। इसमें 60 से 70 बच्चे शामिल होंगे। 25 दिसम्बर को सायंकाल छह बजे कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव पुरस्कार वितरण करेंगे। इसी दिन सायंकाल 6.30 बजे से कामिक डांस (ढाकाई साड़ी), बांध बोना चूल डांस, हिमानी का सोलो डांस होगा। रीता विश्वास के निर्देशन में शिवोपासक ग्रुप की ओर से सायंकाल दुर्गा शीर्षक पर आधारित नृत्य नाटिका हो्गी। जबकि 24 दिसम्बर को अर्पणा हलदार के निर्देशन में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।